बैशाख शुक्ल पक्ष तृतीया
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 10 मई 2024
वर्ष 34, अंक 103, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

सुदूर अंतरिक्ष में मनमोहक निहारिका की खोज 16

सिकंदर में नजर आएंगी रश्मिका 2

आज खुलेंगे केदारनाथ धाम के कपाट

चारधाम यात्रा की भी होगी शुरूआत

देहरादून। अक्षय तृतीया (शुक्रवार को) पर केदारनाथ धाम के कपाट सुबह शुभ मुहुर्त में खोले जाएंगे। चारधाम यात्रा भी शुरू होगी।गंगोत्री व यमुनोत्री धाम के कपाट भी श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए जाएंगे। शिव के बारह ज्योतिर्लिंगों में एक केदारनाथ धाम के मंदिर को फूलों से सजाया गया है। गुरुवार दोपहर बाबा की पंचमुखी उत्सव डोली गौरीकुंड से धाम पहुंच गई। सेना की 6 ग्रेनेडियर रेजीमेंट के बैंड ने भक्ति धुन के साथ डोली का भव्य स्वागत किया। इस मौके पर हजारों श्रद्धालु मौजूद रहे।

परिवार की पांचों सीट हारेगी सपा, नहीं खुलेगा खाता : योगी

मुख्यमंत्री ने गोला और मोहम्मदी की जनसभा में सपा-कांग्रेस पर बोला हमला

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ/ मोहम्मदी (खीरी)

अमृत विचार: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को गोला और मोहम्मदी की जनसभा में समाजवादी पार्टी और कांग्रेस पर जमकर हमला बोला।

उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव की उम्मीदवारी वाली कन्नौज सीट समेत उनके परिवार के सदस्यों की उम्मीदवारी वाली सभी पांचों सीट पर सपा की हार सुनिश्चित है। राज्य में सपा का खाता भी नहीं खुलेगा। गोला गोकर्णनाथ

के राजेंद्र गिरि स्मारक स्टेडियम में भाजपा प्रत्याशी अजय मिश्र टेनी के समर्थन और मोहम्मदी के रामलीला मैदान में धौरहरा प्रत्याशी रेखा वर्मा के लिए जनसभा करते हुए महाराणा प्रताप को नमन किया। कहा कि पूरे देश में मोदी सरकार का स्वर गूंज रहा है। जनता कह रही है कि जो राम को लाए हैं, हम उनको लाएंगे। कहा कि सपा की सरकार में आम जनता के लिए, किसानों, युवाओं और महिलाओं के लिए इनके पास कोई कार्ययोजना नहीं थी, लेकिन माफिया और अपराधी को अपने गले का हार बनाकर पूरे देश को अराजकता की आग में झोंकने के लिए तैयार रहते थे। सपा की सरकार में दंगा होता था, रोज कर्फ्यू लगता था। अब किसी की आंख दिखाने तक की हिम्मत नहीं है।

सत्ता में आए तो किसानों का कर्ज करेंगे माफ : अखिलेश

लखीमपुर खीरी, अमृत विचार : सपा मुखिया अखिलेश यादव ने कहा कि इंडिया गठबंधन की सरकार आई तो किसानों का पूरा कर्जा माफ करेंगे। सिंचाई के लिए मुफ्त बिजली दी जाएगी। अग्निवीरों की सरकारी नौकरी होगी। भाजपा संविधान और आरक्षण खत्म करना चाहती है। अबकी जनता संविधान बदलने वालों को ही बदल देगी। पूर्व मुख्यमंत्री ने गुरुवार को राजकीय इंटर कॉलेज मैदान पर खीरी लोकसभा क्षेत्र के पार्टी प्रत्याशी उत्कर्ष वर्मा और कस्ता में धौरहरा प्रत्याशी आनंद भदौरिया के समर्थन में जनसभा में भाजपा पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि भाजपा 400 पार की बात कहकर संविधान के पीछे पड़ी है। तिकुनियां कांड का जिक्र करते हुए कहा कि मंत्री के बेटे ने थार गाड़ी से किसानों व एक पत्रकार को कुचल दिया। किसान दिल्ली पहुंचा तो वहां भी कुचलने का काम किया गया। इसका जनता वोट से जवाब देगी।

बाजार में बड़ी गिरावट, निवेशकों के डूब गए 7 लाख करोड़ रुपये

सेंसेक्स 1,062 अंक लुढ़का, निफ्टी 22 हजार से नीचे

मुंबई, एजेंसी

स्थानीय शेयर बाजारों में गुरुवार को बड़ी गिरावट देखने को मिली और बीएसई के सेंसेक्स ने 1,062 अंक का गोता लगाया जबकि निफ्टी लुढ़क कर 22,000 अंक से नीचे चला गया, जिससे निवेशकों को करीब साढ़े सात लाख करोड़ का नुकसान हो गया है। आम चुनाव को लेकर अनिश्चितता के बीच चौतरफा बिकवाली से बाजार में गिरावट आई है। साथ ही विदेशी संस्थागत निवेशकों की भारी पूंजी निकासी और एचडीएफसी बैंक, लार्सन एंड टुब्रो तथा रिलायंस इंडस्ट्रीज में बिकवाली दबाव से भी बाजार धारणा प्रभावित हुई।

तीस शेयरों वाले बीएसई के सेंसेक्स में लगातार तीसरे दिन गिरावट रही और यह 1,062.22 अंक यानी 1.45 अंक लुढ़क कर 72,404.17 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 1,132.21 अंक तक टूटा था। नेशनल स्टॉक

एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी भी 345 अंक यानी 1.55 प्रतिशत की गिरावट के साथ 21,957.50 अंक पर बंद हुआ। कारोबार सत्र के दौरान यह 370.1 अंक तक लुढ़का था।

जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने बताया कि बाजार में उतार-चढ़ाव देखने को मिला। मुख्य रूप से कंपनियों के चौथी तिमाही के वित्तीय परिणाम और आम चुनाव को लेकर अनिश्चितता को देखते हुए निवेशकों ने सतर्क रुख अपनाया और बाजार से दूरी बनाई। हमारा अनुमान है कि अल्पकाल में

- आम चुनाव को लेकर अनिश्चितता के बीच चौतरफा बिकवाली से बाजार में आई गिरावट
- विदेशी निवेशकों की भारी पूंजी निकासी के दबाव से भी बाजार की धारणा हुई प्रभावित

यह रुख बना रहेगा क्योंकि बाजार 22,000 अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर से नीचे आ गया है। बैंक ऑफ इंग्लैंड की आज होने वाली नीतिगत बैठक तथा अमेरिका में अगले सप्ताह जारी होने वाले मुद्रास्फीति के आंकड़े से पहले वैश्विक सूचकांकों में मिला-जुला रुख रहा। सेंसेक्स के शेयरों में लार्सन एंड टुब्रो मार्च तिमाही के वित्तीय परिणाम के बाद पांच प्रतिशत से अधिक नीचे आया। एशियन पेंट्स, जेएसडब्ल्यू स्टील, आईटीसी, बजाज फाइनेंस, इंडसइंड बैंक, टाटा स्टील, एनटीपीसी, बजाज फिनसर्व, एचडीएफसी बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज और पावरग्रिड में भी प्रमुख रूप से गिरावट रही। आंकड़ों के अनुसार विदेशी संस्थागत निवेशकों ने बुधवार को 6,669.10 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर बेचे। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के खुदरा शोध प्रमुख दीपक जसानी ने बताया कि संस्थागत निवेशकों की बिकवाली और चुनाव आगे बढ़ने के साथ असमंजस की स्थिति के कारण कारोबारियों के दूर रहने से निफ्टी में तेज गिरावट आई।

सेंसेक्स के टूटने से निवेशकों को नुकसान

नई दिल्ली। सेंसेक्स में तेज गिरावट से निवेशकों की संपत्ति 7.34 लाख करोड़ रुपये घट गई। बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार 7,34,513.48 करोड़ रुपये घटकर 3,93,34,896.14 करोड़ रुपये रहा। इससे पहले, दो मई को बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण रिकॉर्ड 4,08,49,767.90 करोड़ रुपये पहुंच गया था।

केजरीवाल की अंतरिम जमानत का ईडी ने किया विरोध

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की अंतरिम जमानत के मुद्दे पर बृहस्पतिवार को हलफनामे के जरिए उच्चतम न्यायालय में विरोध दर्ज कराया और कहा कि चुनाव में प्रचार करने का अधिकार न तो मौलिक अधिकार है और न ही संवैधानिक।

उच्चतम न्यायालय में दाखिल एक नए हलफनामे में ईडी ने कहा कि किसी भी नेता को चुनाव के लिए प्रचार करने का अधिकार न तो मौलिक अधिकार है, न ही संवैधानिक, कानूनी अधिकार भी नहीं है। एजेंसी ने कहा कि उसकी जानकारी के अनुसार कि किसी भी नेता को चुनाव प्रचार के लिए अंतरिम जमानत नहीं दी गई है, भले वह चुनाव नहीं लड़ रहा हो। यहां तक कि चुनाव लड़ने वाला उम्मीदवार भी यदि हिरासत में हो तो उसे अपने खुद के प्रचार के लिए भी अंतरिम जमानत नहीं दी जाती है।

- सुप्रीम कोर्ट में दाखिल किया शपथ पत्र

गिरफ्तारी के खिलाफ केजरीवाल की याचिका पर सुनवाई कर रही पीठ की अध्यक्षता कर रहे न्यायमूर्ति संजीव खन्ना ने बुधवार को कहा था कि हम शुक्रवार को अंतरिम आदेश सुनाएंगे।

चमड़ी के नाम पर देश को बांट रही कांग्रेस : नड्डा

जनसभा में गदा लेकर जीत की हुंकार भरते भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, पार्टी प्रत्याशी आरके सिंह पटेल और अन्य पदाधिकारी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

अमृत विचार : कांग्रेस जाति, धर्म के बाद अब चमड़ी के नाम पर देश को बांट रही है। घमंडिया गठबंधन भ्रष्टाचारियों का जमावड़ा है। ये बातें भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने गुरुवार को बेड़ी पुलिया के पास पार्टी प्रत्याशी और सांसद आरके सिंह पटेल के समर्थन में हुई जनसभा में कहीं।

चिलचिलाती धूप के दौरान नड्डा का हेलीकाप्टर लगभग एक बजकर 25 मिनट पर उतरा। मंच पर पहुंचने पर पार्टी नेताओं ने उनका स्वागत किया। प्रतीक चिह्न, गदा आदि भेंट की। नड्डा ने सैम पित्रोदा का नाम लिए बिना कहा, राहुल का एक सिपहसालार है, जब भी विदेश जाते हैं, वो बड़े-बड़े बाल वाले उनके साथ घूमते रहते हैं, उनके सलाहकार हैं।

- चित्रकूट में चुनावी जनसभा में भाजपाध्यक्ष ने विपक्ष को घेरा

उन्होंने क्या किया... अब चमड़ी के आधार पर भारत का विभाजन कर रहे हैं। चमड़ी के रंग पर बात करते हैं। नड्डा ने राहुल गांधी पर तंज कसा। बोले, आजकल राहुल गांधी संविधान की कापी लेकर घूमता रहता है, मैंने कहा कभी पढ़ भी लिया कर। बाबा साहेब आंबेडकर ने लिखा है कि आरक्षण कभी धर्म के नाम पर नहीं होगा और कांग्रेस दलित, आदिवासी, पिछड़ा, अति पिछड़ा वर्ग के आरक्षण के अधिकार पर डाका डालकर धर्म के नाम पर आरक्षण करना चाहती है।

उन्होंने कहा कि आज कामदनाथ में भक्तों पर पुष्पवर्षा हो रही है जबकि एक समय भक्तों पर गोली चलती थी, आप गोली चलाने वालों को याद रखोगे कि नहीं रखोगे।

एक नजर

बीएड की प्रैक्टिकल परीक्षाएं 15 मई से

चंडीगढ़। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक की बीएड / बीएड एमआर स्पेशल एजुकेशन दूसरे वर्ष की रेगुलर एवं री-अपीयर की प्रैक्टिकल परीक्षाए 15 मई से पांच जून तक होंगी। विश्वविद्यालय के प्रवक्ता ने गुरुवार को बताया कि परीक्षाओं से संबंधित विस्तृत जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाइट से प्राप्त की जा सकती है।

बीआरएस नेता कविता ने हाईकोर्ट का रुख किया

नई दिल्ली। भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता के. कविता ने कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धन शोधन के एक मामले में जमानत के लिए बृहस्पतिवार को दिल्ली उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। मामले की जांच ईडी कर रहा है। न्यायमूर्ति स्वर्णकांता शर्मा शुक्रवार को अर्जी पर सुनवाई करेंगी। अधीनस्थ कोर्ट ने छह मई को कविता की बेल याचिका खारिज कर दी थी।

मंत्री के निजी सचिव की पत्नी से ईडी ने की पूछताछ

रांची, एजेंसी। झारखंड में मंत्री आलमगीर आलम के निजी सचिव संजीव लाल की पत्नी रीता लाल से नकदी बरामदगी मामले में गुरुवार को पूछताछ की। ईडी का समन मिलने के बाद रीता लाल यहां ईडी के क्षेत्रीय कार्यालय पहुंचीं। सूत्रों ने बताया कि ईडी के अधिकारी उनसे पूछताछ कर रहे हैं। रीता लाल दुपट्टे से मुंह को ढके हुए वकील के साथ ईडी कार्यालय पहुंचीं, जहां आवश्यक कागजी कार्रवाई पूरी होने के बाद उनसे पूछताछ शुरू की गई। संजीव लाल और रीता लाल को आमने-सामने बैठाकर पूछताछ की जा रही है। गौरतलब है कि ईडी ने गत छह मई को छापेमारी के दौरान मंत्री आलमगीर आलम के निजी सचिव संजीव लाल और उनके घरेलू सहायक जहांगीर आलम के यहां से 35.23 करोड़ रुपये बरामद किए थे। ईडी ने संजीव लाल और जहांगीर को गिरफ्तार किया था।

नकदी बरामदगी मामला

पायलटों की हड़ताल वापस

नई दिल्ली, एजेंसी

एयर इंडिया एक्सप्रेस के चालक दल के सदस्यों द्वारा सामूहिक अवकाश पर जाने के बाद कंपनी प्रबंधन ने भी सख्त रुख अपना लिया और चालक दल के 25 सदस्यों को बृहस्पतिवार को बर्खास्त कर दिया।

श्रम आयुक्त (केंद्रीय) की मध्यस्थता में हुई वार्ता में एयरलाइन प्रबंधन ने चालक दल के सदस्यों के मुद्दों पर गौर करने का आश्वासन दिया जिसके बाद चालक दल के सदस्यों ने हड़ताल वापस ले ली। एयरलाइन ने 25 सदस्यों की बर्खास्तगी का पत्र वापस लेने पर सहमति जताई है। टाटा समूह के स्वामित्व वाली एयरलाइन ने मंगलवार रात से 170 उड़ानों को रद किया है। एयरलाइन में कुप्रबंधन के विरोध में चालक दल के सदस्यों के एक वर्ग के बीमार होने की सूचना के बाद एयर इंडिया एक्सप्रेस ने उड़ानों को रद किया।

- केंद्रीय श्रमायुक्त की मध्यस्थता के बाद बनी बात, बर्खास्त किए गए 25 कमर्चारी बहाल

एयर इंडिया एक्सप्रेस ने रद कीं 85 उड़ान

मुंबई/ नई दिल्ली : एअर इंडिया एक्सप्रेस ने बृहस्पतिवार को 85 उड़ान रद कर दीं और कहा कि व्यवधान को कम करने के लिए एअर इंडिया हमारे 20 मार्गों पर सेवाएं संचालित करेगी। चालक दल के सदस्यों की कमी के कारण मंगलवार रात से 100 से अधिक उड़ानें रद की जा चुकी हैं।

राष्ट्रीय राजधानी में बृहस्पतिवार को मुख्य श्रम आयुक्त (केंद्रीय) के कार्यालय में चालक दल के सदस्यों के प्रतिनिधियों और एयरलाइन प्रतिनिधियों के बीच बैठक में हड़ताल और बर्खास्तगी पत्र वापस लेने पर सहमति बनी।

आंध्र प्रदेश में ट्रक से मिले 8.36 करोड

गारिकापाडु (आंध्र प्रदेश), एजेंसी। आंध्र प्रदेश के एनटीआर जिले में पुलिस ने अंतर्राज्यीय जांच चौकी पर गुरुवार को एक ट्रक से 8.36 करोड़ रुपये बरामद किए।

पुलिस ने बताया कि जांच के दौरान गारिकापाडु गांव में आंध्र प्रदेश और तेलंगाना के अंतर्राज्यीय जांच चौकी पर पीवीसी पाइप ले जा रहे ट्रक से नकदी बरामद हुई है। हैदराबाद से गुंटूर जा रहे ट्रक में चालक की सीट के पीछे केबिन में 8.36 करोड़ रुपये रखे थे। शेख अजीज के नाम पर ट्रक पंजीकृत है। पुलिस ट्रक चालक और क्लीनर से पूछताछ कर रही है।

- पाइप ले जा रहे ट्रक से बरामद हुए 8.36 करोड़

हिंदू आबादी घटने पर गरमाई सियासत

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद की धार्मिक अल्पसंख्यकों की आबादी पर रिपोर्ट के बाद देश में सियासत गरमा गई है। यह रिपोर्ट लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के मतदान से पहले आई है।

भाजपा ने देश में मुस्लिम आबादी में वृद्धि की गति पर बृहस्पतिवार को चिंता जताई और आश्चर्य जताया कि मुसलमानों को आरक्षण देने पर तुली कांग्रेस यदि सत्ता में आती है तो इससे अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) को मिले आरक्षण पर क्या असर पड़ेगा। केंद्रीय मंत्री एवं भाजपा नेता गिरिराज सिंह ने आरोप लगाया कि तुष्टीकरण की राजनीति के कारण देश में हिंदू आबादी कम हो गई। भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि अगर कांग्रेस सत्ता में आती है तो मुस्लिम आबादी बढ़ने के साथ भविष्य में आरक्षण के हिस्से में बदलाव करना जारी रखेगी। उन्होंने कहा कि इसकी अधिक संभावना है क्योंकि उनमें (मुसलमानों) में कई शादियों का चलन है। वहीं, विपक्षी नेताओं ने भाजपा पर सांप्रदायिक विभाजन पैदा करने की कोशिश करने का आरोप लगाया। भाकपा के महासचिव डी राजा और राजद नेता तेजस्वी यादव ने कहा कि यह रिपोर्ट विवाद उत्पन्न कर वोट हासिल करने का प्रयास है। तेजस्वी यादव ने कहा कि भाजपा नफरत फैलाने की कोशिश कर रही है। यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का एजेंडा है।

- मुस्लिम आबादी में वृद्धि की गति पर भाजपा ने जताई चिंता
- तेजस्वी यादव ने कहा- भाजपा नफरत फैलाने की कोशिश कर रही

65 वर्षों में 7.82 प्रतिशत घटी हिंदू आबादी

प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद की रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में 1950 से 2015 के बीच हिंदुओं की आबादी में 7.82 प्रतिशत की कमी आई है जबकि मुसलमानों की आबादी में 43.15 प्रतिशत की वृद्धि हुई है जिससे पता चलता है कि देश में विविधता को बढ़ावा देने के लिए अनुकूल माहौल है।

कांग्रेस ने राज्यपाल से मिलने का समय मांगा

चंडीगढ़, एजेंसी

कांग्रेस ने हरियाणा में तीन निर्दलीय विधायकों के भाजपा नेतृत्व वाली सरकार से समर्थन वापस लेने के बाद पैदा हुई स्थिति के मद्देनजर बृहस्पतिवार को राज्यपाल से मिलने का समय मांगा।

नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि अल्पमत वाली सरकार को नैतिक आधार पर इस्तीफा दे देना चाहिए। शुक्रवार को प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात के लिए समय मांगते हुए कांग्रेस की ओर से राज्यपाल कार्यालय को लिखे गए पत्र में कहा गया है कि वह राज्य की वर्तमान राजनीतिक स्थिति के संबंध में एक ज्ञापन प्रस्तुत करना चाहती है। पत्र में कहा गया है कि कांग्रेस विधायक दल के उप नेता आफताब अहमद और मुख्य सचेतक बीबी बत्रा एवं पार्टी के अन्य नेताओं के नेतृत्व में कांग्रेस का एक प्रतिनिधिमंडल 10 मई को राज्यपाल से मिलना चाहता है। तीन निर्दलीय विधायकों ने मंगलवार को राज्य में नायब सिंह सैनी के नेतृत्व वाली सरकार से समर्थन वापस ले लिया था, जिसके बाद विपक्षी दलों ने दावा किया कि इससे राज्य विधानसभा में सरकार अल्पमत में आ गई है। हालांकि, मुख्यमंत्री सैनी ने कहा है कि उनकी सरकार संकट में नहीं है।

हरियाणा राजनीतिक संकट

- हुड्डा ने कहा-अल्पमत में सरकार इस्तीफा दें सैनी
- जजपा ने भी पत्र लिखा, शक्ति परीक्षण कराने की मांग

इससे पहले, जननायक जनता पार्टी (जजपा) के नेता दुष्यंत चौटाला ने राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय को पत्र लिखकर कहा कि मुख्यमंत्री सैनी के नेतृत्व वाली सरकार के पास अब बहुमत नहीं है जिसके मद्देनजर तत्काल शक्ति परीक्षण कराया जाना चाहिए। जजपा द्वारा राज्यपाल को पत्र लिखने पर टिप्पणी करने के लिए पूछे जाने पर नेता प्रतिपक्ष हुड्डा ने कहा कि हमने भी राज्यपाल से मिलने का समय मांगा है। हुड्डा कांग्रेस के उम्मीदवार राव दान सिंह के लिए भिवानी में प्रचार कर रहे थे। एक अन्य सवाल पर हुड्डा ने कहा कि हमारे पास 30 विधायक हैंजजपा के संबंध में, यह बेहतर होता कि वे राज्यपाल के सामने 10 विधायकों की परेड कराते।

छह दुर्दांत नक्सलियों का आत्मसमर्पण

सुकमा, एजेंसी। छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित सुकमा जिले में दो महिलाओं समेत छह दुर्दांत नक्सलियों ने गुरुवार को सुरक्षा बलों के सामने आत्मसमर्पण किया। इन नक्सलियों पर कुल 36 लाख रुपये का इनाम रखा गया था। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि छह दुर्दांत नक्सलियों, दूधी पोज्जा, पत्नी दूधी पोज्जे, महिला नक्सली जयक्का उर्फ आयते कोरसा, कवासी मुड़ा, कारम नारन्ना उर्फ भूमा और रेणु उर्फ मड़कम सुक्का ने आत्मसमर्पण किया। दूधी पोज्जे के सिर पर आठ लाख रुपये, जयक्का, कवासी मुड़ा, कारम नारन्ना और रेणु पर पांच लाख रुपये का इनाम रखा गया था।

चिलचिलाती गर्मी से कई राज्यों में दो दिन राहत

पश्चिमी विक्षोभ से देश के विभिन्न हिस्सों में आंधी और वज्रपात के साथ बारिश होने के आसार

नई दिल्ली, एजेंसी

मई महीने के पहले सप्ताह से ही पड़ रही भीषण गर्मी से लोगों को जल्द राहत मिलेगी। पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से कई राज्यों में मौसम करवट लेगा। अगले दो दिन तक दिल्ली में जहां बादल छाए रहेंगे, वहीं उत्तर प्रदेश में धूल भरी आंधी चलेगी। राजस्थान और मध्यप्रदेश में भीषण गर्मी को लेकर मौसम विभाग ने अलर्ट जारी किया है। दोनों राज्यों में दो दिन तक हीटवेव यानी लू चलेगी।

देश के मध्य, पूर्व और दक्षिण प्रायद्वीपीय हिस्सों में 12 मई तक

- दिल्ली में छाए रहेंगे बादल, उत्तर प्रदेश में चलेगी धूल भरी आंधी

आंधी, बिजली और तेज हवाओं के साथ बारिश होने के आसार हैं। राष्ट्रीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने बताया कि पश्चिमी राजस्थान में शुक्रवार तक लू की स्थिति बनी रहेगी और उसके बाद मौसम में सुधार होने का अनुमान है। पश्चिम बंगाल, सिक्किम बिहार, झारखंड और ओडिशा के अलग-अलग स्थानों पर 12 मई तक भारी बारिश, गरज, बिजली-चमक के साथ 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज़ हवा चलने का अनुमान है। मौसम विभाग ने अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में अलग-अलग स्थानों पर अगले सात दिन के दौरान गरज के साथ बारिश, बिजली चमकने के साथ 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने का अनुमान जताया है। अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में भी शुक्रवार को भारी बारिश होने के आसार व्यक्त किये गये हैं। मौसम विभाग ने गुरुवार को मध्य प्रदेश, विदर्भ, मध्य महाराष्ट्र और मराठवाड़ा में ओलावृष्टि का अनुमान जताया है। दक्षिण आंतरिक कर्नाटक में अलग-अलग स्थानों पर नौ, 12 और 13 मई को तमिलनाडु, पुडुचेरी और कराईकल में नौ और 12 मई को, रायलसीमा और तेलंगाना में 13 मई को, केरल और माहे में 12, 13 मई को बारिश होने का अनुमान जताया है।

मौसम विभाग ने बताया कि गुजरात के तटीय इलाकों में अगले पांच दिनों तक गर्म और आर्द्र मौसम बना रहेगा।

आज का मुकाबला

गुजरात टाइटंस

बनाम

चेन्नई सुपरकिंग्स

शाम 7:30 बजे

पर्पल कैप

खिलाड़ी	मैच	विकेट
हर्षल पटेल (पंजाब)	12	20
जसप्रीत बुमराह (मुंबई)	12	18
वरुण चक्रवर्ती (केकेआर)	11	16

ऑरेंज कैप

खिलाड़ी	मैच	रन
विराट कोहली (आरसीबी)	12	634
ऋतुराज गायकवाड़ (चेन्नई)	11	541
ट्रेविस हेड हैदराबाद	12	533

प्ले ऑफ का दावा पुख्ता करने उतरेगी सीएसके

अहमदाबाद, एजेंसी

चोटों और अंतर्राष्ट्रीय व्यस्तताओं के कारण प्रमुख खिलाड़ियों के बाहर रहने के बावजूद चेन्नई सुपर किंग्स शुक्रवार को आईपीएल के 12वें दौर के मुकाबले में गुजरात टाइटंस को हराकर प्लेआफ का अपना दावा पुख्ता करने के इरादे से उतरेगी। चेन्नई के 11 मैचों में 12 अंक है और गुजरात पर जीत उसके लिए बहुत महत्वपूर्ण होगी क्योंकि प्लेआफ में उसकी जगह अभी भी पक्की नहीं है और एक हार उस पर भारी पड़ सकती है। दीपक चाहर और मथीषा पथिराना चोटों के कारण टूर्नामेंट से बाहर हैं जबकि मुस्ताफिजुर रहमान बांग्लादेश के लिए खेलने चले गए हैं। अब चेन्नई के तीनों स्पिनरों रविंद्र जडेजा, मिशेल सेंटनेर और मोईन अली पर आक्रमण का दारोमदार होगा।

चेन्नई ने धर्मशाला में पंजाब किंग्स के खिलाफ जिस तरह 167 रन बनाने के बाद मैच जीता, उससे प्रशंसकों की उम्मीदें बंधी होगी। गुजरात को हराकर चेन्नई अंकतालिका में सनराइजर्स हैदराबाद से ऊपर तीसरे स्थान पर पहुंच जाएगी। अभी तक जिन तीन टीमों के 12 अंक हैं, उनमें चेन्नई (0.700) का रनरेट सबसे अच्छा है। गुजरात के 14 अंक हैं और वह दौड़ से पूरी तरह बाहर नहीं है लेकिन शुभमन गिल की टीम के लिए आगे का सफर काफी कठिन है। मोहम्मद शमी की गैर मौजूदगी में गेंदबाजी में धार नजर नहीं आ रही। वहीं गिल खुद पिछले पांच में से तीन मैचों में दोहरे अंक तक नहीं पहुंच सके और उनका सर्वोच्च स्कोर 35 रहा है। साई सुदर्शन, शाहरूख खान और मिलर लगातार अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पा रहे हैं। गेंदबाजों में मोहित और लिटिल महंगे साबित हुए हैं।

कैंसर जागरूकता के लिए लैवेंडर जर्सी पहनेगी टाइटंस

अहमदाबाद। इंडियन प्रीमियर लीग के 63वें मुकाबले में गुजरात टाइटंस की टीम लगातार दूसरे वर्ष कैंसर के प्रति जागरुकता बढ़ाने के लिए 13 मई को कोलकाता नाइट राइडर्स के साथ घरेलू मैदान पर आखिरी मुकाबले में विशेष लैवेंडर जर्सी पहनकर मैदान पर उतरेगी। गुजरात टाइटन्स के सीओओ कर्नल अरविंदर सिंह ने कहा कैंसर अनगिनत जिंदगियों को प्रभावित करता है और इसके लिए लैवेंडर जर्सी हमारी ओर से एक छोटा सा प्रयास है। जर्सी कैंसर रोगियों और उबरे लोगों के लिए हमारे समर्थन का प्रतीक है। कैंसर के खिलाफ लड़ाई जीतने के लिए निवारक उपायों और शीघ्र निदान की आवश्यकता है।

यूडब्ल्यूडब्ल्यू ने बजरंग को साल के अंत तक के लिए किया निलंबित

नई दिल्ली, एजेंसी

- डोप परीक्षण कराने के लिए इनकार करने पर यूडब्ल्यूडब्ल्यू ने की कार्रवाई, ट्रेनिंग के लिए नौ लाख की राशि की स्वीकृत

कुश्ती की वैश्विक संचालन संस्था यूडब्ल्यूडब्ल्यू ने डोप परीक्षण कराने के लिए इनकार करने पर बजरंग पूनिया को अस्थाई तौर पर निलंबित करने के राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) के फैसले के बाद उन्हें साल के अंत तक निलंबित कर दिया है।

हालांकि हैरानी भरे फैसले में नाडा के निर्णय की जानकारी होने के बावजूद भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) ने बजरंग की विदेश में ट्रेनिंग के लिए लगभग नौ लाख रुपये की राशि स्वीकृत की। बजरंग को नाडा ने 23 अप्रैल को निलंबित किया था। उन्हें इससे पहले 18 अप्रैल को रहने के स्थान संबंधी नियम के उल्लंघन के लिए नोटिस जारी किया था। बचाव में बजरंग ने कहा था कि उन्होंने कभी परीक्षण के लिए नमूना देने से इनकार नहीं किया लेकिन डोप नियंत्रण अधिकारी से सिर्फ इतना पूछा कि वह नमूना लेने के लिए लाई गई 'एक्सपायर्ड किट' के बारे में विस्तार से बताए। बजरंग ने बताया कि वैश्विक संचालन संस्था ने अपनी आंतरिक प्रणाली में अपडेट करते हुए स्पष्ट तौर पर जिक्र किया है कि वह निलंबित हैं।

खेल डायरी

स्मैश टूर्नामेंट के क्वार्टरफाइनल में हारी मनिका

जेद्दा। भारतीय टेबल टेनिस खिलाड़ी मनिका बत्रा को गुरुवार को सऊदी स्मैश टूर्नामेंट के महिला एकल क्वार्टरफाइनल मुकाबले में जापान की पूर्व एशियाई चैंपियन हिना हयाता के हाथों हार का सामना करना पड़ा है। टूर्नामेंट में भारतीय अभियान समाप्त हो गया है। आज यहां किंग अब्दुल्ला स्पोर्ट्स सिटी के इनफिनिटी एरिना में मनिका बत्रा को 39 मिनट चले मुकाबले में हिना हयाता ने 4-1 (11-7, 6-11, 4-11,11-13, 2-11) से हार का सामना करना पड़ा। भारतीय खिलाड़ी ने अपने मजबूत फोरहैंड का अच्छा इस्तेमाल करते हुए शुरुआती बढ़त हासिल की, लेकिन हयाता ने फ्लैट रिटर्न के साथ बत्रा से लगातार गलतियां करवाते हुए बाद के चार गेम जीत लिए।

अर्जुन ने कार्लसन को ड्रॉ पर रोका

वारसॉ। फिडे कैंडिडेट्स चैंपियन डी गुकेश की सुपरबेट रैपिड एवं ब्लिट्ज शतरंज टूर्नामेंट में शुरुआत अच्छी नहीं रही लेकिन एक अन्य भारतीय खिलाड़ी एरिगैसी अर्जुन पहले मुकाबले में नॉर्वे के दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन को ड्रॉ पर रोकने में सफल रहे। विश्व के सातवें नंबर के खिलाड़ी अर्जुन ने अपनी दो अन्य बाजियां भी ड्रॉ खेली जिससे वह प्रतियोगिता के तीसरे दौर के बाद शीर्ष पर चल रहे रोमानिया के किरिल शेवचेंको से काफी पीछे हैं। गुकेश अपनी पहली दोनों बाजियां हार गए थे जबकि तीसरी बाजी में उन्होंने अंक बांटे।

अंतर्राष्ट्रीय मास्टर वर्गीज कोशी का निधन

चेन्नई। अंतर्राष्ट्रीय मास्टर और प्रतिष्ठित ट्रेनर तथा मार्गदर्शक (मेंटर) वर्गीज कोशी का निधन हो गया है। वह 66 वर्ष के थे। कोशी के परिवार में पत्नी के अलावा दो बेटे हैं। कोशी को अपने फेफड़े के कैंसर के बारे में लगभग दस महीने से पता था और उन्होंने अपने हास्य के साथ इस खतरनाक बीमारी का सामना किया। कोशी शतरंज की दुनिया के उन कुछ खिलाड़ियों में से थे जिन्होंने इस खेल को खुद सीखा। इस खेल के प्रति उनके अति-आधुनिक दृष्टिकोण ने उन्हें अपने अधिकांश साथियों की तुलना में बेहतर स्थिति में रखा।

विश्व पिकलबॉल लीग के शुरुआती चरण की घोषणा

नई दिल्ली। भारत के पूर्व डेविस कप खिलाड़ी गौरव नाटेकर ने गुरुवार को विश्व पिकलबॉल लीग (डब्ल्यूपीबीएल) लांच करने की घोषणा की। यह लीग नाटेकर की कंपनी नाटेकर स्पोर्ट्स एंड गेमिंग (एनएसजी) और सोनी एंटरटेनमेंट टैलेंट वेंचर्स इंडिया के बीच सहयोग से आयोजित होगी। पिकलबॉल एक पैडल खेल है जिसमें टेनिस, बैडमिंटन और टेबल टेनिस का मिश्रण होता है। लेकिन यह टेनिस की तुलना में छोटे कोर्ट पर खेला जाता है। लीग के शुरूआती चरण के इस साल के अंत में या 2025 की शुरुआत में आयोजित होने की संभावना है। नाटेकर ने कहा भारत में शुरूआती वैश्विक पेशेवर पिकलबॉल लीग का अनावरण करने पर हमें गर्व है। लीग के शुरूआती चरण में छह फ्रेंचाइजी खिताब के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी। प्रत्येक टीम में अंतरराष्ट्रीय स्टार खिलाड़ियों सहित पांच से आठ खिलाड़ी होंगे। लीग में टीमों के लिए भारतीय खिलाड़ियों और जूनियर खिलाड़ियों को रखना भी जरूरी होगा जो दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों से सीखने के लिए टीम का हिस्सा बनेंगे।

हॉकी प्रो लीग के यूरोप चरण के लिए टीम घोषित

नई दिल्ली। हरमनप्रीत सिंह 22 मई से शुरू हो रहे एफआईएच हॉकी प्रो लीग के यूरोप चरण में भारत की 24 सदस्यीय टीम की अगुआई करेंगे। भारत यूरोप चरण में कुल आठ मैच खेलेगा। टीम दो चरण के टूर्नामेंट में अर्जेन्टीना, बेल्जियम, जर्मनी और ग्रेट ब्रिटेन से दो-दो मैच खेलेगी। पहला चरण 22 से 30 मई तक बेल्जियम के एंटवर्प में होगा जबकि दूसरा चरण लंदन में एक से 12 जून तक खेला जाएगा। यह 26 जुलाई से शुरू हो रहे पेरिस ओलंपिक के लिए भारत की तैयारी के लिए काफी महत्वपूर्ण प्रतियोगिता होगी और मुख्य कोच क्रेग फुल्टोन को टीम को खेलों के महाकुंभ के लिए तैयार करने का मौका देगी। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उसी की सरजमीं पर पांच टेस्ट की श्रृंखला में 0-5 की हार के बाद भारतीय टीम इस टूर्नामेंट में हिस्सा लेगी। भारत प्रो लीग तालिका में अभी आठ मैच में 15 अंक के साथ तीसरे स्थान पर है।

शतक से चूके विराट, पंजाब को 242 का लक्ष्य

कोहली ने खेली 92 रनों की शानदार पारी, रजत पाटीदार ने जड़ा अर्धशतक, हर्षल को मिले तीन विकेट

विराट कोहली का विकेट लेने के बाद साथी खिलाड़ियों के साथ खुशी मनाते अर्शदीप सिंह। ● एजेंसी

धर्मशाला, एजेंसी

विराट कोहली (92), रजत पाटीदार (55) की तूफानी अर्धशतकीय पारियों के दम पर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने गुरुवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 58वें मैच में पंजाब किंग्स को जीत के लिए 242 रनों का लक्ष्य दिया है।

आज यहां हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में पंजाब किंग्स के कप्तान सैम करन ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की शुरुआत खराब रही और उसने तीसरे ओवर में ही कप्तान फाफ डुप्लेसी (9) का विकेट गवां दिया। उन्हें विधवत कावेरप्पा ने आउट किया। इसके बाद पांचवें ओवर में विधवत कावेरप्पा ने विल जैक्स (12) को भी शशांक के हाथों कैच आउट कराकर पवेलियन भेज दिया। विराट कोहली और रजत पाटीदार ने पारी को संभाला और तीसरे विकेट के लिये 76 रनों की साझेदारी की। पाटीदार ने 23 गेंदों में तीन चौके और छह छक्कों की मदद से तूफानी अंदाज में 55 रन बनाये। वहीं विराट कोहली ने 47 गेंदों में सात चौके और छह छक्के लगाते हुए 92 रनों की पारी खेली।

दिनेश कार्तिक (18), महिपाल लोमरोर (शून्य) पर आउट हुये। कैमरन ग्रीन 27 गेंदों में पांच चौके और एक छक्का लगाते हुए नाबाद (46) रन बनाये। आरसीबी ने निर्धारित 20 ओवरों में छह विकेट पर 241 रनों का स्कोर खड़ा किया। पंजाब किंग्स की ओर से विद्वथ कावेरप्पा और हर्षल पटेल ने दो-दो विकेट लिये। अर्शदीप सिंह और सम करन ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

20 विकेट 12 मैच में लेकर हर्षल पटेल ने कब्जाया पर्पल कैप

बेंगलुरु 241/7 — 20 ओवर, अतिरिक्त : 08

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
विराट कैच रोसोव बो अर्शदीप	92	47	7/6
डुप्लेसी कैच शशांक बो विद्वथ	9	7	2/0
विल जैक्स कैच हर्षल बो विद्वथ	12	7	1/1
रजत कैच बियरस्टो बो सैम कुरेन	55	23	3/6
कैमरून ग्रीन कैच सैम कुरेन बो हर्षल	46	27	5/1
दिनेश कार्तिक कैच सैम कुरेन बो हर्षल	18	7	1/2
महीपाल लोमरोर बोल्ड हर्षल	0	2	0/0
स्वप्निल सिंह	1	1	0/0

गेंदबाजी : विद्वथ 4-0-36-2, अर्शदीप 3-0-41-1, सैन कुरेन 3-0-50-1, हर्षल 4-0-38-3, राहुल चाहर 3-0-47-0, लिविंगस्टोन 3-0-28-0

अंकतालिका

टीम	मैच	जीत	हार	अंक	रन रेट
कोलकाता	11	8	3	16	+1.453
राजस्थान	11	8	3	16	+0.476
हैदराबाद	12	7	5	14	-0.065
चेन्नई	11	6	5	12	+0.406
दिल्ली	12	6	6	12	-0.316
लखनऊ	12	6	6	12	-0.769
बेंगलुरु	11	4	7	8	-0.049
पंजाब	11	4	7	8	-0.187
मुंबई (बा)	12	4	8	8	-0.212
गुजरात	11	4	7	8	-1.320

रियल मैड्रिड चैंपियंस लीग फाइनल में

मैड्रिड। रियल मैड्रिड ने सेमीफाइनल के दूसरे चरण में पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए बायर्न म्यूनिख को 2-1 से हराकर तीन सत्र में दूसरी बार चैंपियंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई। मैड्रिड ने कुल स्कोर के आधार पर 4-3 से जीत दर्ज की। बायर्न की जीत लगभग तय लग रही थी लेकिन जोसेलु ने 88वें मिनट में रीयाल मैड्रिड को बराबरी दिला दी। जोसेलु ने इंजरी टाइम के पहले मिनट में एक और गोल दागकर रियल मैड्रिड की जीत सुनिश्चित की और उसे फाइनल में जगह दिलाई। फाइनल में रियल मैड्रिड की भिड़ंत एक जून को लंदन में बोरूसिया डोर्टमंड से होगी।

केएल राहुल की कप्तानी की आलोचना अंतिम मैचों में भी कर सकते हैं अगुवाई

नई दिल्ली, एजेंसी

सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ बुधवार को करारी हार के बाद आईपीएल प्ले ऑफ की दौड़ से लगभग बाहर होने से लखनऊ सुपरजाइंट्स के कप्तान के रूप में लोकेश राहुल के भविष्य को लेकर बहस तेज हो गई है। अटकलें लगाई जा रहीं थी कि कप्तान स्वयं अपना पद छोड़कर बाकी बचे दो मैचों में अपनी बल्लेबाजी पर ध्यान दे सकते हैं। हालांकि सिर्फ दो मैच बचे होने के कारण राहुल के टीम की अगुआई करते रहने की उम्मीद है।

आईपीएल के सूत्र अनुसार, दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ अगले मैच से पहले पांच दिन का ब्रेक है। फिलहाल कोई फैसला नहीं किया गया है लेकिन समझा जा रहा है कि अगर राहुल बाकी बचे दो मैच में सिर्फ अपनी बल्लेबाजी पर ध्यान केंद्रित करने की योजना बनाते हैं तो प्रबंधन को कोई दिक्कत नहीं होगी। सनराइजर्स के खिलाफ बड़ी हार के बाद लखनऊ फ्रेंचाइजी के मालिक संजीव गोयनका का राहुल के साथ नाराजगी में बात करने का वीडियो सोशल मीडिया पर आया था।

डायमंड लीग के जरिए ओलंपिक की तैयारी करेंगे नीरज और किशोर

दोहा, एजेंसी

ओलंपिक चैंपियन नीरज चोपड़ा शुक्रवार को दोहा डायमंड लीग के एक दिवसीय पहले चरण के जरिए पेरिस ओलंपिक की अपनी तैयारियां शुरू करेंगे जिसमें उनका सामना दुनिया के धुरंधर भाला फेंक खिलाड़ियों से होगा।

मौजूदा विश्व और एशियाई खेल चैंपियन भारत के भाला फेंक स्टार चोपड़ा का सामना पूर्व विश्व चैम्पियन ग्रेनाडा के एंडरसन पीटर्स और ओलंपिक तथा विश्व चैम्पियनशिप के पदक विजेता चेक गणराज्य के याकूब वालेश से होगा। एशियाई खेलों के रजत पदक विजेता भारत के किशोर जेना डायमंड लीग में पदार्पण करेंगे। उनका सर्वश्रेष्ठ व्यक्तिगत प्रदर्शन 87.54 मीटर है जबकि चोपड़ा का सर्वश्रेष्ठ 89.94 मीटर है जो राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी है। चोपड़ा ने कहा मैं कल के लिए तैयार हूं। मैं लगातार अच्छा प्रदर्शन करना चाहता हूं। मैं 90 मीटर का थ्रो भी फेकूंगा लेकिन निरंतरता अधिक जरूरी है। यूरोपीय चैंपियन जर्मनी के जूलियन वेबर भी दस खिलाड़ियों में शामिल हैं जो लीग में उतरेंगे। इसके बाद लीग का दूसरा चरण 19 मई को मोरक्को में होगा।

ओमेगा ने नीरज चोपड़ा को खेल दूत बनाया



नई दिल्ली। ओलंपिक और विश्व चैंपियनशिप के स्वर्ण पदक विजेता भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा को स्विट्जरलैंड के घड़ियों के लग्जरी ब्रांड ओमेगा ने खेल दूत के रूप में अपने साथ जोड़ा है। ओमेगा इस साल होने वाले पेरिस ओलंपिक का आधिकारिक टाइमकीपर (स्पर्धाओं के समय के लिए उपकरण मुहैया कराने वाला) है। भारत के इस स्टार खिलाड़ी को शुक्रवार को डाइमंड लीग के पहले चरण में प्रतिस्पर्धा से पहले दोहा में ओमेगा के बुटीक में आमंत्रित किया गया। इस साझेदारी पर बोलते हुए चोपड़ा ने कहा मैं ऐसे प्रतिष्ठित ब्रांड का हिस्सा बनकर बहुत उत्साहित हूं जो ओलंपिक खेलों में टाइमकीपिंग में इतनी बड़ी भूमिका निभाता है। चोपड़ा भाला फेंक में ओलंपिक स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले एशियाई खिलाड़ी है। ओमेगा 1932 से लगभग सभी ओलंपिक खेलों में आधिकारिक टाइमकीपर रहा है। पेरिस 2024 में ओमेगा 31वीं बार खेलों का आधिकारिक टाइमकीपर होगा।

भारतीय महिला टीम ने किया क्लीन स्वीप 5-0 से जीती श्रृंखला



सिलहट। दयालन हेमलता (37) और स्मृति मंधाना (33) रनों की पारियों और उसके बाद गेंदबाजी में राधा यादव के शानदार प्रदर्शन की बदौलत भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने गुरुवार को पांचवें टी-20 मैच में बांग्लादेश की टीम को 21 रन से हराते हुए श्रृंखला 5-0 से अपने नाम कर ली है। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए भारतीय टीम ने बांग्लादेश को 157 रनों का लक्ष्य दिया। भारतीय टीम ने निर्धारित 20 ओवर में पांच विकेट पर 156 रन बनाए। 156 रनों के जवाब में मेजबान बांग्लादेश के बल्लेबाजों का निराशाजनक प्रदर्शन रहा और वे भारतीय गेंदबाजी के आगे टीक नहीं सके। बांग्लादेश की टीम निर्धारित 20 ओवर में छह विकेट पर 135 रन ही बना सकी और मुकाबला 21 रन से हार गई।

बॉलीवुड हलचल

सिकंदर में नजर आएंगी रश्मिका

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री रश्मिका मंदाना दबंग स्टार सलमान खान की आने वाली फिल्म सिकंदर में काम करती नजर आ सकती है। सलमन खान ने इस साल ईद के अवसर पर अपनी नई एक्शन-थ्रिलर फिल्म सिकंदर अनाउंस की थी। कहा जा रहा है कि सलमान खान एक्शन-थ्रिलर फिल्म सिकंदर का पहला शेड्यूल मई में शुरू करेंगे। इस फिल्म का निर्देशन मुरुगादॉस करेंगे। कहा जा रहा है कि सलमान खान की एक्शन ड्रामा फिल्म सिकंदर के लिए अभिनेत्री का नाम फाइनल हो गया है। रश्मिका मंदाना फिल्म सिंकदर में सलमान खान के अपोजिट काम करती नजर आ सकती हैं। माना जा रहा है कि रश्मिका मंदाना सुपरस्टार सलमान खान के साथ पहली बार काम करने के लिए पूरी तरह से तैयार भी हैं। फिल्म सिकंदर का प्रोडक्शन साजिद नाडियाडवाला कर रहे हैं। सिकंदर अगले साल ईद 2025 के मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



मनोज की भैया जी का नया ट्रेलर रिलीज

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता मनोज बाजपेयी की आने वाली फिल्म भैया जी का नया ट्रेलर रिलीज हो गया है। भैया जी, मनोज बाजपेयी के करिअर की 100वीं फिल्म है। भैया जी का नया ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। ट्रेलर की शुरूआत में फिल्म का एक किरदार बार-बार पूछता है कि भैया जी कौन है? बार-बार पूछने पर भी जब उसे जवाब नहीं मिलता तो वह एक बार फिर चिल्लाकर पूछता है। इसके जवाब में दूसरा किरदार कहता है कि पॉलिटिक्स की बात करें को सत्ता पक्ष को विपक्ष और विपक्ष को सत्ता पक्ष करने के मास्टरमाइंड भैया जी। उनके फावड़े ने हजारों कुकर्मियों को संसार से मुक्त किया है। एक समय था, जब कुकर्मी मात्र उनकी कहानियां सुनकर कुकर्म त्याग देता था। उस समय सरकार भी वही थे, प्रजा भी वही थे, क्राइम भी वही थे, कानून भी वही थे। भैया जी, रॉबिन हुड नहीं हैं वो उसका बाप है। भैय्या जी, गांव पुपड़ी, जिला सीतामंडी, बिहार। एक सीन में मनोज बाजपेयी ऐलान करते हैं कि निवेदन नहीं नरसंहार होगा, नरसंहार। मनोज बाजपेयी इस फिल्म को को-प्रोड्यूसर भी हैं। फिल्म 24 मई को रिलीज होगी।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।

संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0522-4008111 (कार्यालय), **ईमेल**-amritvicharlucknow@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-50986/1989 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।**

सपा-कांग्रेस के लिए परिवार फर्स्ट, भाजपा के लिए राष्ट्र

सीएम योगी ने विपक्ष को घेरा, छोटी काशी का जल्द होगा कायाकल्प, युवाओं को मिलेंगे रोजगार, व्यापारी डरें नहीं, लोगों को उजाड़ते नहीं, बसाते हैं हम

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ/ मोहम्मदी (खीरी)

अमृत विचारः मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने भाषण की शुरुआत भारत माता की जय और वन्दे मातरम के बाद राष्ट्र नायक महाराणा प्रताप की जयंती होने के कारण उनको नमन कर की। उन्होंने गोला के भोलेनाथ को कोटि-कोटि नमन किया। उन्होंने अपनी बात कहने के दौरान कहा जो राम को लाएंगे हम उनको लाएंगे जिस पर मौजूद भीड़ ने उनका जय श्री राम के जयघोष से अभिवादन किया।

नगर के पब्लिक इंटर कॉलेज स्थित राजेंद्र गिरि स्टेडियम में खीरी लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी अजय मिश्र टेनी के समर्थन में जनसभा में अपने 22 मिनट के भाषण में सीएम योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस और समाजवादी पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस और सपा ने लगातार राम भक्तों और मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान् श्रीराम का अपमान किया है। यह लोग लगातार भारत की आत्मा को गाली देते हैं। चाहे कांग्रेस हो या सपा इन सभी का आचरण निंदनीय है और इनका आचरण ही इन्हें रसातल की और धकेल रहा है। सीएम योगी ने कहा कि देश की जनता जागरूक है और अपना निर्णय ले रही है। लोकसभा का तीन चरण में मतदान हो चुका है। तीनों चरणों में भाजपा सभी पर जीत दर्ज कर रही है। कहा कि 500 वर्षों का इंतज़ार समाप्त करके अयोध्या में रामलला विराजमान हुए हैं। फिर भी कांग्रेस और सपा कहती है कि अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण अनावश्यक हुआ है। योगी ने कहा कि पूरे देश के अंदर लोगों की एक ही सोंच है कि फिर एक बार मोदी सरकार बनाना है। जनता स्वयं कहती है कि जो राम को लाए हैं, हम उनको लाएंगे। इस पर लोगों ने जय श्रीराम का उद्घोष किया।

योगी ने कहा कि देश में इतना कायाकल्प प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और मार्गदर्शन में संभव हुआ है। कहा कि विकास और गरीब कल्याणकारी योजनाओं को लेकर एक बेहतर माहौल बना है, जिससे अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति को भी शासन की योजनाओं का लाभ मिल रहा है।

मंच पर हाथ उठाकर जनता का अभिभावदन करते मुख्यमंत्री। अमृत विचार

मुख्यमंत्री का भाषण सुनने के लिए मौजूद लोग। अमृत विचार

पहले हम छेड़ेंगे नहीं, कोई चढ़ेगा तो उसे छोड़ेंगे नहीं

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह नया भारत है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जमकर विकास हो रहा है। सीमा की सुरक्षा के साथ किसी को खिलवाड़ करने नहीं दिया जा रहा। पहले हम छेड़ेंगे नहीं, लेकिन कोई चढ़ेगा तो उसे छोड़ेंगे भी नहीं।

इन्होंने भी किया संबोधित

मुख्यमंत्री के आने से पूर्व चुनावी सभा को विधायक अमन गिरि, मंजू त्यागी, रोमी साहनी, शशांक वर्मा, जिला प्रभारी वासुदेव मौर्य, नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ल रिंकू ने भी संबोधित किया। संचालन सांसद प्रतिनिधि अरविंद सिंह संजय ने किया।

मंच पर ये भी रहे मौजूद

जिलाध्यक्ष सुनील सिंह, लोकसभा प्रभारी अचिन मेहरोत्रा, जिला प्रभारी वासुदेव मौर्य, अपना दल के जिलाध्यक्ष राजीव पटेल, पलिया चेयरमैन केबी गुप्ता, मैलानी पंचायत अध्यक्ष कीर्ति माहेश्वरी, पार्टी प्रवक्ता जुगल किशोर, कुलभूषण सिंह, जिला उपाध्यक्ष विजय माहेश्वरी, डॉ प्रीति वर्मा आदि मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री के भाषण के बाद मच गई अफरा तफरी

गोला गोकर्णनाथ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का भाषण समाप्त होने पर अफरा तफरी मच गई। ग्रामीण क्षेत्रों से आए तमाम लोग हेलीपैड पर हेलीकाप्टर देखने के लिए दौड़ पड़े। मंच पर मौजूद लोगों को सहूलियत से उतरने का मौका न मिला तो पलिया विधायक रोमी साहनी बैरिकेडिंग खुलवाकर बाहर निकले।

बेरीकेटिंग से बाहर निकलते विधायक रोमी साहनी।

कैटिल कैचर वाहन में भरवाकर गौशाला भेजे गए छुट्टा पशु

गोला गोकर्णनाथ। नगर पालिका परिषद ने छुट्टा पशुओं के सड़कों पर दिखाई न देने के लिए व्यापक व्यवस्था की थी। पालिका के कर्मचारियों को कैटिल कैचर वाहन के साथ लगाया गया, जिन्होंने नगर के प्रमुख मार्गों पर जहां भी विचरण करता गौवंश मिला उसे वाहन में भरकर गौशाला छुड़वा दिया गया। तमाम गौवंश को कर्मचारियों ने डंडे का भय दिखाकर भगा दिया, जो नगर की गलियां में घूमते देखे गए।

गोवंश को वाहन में भरते पालिकाकर्मी।

आनंद भदौरिया को जिताकर संसद भेजे : अखिलेश यादव

मितौली में सपा मुखिया अखिलेश यादव। साथ में है धौरहरा से प्रत्याशी आनंद भदौरिया।

संवाददाता, मितौली

- मितौली की जनसभा में सपा मुखिया ने भरा जोश
- जनसभा में उमड़ा जनसैलाब, पुलिस को भीड़ नियंत्रित करने में पसीने छूटे

अमृत विचारः सपा मुखिया और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि आनंद भदौरिया को जिताकर संसद भेजने का काम करें। गठबंधन की सरकार बनी तो गरीब बहनों के एकाउंट में साल में एक लाख रुपया देने का काम करेंगे, नौजवानों को नौकरी देंगे, 30 लाख खाली पदों को भरेंगे, किसानों को एमएसपी देंगे।

सपा मुखिया गुरुवार को मितौली में धौरहरा प्रत्याशी आनंद भदौरिया के समर्थन में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। कहा कि जिन्होंने झूठी बातें की हो, झूठे वादे किए हैं। उन्हें सबक सिखाने का काम करेंगे। पिछले 10 साल में केवल झूठ बोला है, इन्होंने और एक वादा पूरा नहीं किया। ये चुनाव आपके भविष्य का चुनाव है, ये बीजेपी के लोग संविधान बदलना चाहते हैं, ये संविधान हमें ताकत देता है। जो किसानों की आय दोगुनी करने की बात कहते थे, वह लोग किसानों के लिए तीन काले कानून लाकर रख दिया। पूरे देश के किसान एकजुट होकर तीनों काले कानून के लिए आंदोलन किया कि जब तक काले कानून वापस नहीं हुआ किसान भाई डटे रहे। इस दौरान एक हजार से अधिक हमारे किसान शहीद हो गए, जिनके परिवार को न्याय के लिए भटक रहे है, सरकार बनती हैं तो उन्हें न्याय दी जाएगी। सभा में महान दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष केशव देव मौर्य जी मंच पर मौजूद रहे और उन्होंने भी आनंद भदौरिया को जिताने की अपील की।

शाह के सांसद को बड़ा बनाने वाले बयान पर अखिलेश का पलटवार

लखीमपुर के जीआईसी मैदान पर जनता का अभिवादन करते सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव। प्रत्याशी उत्कर्ष वर्मा व अन्य पदाधिकारी।

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

अमृत विचार : पूर्व मुख्यमंत्री ने खीरी प्रत्याशी अजय मिश्र टेनी को बड़ा आदमी बनाए जाने के गृह मंत्री अमित शाह के बयानों पर पलटवार किया है। उन्होंने गुरुवार को जनसभा में मंच से पूछा कि कैसे और कितना बड़ा बनाओगे। उन्होंने कहा कि भाजपा का तीन चरणों में सफाया हो चुका है। इससे अब भाषणों में उनका बैंलेस भी खराब हो गए हैं। अब वह अपने को ही बुरा भला कहने लगे हैं। उन्होंने पूर्व सदर विधायक डॉ. कौशल किशोर का नाम लेकर मतदाताओं को रिझाया। पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव निर्धारित समय से करीब पैन घंटे देरी से जनसभा स्थल पर पहुंचे। जीआईसी मैदान समर्थकों से भरा होने पर उन्होंने चुटकी लेते हुए कहा कि जिसने पंडाल लगाया या लगवाया होगा। उसे गिनती पता होगी। दिल्ली से आने वाले नेताओं के पंडाल में इसकी आधी भी जनता नहीं थी। लखीमपुर की जनता ने मन बनाया है कि इस बार वह वोट से जवाब देगी। भाजपा ने जो चंदा वसूला। इलेक्ट्रोर बांड ने उसकी पोल खोल दी। सपा ने एंबुलेंस चलवाई। दस साल में न सिर्फ एंबुलेंस खराब कर दी। बल्कि गरीबों को अस्पताल में दवाई और इलाज भी नहीं उलपब्ध करा पा रहे हैं। यूपी 100 को बदलकर यूपी 112 कर दिया। पुलिस ने नंबर बढ़ा तो अपने भी रेट बढ़ा दिए। उन्होंने प्रधानमंत्री का नाम लिए बगैर कहा कि जो मन की बात कर रहे थे। उनसे कहते हैं कि अब जनता संविधान की बात करती है। दिल्ली से भाजपा के एक बड़े नेता इसी मैदान पर आए थे। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी को इसी मंच से कहा था कि वह अजय मिश्र टेनी को जिताओ हम उन्हें बहुत बडा बनाएंगे। उन्होंने पूछा कि कैसे और कितना बड़ा बनाओगे।

जनसभा में मौजूद लोग। अमृत विचार

डॉ. कौशल किशोर का नाम लेकर रिझा गए अखिलेश

अखिलेश यादव ने पूर्व सदर विधायक डॉ. कौशल किशोर वर्मा का नाम लेकर वोटरों को रिझाने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि इंडियन गंठबंधन से सपा प्रत्याशी उत्कर्ष वर्मा पूर्व सदर विधायक रहे स्वर्गीय डॉ. कौशल किशोर वर्मा के पोते हैं। उन्होंने जनता के लिए ढेर सारे काम किए। इसलिए सपा प्रत्याशी को वोट देकर सपा को जिताएं।

गाना बजते ही तालियों से गूंज उठा पंडाल

अखिलेश यादव ने दोपहर 02 :20 मिनट पर संबोधन शुरू किया। उन्होंने करीब 50 मिनट तक जनसभा को संबोधित किया। संबोधन समाप्त होने से पहले उन्होंने कहा कि उनके पास दिल्ली से एक गाना आया है, जिसे आप लोग सुनिए। जब दिल्ली हाजिर हो सांसद जी हाजिर होस पांच साल का जवाब दो गाना बजना शुरू हुआ। इस पर मौजूद भीड़ की तालियों से पंडाल गूंज उठा।

बसपा प्रत्याशी ने किया जनसम्पर्क

लखीमपुर खीरी, अमृत विचार : खीरी लोकसभा क्षेत्र से बसपा प्रत्याशी अंशय कालरा ने पलिया विधानसभा के ग्राम सभाओं में ताबड़तोड़ दौरा किया, जहां उन्होंने बहुजन समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं और समर्थकों के साथ बैठक की। इस दौरान लोगों में उत्साह दिखा। बसपा प्रत्याशी ने गांव ऊजागरपुर, मुल्लापुर, कोहकरपुर, भोलापुर, पूरनपुर, राजमंडी, नहकघाट, चाचापुर, नौगवां, भीरा, अतरिया, मदीना मस्जिद, और चांदनी चौराहा गए। वहां के लोगों की परेशानियों को समझा। उनकी क्षेत्र में पूर्ण समर्पण और ईमानदारी से सेवा करने की पुन : पुष्टि की। समाज के हर वर्ग को समावेशी विकास की आवश्यकता को जोर दिया, खासकर किसानों के कल्याण पर ध्यान केंद्रित किया। उन्होंने अपने समर्थकों की निष्ठा का आभास किया और उनके कल्याण और पलिया विधानसभा के समग्र विकास के प्रति पूर्ण समर्पण की भावना व्यक्त की।

बुजुर्ग से जीत का आशीर्वाद लेते बसपा प्रत्याशी अंशय कालरा।

सार-संक्षेप

विजेताओं को पुरस्कार में मिले स्कूली बैग

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी, अमृत विचार : आरएम ज्ञानदायिनी इंटर कॉलेज में बृहस्पतिवार को बस्ता प्रतियोगिता हुई। इसका उद्देश्य बच्चों में कॉपी किताबें रखने के प्रति जागरूकता का प्रदर्शन करना था। प्रतियोगिता में पीजी से कक्षा-12 तक की छात्र-छात्राएं शामिल हुई। छात्र-छात्राओं ने बस्ते को बेहतर ढंग से सजाकर सहभागिता की। बस्ता प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय रहे विजेताओं को प्रबंधक राकेश वर्मा एवं प्रधानाचार्य सचिन शुक्ला ने मेडल व स्कूली बैग देकर सम्मानित किया। इसके अलावा श्रेष्ठ बस्ते वाले छात्र छात्राओं को भी प्रबंधक ने अपूर्वा श्रीवास्तव, शिक्षा वर्मा, ऋषभ, तनु जायसवाल, आराध्य श्रीवास्तव, अक्षत सिंह, अलिश्बा तथा अविका सिंह वर्मा को बैग देकर सम्मानित किया। आशीष सिंह, कामिनी वर्मा, बलराम अवस्थी सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

बाजार में निकले दून स्कूल व गुरुकुल एकेडमी के छात्र

बाजार में भ्रमण कर लोगों को जागरुक करते दून स्कूल के छात्र।

संवाददाता, पलिया कलां, अमृत विचार : गिरते मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के लिए लोगों को जागरूक करने पलिया बाजार में निकले दून इंटरनेशनल स्कूल एवं गुरुकुल एकेडमी के छात्र- छात्राओं ने लोगों से संपर्क किया और शत प्रतिशत मतदान करने की अपील की। दून इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थी गुरुवार की सुबह करीब 10 बजे निघासन रोड स्थित अपने विद्यालय से शिक्षकों के साथ निकले। उन्होंने नगर की कोतवाली रोड, नगर पालिका रोड, पुरानी बाजार एवं मेला रोड की प्रमुख मार्केट सहित स्टेशन रोड व माल गोदाम रोड पर जाकर दुकानदारों, ग्राहकों एवं अन्य लोगों से संपर्क किया। सभी को मतदान करने के लिए जागरूक किया और पंपलेट दिए। गुरुकुल एकेडमी के छात्र-छात्राओं ने नगर की दुधवा रोड, संपूर्णानगर रोड, मेला रोड एवं पुरानी बाजार आदि का भ्रमण कर लोगों को मतदान हेतु जागरूक किया। उधर बेसिक विद्यालय के बच्चों ने भी नगर में लोगों को मतदान करने के लिए जागरूकता रैली निकाली।

सुख समृद्धि के लिए किया भंडारा

भीरा, अमृत विचार : नगर के वार्ड नंबर 13 शहीद भगत सिंह नगर मन्ना टांडा में सभासद नरेश सिंह उर्फ छोटू ने श्री चंदेश्वर नाथ महादेव मंदिर परिसर में क्षेत्र की खुशहाली व सुख समृद्धि के लिए भंडारे का आयोजन किया, जिसमें भोलेनाथ का हवन पूजन कर कन्याओं को प्रसाद के रूप में हलवा, पूरी, खीर खिलाई गई। सभासद प्रतिनिधि नरेश सिंह ने भगवान महादेव मंदिर पर पीतल का घंटा चढ़ाया। साथ ही शारदा नदी द्वारा प्रतिवर्ष की जाने वाली नदी कटान रोकने की प्रार्थना की गई। भंडारे में ग्राम सहित आसपास के सैकड़ो लोगों ने शामिल होकर प्रसाद गृहण किया। इस दौरान हुकुम सिंह, मोहकम सिंह, कंचन सिंह, कश्मीर सिंह आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ हेतु भूमि पूजन संपन्न

पलिया कलां, अमृत विचार : अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में गायत्री परिवार शाखा पलिया के द्वारा कराए जाने वाले 9 कुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं युवा महोत्सव के उपलक्ष्य में गुरुवार को विविध वैदिक मंत्रों के साथ भूमि पूजन किया। कार्यक्रम स्थल भू स्वामी देवी महाराज, उनकी धर्मपत्नी व क्षेत्र के समाजसेवी आलोक मिश्रा सहित गायत्री परिवार के तमाम लोग शामिल हुए। वरिष्ठ गायत्री परिजन चंद्रिका प्रसाद मौर्य ने भूमि पूजन का कार्यक्रम संपन्न कराया। इस मौके पर उत्तम सिंह, विनय कुमार सिंह, प्रेम प्रकाश पांडे, सुभाष दास, जेके मौर्य, अशोक मौर्य, अभिषेक गुप्ता और आयोजक विजय सिंह आदि सपरिवार मौजूद रहे।

छात्रों ने निकाली रैली, मतदान के प्रति किया जागरूक

जागरूकता रैली निकालते राजरानी माता शिक्षा निकेतन इंटर कॉलेज के छात्र।

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी, अमृत विचार : 13 मई को मतदान के दिन वोट प्रतिशत का एक नया कीर्तिमान बनाने के लिए राजरानी माता शिक्षा निकेतन इंटर कॉलेज के छात्रों ने बेहजम कस्बे में जागरूकता रैली निकाली। छात्रों ने कस्बे के लोगों के साथ राहगीरों को मतदान का महत्व बताकर पहले मतदान करने और फिर कोई दूसरा काम करने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य आलोक कुमार सैनी ने बताया कि लोकतंत्र के महापर्व में सभी की भागीदारी सुनिश्चित कराने और मतदाताओं को वोट डालने के प्रति जागरूक करने के लिए बृहस्पतिवार को रैली का आयोजन हुआ। रैली को एसडीएम विनीत उपाध्याय एवं बीईओ देवेश राय ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। साथ ही छात्राओं को अपने माता पिता और पड़ोस में रहने वाले वोटरों को भी मतदान करने के लिए बूथ पर भेजने की शपथ दिलाई। विद्यालय के उमेश गुप्ता सहित छात्र छात्राएं और शिक्षक शामिल रहे।

निरोगी रहने के लिए छात्राओं ने किया योगाभ्यास

मुडियाखेडा के यूपीएस विद्यालय में योग का अभ्यास करतीं छात्राएं।

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी, अमृत विचार : योग करने से निरोगी रहने के प्रति स्कूलों बच्चों को जागरूक करने के लिए उच्च प्राथमिक विद्यालय मुड़ियाखेड़ा में दो दिवसीय शिविर लगा। इसमें छात्राओं को बीमारियों से बचने के लिए रोजाना योग करने के लिए प्रेरित कर अभ्यास कराया गया। शिविर का समापन आज होगा। क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. हरवंश कुमार एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुरेंद्र सिंह की ओर से बृहस्पतिवार को उच्च प्राथमिक विद्यालय मुड़ियाखेड़ा में दो दिवसीय शिविर का आयोजन हुआ। राजकीय आयुर्वेदिक अस्पताल के योग प्रशिक्षक कुलदीप वर्मा व सहायक सीमा देवी ने छात्राओं को निरोगी रहने के लिए योग की उपयोगिता बताई। शिविर के पहले दिन बच्चों को ताड़ासन, त्रिकोणासन, पादहस्तासन, अर्धचक्रासन, घुटना संचालन, वृक्षासन, उत्कटासन, वज्रासन, उष्ट्रासन, शशकासन एवं भ्रामरी प्राणायाम का अभ्यास कराया। प्रधानाध्यापिका मीना त्रिवेदी सहित स्टाफ मौजूद रहा।

जागरूकता संदेशों से वोट डालने के लिए किया प्रेरित

महिला मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में मौजूद महिलाएं।

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी, अमृत विचार : जेसीआई संकल्प की महिलाओं ने बृहस्पतिवार को मतदान के लिए लोगों को जागरूक किया। संकल्प सदस्यों ने शत प्रतिशत मतदान के लिए स्लोगन के माध्यम से मतदान आवश्यक करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही वोटर पर्ची न मिलने, पोलिंग बूथ की जानकारी मोबाइल पर एक एसएमएस से प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। सदस्यों ने बताया कि निर्वाचन आयोग के वोटर हेल्पलाइन 1950 पर अपने मोबाइल से ऐसी स्पेस मतदाता पहचान नंबर टाइप कर सेंड करना होगा। उसके बाद मोबाइल पर ही बूथ संख्या, मतदान क्रमांक मोबाइल पर ही मैसेज से मिल जाएगा, जिसे पोलिंग अधिकारी को बता कर मतदान किया जा सकता है। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में संकल्प की संस्थापक रूपाली शुक्ला ने मतदाताओं को सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो के लिए प्रेरित किया। वहीं मधुलिका त्रिपाठी ने आओ सब मिलकर गाएं हम देने वोट जरूर जाएं, पूनम यादव ने पहले मतदान, फिर जलपान का जागरूकता संदेश दिया। इस मौके पर संस्था की नीति गुप्ता, उमा पितरिया, कीर्ति गुप्ता, रानी तिवारी, प्रियांशू दीक्षित, रीना गुप्ता, किरण साहू, प्रिया तिवारी, शिप्रा चांनया, नीरज मिश्रा, परिधि व अनुज शुक्ला उपस्थित रहे।

छोड़ो सारे अपने काम, सबसे पहले करो मतदान

सीडीओ-एडीएम ने मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए पिंक स्कूटी रैली को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

अमृत विचार: वोटर को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए स्वीप के अंतर्गत जिला प्रशासन की ओर से महिला मतदाता जागरूकता स्कूटी रैली आयोजित हुई। सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने एडीएम संजय कुमार सिंह संग कलक्ट्रेट से स्कूटी रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में शामिल महिलाएं मतदाता जागरूकता वाले संदेशों के पोस्टर लिए थीं।

लोकसभा चुनाव का 13 मई को मतदान दिवस है। मतदान करने के लिए लोगों को जागरूक करने के लिए यह रैली निकाली गई। ताकि देश मे एक सशक्त सरकार बनाने में मतदाता अपना योगदान दे सके। रैली में शामिल महिला शिक्षकों ने मतदान की अपील वाले स्लोगन लिखी तख्तियों के जरिए लोगों को 13 मई को अपने बूथ पहुंचकर सबसे पहले मतदान करने का संदेश दिया। सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने कहा कि यह लोकतंत्र का सबसे बड़ा पर्व है। मतदान के दिन अपने मत का प्रयोग अवश्य करें। दूसरे मतदाताओं को वोट डालने के लिए प्रेरित करें, जिससे जिले में शत-प्रतिशत मतदान हो सके। मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जन-जन को संकल्पित होना होगा। एडीएम संजय कुमार सिंह ने महिला मतदाताओं एवं अन्य मतदाताओं को मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए मतदाता शपथ ग्रहण कराई। महिलाओं ने स्कूटी रैली में छोड़ो सारे अपने काम, सबसे पहले करो मतदान और वोट डालने जाना है, अपना फर्ज निभाना है आदि स्लोगन लिखी तख्तियां लेकर जनमानस को मतदान के प्रति जागरूक किया। यह स्कूटी रैली शहर के विभिन्न मार्गो से होती हुई कलक्ट्रेट में विसर्जित हुई। इस मौके पर डायट प्राचार्य बृजभूषण सिंह, डीआईओएस डॉ. महेंद्र प्रताप सिंह, बीएसए प्रवीण तिवारी, एडीईओ तौसीफ अहमद समेत रैली में 150 महिला शिक्षिकाओं ने बढ़-चढ़कर कर प्रतिभाग किया।

हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना करते सीडीओ अनिल कुमार सिंह।

पिंक स्कूटी रैली में शामिल महिलाएं। अमृत विचार

खंभे पर चढ़कर तार जोड़ रहे युवक की करंट से मौत

संवाददाता, निघासन, अमृत विचार : बिजली के खंभे पर चढ़कर तार जोड़ रहे एक युवक को करंट लग गया, जिससे वह झुलस गया और जमीन पर आ गिरा। सूचना पर पहुंचे परिवार वाले उसे जिला अस्पताल ले गए, जहां से हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने उसे लखनऊ रेफर कर दिया। लखनऊ ले जाते समय रास्ते में उसने दम तोड़ दिया। थाना निघासन क्षेत्र के गांव बोझिया निवासी सुमित (22) पुत्र प्यारे लाल बुधवार की दोपहर खेत से काम करके घर वापस आया तो देखा कि बिजली घर पर नहीं आ रही थी। बिजली का तार सही करने के लिए खंभे पर चढ़ गया और लाइट का तार जोड़ने लगा। इसी बीच अचानक बिजली आने से उसे करंट का झटका लगा और नीचे सड़क पर गिरने से उसका सिर फट गया और वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन खून से लथपथ सुमित को लेकर पहले सीएचसी निघासन पहुंचे, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। उसे लखनऊ ले जाते समय रास्ते में उसकी मौत हो गई।

मुख्यमंत्री का फोटो लगा खोली कंपनी नौकरी के नाम पर 12 लाख लेकर फरार

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- ठगी का शिकार हुए पीड़ित एसपी से मिले, तहरीर देकर की कार्रवाई की मांग

अमृत विचार: नौकरी देने का झांसा देकर एक कंपनी ने तमाम युवक और युवतियों से करीब 12 लाख रुपये ठग लिए और भाग निकली। ठगी का शिकार बने तमाम युवक गुरुवार को एसपी कार्यालय पहुंचे और तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पीड़ितों का कहना है कि उनके साथ फर्जीवाड़ा किया गया है। इस कंपनी का मालिक बिहार का रहने वाला सुधांशु यादव है। ठगी में कंपनी के मालिक और उसके दो अन्य साथी भी शामिल हैं।

एसपी कार्यालय पहुंचे युवक और युवतियों ने बताया कि वह लोग बेरोजगार हैं। कंपनी का अप्रैल महीने में कार्यालय लालपुर बैरियर के पास खोला गया था। खुद को कंपनी का अधिकारी बताने वालों ने बताया का था कि कंपनी तरन तारन पंजाब की है। मुख्यमंत्री योगी की फोटो लगाकर कंपनी के कथित अधिकारियों ने बताया कि डीएम से सेनेटरी पैड पैकिंग की अनुमति मिल गई है। जिस पर उन्होंने भरोसा कर लिया और शुल्क जमा कर आधार कार्ड, पैन कार्ड और बैंक पासबुक की फोटोकॉपी भी जमा कर दी, लेकिन यह पूरा मामला फर्जी निकला। कंपनी ने 5230 महिलाओं को समूह के रूप में जोड़ा। इसके अलावा 70 कर्मचारियों की भर्ती की गई। प्रति कर्मचारी से 250 रुपये और प्रति महिला से 220 जमा कराए गए। कर्मचारियों को प्रतिमाह नौ से 15 हजार रुपये तक मानदेय देने की बात अधिकारियों ने कही थी। महिलाओं को सेनेटरी पैड की पैकिंग करनी होगी। तीन मई को जब कर्मचारी कार्यालय पहुंचे तो पता चला कि अधिकारी यहां से चंपत हो गए हैं। पहले वह लोग रिपोर्ट दर्ज करने के लिए सदर कोतवाली पहुंचे। वहां तहरीर दी। एसपी दफ्तर पहुंचकर कार्रवाई की मांग की है।

फर्जी हस्ताक्षर कर खाते से रुपए निकालने वाला दबोचा

निघासन, अमृत विचार : थाना व निघासन क्षेत्र में फर्जी हस्ताक्षर कर दूसरे के खाते से रुपये निकालने वाला युवक गुरुवार को फिर इंडियन बैंक शाखा निघासन पहुंच गया और उसी खाते से 15 हजार रुपये निकालने की कोशिश की। सूचना पर पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया है। कस्बे की इंडियन बैंक शाखा में जसवंत सिंह निवासी गोविंदपुर का खाता है। छह मई को उनके खाते से किसी ने फर्जी हस्ताक्षर बनाकर विड्राल के जरिए 15 हजार रुपये निकाल लिए थे, जिसकी जानकारी खाता धारक को लगी तो वह गुरुवार को बैंक शाखा पहुंचा और शाखा प्रबंधक विजय चावड़ा से मामले की शिकायत की। युवक 35 हजार का उनके ही खाते का विड्राल भरकर कैश काउंटर पर जमा किया था। कैशियर नितिन कुमार को शक हुआ तो उन्होंने उसका भुगतान रोक दिया। शाखा प्रबंधक की सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी युवक को हिरासत में ले लिया है। प्रभारी निरीक्षक सुरेश कुमार मिश्र ने बताया कि आरोपी से अभी पूछताछ की जा रही है।

अखिलेश की सभा में बैरिकेडिंग टूटी, पुलिस ने फटकारीं लाठियां

लखीमपुर खीरी

अमृत विचार: गुरुवार को कस्ता में पूर्व मुख्यमंत्री की जनसभा के दौरान बेरिकेडिंग टूटने से अफरा-तफरी मच गई। इस दौरान पुलिस ने लाठियां भांजी, जिससे दो युवक जख्मी हो गए। धौरहरा से सपा प्रत्याशी और पूर्व एमएलसी आनंद भदौरिया ने पुलिस की इस कार्यवाही की निंदा करते हुए कारवाई की मांग है।

बता दें कि सपा मुखिया की जनसभा में भारी भीड़ उमड़ पड़ी। पुलिस के लिए भीड़ पर काबू पाना मुश्किल हो रहा था। इसी बीच कुछ कार्यकर्ता पंडाल के ऊपर चढ़ गए तो कई बैरिकेडिंग पर चढ़कर सपा का झंडा लहराने लगे। इसी बीच बैरिकेडिंग भी टूट गई। इससे वहां भगदड़ मच गई। पुलिस जब भीड़ को नियंत्रित करने के लिए आगे बढ़ी। पुलिस के जवानों ने लाठियां चला दीं, जिससे दो युवक घायल हो गए। आरोप है कि भीड़ को कंट्रोल करते समय पुलिस ने कार्यकर्ताओं को डंडा मार दिया, जिससे दोनों के सिर फूट गए। घायलों को सीएचसी में ले जाया गया। मितौली के सीओ शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि बेरिकेडिंग टूटने से भगदड़ मच गई थी। कार्यकर्ताओं को नियंत्रित करने के लिए हल्का बल प्रयोग करना पड़ा। भगदड़ के कारण दो युवक घायल हुए हैं। किसी पर भी लाठी नहीं चलाई गई है।

बांकेगंज बाजार आई महिला रहस्यमय ढंग से लापता

बांकेगंज, अमृत विचार : मैलानी थाना क्षेत्र के बांकेगंज पुलिस चौकी अंतर्गत ग्रंट नंबर 10 के गंगापुर निवासी 27 वर्षीय महिला सात मई को बांकेगंज किसी काम से गई थी। शाम तक घर न पहुंचने पर काफी तलाश करने के बाद जब कोई सुराग न लगा तो पिता ने पुलिस चौकी और मैलानी थाने में प्रार्थना पत्र दिया है। पिता दाताराम ने बताया कि उसकी पुत्री सात मई को बांकेगंज बाजार गई थी। शाम तक जब वापस नहीं आई तो उसकी तलाश नाते रिश्तेदारी में की गई। दो दिन तक उसकी तलाश करता रहा। पता न लगने पर तीसरे दिन थाने में जाकर प्रार्थना पत्र दिया है। पुत्री मानसिक रूप से पीड़ित है, उसका पति भी बीमार है और शारीरिक रूप से विकलांग है। उसकी पांच वर्ष की बेटी भी है, जिसे वह घर पर ही छोड़ कर बाजार गई हुई थी।

मतदान के लिए 12 वैकल्पिक दस्तावेज मान्य

लखीमपुर खीरी

अमृत विचार: निर्वाचन आयोग ने वोट डालने के लिए मतदाता पहचान पत्र के तौर पर 12 विकल्प घोषित किया हैं। इस बाबत जिला निर्वाचन अधिकारी महेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि मतदान के लिए मतदाता फोटो पहचान पत्र के अलावा 12 विकल्पों में से एक मतदान स्थल पर प्रस्तुत करना होगा।

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंकों/डाकघरों द्वारा जारी किये गये फोटोयुक्त पासबुक, श्रम मंत्रालय की योजना के अन्तर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, ड्राइविंग लाइसेन्स, पैन कार्ड, एनपीआर के अंतर्गत आरजीआई द्वारा जारी किये गये स्मार्ट कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, केन्द्र/राज्य सरकार/लोक उपक्रम/पब्लिक लिमिटेड कम्पनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गये फोटोयुक्त सेवा पहचान-पत्र, सांसदो/विधायकों/ विधान परिषद् सदस्यों को जारी किए गए सरकारी पहचान-पत्र, और यूनिक डिसएबिलिटी आईडी (यूडीआईडी) कार्ड को मान्य किया गया है।

फोटोग्राफ मैच न होने पर प्रस्तुत करना होगा वैकल्पिक दस्तावेज

डीएम ने बताया कि एपिक में, प्रविष्टियों की मामूली विसंगतियों को नजर अंदाज कर देना चाहिये, बशर्ते मतदाता की पहचान एपिक द्वारा सुनिश्चित की जा सके। यदि कोई मतदाता फोटो पहचान पत्र प्रदर्शित करता है, जो कि किसी अन्य विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा जारी किया गया है, ऐसे एपिक भी पहचान स्थापित करने के लिए स्वीकृत किये जाएंगे। फोटोग्राफ इत्यादि के बेमेल होने पर मतदाता को वैकल्पिक फोटो दस्तावेज को प्रस्तुत करना होगा।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम रिद्धिमा सिंह नेगी (RIDDHIMA SINGH NEGI) को रिद्धिमा नेगी (RIDHIMA NEGI) पढ़ा जाए। – रिद्धिमा नेगी पुत्री स्व0 मानवेन्द्र सिंह नेगी निवासी–एल 1–70 सेक्टर एफ, एलडीए कालोनी, बक्शी का तालाब, लखनऊ 226012

सूचना

सूचित किया जाता है कि आधार कार्ड में त्रुटिवश मेरा नाम रुपरानी पत्नी प्रेमनाथ प्रिन्ट हो गया है। जबकि मेरा सही नाम प्रेमवती पत्नी प्रेमनाथ, निवासी–ग्राम– बेसिया वैन पैड़ी अजब सिंह, पी एन सिंह जिला गोण्डा है।

सूचना

सूचित हो कि पहले मेरा नाम MOHAMMED MOOSA SIDDIQUI था अब मैंने बदलकर अपना नाम MOHAMMAD MUSA रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये MOHAMMAD MUSA S/O: MOHAMMAD TALHA,84/95, KATRA MAQBOOL GANJ, R-G-V- ROAD,SUNDER BAGH, LUCKNOW UTTAR PRADES-226018

सूचना

सूचित हो कि पहले मेरा नाम – SHAMS TABREZ था से बदलकर– SHAMS TABREZ SHEIKH रख लिया है। अब मुझे SHAMS TABREZ SHEIKH के नाम से जाना व पहचाना जाये। S/o ALIMULLAH Address T-F- 11, AAROHI ARCADE MUNSHI PULIA INDIRA NAGAR LUCKNOW-226016

सूचना

सूचित हो कि मेरा हाई स्कूल का अंकपत्र सह प्रमाण पत्र रोल नंबर 1222366095 वर्ष 2021/22 वास्तव में खो गया है। काफी खोजबीन के बाद भी पता नहीं चला है। –अंकित कुमार पुत्र छैल बिहारी चौखड़िया निवासी–ग्राम पंचायत नेठिया, थाना विशेश्वरगंज, बहराइच–2021–202

सूचना

सूचित हो कि मेरे पासपोर्ट संख्या P/IND/J2694104 में दीपू गुप्ता पुत्र ननकन प्रसाद गुप्ता अंकित है जबकि मेरे आधार कार्ड संख्या 401073746947 तथा पैन कार्ड नंबर BXBPKL6114L में दीपू कुमार पुत्र ननकन नाम अंकित है। आज से अब दीपू कुमार पुत्र ननकन निवासी ग्राम पुरानी बाजार परगना तहसील तुलसीपुर जिला बलरामपुर से जाना व पहचाना जाए।

छात्र अलंकरण समारोह में विद्यार्थी पुरस्कृत

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

अमृत विचार: कुंभी ब्लाक क्षेत्र की ग्राम पंचायत घरथनिया स्थित एसडी इंटरनेशनल स्कूल के वार्षिकोत्सव एवं प्रतिभा अलंकरण समारोह में विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए। अतिथियों ने विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया है।

एसडी इंटरनेशनल स्कूल में सतीश वर्मा की अध्यक्षता में हुए वार्षिकोतसव का शुभारंभ मुख्य अतिथि नगर पालिका परिषद की पूर्व अध्यक्ष मीनाक्षी अग्रवाल ने मां सरस्वती के चित्र पर पूजन अर्चन कर किया। मुख्य अतिथि मीनाक्षी अग्रवाल ने कहा कि ग्रामीण स्तर पर विद्यालय में अध्ययन करने के बाद छात्राएं एवं छात्र देश के विभिन्न क्षेत्र में रहकर राष्ट्र की सेवा कर रहे हैं। विशिष्ट अतिथि शिक्षक पटेल अशोक कनौजिया ने कहा कि मुख्य अतिथि मीनाक्षी अग्रवाल नारी शक्ति के रूप में नहीं बल्कि महा मातृशक्ति के रूप में ही अपना स्थान समाज में बनाया है। समाजसेवी अरविंद पांडेय ने कहा छात्र-छात्राएं देश का भविष्य है देश के निर्माण में शिक्षक एवं शिक्षाओं का विशेष योगदान है उन्होंने कहा प्रथम गुरु मां होती है मां के संरक्षण में छात्र-छात्राओं को एक नई दिशा मिलती है।

शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उन्हें देश के लिए तैयार करते हैं। वार्षिकोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश करने वाले छात्र-छात्राओं को मुख्य अतिथि मीनाक्षी अग्रवाल ने मेडल एवं स्मृति चिन्ह देकर पुरस्कृत किया। विद्यालय के प्रबंधक राजेश वर्मा ने मुख्य अतिथि को अंग वस्त्र एवं स्मृति चिन्ह देकर, विशिष्ट अतिथियों को भी स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित कर आभार जताया। संचालन आदर्श सरस्वती बाल विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य महेंद्र वर्मा ने किया। समारोह में शिक्षक हेमराज वर्मा, अशोक वर्मा, डॉ.योगराज वर्मा, पूर्व प्रधानाध्यापक जसकरनलाल वर्मा, प्रधानाध्यापक आलोक तिवारी, मनोज वर्मा, डॉ. सौरभ दीक्षित, भारत विकास परिषद के पूर्व अध्यक्ष गुरुदेव शर्मा, विवेक पांडेय एडवोकेट, प्रधान प्रतिनिधि रवि वर्मा, शिल्पी चौधरी आदि मौजूद रहे।

घरथनियां के एसडी इंटरनेशनल स्कूल में पुरस्कृत विद्यार्थी।

चुनाव में वाहन न देने पर दर्ज होगी रिपोर्ट

लखीमपुर खीरी, अमृत विचार : जिले में 13 मई को मतदान है। इसके लिए 12 मई को पोलिंग पार्टियां रवाना होगी। पोलिंग पार्टियों और चुनाव में लगे अन्य कर्मचारियों के लिए वाहनों की उपलब्धता जिला प्रशासन के लिए चुनौती बना हुआ है। अधिकतर स्कूल संचालकों ने अब तक जिला प्रशासन को वाहन मुहैया नहीं कराए हैं। इस पर जिला प्रशासन ने वाहन मालिकों को वाहन मुहैया कराने पर रिपोर्ट दर्ज कराने की चेतावनी दी है। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत वाहनों को अधिग्रहित करने के लिए वाहन स्वामियों एवं स्कूल संचालकों को सूचित कराया जा चुका है। यदि वाहन स्वामी ठीक हालत में निर्धारित तिथि, समय व स्थान पर चालक, क्लीनर सहित वाहन उपलब्ध नहीं कराते हैं तो इनके मालिकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई जाएगी। जिसकी जिम्मेदारी उनकी स्वयं होगी। एआरटीओ आलोक कुमार ने बताया कि वाहन स्वामियों, विद्यालयों, संस्थानों के प्रबंधकों को नोटिस तामील कराई जा चुकी है। इसके अलावा मोबाइल के माध्यम से भी सूचित कराया जा चुका है कि वाहनों को समय से उपलब्ध करा दें।

अक्षय तृतीया आज, बन रहे दुर्लभ संयोग

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- सुबह 5:33 से दोपहर 12:18 बजे तक खरीदारी करना बेहद शुभ
- अबूझ मुहूर्त पर खरीदारी के लिए सराफा बाजार तैयार

अमृत विचार: शुक्रवार को अक्षय तृतीया है। अबूझ मुहूर्त वाले इस दिन का लोगों को खास इंतजार रहता है, क्योंकि इस दिन लोग आभूषण, वाहन से लेकर प्रापर्टी आदि की खरीदारी करते हैं। अक्षय तृतीया को लेकर बृहस्पतिवार को खासकर सराफा बाजार में तैयारियां होती रहीं, क्योंकि आज के दिन सोने-चांदी के आभूषणों की खरीदारी सबसे ज्यादा होती है।

हिंदू धर्म में अक्षय तृतीया के पर्व का विशेष महत्व है। वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को अक्षय तृतीया मनाई जाती है। शास्त्रों में इस तिथि पर अबूझ मुहूर्त बताया गया है।

अर्थात इस तिथि पर किसी भी तरह के शुभ कार्य को संपन्न करने के लिए मुहूर्त का विचार करना जरूरी नहीं है, क्योंकि यह पूरी तिथि ही शुभ होती है। अक्षय का अर्थ जिसका क्षय न हो सके। इस दिन मां लक्ष्मी, भगवान विष्णु और कुबेर देव की पूजा का विधान है। इसी दिन भगवान परशुराम का जन्म हुआ था। इस शुभ तिथि पर सोने-चांदी के आभूषण खरीदना शुभ होता है। इसको लेकर बृहस्पतिवार को सराफा बाजार में तैयारियां होती रहीं। सराफा कारोबारी बताते हैं कि इस बार अक्षय तृतीया पर बेहद शुभ योग बन रहा है। ऐसे में कारोबार अच्छा होने का अनुमान है।

सराफा भाव

सोना–66,000 प्रति दस ग्राम

चांदी–70,000 प्रति किलो

तृतीया तिथि– आज अलसुबह 04:17 से 11 मई की रात 02:50 मिनट तक

खरीदारी का शुभ मुहूर्त– सुबह 05:33 से दोपहर 12:18 तक

आज रहेगा त्रिग्रही योग

चंद्रकला आश्रम एवं संस्कृत विद्यापीठ के महंत प्रमोद दीक्षित ने बताया कि इस बार अक्षय तृतीया पर बेहद दुर्लभ योग बन रहा है। शुक्रवार को चंद्रमा अपनी उच्च राशि यानी वृषभ राशि में और सूर्य अपनी उच्च राशि मेष में मौजूद रहेंगे। वहीं आज के दिन रोहिणी नक्षत्र रहेगा और रवि, धन, गजकेसरी, शुक्रादित्य, शश, लक्ष्मी नारायण और त्रिग्रही योग का दुर्लभ संयोग रहेगा।

प्रवेश प्रारम्भ प्रवेश प्रारम्भ

वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय

वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग

उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त

बी.एस.सी. नर्सिंग

(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)

शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ

पोस्ट बेसिक नर्सिंग

(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)

जी.एन.एम.

(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

ए.एन.एम.

(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-

मो. 9412151327, 7521001992

पता

वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल

NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

भट्ठा मालिक की पत्नी ने साथियों के साथ मिलकर की थी मां-बेटी की हत्या

प्रेमी, उसकी पत्नी सहित तीन अन्य को पुलिस ने हिरासत में लिया, हुई पूछताछ

संवाददाता हसनगंज उन्नाव

- लखनऊ के पारा क्षेत्र में किराए के मकान पर रहती थी महिला

अमृत विचार। एक्सप्रेस-वे के सर्विस लेन में मिले महिला व बच्ची के शव मां-बेटी के निकले। जिनकी हत्या कर हसनगंज कोतवाली क्षेत्र के सर्विस लेन के पास फेंका गया था। पुलिस ने गुत्थी लगभग सुलझा ली है और महिला के प्रेमी भट्ठा मालिक, उसकी पत्नी सहित एक अन्य युवक को हिरासत में लेकर घटना की कड़ियां जोड़ रही है। पुलिस ने घटना में प्रयोग हुई कार भी बरामद कर ली है।

बता दें कि कोतवाली क्षेत्र के लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे की सर्विस लेन पर ताला सराय गांव के पास बीते मंगलवार भोरपहर एक युवती व बच्ची की हत्या कर शव फेंके जाने की गुत्थी लगभग सुलझ गई है। हालांकि पुलिस ने अभी इसका अधिकृत खुलासा नहीं किया

है। मृत महिला की पहचान रोशनी (25) पत्नी छोटू तिवारी निवासी लखीमपुर खीरी कांशीराम कॉलोनी के रूप में हुई है।

उसके पास से हरदोई के लखनऊ रोड मन्ना पुरवा के सुनील कुमार ज्वैलर्स की दुकान का पर्स व विजिटिंग कार्ड मिला था। एसपी द्वारा गठित चार सदस्यीय टीम ने दुकान पहुंचकर मृतका की फोटो दिखाकर उसकी पहचान कराई थी। इस पर सर्राफ ने एक मोबाइल नंबर दिया था। इसी नंबर के सहारे उसकी पहचान की गई। पता चला कि महिला का अपने पति से शादी के कुछ समय बाद अलगाव हो गया था। इसके बाद से वह लखनऊ के पारा स्टेट लान के पास रहने लगी थी।

सूत्र बताते हैं कि उसके घर से 500 मीटर दूर रहने वाले उसके प्रेमी भट्ठा मालिक व उसकी पत्नी को पुलिस ने उठाकर कड़ाई से पूछताछ की तो पत्नी ने सच उगल दिया। उसने बताया कि उसके पति से महिला के अवैध संबंध थे। कई बार मना करने पर भी वे लोग नहीं माने। इस पर महिला को रास्ते से हटाने के लिए उसने सुनोयोजित ढंग से हत्या की योजना बनाकर उसकी हत्या कर शव सर्विस लेन किनारे फेंक दिए थे। घटना में प्रयोग हुई एक कार कार व उसके पड़ोसी समेत तीन को पुलिस ने हिरासत में लेकर हत्या की गुत्थी सुलझाने में लगी है।

5 मई को मनाई थी शादी की वर्षगांठ

- सूत्र बताते हैं कि बीती पांच मई को भट्ठा मालिक व रोशनी ने शादी की वर्षगांठ मनाई थी। इसकी जानकारी भट्ठा मालिक की पत्नी को हो गई थी। इसके बाद से उसने अपनी सौतन को रास्ते से हटाने की ठान ली थी।

लिव इन रिलेशनशिप में रह रहे थे दोनों

- लोगों के अनुसार बीते दो साल से भट्ठा मालिक व रोशनी लिव इन रिलेशनशिप में रह रहे थे। भट्ठा मालिक ने रोशनी को घर से कुछ दूर एक मकान में रखा था। चर्चा है कि दोनों ने चोरी छिपे शादी भी कर ली थी।

अधिकारियों ने स्ट्रांग रूम का किया निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- प्रशिक्षण में माइक्रो आब्जर्वर को सफलतापूर्वक दायित्व निर्वहन के सुझाव दिए

अमृत विचार। मतदान के बाद ईवीएम को सुरक्षित रखवाने और निर्विघ्न मतों की गिनती कराने के लिए सामान्य प्रेक्षक बाबू ए के साथ जिला निर्वाचन अधिकारी गौरांग राठी ने देरशाम दही चौकी स्थित मतगणना स्थल की तैयारियां देखीं। इससे पहले दिन में निष्पक्ष व पारदर्शी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 कराने को नियुक्त माइक्रो आब्जर्वर्स को संत पूरनदास नगर स्थित एसवीएमआईसी प्रशिक्षण दिया गया। सामान्य प्रेक्षक व जिला निर्वाचन अधिकारी ने प्रशिक्षण में शामिल आब्जर्वर्स को ड्यूटी के दौरान सतत सजग रहने की नसीहत दी।

शाम के समय एसपी सिद्धार्थ शंकर मीना सहित दोनों प्रशासनिक अधिकारी दही चौकी औद्योगिक क्षेत्र स्थित वेयरहाउस पहुंचे। यहां उन्होंने स्ट्रांग रूम का निरीक्षण करते हुए सुरक्षा बंदोबस्त की समीक्षा की। प्रेक्षक ने जिला निर्वाचन अधिकारी को पर्याप्त लाइट सहित सीसीटीवी कैमरों की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि सुरक्षा के लिहाज से बैरिकेडिंग के मजबूत इंतजाम किए जाएं, जिससे अवांक्षित व्यक्ति किसी भी सूरत में प्रवेश न कर सकें। मौसम को देखते हुए पेयजल व शेड आदि की पर्याप्त उपलब्धता पर भी जोर दिया। दोपहर के समय प्रशिक्षण स्थल पहुंचकर अधिकारियों ने कहा कि प्रशिक्षण में दी जा रही जानकारियों को न सिर्फ अच्छे से समझना चाहिए, बल्कि नोट्स तैयार करते जाना चाहिए। इससे दायित्व निर्वहन के दौरान किसी तरह की बाधा का सामना नहीं करना पड़ेगा। अधिकारियों ने कहा कि निर्वाचन निर्बाध जारी रहना चाहिए। इसलिए बाधाओं की गुंजाईश नहीं रखनी चाहिए। निर्वाचन दायित्व पूर्ण करने के लिए जरूरी टिप्स भी दिए।

सार-संक्षेप

क्षतिग्रस्त कार को क्रेन से हटवाते पुलिस कर्मी। अमृत विचार

हाईकोर्ट के जज की कार से टकराईं दो कारें, सभी सुरक्षित

बिछिया उन्नाव। लखनऊ-कानपुर हाईवे पर अपने रिश्तेदार के साथ जा रहे हाईकोर्ट के जज की कार से दो कारें टकरा गईं। इसमें किसी को चोट नहीं आई। सूचना पर दही थाना पुलिस पहुंची लेकिन, जज ने दोनों चालकों के माफी मांगने पर कार्रवाई से इंकार कर दिया। दही थानाक्षेत्र के लखनऊ-कानपुर हाईवे पर एक शोरूम के सामने 12 बजे दोपहर अपने रिश्तेदार के साथ जा रहे एक प्रदेश के हाईकोर्ट जज की कार से दो कारें टकरा गईं। लखनऊ-कानपुर लेन पर हुए इस हादसे में उनकी कार क्षतिग्रस्त हो गई। लेकिन, हादसे में कार सवार सभी बाल-बाल बच गए। हाईकोर्ट के जज की कार में टक्कर होने की सूचना पर दही पुलिस पहुंची और दोनों कारों को रोक लिया। लेकिन, चालकों के माफी मांगने पर जज ने कार्रवाई से इंकार कर दिया। इस पर पुलिस ने सभी को जाने दिया।

किशोर ने फांसी लगाकर दी जान

उन्नाव। बीघापुर कोतवाली अंतर्गत गुलेवा खेड़ा गांव में एक 17 वर्षीय किशोर ने अपने घर में फंदे से लटक कर जान दे दी। परिजन उसका शव लटका देख बेहाल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। ऊंचगांव सानी गांव के मजरा गुलेवाखेड़ा निवासी सोम शंकर का 17 वर्षीय बेटा विकास गुरुवार सुबह काफी देर तक अपने कमरे से बाहर नहीं निकला। इस पर मां किरण उसे जगाने छत पर कमरे में पहुंची तो बेटे को कुंडे में गमछे के फंदे से लटका देख उसकी चीख निकल गई। चीख सुन पति दौड़ा और बेटे का शव देख बिलख उठा। जानकारी पर पड़ोसी एकत्र हो गए। सूचना पर पुलिस पहुंची और जांच के बाद शव उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। विकास ने इसी वर्ष इंटरमीडिएट की परीक्षा पास की थी। वह चमियानी के एक कोचिंग सेंटर में बच्चों को पढ़ाता भी था। उसकी मौत पर बहन पलक (8) और इकलौते बेटे की मौत से परिजन रो-रोकर बेहाल हैं। पिता ने बताया कि विकास के लिये कोचिंग खोलने को उन्नाव शहर में एक प्लाट का सौदा हुआ था। बाद में किसी कारणों से सौदा नहीं हो सका। तभी से वह काफी परेशान था। इसी वजह से उसने यह कदम उठाया है।

रैली निकालते बच्चे व शामिल अधिकारी। अमृत विचार

मतदान का महत्व बता कर दिलाई गई शपथ

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

- मतदाता जागरुकता अभियान के तहत आयोजित हुईं प्रतियोगिताएं
- अलग-अलग प्रतियोगिता के चयनित 20 प्रतिभागियों को किया गया पुरस्कृत

अमृत विचार। केंद्रीय संचार ब्यूरो सूचना व प्रसारण मंत्रालय के संयुक्त तत्वावधान में केएमकेआई इंटर कालेज सैंता में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम हुआ। जिसमें स्कूली बच्चों ने जागरूकता रैली निकालकर सभी से शत-प्रतिशत मतदान करने की अपील की। साथ ही संगोष्ठी में मतदान का महत्व बताते हुए मतदान करने की शपथ भी दिलाई गई।

मुख्य अतिथि राजेश्वर त्रिपाठी ने कहा कि सभी को निर्भीक होकर बिना लोभ-लालच के निष्पक्ष मतदान करना चाहिए। मतदान स्थल पर व्यवधान आने पर प्रशासन व पुलिस को इसकी सूचना देनी चाहिए।

विशिष्ट अतिथि एहतिशाम ने कहा कि देश के हर व्यस्क को मतदान तिथि को चुनाव पर्व के रूप में लेना चाहिए। जिसके तहत बूथ पर पहुंचकर ईमानदार सरकार बनाने के लिए अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए। इसी तरह विशिष्ट अतिथि धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि प्रत्येक मतदाता को मत जरूर देना चाहिए। साथ ही युवाओं को टोली गठित कर आसपास के लोगों को मतदान केंद्र भेजने का अभियान चलाना चाहिए। कार्यक्रम के संचालक क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी जय सिंह ने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए अपने कीमती वोट को जाया नहीं करना चाहिए। विद्यार्थियों ने मतदाता जागरूकता प्रश्नोत्तरी, पोस्टर मेकिंग व मेहंदी प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

आयोजकों ने अलग-अलग प्रतियोगिताओं के चयनित 20 प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया। संगोष्ठी में शपथ दिलाते हुए सभी को 'वोट जरूर डालेंगे' स्लोगन लिखे स्टीकर व पंपलेट भी दिये। इस दौरान जितेंद्र पाल सिंह, राम कुमार, मोती लाल, अनुराग ठाकुर, राम प्रताप सिंह, शिवम पांडेय, विवेक सिंह, सुजीत सिंह व जय प्रकाश यादव आदि शामिल रहे।

अनियंत्रित डंपर गुमटियों में घुसा बच्चे की मौत, दो लोग हुए घायल

संवाददाता, गंजमुरादाबाद-उन्नाव

अमृत विचार। आसीवन थानाक्षेत्र में गौरिया कलां मार्ग स्थित पतेली खेड़ा नहर पुल पर अनियंत्रित डंपर की चेसिस लकड़ी की गुमटियों में जा घुसी। इसमें सड़क किनारे रखी आधा दर्जन गुमटियां ध्वस्त हो गईं और इसकी चपेट में आकर एक बच्चे सहित तीन लोग घायल हो गए। परिजन गंभीर घायल बच्चे को बांगरमऊ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए। चिकित्सकों द्वारा उसे जिला अस्पताल रेफर करने पर परिजन उसे जिला अस्पताल ले जा रहे थे। तभी रास्ते में उसकी मौत हो गई। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने चालक व खलासी को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया।

आसीवन थानाक्षेत्र के गांव कुलहा निवासी कुलदीप पुत्र गुनाई गुरुवार को डंपर की चेसिस लेकर जा रहा था। रास्ते में चालक तकिया-गौरिया कलां मार्ग पर गांव कांटा गुलजारपुर के पास शारदा नहर के पतेलीखेड़ा पुल के पास चेसिस खड़ी कर एक दुकान पर नाश्ता करने चला गया। तभी खलासी अनुज पुत्र रमेश ने लगी चाबी से चेचिस को स्टार्ट कर दिया। जिससे चेसिस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे रखी गुमटियों में घुस गई। इसमें आधा दर्जन गुमटियां और उनमें रखा सामान नष्ट हो गया और वहां बैठे सुनील चौरसिया व उसका छह वर्षीय बेटा उत्तम और राकेश पुत्र गोपाली घायल हो गए। वहां मौजूद ग्रामीणों ने आनन-फानन गंभीर घायल बच्चे को बांगरमऊ के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसे गंभीर देख बच्चे को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। परिजन उसे जिला अस्पताल ले जा रहे थे। तभी रास्ते में उसकी मौत हो गई। जबकि मामूली घायल दो लोगों का इलाज सीएचसी में चल रहा है। ग्रामीणों ने चालक व खलासी को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने बच्चे का शव पोस्टमार्टम के लिये भेजा है।

गुमटियों में डंपर घुसने से फैला पड़ा सामान। अमृत विचार

- लोगों ने चालक व खलासी को पकड़कर पुलिस को सौंपा

मानक विहीन नर्सिंग होम जान से हो रहा खिलवाड़

पुरवा। नगर क्षेत्र इन दिनों अवैध रूप से संचालित नर्सिंग होम का गढ़ बनता जा रहा है। क्षेत्र में मौजूदा समय में एक दर्जन से अधिक नर्सिंगहोम संचालित हैं। जिनमें खुलेआम मरीजों का उपचार किया जा रहा है। साथ ही क्षेत्र के मरीजों की जान से खिलवाड़ भी हो रहा है।

बता दें कि नगर क्षेत्र में बस स्टेशन, मिर्री चौराहा व चमियानी रोड़ पर दर्जन भर नर्सिंग होम संचालित हैं। जिसमें ओपीडी से लेकर आपरेशन व प्रसव तक कराए जा रहे हैं। सूत्र बताते हैं कि इनमें से कई तो बिना पंजीयन के ही चल रहे हैं। इनके पास फायर एनओसी भी नहीं है। इसके बावजूद यह नर्सिंग होम स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की सांठगांठ से धड़ल्ले से चल रहे हैं। जिसके चलते संचालक मनमर्जी भी कर रहे हैं। पखवाड़ा पूर्व एसडीएम रनवीर सिंह ने सीएमओ से बात कर नगर में संचालित ऐसे नर्सिंग होमों की जांच करने को कहा था लेकिन, अब तक कोई निरीक्षण करने नहीं पहुंचा। सीएचसी अधीक्षक दिनेश कुमार ने बताया कि नर्सिंग होमों की मौके पर पहुंचकर जांच की जाएगी।

समारोह में मौजूद लोगों को संबोधित करते वक्ता। अमृत विचार

समारोहपूर्वक मनाई गई महाराणा प्रताप जयंती

गंजमुरादाबाद उन्नाव। श्री राजपूत करणी सेना बांगरमऊ इकाई द्वारा गुरुवार को क्षेत्र के गांव मटुकरी में महाराणा प्रताप की जयंती समारोह पूर्वक मनाई गई। वक्ताओं ने महाराणा प्रताप के शौर्य, पराक्रम, वीरता व साहस के बारे में विस्तृत चर्चा की। समारोह को सम्बोधित करते हुए अखिलेश प्रताप सिंह ने कहा कि महाराणा प्रताप ने अपना स्वाभिमान बनाए रखने के लिए जंगलों में घास की रोटियां खाई। उनकी छोटी सेना ने अकबर की सेना के छक्के छुड़ा दिए थे। समारोह में अचानक पहुंचे एक राष्ट्रीय पार्टी के पदाधिकारियों को देख क्षत्रिय समाज के कई लोग भड़क गए। यह देख दलीय कार्यकर्ता वहां से चले गए। समारोह में अवध क्षेत्र किसान मोर्चा के उपाध्यक्ष ज्ञानेंद्र सिंह, प्रधान रमेश सिंह, अजय बहादुर सिंह, संदीप सिंह, अजय सिंह, नरेश सिंह, अवधेश सिंह, अमन सिंह, आशीष सिंह, रवि सिंह, विजय सिंह, अमित सिंह, देवेंद्र प्रताप सिंह, धर्मेंद्र सिंह, संदीप सिंह, नागेश सिंह, अनूप सिंह, नरेंद्र सिंह आदि लोग शामिल रहे।

युवक ने निगला जहरीला पदार्थ, रेफर

बांगरमऊ। फतेहपुर चौरासी थानांतर्गत गांव हीरा खेड़ा निवासी प्रकाश (40) पुत्र जयराम ने गुरुवार को अज्ञात कारणों से घर में रखा जहरीला पदार्थ निगल लिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ने लगी। यह देख परिजन आनन-फानन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जहां उसे भर्ती कर इलाज किया जा रहा है।

बोधेश्वर महादेव मंदिर में मनाई जाएगी परशुराम जयंती

बांगरमऊ। स्थानीय ब्राह्मण परिवार संस्था के तत्वावधान में अक्षय तृतीया पर्व पर नगर के पश्चिम बिल्हौर बाईपास मार्ग पर ऐतिहासिक बाबा बोधेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में शुक्रवार को भगवान परशुराम जन्मोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया है। कार्यक्रम में भगवान परशुराम के पूजन-अर्चन व पुष्पांजलि के बाद ब्राह्मण परिवार के वरिष्ठ व वृद्धजनों को सम्मानित किया जाएगा। संस्था के पदाधिकारियों ने नगर व क्षेत्र के सभी ब्राह्मणों से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

नकदी व जेवर के साथ बेटी को भगा ले जाने का आरोप

पुरवा। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़ित के अनुसार गुरुवार भोरपहर गांव निवासी युवक ताला तोड़कर उसके घर में रखी सोने की झुमकी, बाला, चांदी की पायल, करधनी व 50 हजार नगद के साथ उसकी बेटी को भगा ले गया। विरोध करने पर उसने उसे गालियां दीं और जान से मारने की धमकी भी दी। बताया कि वह गांव की कई लड़कियों को भगा ले जा चुका है और वह आपराधिक प्रवृत्ति का है। उसने बेटी के साथ अप्रिय घटना होने की आशंका भी जताई है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने जांच कर कार्रवाई का भरोसा दिया है।

युवक पर बेटी को भगा ले जाने का आरोप, रिपोर्ट दर्ज

पुरवा। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़ित ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बीते बुधवार उसकी बेटी मंगतखेड़ा बाजार जाने की बात कहकर घर से निकली थी। काफी देर तक घर न आने पर खोजबीन की गई। लेकिन, उसका कुछ पता नहीं चल सका। पीड़ित ने गांव निवासी एक युवक पर बेटी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने का शक जताया हैं। कोतवाल कुंवर बहादुर सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

परशुराम जयंती आज, होंगे कार्यक्रम

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- अक्षय तृतीया पर सोना-चांदी खरीदने का है चलन

अमृत विचार। अक्षय तृतीया को भगवान परशुराम के जन्मोत्सव पर विविध आयोजन होंगे। वहीं घरों में भगवान विष्णु के अवतार के रूप में पूजन आदि कर महिलाएं आभूषणों की खरीदारी करेंगी। इसके लिए सर्राफा कारोबारियों ने खास तैयारियां कर रखी हैं।

युवा भारतीय ब्राह्मण महासभा के तत्वावधान में बंधूहार स्थित वेदांती ज्योतिष परामर्श केंद्र में संचालित कार्यालय में शाम चार बजे पुष्पांजलि अर्पण कार्यक्रम होगा। इसके बाद महासभा की ओर से विजय शंकर के आवास पर समाजिक हित में काम करने के लिए अवधेश कुमार द्विवेदी, श्रवण कुमार पांडेय व महेंद्र शंकर त्रिपाठी का सम्मान किया जाएगा। अशोक तिवारी वेदांती ने बताया कि इससे पहले गुरुवार को रामचरित मानस का अखंड पाठ शुरू हुआ, जिसके समापन पर परशुराम जन्मोत्सव के तहत प्रीति भोज भी आयोजित होगा। उधर, चंद्रशेखर आजाद तिराहा कब्बाखेड़ा से दोपहर दो बजे राष्ट्रीय परशुराम जन कल्याण संस्था की ओर से विशाल शोभा यात्रा निकाली जाएगी। यह जानकारी देते हुए संस्था अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने बताया कि इसके लिए समाज के लोगों के घर-घर जाकर आमंत्रण पत्र बांटे गए हैं। इधर, अक्षय तृतीया पर आभूषण खरीदाने का भी प्रचलन है। इसलिए महंगाई के चलते सर्राफा करोबारियों ने हल्के (कम सोने में तैयार) आभूषण उपलब्ध कराने की तैयारी कर रखी है। सर्राफा कारोबारी शिशिर गुप्ता व दीपक ने बताया कि शगुन के लिए खरीदारी करने आने वाले ग्राहकों को कम बजट के आभूषण उपलब्ध कराने पर जोर दिया है।

दिए निर्देश | कहा- आचार संहिता का कड़ाई से पालन करा निष्पक्ष व पारदर्शी निर्वाचन कराएं

आयोग ने भेजे विशेष प्रेक्षक, हुई मैराथन समीक्षा

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

अमृत विचार। निर्वाचन आयोग के विशेष प्रेक्षक (सामान्य) अजय वी नायक, पुलिस प्रेक्षक मनमोहन सिंह व व्यय प्रेक्षक राजेश टुटेजा ने कलक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक कर निष्पक्ष व पारदर्शी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 कराने की तैयारियों की समीक्षा की। कहा कि आदर्श आचार संहिता का अनुपालन कराते हुए निष्पक्ष व पारदर्शी निर्वाचन कराना सभी की प्राथमिकता होनी चाहिए।

विशेष प्रेक्षक (सामान्य) ने संसदीय क्षेत्र की सीमाओं, विधानसभा क्षेत्रों, कुल मतदान केंद्र, बूथ, कुल मतदाताओं की संख्या, एपिक कार्ड व वोटर पर्चियों का वितरण, पिछले चुनाव का वोटिंग प्रतिशत, ईवीएम की कमिशनिंग, स्ट्रांगरूम की सुरक्षा, कार्मिक प्रशिक्षण, कार्मिकों की रवानगी, क्रिटिकल व वल्नरेबल बूथों की संख्या, वेब कास्टिंग व सुरक्षा व्यवस्था, माक पोल, माडल बूथ, पिंक बूथ, सेल्फी प्वाइंट, मतगणना स्थल की तैयारियां, एसएसटी, वीएसटी, वीवीटी व एफएसटी द्वारा की गई कार्यवाहियों का विवरण, सोशल मीडिया मानिटरिंग, कंट्रोलरूम, आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन से संबंधित कार्यवाही और राजनैतिक दलों व उम्मीदवारों द्वारा किये जा रहे व्यय आदि से संबंधित जानकारियां जुटाईं। जिला निर्वाचन अधिकारी गौरांग राठी ने बताया कि जिले में 2498 बूथ हैं।

जिन पर 23,41,740 मतदाता मतदान करेंगे। बीते चुनाव में 59.29 प्रतिशत मतदान हुआ था। इसमें वृद्धि के लिए लगातार जागरुकता बढ़ाई जा रही है। इलेक्ट्रोरल रोल भी दुरुस्त किया गया है।

कहा कि एपिक कार्ड व वोटर पर्चियां बांटी जा रही हैं। ईवीएम की कमीशनिंग व माक पोल हो चुका है। आवश्यकतानुसार कार्मिको को प्रशिक्षित किया गया है। क्रिटिकल व वल्नरेबल बूथों पर सुरक्षा के पर्याप्त इंतेजाम किए गए हैं। सामान्य प्रेक्षक ने कहा कि शत-प्रतिशत वोटर पर्चियां बांटी जाएं। साथ ही सेल्फी प्वाइंट्स बनाते समय ध्यान रखा जाए कि इनसे मतदान प्रभावित न हो। बूथों पर मतदाताओं के बैठने व छाया के पर्याप्त इंतजाम हों। क्रिटिकल व वल्नरेबल बूथों पर पैनी नजर रख सभी को भय रहित मतदान करने का अवसर दें। विशेष पुलिस प्रेक्षक ने सुरक्षा के कड़े इंतजामों पर जोर देते हुए कहा कि अराजक तत्वों के साथ जीरो टालरेंस की नीति अपनाते हुए कार्रवाई की जाए। सोशल मीडिया की सघन निगरानी कर शिकायतों व समस्याओं पर तुरंत रिस्पांस दें। धन व लीकर का अवैध परिवहन रोकने के निर्देश भी दिए।

बैठक में सामान्य प्रेक्षक बाबू ए., पुलिस प्रेक्षक डीके चौधरी, व्यय प्रेक्षक कलाकांत सिंह, कृष्णाराव सिगिलीपेल्ली, एसपी सिद्धार्थ शंकर मीना, कार्मिक प्रभारी सीडीओ प्रेम प्रकाश मीणा, उप जिला निर्वाचन अधिकारी नरेंद्र सिंह, एएसपी अखिलेश सिंह, प्रभारी वाहन नगर मजिस्ट्रेट राजीव राज, वरिष्ठ कोषाधिकारी नीलम सिंह व अतिरिक्त मजिस्ट्रेट द्वितीय/सहायक निर्वाचन अधिकारी शुभम यादव आदि शामिल रहे।

विशेष प्रेक्षकों की चुनावी तैयारियों की समीक्षा बैठक में शामिल जिले के उच्चाधिकारी।

अन्नू को मिला जनतांत्रिक पार्टी का साथ, किया जीत का दावा

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

अमृत विचार। जनतांत्रिक पार्टी के अध्यक्ष रमेश चंद्र मिश्र ने इंडिया गठबंधन में शामिल सपा प्रत्याशी पूर्व सांसद अन्नू टंडन का लोकसभा चुनाव में समर्थन करने की घोषणा की है। सपा प्रत्याशी ने इस पर उनका आभार जताते हुए कहा कि गठबंधन के घोषणा के अलावा वह जिले खासकर फलपट्टी क्षेत्र में बागान मालिकों को 10 किमी की परिधि में आम मंडी उपलब्ध कराएंगी। साथ ही गठबंधन सरकार के चुनावी घोषणा पत्र को संसदीय क्षेत्र में ईमानदारी से बिना किसी भेदभाव के लागू कराया जाएगा।

शहर के सिविल लाइंस स्थित सपा कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत में पूर्व सांसद ने कहा कि जनतांत्रिक पार्टी के समर्थन का वह तहेदिल से स्वागत करती हैं। इससे उन्हें ताकत मिली है। कहा कि सांसद बनने के बाद वह स्थानीय स्तर पर बागान मालिकों को उनके आसपास 10 किमी परिधि में फल मंडी व किसानों को सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने पर जोर देंगी।

उन्होंने पार्टी के घोषणापत्र में शामिल महिला, किसान, स्वास्थ्य व युवा सुरक्षा का सभी को लाभ दिलाने का भी दावा किया। इससे पहले जिलाध्यक्ष ने सबका स्वागत किया। वहीं समर्थक पार्टी ने दावा किया कि गठन के चार वर्षों में 30 हजार परिवार संगठन से जुड़े हैं। इस दौरान प्रभात शुक्ला, साधू यादव व जयशंकर अवस्थी आदि मौजूद रहे।

पत्रकारों से वार्ता करतीं सपा प्रत्याशी अन्नू टंडन। अमृत विचार

टेंपो की कैंची टूटने से नवीन पुल तीन घंटे रहा जाम

कानपुर से शुक्लागंज तक लगे जाम में फंसे वाहन सवार तेज धूप में बिलबिलाए, वाहनों की बेतरतीबी से बढ़ीं दिक्कतें

संवाददाता, शुक्लागंज-उन्नाव

अमृत विचार। गुरुवार सुबह नौ बजे कानपुर की ओर से सवारियों को बैठाकर आ रही टेंपो की कैंची टूट गई। जिससे बीच सड़क पर टेंपो खड़ी हो गई। पीक ऑवर का समय होने के कारण नवीन पुल पर जाम लगना शुरू हो गया। कुछ ही देर में कानपुर से लेकर शुक्लागंज के बीच लंबा भीषण जाम लग गया। टेंपो चालक ने राहगीरों की मदद से टेंपो को किसी तरह खींचकर बाहर निकाला। जिसके बाद वाहन रेंगना शुरू हो सके।

सुबह करीब नौ बजे कानपुर से आ रही टेंपो की कैंची टूट गई। जिससे जाम लगना शुरू हो गया। कुछ ही देर में नवीन पुल से लेकर फोरलेन सब्जी मंडी और कानपुर की ओर ओवरब्रिज तक वाहन कतारों में खड़े रहे। वाहनों का अधिक भार होने के कारण नवीन पुल से लेकर फोरलेन तक दोपहिया, चौपहिया, टेंपो, ई रिक्शा, लोडर समेत अन्य वाहन कतारों में खड़े हो गये। भीषण जाम को देख गंगाघाट पुलिस मौके पर पहुंची और जाम छुड़ाने के लिये काफी मशक्कत की लेकिन बालूघाट मोड़ से लेकर नवीन पुल तक का मार्ग संकरा और बेतरतीब ढंग से खड़े वाहनों के कारण जाम टस से मस नहीं हिला। किसी तरह पुलिस कर्मियों ने आड़े तिरछे खड़े वाहनों को सीधा कराया। इस दौरान टेंपो के अगले पहिये के चालक और उसके साथी उठाकर किसी तरह खींचते हुये शुक्लागंज की ओर लेकर आये। जिसके बाद वाहन आगे रेंगे। इस दौरान कानपुर ड्यूटी जाने वालों के अलावा स्कूली छात्र-छात्राएं देरी से स्कूल पहुंची। दोपहर करीब बारह बजे वाहनों का भार कम हुआ। जिसके बाद यातायात सामान्य हो सका।

फोरलेन पर जाम में फंसे वाहन सवार। अमृत विचार

नवीन पुल के रास्ते पर लगा जाम। अमृत विचार

राहगीरों ने सीधे कराए आड़े-तिरछे वाहन

पीक आवर के समय भीषण जाम लगा होने के बाद भी पिकेट पुलिस गायब रही। जिस कारण वाहन सवारों ने अपने वाहन आड़े तिरछे लगा दिये। जिस कारण एक ओर का यातायात करीब आधे घंटे तक रूका रहा। जिसके बाद राहगीरों ने आड़े तिरछे खड़े वाहनों को सीधा कराया। जिसके बाद जाम हट सका।

कोढ़ में खाज बन रहीं ई बसें

जाम लगने के दौरान कानपुर की ओर से एक के बाद एक तीन ई बसें आ गई। वहीं शुक्लागंज की ओर से भी दो बसें निकली। संकरे मार्ग में दोनों बसें फंसने के कारण जाम और तीखा हो गया। जिससे लोगों को खासी दिक्कतें उठानी पड़ी।

उड़नदस्ते ने प्रमुख मार्गों और चौराहों पर चलाया सघन चेकिंग अभियान

संवाददाता, शुक्लागंज-उन्नाव

अमृत विचार। आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुये चुनाव आयोग के निर्देश पर गंगाघाट क्षेत्र में चेकिंग अभियान चलाया गया। इसके लिये अधिकारियों ने एफएसटी और स्टेटिक की टीम लगाई है। जहां टीम ने गुरुवार को प्रमुख मार्गों और चौराहों पर चेकिंग की। इस दौरान कानपुर की सीमा से शुक्लागंज आने वाले वाहनों की सघन चेकिंग हुई।

चुनाव पास आते ही भारी मात्रा में नकदी, शराब आदि को इधर से उधर किया जा सकता है। जिसे देखते हुये गुरुवार को उड़नदस्ता के मजिस्ट्रेट सूर्य प्रकाश शुक्ला टीम के साथ मरहला चौराहे पर पहुंचे। जहां उन्होंने आजाद मार्ग, बैराज मार्ग व फोरलेन से आने जाने वाले संदिग्ध चौपहिया वाहनों को रोका। इस दौरान उन्होंने वाहन चालकों से पूछताछ की। जिसके बाद पुलिस ने वाहनों की चेकिंग की। इसके साथ ही वाहनों के नंबर भी नोट किये। इसी तरह गंगा बैराज, फोरलेन, नवीन पुल मोड़ पर भी टीम ने सघन चेकिंग की। मजिस्ट्रेट ने बताया कि चुनाव को देखते हुये गंगाघाट के प्रमुख चौराहों पर चेकिंग लगाई गई है। फिलहाल चेकिंग के दौरान कोई भी चुनाव से संबंधित या संदिग्ध वस्तु नहीं बरामद हुई हैं। वहीं कुछ वाहनों में स्टीकर और झंडे लगे मिले थे। जिन्हें हटवाया गया है।

मरहला चौराहे पर बैग की चेकिंग करती टीम। अमृत विचार

- संदिग्ध चौपहिया वाहनों को रोक कर चालकों से की पूछताछ, नंबर नोट किए

एक नजर

पंजाब पुलिस, कोतवाली प्रभारी ने किया रूट मार्च

नवाबगंज। लोकसभा चुनाव के चलते पंजाब से चुनाव कराने आई फोर्स के साथ अजगैन कोतवाली प्रभारी अवनीश कुमार ने 12 गांवों का एरिया डोमिनेशन कर लोगों से निष्पक्ष मतदान करने की अपील की। कहा कि यदि कोई भी विवाद करे तो पुलिस को इसकी सूचना दें। उस पर कार्रवाई की जायेगी। कोतवाली प्रभारी के साथ क्षेत्र के गांव मकूर, जंसार, रहमतगंज, छेदनीखेड़ा, कुसुम्भी व अजगैन समेत अन्य गांवों में जाकर एरिया डोमिनेशन किया गया।

कच्चे आम तोड़ते समय पेड़ से गिरा बच्चा, गंभीर

नवाबगंज। विकासखंड क्षेत्र के गांव रसूलपुर निवासी छात्र अंकुशराज (11) पुत्र राजबहादुर घर से बकरी चराने दोस्तों के साथ गया था। गांव के बाहर एक बाग में वह आम के पेड़ पर चढ़कर कच्चे आम तोड़ने लगा। तभी वह पेड़ से गिर गया। दोस्तों ने दौड़कर उसके परिजनों को बताया। परिजन उसे लेकर स्वास्थ्य केंद्र लाये। जहां से उसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल भेजा गया।

परशुराम जयंती की पूर्व संध्या पर अग्रज हुए सम्मानित

संवाददाता, शुक्लागंज-उन्नाव

अमृत विचार। अखिल भारतीय परशुराम ब्रिगेड के तत्वावधान में गुरुवार शाम परशुराम जयंती की पूर्व संध्या पर धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन कराया गया। जहां ब्रिगेड के पदाधिकारियों ने अग्रजों को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। इसके साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजिन कराया गया। जहां पूरी रात लोग झूमते रहे।

गुरुवार की शाम फोरलेन स्थित न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के बाहर अखिल भारतीय परशुराम ब्रिगेड 16वां वार्षिकोत्सव मनाया गया। जहां सबसे पहले भगवान परशुराम के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुये उनकी आरती की गई। जिसके बाद धनंजय धाकड़ मंडली द्वारा सुंदरकांड पाठ सम्पन्न कराया गया। इसके बाद राम मंदिर सरसैया घाट कानपुर के महत राम गोविंद दास, कानपुर पनकी मंदिर के कृष्ण दास महाराज, सिद्धनाथ मंदिर के अरूण पुरी महाराज के अलावा बुजुर्गों को अंग वस्त्र व प्रतीक चिंह भेंट कर सम्मानित किया गया। रात में आयोजित राखी आजाद व रोशनी अंजान के बीच जवाबी कीर्तन का कड़े मुकाबले का आनंद सैकड़ों लोगों ने उठाया। पूरी रात लोगों ने जवाबी कीर्तन पर जमकर तालियां बजाते रहे। साथ ही लोगों ने गजल और कव्वाली का भी लोगों ने आनंद लिया। इस मौके पर पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडे, उमेश शुक्ला, एसपी दीक्षित, संदीप पांडे, सुनील दीक्षित, श्रीकांत पांडे, इंद्रेश शुक्ला, कमल वर्मा, पप्पू बाजपेई, विकास मिश्रा, वीरेंद्र शुक्ला, शिब्बू तिवारी, प्रद्युम्न मिश्रा आदि मौजूद रहे।

परशुराम ब्रिगेड के कार्यक्रम में अग्रजों का सम्मान किया गया। अमृत विचार

अक्षय तृतीया को लेकर सजाई गई ज्वैलर्स की दुकान।

अक्षय तृतीया आज, सज गईं ज्वैलरी की दुकानें

संवाददाता, शुक्लागंज-उन्नाव

अमृत विचार। अक्षय तृतीया को देखते हुये गंगाघाट क्षेत्र की नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में सराफा करोबारी कई दिनों से दुकानों में साफ सफाई करा रहे थे। इसके साथ ही ग्राहकों के लिए आभूषण की नई-नई रेंज व स्कीम भी लाई गई हैं। अक्षय तृतीया पर आभूषणों की खरीदारी शुभ मानी जाती है।

आज अक्षय तृतीया है। इस दिन आभूषणों की खरीदारी शुभ मानी जाती है। उसी को लेकर नगर के ज्वैलरी की दुकानों को गुरुवार सुबह से साफ सफाई करने के साथ ही आकर्षक ढंग से सजाते हुये लाइटिंग की व्यवस्था कराई गई है। दुकानदारों ने ग्राहकों के लिये हर रेंज की ज्वैलरी का सामान दुकानों में मंगवाया है। जिससे महंगाई होने के बावजूद कोई भी ग्राहक वापस न जा सके। वहीं अक्षय तृतीया के तुरंत बाद शादी का लगन होने के कारण भी दुकानदारों को अच्छा कारोबार की उम्मीद है। वहीं ज्वैलर्स कमल वर्मा, मयंक शुक्ला, राजेश बाजपेई, मनोज मिश्रा, आशीष बाजपेई, मुन्ना रावत, उत्कर्ष वर्मा के अलावा अन्य स्वर्णकारों ने बताया कि आमतौर पर अक्षय तृतीय पर बड़े पैमाने पर लोग ज्वेलरी की खरीदारी होती है, लेकिन इस बार बाजार थोड़ा मंदा है। इसके बावजूद इसके उन्होंने अपनी दुकानें सजा ली हैं। सोना और चांदी का भाव आसमान छू रहा है। इसके बावजूद अच्छी दुकानदारी होने की आस है।

जंपर जलने से चार घंटे गुल रही बिजली, लोग हुए परेशान

संवाददाता शुक्लागंज, उन्नाव

अमृत विचार। गुरुवार सुबह विद्युत आपूर्ति चालू होने के दौरान फीडर एक में जंपर उड़ गया। जिससे कई मोहल्लों की बिजली गुल हो गई। सूचना पर बिजली कर्मियों ने पेट्रोलिंग की। जहां कंचन नगर में फाल्ट मिला। इस दौरान चार घंटे तक क्षेत्र की बिजली गुल रही। जिससे गर्मी में लोग परेशान हो गये।

सुबह पांच बजे विद्युत आपूर्ति के दौरान फीडर एक में ग्यारह हजार लाइन का जंपर उड़ गया। जिससे फीडर एक के सभी मोहल्लों की बिजली गुल हो गई। बिजली न आने की जानकारी क्षेत्रीय लोगों ने बिजली विभाग को दी। जिस पर बिजली कर्मियों ने पेट्रोलिंग शुरू की। इस दौरान कंचन नगर में ग्यारह हजार लाइन का जंपर उड़ा मिला। जिस पर ट्रांसफार्मर से कंचन नगर की बिजली काट दी गई और फीडर एक की आपूर्ति चालू की गई। इस दौरान बिजली कर्मियों ने मरम्मत कार्य शुरू किया। पौने नौ बजे मरम्मत कार्य पूरा होने के बाद क्षेत्र की आपूर्ति चालू की गई। इस दौरान चार घंटे तक बिजली गुल रही। इसी तरह दोपहर 2 बजकर 47 मिनट से एक घंटा के लिए 33 केवीए लाइन एक पोल लगाने के लिए बंद रखी गई। दोपहर के समय बिजली न आने पर गर्मी में लोग बिलबिला गये।

मरम्मत करता विद्युत कर्मी।

बंद पड़े मकान में लगी आग, पहुंची दमकल

संवाददाता, शुक्लागंज-उन्नाव

- गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के पिंडोखा गांव में हुई घटना

अमृत विचार। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के पिंडोखा गांव में गुरुवार दोपहर एक बंद पड़े मकान में आग लग गई। आग की लपटें देख ग्रामीणों ने दमकल को सूचना दी। इस दौरान ग्रामीणों ने बाल्टियों से पानी डालकर आग बुझाने का प्रयास किया। सूचना पर पहुंची दमकल ने किसी तरह आग को बुझाया।

शुक्लागंज के पोनी रोड निवासी विष्णु बाजपेई का पिंडोखा गांव में पैतृक मकान है। वही काफी दिनों से पोनी रोड में रह रहे हैं। जिससे गांव के मकान में कोई नहीं रहता था और वह बंद चल रहा था। इस दौरान घर के पास जमा कूड़े में गुरुवार दोपहर किसी ने जलती बीड़ी सिगरेट फेंक दी। जिससे उसमें आग लग गई। कुछ ही देर में आग काफी दूर तक फैल गई। जिस पर ग्रामीणों ने बाल्टियों से पानी डालकर आग बुझाने का प्रयास किया लेकिन तेज हवाएं चलने के कारण आग दूर तक फैल गई। जिस पर फायर बिग्रेड को सूचना दी गई। सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने किसी तरह आग बुझाई। इस दौरान मकान का दरवाजा, खिड़की समेत अन्य सामान जलकर खाक हो गया।

मतदाता जागरुकता रैली निकालते गंगा प्रसाद महते स्कूल के छात्र। अमृत विचार

प्रभात फेरी निकालते सरस्वती शिशु मंदिर के छात्र। अमृत विचार

गंगाप्रसाद महते और शिशु मंदिर के छात्रों ने निकाली रैली

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

अमृत विचार। आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुये गुरुवार को गंगा नगर स्थित गंगा प्रसाद महते सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज और शिशु मंदिर के छात्र छात्राओं ने मतदाता जागरूकता रैली निकाली। जहां छात्र-छात्राओं ने गली, मोहल्लों में रहने वाले वाले लोगों को मतदान के लिये जागरूक किया।

गंगा प्रसाद महते और सरस्वती शिशु मंदिर में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं ने गुरुवार को मतदाता जागरूकता रैली निकली। जहां छात्र ब्रह्मनगर, राजधानी मार्ग, पोनीरोड, शक्तिनगर, प्रेमनगर, अहमद नगर व गंगानगर आदि मोहल्लों में लोगों को जागरूक किया। छात्र-छात्राएं हाथों में तख्तियां लेकर चल रहे थे। जिसमें पहले मतदान फिर जलपान, चाहे नर हो या नारी मतदान सब की जिम्मेवारी, वोट डालने जाना है अपना फर्ज निभाना है, सत्य और ईमान से सरकार बनाएंगे मतदान से, अब जागो प्यारे, मतदाता वोट हमारा अधिकार, कभी ना करें इसका बहिष्कार, देश तरक्की तभी करेगा, हर वोटर जब वोट करेगा जैसे स्लोगन लिखे थे। इस मौके पर भूपेन्द्र, प्रधानाचार्य रामेश तिवारी, प्रधानाचार्य डॉ. अनुपम सिंह, केदारनाथ, सुरेश सिंह, वीरेंद्र, प्रवीण, प्रेमशंकर, सुरेन्द्र, संजय, प्रहलाद, अरूण, जगदीश, नेहा मौजूद रहीं।

सार-संक्षेप

पति से विवाद के बाद महिला ने फांसी लगा जान दी

पुरवा उन्नाव। पुरवा कोतवाली अंतर्गत अजयपुर गांव निवासी महिला ने बच्चे को स्कूल छोड़ने को लेकर पति से हुई कहासुनी के बाद पेड़ में फंदे से लटककर खुदकशी कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। अजयपुर गांव निवासी सर्वेश की शादी असोहा थानाक्षेत्र के गांव वाजिदपुर निवासी सीता से शादी हुई थी। गुरुवार सुबह आठ बजे सीता पति सर्वेश से बच्चों को स्कूल छोड़ने की बात कह रही थी। इसे लेकर उसकी पति से कहासुनी हो गई। इसके बाद सर्वेश बच्चों को स्कूल छोड़ने चला गया। जब घर लौट तो सीता खेत की ओर जाने की बात कह घर निकल गई। काफी देर तक जब वह नहीं लौटी तो पति उसे तलाशने जंगल की ओर गया तो वहां पत्नी को व पेड़ पर रस्सी के सहारे लटका देख उसके होश उड़ गए। ग्रामीणों की मदद से उसने उसे नीचे उतारा लेकिन, तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। सूचना पर महिला के पिता मोतीलाल व भाई अतुल पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच कर शव पोस्टमार्टम को भेजा। महिला की मौत से पति सर्वेश, बेटे अनुराग, अविराज व बेटी अवंतिका रो-रोकर बेहाल थे।

लुटेरों ने अमीन, शिक्षक नेता व राजमिस्त्री को बनाया निशाना

सफीपुर, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र में अज्ञात बाइक सवार युवकों ने तीन बाइक सवारों से बुधवार देरशाम तीन अलग-अलग स्थानों पर लूट की घटना को अंजाम दिया। इसमें वे एक अमीन, शिक्षक नेता व राज मिस्त्री से मोबाइल के साथ अन्य सामग्री लूट ले गये। पुलिस ने तीनों की तहरीर लेकर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू की है। कोतवाली क्षेत्र के सालेह नगर करौंदी गांव निवासी सत्य प्रकाश पुत्र विश्वनाथ द्विवेदी बुधवार रात साढ़े नौ बजे सफीपुर से अपने घर जा रहे थे। तभी उन्नाव-हरदोई मार्ग पर फत्तेपुर-कुसैला पुलिया के पास बाइक सवारों ने पीछे से आकर तिरछी बाइक लगाकर उसे गिरा दिया और उसका मोबाइल छीनकर भाग गये। वहीं, आसीवन थानाक्षेत्र के गांव गहरुबाद के मजरे उदशाह निवासी नवनीत पुत्र रामकुमार कलक्ट्रेट में अधिग्रहण अमीन के पद पर तैनात हैं। चुनाव के चलते उन्हें घर आने में देर हो गई। अभी वे क्षेत्र के गांव बृजपालपुर के पास ही पहुंचे थे कि बाइक सवारों ने उन्हें रोका और मोबाइल छीनकर भाग गए। इसके अलावा कोतवाली क्षेत्र के गांव मवई ब्रम्हनान निवासी अशोक पुत्र राधेलाल राज मिस्त्री है। वह उन्नाव शहर में काम खत्म कर घर लौट रहा था। तभी बाइक सवारों ने उससे भी मोबाइल छीन लिया। सीओ ऋषिकांत शुक्ला ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

जयंती पर महाराणा प्रताप को किया याद

उन्नाव। सदर विधानसभा क्षेत्र के धौकलखेड़ा गांव स्थित शिव बालक सिंह इंटर कालेज में महाराणा प्रताप जयंती मनाई गई। इसमें भाजपा प्रत्याशी व सांसद साक्षी महाराज ने कहा कि मातृभूमि के सम्मान व स्वाभिमान की रक्षा के लिए सर्वस्व न्योछावर करने वाले राष्ट्रभक्त के जयंती समारोह में शामिल होना गौरव की बात है। उन्होंने मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया। लोकसभा चुनाव प्रभारी सौरभ मिश्रा, प्रदेश उपाध्यक्ष करणी सेना समरेंद्र प्रताप सिंह, राजकुमार सिंह व शिवकुमार सिंह आदि ने महाराणा प्रताप को श्रद्धासुमन अर्पित किए।

भाजपा के पक्ष में मांगे वोट

नवाबगंज। गुरुवार को मोहान विधानसभा क्षेत्र में भाजपा नेता व जिला पंचायत अध्यक्ष शकुन सिंह के प्रतिनिधि शशांक शेखर सिंह ने कई गावों में जाकर लोगों से भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की। भाजपा नेता ने क्षेत्र के गांव आशा खेड़ा, कुशहरी, जगदीशपुर, अजगैन, बक्तू खेड़ा में सभाएं कर भारतीय जनता पार्टी के लिए वोट मांगे। इस दौरान विधायक ब्रजेश रावत, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रवि सिंह, प्रधान बउवा साहू, प्रधान समर सिंह, प्रधान ऋषि प्रताप व नवाबगंज के शुभांक, जगदीश पाल, मनोज पांडेय व सुरेश लोधी आदि मौजूद रहे।

संत समागम में शत-प्रतिशत मतदान की हुई अपील

पुरवा, उन्नाव। क्षेत्र के चमियानी स्थित सच्चिदानंद आश्रम मंदिर में पावन भूमि नैमिषारण्य से संतों का आगमन हुआ। स्थानीय लोगों द्वारा भजन-कीर्तन कर कार्यक्रम का प्रारम्भ किया गया। पूज्य संत नारायण स्वरूप महराज व संत बृजेशानन्द महराज ने मौजूद लोगों को निष्काम कर्म की प्रेरणा जगाकर समाज को सही मार्ग पर चलने को प्रेरित किया। जातिगत भेदभाव, राग-द्वेष आदि अनेक दोष दूर कर स्वस्थ समाज का निर्माण करने का आग्रह किया।

हड़कंप | न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र शुक्लागंज को लेकर अमृत विचार में प्रकाशित हुई थी खबर

डायरिया के मरीज बढ़े, सीएमओ ने मांगा स्पष्टीकरण

अमृत विचार प्रभाव

संवाददाता, शुक्लागंज-उन्नाव

अमृत विचार। न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र शुक्लागंज में 4 मई को सुबह से लेकर दोपहर तक मरीजों की लाइन लगी थी, जहां मौजूद डॉक्टरों ने दो सौ के करीब मरीजों का परीक्षण किया था। जिसमें सर्दी, जुकाम, बुखार, डायरिया के अलावा अन्य मरीज शामिल थे। अचानक डायरिया के मरीज बढ़ने पर इस खबर को आपके अपने अमृत विचार ने प्रमुखता से प्रकाशित किया गया। जिस पर उन्नाव कंट्रोल और सीएमओ ने संज्ञान लेते हुये पीएचसी के जिम्मेदारों से स्पष्टीकरण मांगा। जिससे स्वास्थ्य कर्मियों में हड़कंप मच गया।

गर्मी का प्रकोण प्रतिदिन बढ़ रहा है। जिससे लू के थेपेड़ों से हर कोई परेशान है। भीषण गर्मी पड़ने के कारण शरीर का पानी कम हो रहा है। जिससे लोग डायरिया की चपेट में आ रहे हैं। शनिवार को न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र शुक्लागंज में सर्दी, जुकाम, बुखार, चर्म रोग, डायरिया के मरीज पहुंचे थे, सुबह दस बजे से दोपहर दो बजे तक अस्पताल में मरीजों की कतारें लगी थी। जिस पर 5 मई के अंक में अमृत विचार ने इस खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया गया। डायरिया के मरीज पाये जाने पर उन्नाव कंट्रोल रूम एवं सीएमओ ने संज्ञान में लिया।

पीएचसी प्रशासन को पत्र भेजकर डायरिया के मरीज कैसे बढ़े। इसके लिये स्पष्टीकरण मांगा गया। जिससे स्वास्थ्य कर्मियों में हड़कंप मच गया। जिस पर प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. रवि प्रकाश सचान ने सीएमओ आफिस डायरिया के बढ़े मरीजों से संबंधित स्पष्टीकरण का जबाव भेजा है। इसके साथ ही डायरिया को लेकर स्वास्थ्य विभाग अलर्ट हो गया है और अस्पताल में आने वाले मरीजों को डायरिया से बचाव के उपाये बताये जा रहे हैं। जिससे कोई भी डायरिया की चपेट में न आये।

गुरुवार को पीएचसी में होती ओपीडी। अमृत विचार

- 186 मरीजों की हुई ओपीडी बुखार, जुकाम और डायरिया के थे मरीज

तापमान बढ़ने के साथ अस्पताल में लगी डायरिया के मरीजों की लाइन

रविवार के अंक में अमृत विचार में प्रकाशित हुई डायरिया से संबंधित खबर।

विवाहिता से दुष्कर्म के दोषी को मिली 10 साल की सजा

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

अमृत विचार। असोहा थानांतर्गत एक विवाहिता के घर में घुसकर दुष्कर्म करने वाले युवक को कोर्ट ने अंतिम सुनवाई के बाद 10 साल की सजा सुनाई है। साथ ही कोर्ट ने उस पर 15 हजार का जुर्माना भी लगाया गया है।

बता दें कि असोहा थानाक्षेत्र के एक गांव निवासी विवाहिता ने बताया था कि वह 10 मार्च-2017 की शाम शौच के लिए गई थी। तभी रास्ते में गांव निवासी कल्लू पुत्र भीम शुक्ला ने उसे दबोच लिया और झाड़ियों में खींचकर उससे दुष्कर्म किया था। जाते समय उसने धमकी दी थी कि अगर किसी को बताया तो जान से मार देगा।

पीड़िता ने घर लौटकर पति को इसकी जानकारी दी। पति की तहरीर पर असोहा पुलिस ने 13 मार्च-2017 को रिपोर्ट दर्ज की थी। एसओ जगत नारायण सिंह ने जांच के बाद आरोपी के विरुद्ध 16 अगस्त-2017 को चार्जशीट दाखिल की थी।

गुरुवार को मुकदमे की अंतिम सुनवाई फास्ट ट्रैक पूरी हुई। एडीजे रवि प्रकाश साहू ने शासकीय अधिवक्ता की दलील सुनने के बाद कल्लू को 10 साल की सजा के साथ 15,000 का अर्थदंड भी लगाया है। इसमें आधी धनराशि पीड़िता को देने के भी आदेश कोर्ट ने दिए हैं।

- कोर्ट ने दोषी युवक पर 15 हजार का जुर्माना भी लगाया

एक नजर

समन्वयक मनोनीत

संडीला, हरदोई, अमृत विचार। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने सूचना के अधिकार विभाग के उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य महताब अहमद को लोकसभा मिश्रिख का समन्वयक नियुक्ति किया गया है ।

एक सप्ताह से लापता है महिला

हरदोई, अमृत विचार। कोतवाली क्षेत्र कछौना के अंतर्गत ग्राम धनाखेड़ा मजरा गौहानी से एक विवाहित महिला सन्दिग्ध अवस्था में घर से गायब है। परिजनों ने कोतवाली कछौना को सूचना दी। कोतवाली कछौना के अंतर्गत ग्राम गौहानी के धनाखेड़ा से अंकित कुमार की पत्नी कुंती वर्मा उम्र 29 वर्ष एक सप्ताह पूर्व घर से संदिग्ध अवस्था में गायब है। परिजनों ने आशंका जताई है कि कोई बहलाफुसला कर भगा ले गया है। पति ने रिश्तेदारी, आसपास क्षेत्र में काफी खोजबीन की।

चोरों ने उड़ाई आभूषण और नकदी

मल्लावां, हरदोई, अमृत विचार। चोर पीछे से चढ़कर घर में रखें सोने चांदी के आभूषण और पचास हजार की नगदी चोरी कर ले गए। मल्लावां कोतवाली के दसराइमऊ गांव निवासी सुरेन्द्र पाल के घर बुधवार की रात्रि अज्ञात चोरो ने मकान के पीछे खेत से चढ़कर कमरे में रखें बक्से और अलमारी से एक सोने का हार, बाला, 4जोड़ी पायल, एक मोबाइल फोन और 50 हजार रूपये नगद चोरी कर ले गए। सुरेन्द्र ने बताया कि रात्रि को गांव के अभिमन्यु के गेंहू खोद रहा था और उसके पिता खेत पर ट्यूवेल पर सो रहे थे, मां भैंस बांधने वाले गोंडे में सोती है. उसकी पत्नी बाहर बरामदे में बच्चों के साथ सो रही थी। जिसका फायदा उठाकर चोरों ने घटना को अंजाम दिया। घटना की जानकारी पर पुलिस ने जांच पड़ताल की।

प्रत्याशी को महंगी पड़ सकती है समाजवादी पार्टी की अंतर्कलह

टकराव

▸▸ पदाधिकारियों व बड़े नेताओं ने नहीं दिखाई कोई रुचि

वीरेश शुक्ला, हरदोई

अमृत विचार। सपा प्रदेश अध्यक्ष जहां लोकसभा चुनाव को लेकर काफी गंभीर है, वहीं जिले में सपा की अंतर्कलह पार्टी के लिए घातक हो सकती है। चुनाव के दौरान सपाइयों में टकराव लगातार देखने को मिला। सभी सपाई एक मंच पर पूरे चुनाव में अब तक नहीं दिखाई पड़े। सपा से जुड़े बड़े नेताओं ने भी प्रत्याशी के लिए अब तक कोई मेहनत नहीं की।

लोकसभा चुनाव से कुछ पहले सपा जिलाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह यादव वीरे को अध्यक्ष पद से हटा दिया गया था। पूर्व में जिलाध्यक्ष रहे शराफत अली पर फिर एक बार राष्ट्रीय अध्यक्ष ने भरोसा जताते हुए दोबारा उनको अध्यक्ष बनाया। अध्यक्ष पद का बदलाव पार्टी कार्यालय पर उसी दिन दिखाई पड़ा। अध्यक्ष पद से हटते ही श्री यादव पार्टी कार्यालय से तमाम सामान उठा ले गए, जो उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान कार्यालय पर लगवाया था। वीरे यादव के अध्यक्ष रहते कई बार पार्टी के कई कार्यकर्ताओं का पार्टी कार्यालय पर ही बवाल हुआ। वीरे यादव अध्यक्ष पद से हटाए जाने पर खुद को काफी उपेक्षित मान रहे हैं। इस कारण वह चुनाव में कहीं भी नहीं दिखाई पड़े। राष्ट्रीय अध्यक्ष के जिले में आगमन पर भी वह उनके आने से चंद समय पहले ही पहुंचे। चुनाव को लेकर पदाधिकारियों की एक साथ बैठक तक कार्यालय पर नहीं हो सकी। वीरे यादव का गुट चुनाव से खुद को दूर किए हुए है। पूर्व जिलाध्यक्ष जितेंद्र वर्मा जीतू, अनिल सिंह वीरू सहित तमाम सपा के नेता चुनाव में सक्रिय नहीं हुए। सपा की अंतर्कलह चुनाव में साफ दिखाई दे रही है।

चुनाव के दौरान तमाम वह लोग सपा से अलग हो गए, जो वर्षों से सपा में थे। पार्टी के वर्षों पुराने योद्धा प्रहलाद मिश्रा सपा को छोड़ कर भाजपा में चले गए। आदर्श दीपक मिश्रा भी मौका देखकर पार्टी से निकल लिए। यही नहीं तमाम वह लोग जिन्होंने सपा सरकार में मलाई काटी थी। वह अब सपा से या तो किनारे हो लिए या चुनाव में कहीं दिखाई नहीं पड़े। इसी कड़ी में पूर्व विधायक अनिल वर्मा का भी नाम आया वह भी चुनाव में कहीं सक्रिय नहीं दिखाई पड़े। सपा के कद्दावर नेता अखिलेश यादव के करीबी जिले के निवासी राजपाल कश्यप भी चुनाव में कहीं नजर नहीं आए। लोकसभा चुनाव के दौरान तमाम वह लोग जो सपा से जाने का मन बनाए थे अच्छा मौका देख सत्ता दल में चले गए। चुनाव के दौरान पार्टी के बीच की यह अंर्तकलह प्रत्याशी के लिए घातक हो सकती है। जिलाध्यक्ष शराफत अली पूर्व में अध्यक्ष रह चुके हैं। उनका कार्यकाल भी सभी के लिए सराहनीय रहा, लेकिन चुनाव के ऐन मौके पर उनके अध्यक्ष बनाए जाने पर वह अभी पटरी से उतरी पार्टी को लाइन पर नहीं ला पाए हैं।

बूथों पर बिजली, पानी व सफाई के निर्देश

पोलिंग पार्टी के सोने के लिए होगी व्यवस्था, डीएम ने बैठक कर दिए निर्देश

हरदोई

अमृत विचार। विवेकानंद सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में मतदान बूथों पर न्यूनतम सुविधाओं के सम्बन्ध में बैठक हुई।

जिलाधिकारी ने कहा कि सभी बूथों पर विद्युत सहित सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। पीठासीन की ओर से नकारात्मक फीडबैक मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। पानी की टंकी की सफाई करायी जाये। शौचालय की सफाई करायी जाये। बूथ पर पर्याप्त फर्नीचर उपलब्ध कराया जाये। पोलिंग पार्टी के रात में सोने के लिए उचित व्यवस्था करायी जाये। बिजली के न रहने की दशा में पावर बैक अप की व्यवस्था रखी जाये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरूरानी, अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक को संबोधित करते डीएम एमपी सिंह। अमृत विचार

सफाई कर्मियों के साथ हुआ मतदाता जागरूकता कार्यक्रम

हरदोई, अमृत विचार। लोकसभा सामान्य निर्वाचन की स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत गुरुवार को रसखान प्रेक्षागृह में जनपद के सफाई कर्मचारियों के साथ मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने मतदाता जागरूकता में सफाई कर्मचारियों का अहम योगदान रहा। कुण्डी खटकाओ टीम मतदाताओं को प्रेरित करने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन कर रही है। मतदान अधिकारी के रूप में सभी सफाई कर्मी अपने दायित्वों का निर्वहन करें। बूथों की साफ सफाई में अपना योगदान करें। मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी ने कहा कि कि सफाई कर्मी स्वयं अपने लोकतान्त्रिक दायित्वों का निर्वहन करते हुए अन्य मतदाताओं को भी जागरूक करें। बूथ पर पानी की टंकी आदि की सफाई कर लें। उपनिदेशक कृषि डॉ नंदकिशोर ने कहा कि 13 मई दिन सोमवार याद रखें और अन्य लोगों को भी यह तिथि कंठस्थ करा दें। जिला पंचायत राज अधिकारी विनय कुमार सिंह ने कहा कि सफाई कर्मी बूथों पर सफाई का विशेष ध्यान दें। बूथ पर यदि कोई मलवा आदि है तो उसे हटवा दें। जिलाधिकारी ने सफाई कर्मियों को मतदाना की शपथ दिलायी। उन्होंने मतदाता जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

मतदाता जागरूकता कार्यक्रम को संबोधित करतीं सीडीओ सौम्या गुरुरानी।

छात्र-छात्राओं का किया गया सम्मान

प्रतिभा सम्मान समारोह में मौजूद छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

हरदोई

अमृत विचार। शहर के जेके पब्लिक स्कूल में गुरुवार को प्रतिभा सम्मान समारोह जादू के शो का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि व भाजपा नेता अविनाश मिश्रा व अनुराधा मिश्रा के द्वारा दीप प्रज्जवलन से हुई। दीप प्रज्वलन के उपरांत अनाहिता द्विवेदी, अनन्या सिंह, हिमानी वर्मा, राधा बाजपेई, सोनाली व सुनिधि भारती के द्वारा गणेश वंदना प्रस्तुत की गई। दिसंबर में तीन दिवसीय क्राफ्ट प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। जिसमें बड़ी संख्या में स्कूल के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया था। उनको प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके उपरांत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में अनाहिता द्विवेदी ने घर मोरे परदेसिया पर एकल नृत्य प्रस्तुत किया। साथ ही यूपी बोर्ड परीक्षा में अच्छे अंक लाने वाले विद्यार्थियों को भी गुरुवार को पुरस्कार देकर सम्मानित व उनका उत्साहवर्धन किया गया। अंत में बच्चों के लिए जादू के शो का आयोजन भी रखा गया। जिसमें मैजिशियन खान द्वारा बच्चों को विभिन्न प्रकार के जादू, कटी हुई रस्सी को जोड़ देना, सिक्के को गायब करना, सम्मोहित करना, शिक्षक की घड़ी को अपनी कलाई पर बांध लेना, सहित कई जादू प्रस्तुत किए जो बच्चों को बहुत पसंद आए। अंत में स्कूल के प्रबंधक राजीव मोहन अवस्थी व समता अवस्थी ने सभी बच्चों व अतिथियों का आभार जताया। कार्यक्रम का संचालन सुभा दीक्षित ने किया। कार्यक्रम के दौरान प्रवक्ता शुभम गुप्ता, प्रीति सिंह, इनजिला, तबस्सुम आदि ने सहयोग प्रदान किया। व जादू के शो का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान प्रवक्ता शुभम गुप्ता, प्रीति सिंह, इनजिला, तबस्सुम आदि ने सहयोग प्रदान किया।

बढ़ गए मरीज, रोजाना हो रहीं 500 जांचें

हरदोई

अमृत विचार। मेडिकल कालेज के साथ-साथ पैथोलॉजी लैब में भी जांच के लिए मरीजों की भीड़ लग रही है। रोजाना सैकड़ों जांच कराई जा रही है। सुबह से ही मरीजों की लंबी कतार पैथोलॉजी लैब के बाहर लग जाती है। मेडिकल कालेज में रोजाना लगभग 500 जांचें हो रही है।

गर्मी और लू के कारण बीमारियां पैर पसार रही हैं। ऐसे में अलग-अलग बीमारियों की जांच कराने के लिए मरीज मेडिकल कालेज में पहुंचते हैं। सरकारी अस्पताल की पैथोलॉजी लैब में रोजाना करीब 500 जांच होती हैं। अस्पताल में आने वाले मरीजों की चिकित्सक कई-कई जांच लिखते हैं। इसकी वजह से सुबह दिन निकलते ही मरीजों की कतार लगनी शुरू हो जाती है। सुबह आठ बजे से दोपहर एक बजे तक भी जांच कराने वाले मरीजों की भीड़ कम नहीं होती है। हालांकि जांच के लिए नमूने केवल 11 या साढ़े 11 बजे तक ही लिए जाते हैं। इसके बाद मरीजों को अगले दिन का समय दिया जाता है। जिला चिकित्सालय पुरुष के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. जेके वर्मा ने बताया कि मरीजों की संख्या अधिक होने की वजह से पैथोलॉजी लैब में भीड़ रहती है। भीड़ अधिक होने के कारण ही लाइन लगवा दी जाती है। नंबर आने पर ही नमूना लेकर मशीन पर लगा दिया जाता है।

पैथालॉजी लैब के बाहर लगी मरीजों की भीड़। अमृत विचार

बीच शहर में पिटाई कर कार में की तोड़फोड़

हरदोई, अमृत विचार। शहर के बड़ा चौराहा पर बवाल हुआ। कार पर सवार लोगों की पिटाई कर कार में तोड़फोड़ करने का केस दर्ज किया गया है। कोतवाली देहात के अंतिम सिंह पुत्र श्रीपाल सिंह ने आदेश, रजनीश और उनके अज्ञात साथियों के खिलाफ पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि बुधवार को वह अपनी कार से बड़े चौराहे से निकल रहा था, कार मुकेश पुत्र राजपाल चला रहा था। उसी बीच इदरीस गाज़ी की गाड़ी पर सवार लोगों ने कार सवार लोगों की न सिर्फ पिटाई की, बल्कि कार नंबर यूपी-30/एम/2221 में तोड़फोड़ की और धमकी देते हुए भाग निकले। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच एसआई धर्मेन्द्र गिरि को सौंपी है।

दलित बीडीसी को पीटने वाला एक गिरफ्तार

शाहाबाद, हरदोई

अमृत विचार। कोतवाली क्षेत्र के सुहागपुर के रहने वाले बीडीसी सदस्य सोनू लाल को जाति सूचक गालियां देकर पीटने वाले चार युवकों में से पुलिस ने यह को गिरफ्तार किया है। जिसके खिलाफ कार्रवाई की गई।

शाहाबाद कोतवाली के ग्राम सुहागपुर निवासी दलित बीडीसी सदस्य सोनू लाल पुत्र रावेन्द्र कुमार के अनुसार 3 मई को बासित नगर चौराहे पर शाम तकरीबन 6:50 पर रामू पुत्र भवानी, जितेंद्र पुत्र रुस्तम निवासी फिरोजपुर खुर्द तथा सुहागपुर के रहने वाले गौरव राजपूत ने अपने एक अज्ञात साथी के साथ मिलकर बीडीसी सदस्य सोनू लाल को जाति सूचक गाली गलौज करते हुए पीटा। जिससे उसे काफी चोटे आई। सोनू लाल ने घटना की लिखित सूचना कोतवाली पुलिस को दी परंतु कोई कार्रवाई नहीं की गई।

उच्च अधिकारियों से शिकायत की उसके बाद कोतवाली पुलिस हरकत में आई। कोतवाली पुलिस ने गुरुवार को दोपहर 12 बजे गौरव राजपूत निवासी सुहागपुर को इस सिलसिले में गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक राजदेव मिश्रा ने बताया जल्द ही अन्य आरोपियों को भी गिरफ्तार किया जाएगा।

सार-संक्षेप

गोवंशों से परेशान किसान करेगा भाजपा का सफाया

शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार। हरदोई में सपा के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव शाहिद खां ने मंहगाई, बेरोजगारी पर भाजपा को घेरते हुए कहा कि पूरे प्रदेश से भारतीय जनता पार्टी का सफाई होने वाला है। जनता जागरुक हो चुकी है। जनता जनार्दन ने भाजपा का पूरी तरह से बहिष्कार कर दिया है। श्री खान बिल्किस गर्ल्स इंटर कॉलेज में अमृत विचार से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा शाहाबाद में 6 मई को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जनसभा में प्रधान, बीडीसी और सरकारी तंत्र ने सरकार के दवाब में जबरदस्ती भीड़ इकट्ठा की। लेकिन जनता पर उनका कोई जादू नहीं चल पाया। इसके बावजूद हरदोई की दोनो सीटों पर गठबंधन के प्रत्याशी चुनाव जीत रहे हैं। 8 मई को सांडी के लखपेड़ा बाग में सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की जनसभा में पहुंचे लाखों लोग इसकी गवाही दे रहे हैं। भाजपा ने मंहगाई, बेरोजगारी को बढ़ाने का काम किया है। सरकार ने युवाओं के लिए दस साल में एक भी रोजगार की व्यवस्था नहीं की। भाजपा ने किसान की आय दोगुनी करने का वादा किया लेकिन किसान की आमदनी और कम कर हो गई ।भाजपा की इन नीतियों के विरोध में इस बार देश भर में भाजपा को सत्ता से हटाने का काम जनता कर रही है।

शाहिद खान

डीएम ने किया मतदान पार्टी रवानगी स्थल का निरीक्षण

पार्टियों से जानकारी लेते जिलाधिकारी एमपी सिंह। अमृत विचार

हरदोई, अमृत विचार। जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने मतदान पार्टी रवानगी स्थल सीएसएन पीजी कॉलेज व आईटीआई का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने कहा कि वाहन निर्धारित स्थान पर ही खड़े किये जाएं। रवानगी स्थल पर मोबाईल शौचालय की व्यवस्था की तत्काल की जाये। जिलाधिकारी ने वाहनों को खड़ा करने के लिए मैप को देखा। उन्होंने कहा कि प्रत्येक वाहन के लिए चूना डालकर उसका स्थान स्पष्ट रूप से चिन्हित किया जाये। रवानगी स्थल पर परिवहन कंट्रोल रूम बनाया जाये ताकि व्यवस्था में आसानी रहे ।रवानगी स्थल पर साज सज्जा की व्यवस्था की जाये। प्रवेश द्वार से कॉरपेट बिछाई जाये। साफ सफाई की लगातार व्यवस्था की जाये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी, अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

नुक्कड़ सभा का हुआ आयोजन

नुक्कड़ सभा में बोलते विधायक माधवेंद्र प्रताप सिंह। अमृत विचार

भरखनी, हरदोई, अमृत विचार। सवायजपुर विधायक माधवेन्द्र प्रताप सिंह ने गुरुवार को हरदोई संसदीय क्षेत्र के सवायजपुर विधानसभा क्षेत्र के भरखनी ,पैतापुर, चकराछा में नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया। जिसमें विधायक माधवेंद्र प्रताप सिंह रानू ने कहा कि अबकी बार 400 पार का नारा देश का मिशन बन गया है। श्री सिंह ने कहा कि देश में तीसरी बार जनता की मदद से भाजपा की सरकार बनने वाली है और कहा देश हित में धारा 370, अयोध्या राम मंदिर जैसे कार्य कर देश को परम वैभव पर ले जाने का काम किया, उन्होंने कहा कि हरदोई लोकसभा क्षेत्र में पहले से ज्यादा जीत का अंतर बढ़ाने की जरूरत है ।सबको मिल रहा है कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है। अंत में आयोजन में आये हुए सभी लोगों का आभार व्यक्त कर कार्यक्रम समापन की घोषणा की। इस मौके अशोक बाजपेई, मंडल अध्यक्ष जैनेंद्र प्रताप सिंह, मण्डल महामंत्री सुधीर सिंह ,मंडल अध्यक्ष युवा मोर्चा धीरेंद्र प्रताप सिंह, प्रधान संघ अध्यक्ष सत्यपाल सिंह, विजय बहादुर सिंह, आदि सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

तर्क- वितर्क के साथ चुनावी चर्चाओं ने पकड़ा जोर

हरदोई, अमृत विचार। लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के तहत जिले में 13 मई को मतदान होना है। मतदान की तिथि नजदीक आते ही जगह जगह चुनावी चर्चाओं ने जोर पकड़ लिया है। चौक-चौराहों से लेकर, दुकानों में राजनैतिक बहस छिड़ी रहती है। चौक-चौराहों पर चाय और पान की दुकानों में लोग चुनाव एवं प्रत्याशियों से सम्बंधित तर्क-वितर्क करते दिखाई पड़ रहे हैं।

एक ओर, बुजुर्ग चुनाव से संबंधित पुराने दिनों की याद ताजा कर रहे हैं तो युवा आज की राजनीति पर अपना विचार रखते दिखते पड़ रहे हैं। वर्तमान लोकसभा चुनाव के मद्देनजर प्रत्याशियों की जीत-हार और मत प्राप्त करने से संबंधित आकलन भी किया जा रहा है। बुजुर्ग बताते हैं कि पहले आज की तरह महंगा चुनाव नहीं था। प्रत्याशी पैदल या फिर साइकिल से गांवों में जनसंपर्क कर वोट मांगते थे। चुनाव से कई दिन पहले प्रत्याशी जनसंपर्क अभियान में जुट जाते थे। अब तो मात्र 15-20 दिनों में हर जगह जाना पड़ता है। ऐसे में प्रत्याशियों को लोगों की समस्याओं को समझने का भी मौका नही मिल पाता है। हर कोई अपने तर्क से अपने पसंदीदा उम्मीदवार के जीतने की बात कह रहा। जिसे लेकर बहस भी हो जा रही है।

रैन बसेरे में चौकीदार की हार्ट अटैक से मौत

शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार। रैन बसेरे में लेटे चौकीदार की हार्ट अटैक से मौत हो गई। शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला बरुआ बाजार निवासी राम मूर्ति कश्यप 55 वर्ष पुत्र स्वामी दयाल नगर पालिका परिषद में चौकीदार के पद पर कार्यरत थे। प्रतिदिन की भांति वह अपनी ड्यूटी करने के लिए नगर पालिका परिषद में रात्रि में आए थे। सुबह के वक्त जब सफाई कर्मचारी ड्यूटी के लिए पहुंचे तो राम मूर्ति को सोता हुआ देखकर आवाज दी, परंतु राम मूर्ति की ओर से कोई जवाब नहीं मिला। उसके बाद रैन बसेरे में जाकर देखा गया तो राम मूर्ति मृत अवस्था में थे। रात्रि में किसी वक्त राम मूर्ति को हार्ट अटैक पड़ा। जिसकी वजह से उनकी मौत हुई है।

बूथों पर पहुंचकर निभाएं जिम्मेदारी

कार्यकर्ताओं को संबोधित करते अपना दल एस के प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार पाल। अमृत विचार

माधौगंज, हरदोई

अमृत विचार। कस्बे के एक गेस्ट हाउस में गुरुवार अपना दल एस के कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार पाल ने कहा कि जिन लोगों ने प्रदेश में जंगलराज कायम किया। ऐसी सम्प्रदायिक ताकतें देश पर कब्जा करना चाहती हैं, पर पार्टी के कार्यकर्ता उनके मंसूबो पर पानी फेरने का काम करेंगे। कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने प्रदेश अध्यक्ष का फूलमालाओं के साथ भव्य स्वागत किया। वहीं सरदार पटेल, डॉ. भीमराव आम्बेडकर व पार्टी जनक सोनेलाल पटेल की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। बैठक में प्रदेश सचिव रवि वर्मा, जिलाध्यक्ष राजेन्द्र वर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष सुनील वर्मा, भाजपा नेता अशोक सिंह, चुनाव प्रभारी संजय सिंह गुड्डू, संयोजक नवल माहेश्वरी संजय वर्मा सहित कार्यकर्ताओं ने गठबंधन को मजबूत करने व मोदी सरकार पुनः बनाने के लिए चलाई जा रही योजनाओं व उनसे होने वाले लाभों के बारे में चर्चा की।

कयास | मतदाताओं की चुप्पी से प्रत्याशियों के दिल की धड़कनें तेज

बसपा में वापस लौटा कैडर तो होगी भाजपा को मुश्किल

मल्लावां, हरदोई

अमृत विचार। मिश्रिख लोक सभा सीट पर चुनाव की तारीख नजदीक आते ही प्रत्याशियों ने प्रचार प्रसार में ताकत झोंकनी तेज कर दी है। भाजपा, सपा और बसपा प्रत्याशी जन-जन से समर्पक कर पार्टी की नीतियों को लेकर ऐडी चोटी का जोर लगाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे है। ऐसे में मतदाताओं की चुप्पी से प्रत्याशियों के दिल की धडकनें तेज हो रही है।

मिश्रिख लोकसभा सीट की अगर बात की जाए तो भाजपा से तीन बार के सांसद अशोक रावत, सपा से पूर्व मंत्री राम रामपाल राजवंशी की बहू संगीता राजवंशी और बसपा से बी आर अहिरवार चुनावी मैदान में पसीना बहाने में जुटे है। एक ओर अगर भाजपा प्रत्याशी अशोक रावत को लेकर बात करी जाए तो पार्टी के विधायक अपनी -अपनी विधानसभा का जिम्मा उठाए हुए है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चेहरे का फायदा मिलता दिख रहा है। सपा प्रत्याशी संगीता राजवंशी के चुनाव में पार्टी कार्यकर्ता जोर आजमाइश में जुटे हुए । एक तरफ वर्तमान सरकार के विरोध का फायदा भी सपा को प्रमुख रूप से मिल सकता है लेकिन प्रत्याशी की मेहनत पर ही ये तय होगा । बसपा प्रत्याशी बीआर अहिरवार जहां अपने कैडर वोट के सहारे वैतरणी पार लगाने में लगे है। अगर बसपा अपने कैडर वोट को साध लेती है तो सीधे तौर पर भाजपा के लिए दिक्क़त भरा हो सकता है। अब 13 मई को होने वाले चुनाव में ही साफ होगा कि जनता किसके पक्ष में मूड बनाकर मतदान करेंगी। ये 4 जून को ही साफ होगा कि मिश्रिक लोक सभा सीट का ताज किसके सर सजेगा।

तीनों पार्टियों के नेता जनसभा कर झोंक चुके हैं ताकत

मल्लावां। भाजपा, सपा और बसपा प्रत्याशियों को लेकर पार्टी के बड़े -बड़े नेता जनसभा कर चुके है। भाजपा से गृहमंत्री अमित शाह, मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ तो सपा की ओर से सपा मुखिया पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव और बसपा की ओर से बसपा सुप्रीमो पूर्व मुख्यमंत्री मायावती अपनी -अपनी ताकत झोंक कर जोश भर चुके है।

चुनाव में मतदाताओं की चुप्पी

मल्लावां। मिश्रिख लोक सभा सीट पर कार्यकर्ता तो घर-घर जुटे हैं, लेकिन मतदाताओ की चुप्पी से चुनाव तो शांत है। लोगों के जहन में अलग -अलग मुद्दे बने हुए है। इन मुद्दों पर अगर मतदान होगा तो टक्कर कांटे की होंगी।

दो पक्षों में जमकर चले लाठी-डंडे, आधा दर्जन हुए घायल

बिलग्राम, हरदोई, अमृत विचार। थाना क्षेत्र के जरौली शेरपुर गांव में जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच लाठी डंडे चले, जिसमें आधा दर्जन से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

दोनों पक्षों के बीच जमीन निकास को लेकर कहासुनी हो रही थी। इसी दौरान अचानक लाठियां बरसने लगी। हालांकि, दोनों पक्षों की ओर से हुई लाठीबाजी में कई लोग घायल हो गए हैं। घायलों में प्रथम पक्ष की ओर से मोहम्मद कादिर 45 वर्ष मोहम्मद कलीम 52 वर्ष अलीम 40 वर्ष वहीं आकिल 18 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गया। द्वितीय पक्ष की ओर से मुजीब 40 वर्ष शबलू 40 वर्ष अब्बास 50 वर्ष भी घायल हुए हैं। थाना प्रभारी नारायण कुमार कुशवाहा ने बताया कि घटनास्थल पर पुलिस टीम भेजी गई है।

छोटे भाई को पीटा

बिलग्राम थाना क्षेत्र के ही ककराखेड़ा गांव में बड़े भाई ने अपनी पिता के साथ मिलकर जमीन विवाद को लेकर छोटे भाई को जमकर पीट दिया, जिससे छोटा भाई गंभीर रूप से घायल हो गया है। पीड़ित गोविंद 35 वर्ष पुत्र मनीराम ने पुलिस को तहरीर देकर देकर बताया कि उसके बड़े भाई विनोद मनीष और उसके पिता मनीराम जो जमीन में हिस्सा देने से मना कर रहे हैं। मांगने पर उसके साथ पिता व भाई ने मारपीट की।

एक नजर

पुत्री को बहलाकर ले जाने का आरोप

शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार। मंझिला थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पिता ने अज्ञात युवक पर पुत्री को बहला फुसलाकर कर भगा ले जाने का आरोप लगाते हुए थाने में प्रार्थना पत्र दिया है। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर युवती की तलाश शुरू की है। मंझिला थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पिता ने बताया उसकी 19 वर्षीय पुत्री 7 मई को शौच के लिए खेत की तरफ गई थी। उसके बाद वह वापस नहीं लौटी। उसने सभी रिश्तेदारी पता किया किंतु उसका पता नहीं चल सका। पीड़ित पिता ने बताया उसकी पुत्री अक्सर मोबाइल पर बात किया करती थी। उसे पूरा यकीन है वही उसकी पुत्री को बहला फुसलाकर कहीं भगा ले गया है। घटना की लिखित सूचना पुलिस को दी है। प्रभारी निरीक्षक सुब्रत नारायण तिवारी ने बताया पीड़ित पिता के प्रार्थना पत्र के आधार पर अज्ञात के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस ने युवती की तलाश शुरू कर दी है।

आग में झूलसे दूसरे भाई की भी मौत

माती, बाराबंकी, अमृत विचार : बबुरिहा मजरे धौरमऊ आग लगने की घटना में झूलसे दूसरे भाई ने भी गुरुवार की भोर दम तोड़ दिया। बताते चलें कि बीती एक मई की रात देवा थाना क्षेत्र स्थित बबुरिहा गांव में चेतराम रावत के घर आग लग गयी थी। इसमें चेतराम के दो पुत्र सूरज (32) और शेखर (29) गंभीर रूप से झुलस गए थे। शनिवार सुबह सूरज की लखनऊ के श्यामा प्रसाद सिविल अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई थी। वहीं साथ भर्ती सगे भाई शेखर ने भी गुरुवार की सुबह दम तोड़ दिया। नौ दिन में दो जवान बेटों की मौत से परिवारवालों में कोहराम मच गया।

शव को कब्र निकलवाकर चौथे दिन कराया गया पोस्टमार्टम

पोस्टमार्टम रिपोर्ट खोलेगी शादियों में वेटर का काम करने वाले की मौत का राज़

हरदोई

अमृत विचार। शादियों में वेटर गिरी करने वाले की उसी के घर में मौत हो गई थी, उसके अगले दिन पड़ोस के कब्रिस्तान में उसका शव दफन कर दिया गया। उसी बीच उसके घरवालों को एक दूसरे शख्स से हुई पूछताछ में जो पता चला, उसे सुन कर उनके होश उड़ गए। उसी शख्स की ज़ुबानी है कि पहले तो कोल्ड ड्रिंक में ज़हर दिया गया और फिर गमछे से गला घोंट कर हत्या कर दी गई। इसका पता होने पर पुलिस ने चार दिन पहले दफन किए गए शव को कब्र खोंद कर उसे बाहर निकलवाया।

कोतवाली देहात के मढ़ा पुरवा निवासी अप्पा उर्फ काबिल शादी-बारातों में वेटर गिरी करता था। उसकी शादी नही हुई थी। अप्पा उर्फ काबिल के भाई गुड्डू ने बताया कि शनिवार को उसके भाई की घर में ही मौत हो गई। उसके अगले दिन रविवार को उसे पड़ोस के ग़रीबपुरवा के कब्रिस्तान में दफन कर दिया गया।

गुड्डू के मुताबिक घर वाले शुरु से समझ रहे थे कि अप्पा उर्फ काबिल की मौत के पीछे कोई राज़ ज़रूर है और वही हुआ। शक होने पर वहीं के एक शख्स से पूछताछ की गई, तो वह टूट गया और चुटकी में सारा चिट्ठा खोल कर सामने रख दिया। उस शख्स का कहना था कि पहले तो अप्पा उर्फ काबिल को कोल्ड ड्रिंक में ज़हर दिया गया, उसके बाद गमछे से गला घोंट कर उसे ठिकाने लगा दिया गया। बुधवार को सारा कुछ पता होने पर पुलिस ने दफन किए गए शव को कब्र खोद कर बाहर निकाला। पुलिस का कहना है कि शव की पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर सारी सच्चाई खुद-ब-खुद सामने आ जाएगी।

गैर नहीं बल्कि कोई अपना ही हो सकता है कातिल!

हरदोई। मढ़ा पुरवा के अप्पा उर्फ काबिल की हत्या किए जाने की जो बाते सामने आ रहीं है, अगर हत्या वाली बात सच निकली तो फिर यह भी सच होगा कि हत्या में कोई गैर नहीं बल्कि कोई अपना ही शामिल है। दबी ज़ुबान से कहा जा रहा है कि प्रेम-प्रसंग ही इस सारे मामले की असल वजह है। पुलिस का कहना है कि हर एक पहलू से जांच की जा रही है।

पब्लिक के नाम दर्ज हो सकता है खुलासा

हरदोई। अप्पा उर्फ काबिल की मौत के मामले में अगर लगाया जा रहा आरोप सच निकला तो उसका खुलासा पुलिस नहीं बल्कि पब्लिक के नाम लिखा जाएगा। क्यों कि उसके घर वालों से की गई पूछताछ में जो कुछ निकल कर सामने आया, उसके बाद ही एक्शन में आई पुलिस ने अपनी मौजूदगी में कब्र खोद कर शव बाहर निकलवाया।

आज और कल बच्चों की रहेगी छुट्टी, शिक्षक पहुंचेंगें स्कूल

हरदोई, अमृत विचार। डीएम मंगला प्रसाद सिंह ने हीट वेव को देखते हुए शुक्रवार और शनिवार को ज़िले के राजकीय/सहायता प्राप्त/स्व वित्तपोषित मान्यता प्राप्त/सीबीएसई/आईसीएसई/संस्कृत बोर्ड/मदरसा बोर्ड के माध्यमिक और बेसिक शिक्षा परिषद के अधीन आने वाले विद्यालयों के बच्चो की छुट्टी करने का आदेश जारी किया है। डीएम ने कहा है कि विद्यालयों में तैनात शिक्षक-शिक्षिकाएं विद्यालय पहुंच कर सरकारी कार्यों को निपटाएंगे, खास कर जिन विद्यालयों में बूथ हैं वहां के शिक्षक-शिक्षिकाएं सुबह 9:30 से शाम 6 बजे तक मौजूद रहेंगे।

40 फिट की ऊंचाई पर हुआ तमाशा, 7 घंटे डटे रहे तमाशबीन

हंगामा

- समूह की संचालिका ने पेड़ पर चढ़ किया हाईवोल्टेज ड्रामा
- शरीर पर डीज़ल छिड़का, दमकल कर्मियों ने छोड़ी पानी की बौछारें

सहायता समूह की संचालिका हरपालपुर ब्लाक कर्मियों के ऊपर अपने समूह को सखी समूह से अलग करने का आरोप लगाते हुए 40 फिट ऊंचे पेड़ पर चढ़ गई और आत्महत्या करने की धमकी देने लगी। उसका कहना था कि मुख्यमंत्री आएगे, तभी वह नीचे उतरेगी। उसी बीच उसने आत्मदाह करने के लिए अपने ऊपर डीज़ल छिड़क लिया, वह आगे कुछ करती उसी बीच दमकल कर्मियों ने उसके ऊपर पानी की बौछार कर दी। तकरीबन 7 घंटे तक हाईवोल्टेज ड्रामा होता रहा, फिर उसके बाद उसे स्काई लिफ्ट से नीचे उतारा गया।

हरपालपुर थाने के सिरसा की रहने वाली शिवरानी स्वयं सहायता समूह की संचालिका है। गुरुवार की भोर पहर शिवरानी एक 40 फिट ऊंचे पेड़ पर चढ़ गई। इसका पता होते ही वहां भीड़ इकट्ठा हो गई। शिवरानी का आरोप था कि हरपालपुर के ब्लाक कर्मियों ने उसके समूह को सखी समूह से अलग कर दिया। उसके लिए उसने काफी दौड़ भी लगाई, लेकिन फिर भी कोई सुनवाई नहीं की गई। उसी से नाराज़ हो कर उसने ऐसा कदम उठाया।

दोस्त से धोखाधड़ी, 1.50 लाख रुपये डकारे

हरदोई

अमृत विचार। दोस्त अपनी दोस्ती में डेढ़ लाख रुपये की धोखाधड़ी का शिकार हो गया। दोस्त ने इलाज का हवाला देते हुए अपने दोस्त से साल 2022 में डेढ़ लाख रुपये लिए और उनकी एक साल में अदायगी करने का वादा किया। एक साल बीत गया, जब रुपये मांगे तो बमुश्किल से उसी दोस्त ने डेढ़ लाख की ऐसी चेक दी, जो बैंक पहुंच कर बाउंस हो गई। उसके बाद वही दोस्त रुपये मांगने पर गाली-गलौज और धमकी देने लगा। उसी मामले में दोस्त ने अपने दोस्त के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज कराया है।

टड़ियावां थाने के बहोरवा निवासी ललित पाण्डेय पुत्र प्रकाश चन्द्र पाण्डेय और उन्नाव ज़िले के हिरणी नगर के विकर्ण प्रताप सिंह पुत्र अजेन्द्र प्रताप सिंह के बीच काफी गहरी दोस्ती थी। ललित ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि विकर्ण प्रताप सिंह ने उससे साल 2022 में 23 नवंबर को इलाज का हवाला देते हुए डेढ़ लाख रुपये बतौर उधार लिए और उनकी एक साल में अदायगी का वादा किया था।

ललित ने एक साल बाद रुपये न लौटाने पर विकर्ण से रुपये मांगे, जिस पर उसने भारतीय स्टेट बैंक शाखा शाहगंज सदर बाज़ार उन्नाव की डेढ़ लाख रुपये की चेक दी। ललित ने उस चेक को ललित ने 4 अप्रैल को अपने सेन्ट्रल बैंक के खाते में लगाया, लेकिन वहां से पता चला कि जिस खाते की चेक है, वो खाता बंद है। ललित ने जब विकर्ण को ऐसी बात बताई तो वह गाली-गलौज करते हुए धमकी देने लगा।

परशुराम जन्मोत्सव आज मनाया जाएगा

हरदोई, अमृत विचार। अखिल भारतीय ब्राम्हण महासभा परशुराम जन्मोत्सव शुक्रवार को धूमधाम से मनाएगा।

जिलाध्यक्ष नीरज अवस्थी ने बताया कि इस अवसर पर नगर के श्रीश चंद्र बारातघर से एक शोभायात्रा शुरू होगी, जो नगर के नुमाइश चौराहा, बावन चुंगी, रामदत्त चौराहा, बड़ा चौराहा, सिनेमा चौराहा, लखनऊ चुंगी, रेलवेगंज होते हुए बारातघर पर वापस आएगी। इस मौके पर कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

अपनी गाड़ी से चल रहे अधिकारी

हरदोई

अमृत विचार। विद्युत विभाग में भ्रष्टाचार पर रोक नहीं लग पा रही है। चौपहिया वाहन की जगह दोपहिया वाहन लगाने का मामला प्रकाश में आने के बाद विभाग में खलबली मची हुई है। यही नहीं विभाग के कुछ अधिकारी जिनके लिए वाहन के टेंडर ड्राइवर सहित हुए हैं वह टेंडर वाले वाहन न चलाकर अपने निजी वाहन पर चलते हैं। टेंडर में वाहन चालक सहित लगाया गया है, लेकिन टेंडर में लगा चालक कहीं और वाहन चलाता है।

अधीक्षण अभियंता कार्यालय में अधिकारियों को चलने के लिए दो चौपहिया वाहन किराए पर लिए गए थे, इनका बाकायदा ड्राइवर सहित पांच लाख से अधिक का टेंडर हुआ था, लेकिन टेंडर में लगे वाहन का नंबर बाइक का निकला। इसमें भारी गोलमाल किया गया। इसकी खबर अमृत विचार में छपने पर भ्रष्टाचार करने वालों पर हड़कंप मच गया। विभाग में गड़बड़ी का यही एक मामला नहीं है। एक अन्य मामले में एक अधिकारी के पास किराए का वाहन लगा है। टेंडर में चालक सहित ठेकेदार को भुगतान भी किया गया, लेकिन अधिकारी निजी वाहन का प्रयोग करते हैं और चालक की जगह विभाग के एक संविदा कर्मी से अपना वाहन चलवाते हैं।

जीप दर्शाकार बाइक का हुआ टेंडर!

- विद्युत विभाग का फर्जीवाड़ाः एसडीओ इटौली को बाइक चालक सहित आवंटित

अमृत विचार

हरदोई। विद्युत विभाग का एक ऐसा फर्जीवाड़ा सामने आया है जिसे जानकर आप हैरान रह जायेंगे। कंट्रेक्टर व विभाग के एक कर्मी की मिलीभगत से एसडीओ कोयलवाग व एसडीओ इटौली के लिए आवंटित चौपहिया जीप के लिए टेंडर निकाला गया, जिसमें विभाग ने उस कांट्रेक्टर का टेंडर पास कर दिया जिसने जीप के बजाय बाइक का नंबर दर्शाकर टेंडर डाला था। टेंडर की कागजी अभियंता (एस.ई.) संजय गुप्ता के संयुक्त हस्ताक्षर हैं। यही नहीं ये अनुबंध पत्र 09 मई 2024 को अपना समय पूर्ण कर रहा है।

अनुबंध पत्र पर हस्ताक्षर से पूर्व शिविर सहायक की ये जिम्मेदारी होती है कि कागजों को वैरीफाई करके ही हस्ताक्षर हेतु अधीक्षण अभियंता के समक्ष प्रस्तुत करे, किंतु इस कारनामे को धन लाभ की वजह से सीए विनीत खरे ने टेंडर के वैरीफाई के लिए अनुबंध पर अपने भी हस्ताक्षर किए और एस ई को भ्रमित कर उनके भी हस्ताक्षर करा लिए। इस टेंडर के जरिये एसडीओ कोयलवाग को इस सम्बंध में विद्युत विभाग के अधिकारियों का कहना है कि बाइक नंबर गलती से टेंडर में प्रिंट हो गया है, जबकि एसडीओ को वोलेरो ही आवंटित हुई है। नाइस एसोसिएट के विवेक श्रीवास्तव का कहना है कि बोलेरो की आरसी साफ न होने से वाहन नंबर में एक अंक साफ नहीं दिख रहा है इस कारण गलती से अनुबंध पत्र पर बाइक का नंबर प्रिंट हो गया जो बहुत बड़ी गलती नहीं है। प्राइवेट व्हीकल का नियमों के विपरीत होने के सवाल का ये जवाब नहीं दे सके। टेंडर के नियमों की बात करें तो सुस्पष्ट कागज न होने पर टेंडर निरस्त करने का प्रावधान

अमृत विचार में छपी खबर। अमृत विचार

साइकिल सवार की दूध गाड़ी से टकरा कर हुई मौत

हरदोई, अमृत विचार। बुजुर्ग साइकिल से दिल्ली से भेजी गई दवाई लेने पंडरवा गांव जा रहा था, उसी बीच दूध डेयरी की गाड़ी ने उसे टक्कर मार दी। जिससे वह बुरी तरह से ज़ख्मी हो गया। उसे पहले पिहानी सीएचसी वहां से उसे मेडिकल कालेज के लिए रिफर कर दिया गया, जहां उसकी इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

पिहानी कस्बे के मोहल्ला छिपीटोला निवासी 60 वर्षीय लईक अहमद पुत्र अब्दुल समी का दिल्ली से इलाज चल रहा था, गुरुवार की सुबह वह साइकिल से दिल्ली से भेजी गई अपनी दवाई लेने पंडरवा जा रहा था, बताते है कि पंडरवा पहुंचते ही दूध डेयरी की गाड़ी ने उसे टक्कर मार दी, जिससे साइकिल सवार बुजुर्ग ज़ख्मी हौ गया। उसे आनन-फानन में एम्बुलेंस-108 की मदद से पहले पिहानी सीएचसी पहुंचाया गया, जहां के डाक्टरों ने उसे मेडिकल कालेज के लिए रिफर कर दिया। लईक अहमद के भाई हबीबुर्रहमान ने बताया कि मेडिकल कालेज में भर्ती कराए गए उसके भाई को होश नही आया और फिर कुछ ही देर बाद उसकी मौत हो गई। लईक अहमद के परिवार में पत्नी के अलावा और कोई नहीं हैं। कोतवाली शहर पुलिस ने उसके शव को अपने कब्ज़े में लेते हुए पोस्टमार्टम कराया।

ट्रांसपोर्ट यूनियन अध्यक्ष के जख्मी बेटे की मौत

हरदोई

अमृत विचार। बुधवार को दिनदहाड़े किए गए हमले में कई लोग ज़ख्मी हुए थे, जिसमें ट्रक ट्रांसपोर्ट यूनियन के अध्यक्ष और उनका बेटा भी शामिल था, जिसका मेडिकल कालेज लखनऊ में इलाज चल रहा था। जहां गुरुवार को उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई।

नदीम

बुधवार को कोतवाली देहात के अटवा असिगांव के पूर्व प्रधान सुधीर सिंह अपने भाई प्रमोद सिंह और साथियों के साथ वहां तकरीबन 40 बीघा सरकारी ज़मीन पर रोक के बाद भी वहां लगी गेहूं की फसल को काट रहा था। इसका पता होते ही गांव निवासी व ट्रक ट्रांसपोर्ट यूनियन के अध्यक्ष इदरीस गाज़ी वहां पहुंचे और जबरन फसल काटने का विरोध करने लगे, उसी पर पहले तो उन्हे गाली-गलौज की गई, फिर लाठी-डंडो से हमला कर दिया गया, इतना ही नहीं फायरिंग भी की गई। हमले में इदरीस गाज़ी, उनका 16 वर्षीय पुत्र नदीम, 35 वर्षीय छोटक्कू पुत्र मकुन्दी और 18 वर्षीय निजामू पुत्र अफसर के अलावा कई लोग ज़ख्मी हो गए थे।

घरों में ताला डाल कर हमलावर हुए फरार

हरदोई। हमले में ज़ख्मी हुए नदीम की मौत की खबर गांव पहुंचती, लेकिन उससे पहले हमलावर अपने-अपने घरों में ताला डाल कर फरार हो गए। गांव के कुछ लोगों का कहना है कि हमला करने के बाद से ही हमला बाहर ही बाहर रहे, अगले दिन उनके घर वाले ताला डाल कर कहीं गायब हो गए। पुलिस का कहना है कि हमलावरों की गिरफ्तारी की हर मुमकिन कोशिश की जा रही है।

बीच शहर में पिटाई कर कार में की तोड़फोड़

हरदोई। शहर के बड़ा चौराहा पर बवाल हुआ। कार पर सवार लोगों की पिटाई कर कार में तोड़फोड़ करने का केस दर्ज किया गया है। कोतवाली देहात के अंतिम सिंह पुत्र श्रीपाल सिंह ने आदेश, रजनीश और उनके अज्ञात साथियों के खिलाफ पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि वह अपनी कार से बड़े चौराहे से निकल रहा था, उसी बीच इदरीस गाज़ी की गाड़ी पर सवार लोगों ने कार सवार लोगों की न सिर्फ पिटाई की, बल्कि कार नंबर में तोड़फोड़ की और धमकी देते हुए भाग निकले।

पढ़ाई के साथ-साथ कारोबार में बंटाता था हाथ

हरदोई। ट्रक ट्रांसपोर्ट यूनियन के अध्यक्ष इदरीस गाज़ी के तीन बेटों में नदीम बड़ा था। वह पढ़ाई के साथ-साथ कारोबार में हाथ बंटाता था। उसकी मौत की खबर सुनते ही उसके साथी एकदम से हक्का-बक्का रह गए। पहले तो उन्हें खुद के कानों से सुनी हुई खबर झूठी लगी, लेकिन जब उन्होंने नदीम के घर में मचा कोहराम देखा, तब कहीं जा कर उन्हे यकीन हुआ।

सार-संक्षेप

महाराणा प्रताप की जयंती पर हुआ भंडारे का आयोजन

भंडारे में प्रसाद वितरण करते संस्थान के लोग। अमृत विचार

हरदोई, अमृत विचार। महाराणा प्रताप आदर्श समाज सेवा संस्थान ने वीर शिरोमणि की जयंती धूमधाम से मनाई। इस अवसर पर भंडारे का आयोजन भी किया गया। संस्थान ने वीर शिरोमणि राणा प्रताप के चित्र पर माल्यार्पण किया। दीप प्रज्ज्वलन के साथ उनके बताए हुए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया गया। संस्थान के अध्यक्ष प्रदीप सोनी ने कहा कि महाराणा प्रताप का संघर्ष सभी वर्गों के लिए हुआ। उन्होंने अपने जीवन में पराधीनता स्वीकार न की। वह सभी जातियों के अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष करते रहे। उन्होंने कभी झुकना स्वीकार नहीं किया। संस्थान ने बस स्टैंड के पास भंडारे का आयोजन किया। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री संजीव अग्निहोत्री, कोषाध्यक्ष सत्येंद्र यादव, दिलीप सिंह, अतुल सिंह, राजकुमार यादव, शिवलेश सिंह, प्रदीप गुप्ता, कमल दीक्षित सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

मिट्टी बचाओ अभियान में जुटे बच्चे

मिट्टी बचाओ स्लोगन लिखे पोस्टर लिये बच्चे। अमृत विचार

रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार : मिट्टी और धरती को बचाने के लिए वैश्विक जागरूकता अभियान में बनी कोडर के कंपोजिट विद्यालय उमरापुर तालुक में शिक्षिका आरती साहू और बच्चे भी ईशा फाउंडेशन के फाउंडर सतगुरु जग्गी वासुदेव से प्रभावित होकर जुड़ गए हैं। आरती ने बताया कि समूचे विश्व में मिट्टी की रक्षा के लिए मिट्टी बचाओ अभियान चलाया गया है। दुनिया के कोने-कोने से लोग उस अभियान का हिस्सा बन रहे हैं। वह विद्यालय के बच्चों के साथ मिलकर लोगों को भविष्य में आने वाले मिट्टी के संकट के प्रति जागरूक करने का कार्य कर रही हैं।

तिगुर्जी बड़ी कुटी के महंत राधेश्याम दास ब्रम्हलीन

अंतिम दर्शन के लिए आश्रम पर जुटी श्रद्धालुओं की भीड़। अमृत विचार

देवा, बाराबंकी, अमृत विचार : विकास खंड देवा की ग्राम पंचायत टीपहार स्थित तिगुर्जी बड़ी कुटी के महंत राधेश्याम दास (60) का बुधवार रात स्वर्गवास हो गया। उनके अंतिम संस्कार में गुरुवार को लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। महंत राधेश्याम करीब एक सप्ताह पूर्व बीमार हुए थे और लखनऊ के एक निजी अस्पताल में इलाज कराकर आश्रम आ गये थे। बुधवार की रात करीब 8:30 बजे उनकी तबियत बिगड़ी। जिन्हे लखनऊ के एक निजी हॉस्पिटल पहुंचाया। जहां इलाज के दौरान महंत ब्रम्हलीन हो गये। जिनका अंतिम संस्कार कुटी पर कर दिया गया। जिनको मुखाग्नि उनके श्रेष्ठ शिष्य मेड़ई दास ने दी। अंतिम संस्कार में जनकल्याण किसान एसोसिएशन के चेयरमैन धर्म कुमार यादव, देवा ब्लॉक प्रमुख धर्मेंद्र सिंह यादव, वृंदावन आश्रम देवा के महंत अनमोल दास सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

कल रवाना होंगी पोलिंग पार्टियां

हरदोई, अमृत विचार। जिले में लोकसभा चुनाव के लिए रविवार को पोलिंग पार्टियां रवाना होगी। इस दौरान मतदान केंद्र पर पहुचंने के बाद डॉक्टरों के द्वारा मतदान कर्मियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवा वितरित की जाएगी।लोकसभा चुनाव के लिए 3 दिन बाद 13 मई को मतदान होना है। गुरुवार को डीएम मंगला प्रसाद सिंह ने चिट्ठी जारी करते हुए कहा कि पोलिंग पार्टियों की रवानगी से पहले स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सकों द्वारा मतदान कर्मियों के स्वास्थ्य की जांच की जाएगी। जब यह कर्मचारी मतदान केंद्र पर पहुचंगे तो डॉक्टरों की टीम पोलिंग बूथ पर इन लोगो का स्वास्थ्य परीक्षण करेगी। कोई दिक्कत होने पर दवा दी जाएगीं।

अक्षय तृतीया आज, सर्राफा बाजार में विशेष तैयारियां

हरदोई

अमृत विचार। अक्षय तृतीया शुक्रवार को है। अक्षय तृतीया के शुभ मुहूर्त पर सोने-चांदी की खरीददारी करते हैं। इस दिन भगवान विष्णु की विशेष पूजा की जाती है।

नगर के राम जानकी मंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य मैथिलीशरण ने बताया कि अक्षय तृतीया के दिन भगवान परशुराम का जन्म हुआ था। इस दिन भगवान विष्णु के चरणों से धरती पर माता गंगा अवतरित हुए थी। सतयुग, द्वापर व त्रेता युग के प्रारंभ की गणना इसी दिन से होती है। यह पर्व वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया को मनाया जाता है। हिंदू धर्म में अक्षय तृतीया का विशेष महत्व होता है। यह दिन प्रत्येक कार्य के लिए शुभ माना जाता है। इस दिन कोई भी मांगलिक कार्य किया जा सकता है। वाहन, सोने आदि की खरीददारी के लिए भी यह दिन सबसे उत्तम होता है। भगवान कृष्ण ने युधिष्ठर को अक्षय पात्र इसी दिन दिया था। इस दिन स्नान, दान, तर्पण आदि जो भी भी दिए जाते हैं वह सब अक्षय हो जाते हैं। अक्षय तृतीया के चलते कई नामी सोना विक्रेता कंपनियों ने 20 से लेकर 30 प्रतिशत की छूट इस बार खरीद में दे रखी है जो 12 मई तक चलेगी।

नकली विदेशी शराब बनाने वाले धरे गए

हरदोई, अमृत विचार। पुलिस ने इम्पीरियल ब्लू, मैक डावल्स और रॉयल स्टेज जैसी विदेशी शराब को फर्ज़ी तरीके से तैयार कर उसे बेंचने वाले तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस की पकड़ में आने वाले दो नई दिल्ली के हैं। आबकारी इंस्पेक्टर गिरिराज सिंह ने नई दिल्ली के बी-56 मांगेराम पार्क बुद्ध विहार फेस-1 के रामकृष्ण पुत्र हनुमान प्रसाद, वहीं के बुद्ध विहार फेस-2 कालू कालोनी निवासी अखिलेश पुत्र गिरेन्द्र और कोतवाली देहात के कन्या थोक बहर के गुड्डू के खिलाफ केस दर्ज कराया है। तहरीर में कहा है कि गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्ज़े से विदेशी शराब की पैकिंग और शराब बनाने का सामान, दिल्ली के नंबर की बाइक बरामद की है।

दीवार के नीचे दब कर महिला की मौत, एक बकरी भी मरी

- फुफेरे भाई का आरोप, धक्का दे कर जबरिया गिराई गई दीवार

हरदोई

अमृत विचार। घर से बखरिया बांधने जा रही महिला के ऊपर दीवार गिर पड़ी, जिसके मलबे में दब कर उसकी मौत हो गई। साथ ही उसकी दो बकरियां भी दब गई, जिसमें से एक मर गई, दूसरी घायल हो गई। महिला के फुफेरे भाई ने गांव के कुछ लोगों पर धक्का दे कर जबरन दीवार गिराने का आरोप लगाया है।

कोतवाली शहर के कसरावां की 30 वर्षीय धूपा पत्नी नारायण गुरुवार की भोर पहर घर से बाहर अपनी बकरियां बांध रही थी, उसी बीच उसी की दीवार उसके ऊपर भर-भरा कर गिर पड़ी। धूपा और उसकी दो बकरियां दीवार के मलबे में दब गई। इसका पता होते ही गांव के लोग दौड़ पड़े और मलबा हटा कर धूपा को बाहर निकाला, लेकिन उससे पहले उसकी मौत हो चुकी थी। उसकी एक बकरी मर गई और दूसरी घायल हो गई। हादसा होने से वहां हड़कंप मच गया। महिला के फुफेरे भाई प्रमोद पुत्र जगदीश निवासी गौरपुर थाना सुरसा का आरोप है कि गांव के ही कुछ लोगों ने दीवार को जबरिया धक्का मार कर गिरा दिया। पुलिस का कहना है कि जांच की जा रही है।

सफलता मन को एकाग्र करके पढ़ाई करना ही सफलता का राज

रोडवेज प्रबंधक के पुत्र ने यूपीएससी में हासिल की 96 रैंक

हरदोई

अमृत विचार। हरदोई में राज्य सड़क परिवहन में कार्यरत सेवा प्रबंधन के पद पर तैनात रमेश कुमार के पुत्र महर्षि कुमार ने यूपीएससी के एग्जाम में 96 रैंक लाकर अपने जनपद का नाम रोशन किया है।

महर्षि कुमार

महर्षि कुमार बचपन से ही पढ़ाई में काफी रुचि रखते थे। बच्चों की रुचि को देखते हुए उनके माता-पिता ने उनको लगातार अच्छी शिक्षा प्रदान कराई। जिसके चलते रमेश कुमार के पुत्र महर्षि कुमार का भारतीय वन सेवा में चयन हुआ है। महर्षि की उपलब्धि को लेकर उनके माता-पिता परिजनों गुरुजनों में खुशी का माहौल है।लगातार महर्षि कुमार उनके पिता रमेश कुमार को उनके इष्ट मित्रों परिजनों के द्वारा बधाई देने का कर्मचारी है।

सागर के है महर्षि कुमार

सागर मध्य प्रदेश के रहने वाले रमेश कुमार के पुत्र महर्षि कुमार ने दसवीं और बारहवीं की शिक्षा डीपीएस आजाद नगर कानपुर से प्राप्त की थी। महर्षि कुमार ने 10वीं और 12वीं में 98% अंक प्राप्त किए थे जिसके बाद उनके द्वारा बीटेक आईआईटी कानपुर से किया गया था।महर्षि कुमार अपनी सफलता के पीछे अपने परिजनों और गुरुजनों का सहयोग और मार्गदर्शन बताया हैं। महर्षि कुमार ने बताया कि आज वह जिस मुकाम पर हैं उसके लिए उन्हें 18 घंटे की कम से कम पढ़ाई करनी पड़ी थी। कड़ी मेहनत और परिश्रम के चलते आज उन्होंने देश में यूपीएससी परीक्षा में 96 रैंक प्राप्त की है।महर्षि कुमार कहते हैं कि कोई भी परीक्षा कठिन नहीं होती बस थोड़ी सी मेहनत करके पढ़ाई करने की आवश्यकता होती है। महर्षि ने अपनी सफलता के पीछे अपने स्कूल और स्कूल में पढ़ाने वाले गुरुजनों का आभार व्यक्त किया। महर्षि कुमार के पिता राज्य सड़क परिवहन में सेवा प्रबंधक के पद पर हरदोई में कार्यरत हैं वहीं इनकी मां प्रभा कुमार गृहणी है।

महर्षि ने बताया कि 2023 में यूपीएससी की परीक्षा हुई थी जिसमें 26 नवंबर और 3 दिसंबर 2023 को इंटरव्यू हुआ था जिसके बाद 22 अप्रैल को पर्सनालिटी टेस्ट हुआ और 01 मई को यूपीएससी का परिणाम घोषित हुआ। महर्षि ने बताया कि वह पर्यावरण को बचाने के लिए काम करेंगे।पर्यावरण को कैसे सुरक्षित रखा जा सकता है इसके लगातार प्रयास करेंगे। महर्षि ने कहा कि दिन-पर दिन ग्लोबल वार्मिंग की समस्या बढ़ रही है ऐसे में पेड़ पौधों को सुरक्षित रखना उनकी प्राथमिकता होगी साथ ही लोगों को पेड़ पौधे लगाने के लिए जागरूक करने का भी उनके द्वारा काम किया जाएगा।महर्षि कुमार ने कहा कि जो भी यूपीएससी की तैयारी कर रहा है या अन्य किसी परीक्षा को लेकर तैयारी कर रहा है उसको बस मन को एकाग्र करके पढ़ाई करनी चाहिए। हमे असफलता से कभी घबराना नहीं चाहिए।कठिन परिश्रम से एक दिन मुक़ाम अवश्य मिलेगा।

संदिग्ध परिस्थितियों में हुई गर्भवती की मौत

हरियावां, हरदोई, अमृत विचार। करीब आठ महीनों से मायके में रह रही आठ महीने की गर्भवती की संदिग्ध हालत में मौत हो गई, हरियावां थाने के उमर सेड़ा निवासी राजेन्द्र कश्यप ने करीब एक साल पहले अपनी 23 वर्षीय पुत्री अनुराधा की शादी पिहानी कोतवाली के बूढ़ा गांव निवासी आकाश पुत्र नन्हे के साथ की थी। जैसा कि बताते है कि अनुराधा गर्भवती हो गई, उसका पति उसे उसके मायके छोड़ गया था। गुरुवार को उसकी तबियत बिगड़ गई, मायके वाले उसे सीएचसी ले कर पहुंचे, जहां से उसे मेडिकल कालेज के लिए रिफर कर दिया गया। अनुराधा की वहां पहुंचने के कुछ देर बाद ही मौत हो गई।

एक नजर

सीएम की जनसभा के बाद वाहनों की लगी कतार

सीतापुर। बिसवां विधानसभा क्षेत्र के कंदुनी स्थित स्टेडियम में सीएम योगी की जनसभा के खत्म होते ही ग्रामीणों सहित दूर दराज से आये सुरक्षा में लगे पुलिसकर्मियों सहित जनप्रतिनिधियों की एक साथ जाने की होड़ लग गई। गाड़ियों की संख्या अधिक होने के चलते सिधौली-बिसवां मार्ग पर वाहनों की लम्बी कतार लग गई। हर किसी को जल्दी जाने की होड़ में बेतरतीब लगे वाहनों से काफी देर तक लोगों को जाम की समस्या से जूझना पड़ा। जाम को खुलवाने में लगे पुलिसकर्मियों को कई मार्गों पर वाहनों के डायवर्जन कर कड़ी धुप में मशक्कत के बाद जाम से लोगों को निजात मिली।

धूमधाम से मनाई महाराणा प्रताप की जयंती

हरगांव, सीतापुर, अमृत विचार। हरगांव क्षेत्र के झरेखापुर चौराहे पर श्रीराम क्षत्रिय सेना के जिला अध्यक्ष विमल सिंह गौर के नेतृत्व में महाराणा प्रताप की जयंती धूमधाम से मनाई गई। क्षत्रिय समाज के लोगों ने महाराणा प्रताप के चित्र पर पुष्प अर्पित किए।इस अवसर पर दलजीत सिंह सूर्यवंशी, ध्रुव सिंह, वैश्य, विशाल सिंह तोमर ,संत बक्स सिंह तोमर, आशुतोष सिंह गौर, सत्य प्रकाश सिंह, सौमित्र सिंह, विकास विक्रमसिंह ,अमित सिंह, अमल सिंह, दिवाकर सिंह ,राम प्रताप सिंह आदि लोग एकत्रित हुए संगठन के पदाधिकारियों द्वारा महाराणा प्रताप की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस दौरान अनेक पदाधिकारियों ने महापुरुष की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। उनके विचारों को साझा करते हुए जीवनी पर प्रकाश डाला।

प्रशिक्षण से 33 मतदान कार्मिक गैरहाजिर

सीतापुर, अमृत विचार। जिला विकास अधिकारी/सहायक प्रभारी अधिकारी (मतदान कार्मिक) हरिश्चन्द्र प्रजापति ने बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में तैनात किये गये विधानसभा सिधौली के मतदान कार्मिकों की 428 पार्टियों को प्रशिक्षण गुरूवार को जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल निकट टोल प्लाजा में प्रदान किया गया। इस प्रशिक्षण में 09 पीठासीन अधिकारी, 04 मतदान अधिकारी प्रथम, 11 मतदान अधिकारी द्वितीय एवं 09 मतदान अधिकारी तृतीय अनुपस्थित रहे। इस प्रकार कुल अनुपस्थित 33 कर्मियों के कार्यालध्यक्षों को उनके विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही करने के निर्देश दिये जा रहे हैं।

नुक्कड़ सभा कर मांगा जनसमर्थन

रामपुर मथुरा, सीतापुर, अमृत विचार। सांसद राजेश वर्मा ने ग्राम सभा गड़चपा स्थित मां कालिका देवी मंदिर में शाम को नुक्कड़ सभा कर लोगों से भारतीय जनता पार्टी को वोट देने की अपील की और नरेंद्र मोदी को पुन: प्रधानमंत्री बनाने की अपील की। सभा में मुख्य रूप से जीत सिंह, मुन्ना वर्मा, जगदंबा तिवारी, छोटकन्नू अवस्थी, पूर्व प्रधान रामवृक्ष, प्रधान श्री प्रकाश वर्मा, मन्नू सिंह, प्रधान विमल कुमार वर्मा, कल्लू वर्मा, विवेक सिंह आदि लोग शामिल हुए।

संदिग्ध परिस्थितियों में युवती लापता

लहरपुर। ग्राम अकबरपुर में बाजार गई एक 21 वर्षीय युवती संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। पंकज कुमार पुत्र काशीराम निवासी ग्राम अकबरपुर ने कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि, उनके पुत्री आयुषी श्रीवास 21 वर्ष अपनी छोटी बहन के साथ बुधवार को अकबरपुर बाजार कपड़े सिलवाने गई थी, जो कि संदिग्ध परिस्थितियों में अकबरपुर बाजार से लापता हो गई। छोटी बहन ने आयुषी श्रीवास के गायब होने की सूचना परिजनों को दी। पिता पंकज कुमार ने बताया कि आयुषी श्रीवास का मानसिक संतुलन ठीक नहीं था, जो कहीं चली गई है। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी मुकुल प्रकाश वर्मा ने बताया कि पंकज कुमार की तहरीर पर गुमशुदगी दर्ज कर लापता युवती का पता लगाया जा रहा है।

राम भक्त और रामद्रोहियों के बीच हो रहा है चुनाव : योगी

मुख्यमंत्री के खास निशाने पर रही समाजवादी पार्टी, बोले आतंकवादियों और अपने परिवार की पक्षधर है सपा

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

अमृत विचार। सदर लोकसभा संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत बिसवां विधानसभा के कंदुनी गांव में उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भाजपा प्रत्याशी राजेश वर्मा के समर्थन में चुनावी जनसभा को संबोधित किया। उ्रन्होंने मां ललिता देवी व महर्षि दधीच को प्रणाम करते हुए राष्ट्र नायक महाराणा प्रताप की जयंती पर उपस्थित जनसमूह को बधाई दी। मुख्यमंत्री ने बताया कि तीन चरण का मतदान पूर्ण हो चुका है, चौथे चरण में आपको मतदान करना है। तीन चरणों के मतदान से देश में फिर एक बार मोदी सरकार की आवाज आ रही है।

मुख्यमंत्री को राम मंदिर का मॉडल भेंट करते सदर प्रत्याशी राजेश वर्मा व मंच पर मौजूद भाजपा जिलाध्यक्ष, एमएलसी, विधायक व जिला पंचायत अध्यक्षा। अमृत विचार

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सपा पर खास निशाना साधते हुये कहा कि 2024 का यह चुनाव राम भक्तों और रामद्रोहियों के बीच है, एक तरफ वह लोग हैं जो सनातन आस्था का सम्मान करते हैं और प्रभु श्री राम का मंदिर बनाकर स्वयं को गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं तो दूसरी तरफ वह लोग हैं जो कहते हैं कि मंदिर निर्माण की कोई आवश्यकता नहीं थी, यह बेकार में बनाया गया है। ऐसे लोग जिनको सनातन आस्था से कोई मतलब नहीं है। ऐसी समाजवादी पार्टी केवल अपने परिवार और आतंकवादियों की पक्षधर है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब राम भक्त पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह का निधन हुआ था तब अखिलेश यादव ने संवेदना के दो शब्द भी नहीं कहे थे और अभी प्रदेश में एक माफिया की मृत्यु हुई थी तो उसके घर जाकर फातिहा पढ़ रहे थे। अखिलेश यादव जब मुख्यमंत्री थे तो उन्होंने धार्मिक स्थलों पर बम फोड़ने वाले आतंकवादियों का केस वापस लेने का प्रयास किया था। आज मोदी सरकार में किसी भी तरीके की आतंकवादी घटना नहीं हो रही है। आज अगर कोई पटाखा भी जोर से फटता है तो पाकिस्तान सफाई देता है कि इसमें मेरा कोई हाथ नहीं है।

विकास के क्षेत्र में अयोध्या काशी के विकास के साथ-साथ नैमिषारण्य का भी विकास शुरू हो गया है। आज नैमिषारण्य को फोर लाइन से जोड़ा जा रहा है, यात्री विश्रामगृह बनाए जा रहे हैं और हेलीकॉप्टर सुविधा शुरू होने जा रही है जिससे यहां विकास होगा और रोजगार बढ़ेगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 10 करोड़ परिवारों को उज्जवला गैस योजना के तहत रसोई गैस दी है। 80 करोड़ गरीब परिवारों को मुफ्त राशन मिल रहा है। 6 करोड़ गरीब आयुष्मान योजना के तहत प्रतिवर्ष 5 लाख तक का फ्री इलाज करा रहे हैं। 50 करोड़ गरीबों के जनधन खाते खुले गए हैं। 12 करोड़ किसान सम्मान निधि पा रहे है। मुख्यमंत्री ने सभी पदाधिकारी कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों से शेष बचे दिनों में जनता के मध्य जाकर मतदान के लिए लोगों को जागरूक करने की अपील भी की। सांसद प्रत्याशी राजेश वर्मा को कमल के खाने वाले बटन को दबाकर भारी बहुमत से जीताने की अपील भी की।

▸▸ सदर लोकसभा के संसदीय क्षेत्र बिसवां विधानसभा के कंदुनी में बिसवां विधायक ने आयोजित की जनसभा

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला ने मुख्यमंत्री का स्वागत एवं अभिनंदन किया। कार्यक्रम में भाजपा सांसद प्रत्याशी राजेश वर्मा, जिला प्रभारी नीरज सिंह, सदस्य विधान परिषद पवन सिंह चौहान, विधायक बिसवां निर्मल वर्मा सहित कार्यकर्ता पदाधिकारी एवं समर्थक उपस्थित रहे।

रैली निकाल कर मतदान के प्रति किया जागरूक

लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार। आगामी लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने एवं शत प्रतिशत मतदान करने व अन्य लोगों को मतदान करने के लिए जागरूक करने के उद्देश्य से, भारत विकास परिषद की स्थानीय इकाई के द्वारा बृहस्पतिवार को मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। रैली में शामिल भारत विकास परिषद के सदस्यों ने सभी से पहले मतदान करें फिर जलपान करें को लेकर जागरूक किया।

इस मौके पर खतराना चौराहे पर आयोजित संगोष्ठी में बोलते हुए रमेश मेहरोत्रा व संजू पुरी ने उपस्थित लोगों को जागरुक करते हुए मतदान में अवश्य भाग लेने की अपील की उन्होंने इस मौके पर एक एक मत के महत्व की जानकारी दी और कहा कि सशक्त भारत के निर्माण के लिए आपका मत एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है इसलिए सभी लोग पहले मतदान करें फिर कोई दूसरा काम करें। इस मौके पर प्रमुख रूप से प्रमोद कपूर, अनुज मेहरोत्रा, बब्बन टंडन सहित भारी संख्या में भारत विकास परिषद के सदस्य उपस्थित थे।

सीएम की होर्डिंग ले जाने को लेकर भिड़े लोग

सीएम योगी की होर्डिंग को ले जाने के दौरान दो युवकों में होती भिड़ंत। अमृत विचार

सीतापुर, अमृत विचार। जनसभा के समापन के उपरांत स्टेडियम में लगे सीएम और पीएम के होर्डिंग-बैनर को ले जाने को लेकर वहां मौजूद लोगो आपस में भिड़ गये। सीएम के हेलीकाप्टर के उड़ते ही वहां मौजूद भीड़ में से कई ग्रामीण सीएम योगी के एक होर्डिंग को लेकर जनसभा स्थल से लेकर बाहर निकलने की फिराक में था।

बताया जाता है कि इस दौरान स्टेडियम में कार्यरत मजदूर ने होर्डिंग को ले जाने से मना किया और होर्डिंग को युवक से छीनने का प्रयास करने लगा। इस दौरान दोनों के बीच तीखी हड़प हो गई और झड़प के उपरान्त युवक होर्डिंग के बैनर को फाड़कर वहां से भाग निकला। इसके साथ ही कुछ ग्रामीण होर्डिंग और कटआउट को ले जाने में कामयाब भी रहे।

सुरक्षा में चूक: सीएम के मंच से उतरते ही 'डी' घेरे से गायब हुए सुरक्षाकर्मी

▸▸ सीएम स्विज कोर्टेज में नेताओं से करते रहे मुलाकात, बैरिकेटिंग फांदकर डी में घुसे लोग

फुएक अरशद, सीतापुर

अमृत विचार। बिसवां में जनसभा को सम्बोधित करने के बाद सीएम योगी आदित्यनाथ के मंच से उतरते ही सुरक्षाघेरे में बड़ी चूक सामने आई है। यहां सीएम के मंच के सामने सीएम स्विज कॉटेज में चले गए। सीएम के हटते ही मंच के सामने डी में लगे सुरक्षाकर्मी भी देखते ही देखते एक-एक कर गायब हो गये। सीएम की सुरक्षा में यह बड़ी चूक होना बताया जा रहा है।

बताया जाता है कि सीएम की सुरक्षा को लेकर बे-परवाह जिम्मेदारों ने सीएम को हेलीकॉप्टर तक सुरक्षा घेरे में रुकने की जहमत नहीं उठाई। नतीजा यह कि वीआईपी दीर्घा खाली होते ही पब्लिक के लोग डी में कूदकर सीएम और पीएम के लगे कटआउट लेने की होड़ मच गई। मीडिया के कैमरों को देखते ही प्रभारी निरीक्षक अटरिया रोहित दुबे अपनी ड्यूटी को छोड़कर डी में पहुंचकर वहां मौजूद जनता को हटाकर डी की सुरक्षा में खड़े हो गये। सीएम योगी के स्विज कॉटेज से निकलकर हेलीपैड तक पहुंचने तक डी की सुरक्षा अटरिया सहित अन्य पुलिसकर्मी संभालते हुए नजर आये। मालूम हो कि लोकसभा चुनाव के चैथे चरण का मतदान 13 मई को होना है। 11 मई को चुनाव प्रचार के थमने से पहले सत्ताधारी पार्टियों के स्टार प्रचारक लगातार चुनाव प्रचार में लगे हुए है। इसी कड़ी में सीएम योगी गुरुवार को बिसवां विधानसभा में जनसभा को सम्बोधित करने पहुंचे थे।

मंच के सामने डी में घुसा युवक कटआउट ले जाने का करता प्रयास और सुरक्षाकर्मियों से खाली पड़ी डी। अमृत विचार

पुल न बनने पर करेंगे चुनाव बहिष्कार

सिधौली, सीतापुर, अमृत विचार। मोहनलालगंज सीट के अन्तर्गत आने वाली चार ग्राम पंचायतों ने पुल की मांग पूरी न होने के चलते संसदीय चुनाव के बहिष्कार का ऐलान कर नेताओं की नींद उड़ा दी है।

गौरतलब है कि मोहनलालगंज क्षेत्र में 20 मई मतदान होना है। इससे पूर्व ही विकासखण्ड गोन्दलामऊ की चार ग्राम पंचायतों के मतदाताओं ने सरायन नदी पर पुल बनाने की उनकी पुरानी मांग को राजनैतिक दलों द्वारा गंभीरता से न लेने के चलते मतदान का बहिष्कार करने की घोषणा कर दी है। इन गांवों में चांदपुर, बगुलापारा, भीखपुर, जल्लाबाद और फिरोजपुर शामिल हैं। मुख्य चुनाव आयुक्त को भेजे गये प्रार्थनापत्र में मतदाताओं ने बताया कि वे मोहनलालगंज (सु0) संसदीय क्षेत्र की विधान सभा सिधौली (सु.) के मतदाता है। विकासखण्ड गोन्दलामऊ की ग्राम पंचायत चांदपुर में सरायन नदी पर चांदपुर पुल के निर्माण के संबंध में लम्बे समय से मांग की जा रही है, यदि चांदपुर घाट का निर्माण हो जाए तो हिण्डौरा, कुर्सी व बालपुर ग्राम पंचायतों के समस्त गांवों का आवागमन सुगम हो जाएगा। चांदपुर से सिधौली तहसील मुख्यालय मात्र 07 किलोमीटर दूर है। जबकि दूसरे तरफ से घूमकर सिधौली पहुंचने के लिए 22 किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ती है। इस पुल के निर्माण हेतु दर्जनों बार सर्वे किया जा चुका है, लेकिन कतिपय कारणों से अभी तक पुल का प्रस्ताव स्वीकृत नहीं हुआ है। चांदपुर के इस पार जल्लाबाद में राजकीय इण्टर कॉलेज है तथा पुल बन जाने से दूसरी ओर के बच्चों को बहुत लाभ हो सकता है। मतदाताओं ने कहना है कि राजनैतिक दलों की उदासीनता को देखते हुए उन्होंने संसदीय चुनाव के बहिष्कार का निर्णय लिया है।

सरायन नदी किनारे प्रदर्शन करते ग्रामीण। अमृत विचार

▸▸ चार ग्राम पंचायतों का चुनाव बहिष्कार का ऐलान

दो पक्षों में चले लाठी-डंडे आधा दर्जन लोग घायल

वीडियो वायरल

▸▸ शादी समारोह के दौरान दो पक्षों के बीच चली लाठियां, आठ लोगों पर केस दर्ज

महमूदाबाद, अमृत विचार। कोतवाली क्षेत्र के नूरपुर वार्ड में बुधवार देर शाम दो पक्षों में खूनी संघर्ष हो गया। आपसी रंजिश को लेकर जमकर लाठी डंडे चले, जिसमें आधा दर्जन लोग घायल हो गए। घटना का वीडियो वायरल होने के बाद दोनों पक्षों की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया।

नूरपुर वार्ड के रहने वाले निजामुद्दीन और इस्माइल आपस में साढ़ू हैं। कुछ दिन पूर्व किसी बात को लेकर इन दोनो के बीच विवाद हुआ था। पुलिस ने निजामुद्दीन के विरुद्ध शांति भंग की कार्रवाई की थी। बुधवार देर शाम एक शादी में दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए और विवाद हो गया, जिसमें जमकर लाठी डंडे चले। दोनों पक्षों के बीच हुए इस खूनी संघर्ष में करीब आधा दर्जन लोग दोनों ओर से घायल हो गए। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर आठ लोगों पर मारपीट का मुकदमा दर्ज कर घायलों का चिकित्सकीय परीक्षण कराया। निजामुद्दीन का बेटा समीर और इस्माइल के पक्ष के दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए जिनको जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। कोतवाल अनिल सिंह का कहना है कि दोनों पक्षों की ओर से आठ लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। मारपीट में गंभीर रूप घायल तीन लोगों का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है, मेडिकल रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

सार-संक्षेप

लोकतंत्र की मजबूती के लिए जरूरी है मतदान

मतदान जागरूकता रैली निकालते कॉलेज के छात्र। अमृत विचार

लहरपुर सीतापुर, अमृत विचार। आगामी लोकसभा चुनाव में मत प्रतिशत बढ़ाने व लोगों को मतदान के लिए जागरूक करने के उद्देश्य से बृहस्पतिवार को स्थानीय आदर्श कैलाशनाथ इंटर कॉलेज कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक, सेविकाओं ने एक मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया। जिसमें एनएसएस के स्वयंसेवक, सेविकाओं ने प्रतिभाग कर लोगों को शत प्रतिशत मतदान के लिए जागरूक किया। कार्यक्रम अधिकारी विजय कुमार निगम ने स्वयंसेवक व सेविकाओं को जागरूक करते हुए उन्हें लोकतंत्र की मजबूती के लिए शत प्रतिशत मतदान करने के लिए प्रेरित किया और अपने आस पड़ोस के लोगों को भी मतदान अवश्य करने के लिए प्रेरित करने की अपील की। प्रधानाचार्य अवधेश कुमार अवस्थी ने सभी से स्वयं मतदान करने व दूसरों को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करने का आवाहन किया। कार्यक्रम में रमेश चंद्र मिश्रा, विनोद कुमार शुक्ला, नीता सिंह, कृष्ण चंद्र द्विवेदी, रियाज अहमद, अंकित कुमार, संजीत मिश्रा, शिवकुमार मिश्रा सहित राष्ट्रीय सेवायोजना के स्वयंसेवक सेविका उपस्थित थे।

नाबालिग को बहला-फुसला कर भगा ले गया युवक

सदरपुर। ग्राम रण्डा खुर्द मजरे अहिबनपुर निवासिनी एक महिला ने गांव के दो युवकों पर अपनी पुत्री को भगा ले जाने का आरोप लगाया। पुत्री की माता ने गुरुवार को थाना सदरपुर में प्रार्थना पत्र देते हुए आरोप लगाया है कि उसकी 16 वर्षीय पुत्री घर से शौच करने के लिए गांव के पड़ोस खेतों की तरफ गई थी। आरोप है कि गांव के ही सोनू उर्फ आरके पुत्र राजेन्द्र उसकी पुत्री को अपने साथ बहला-फुसला कर भगा ले गया है। जिसमें उसका सहयोग सोनू के परिवार का ही अनिकेत पुत्र सुरेश का कर रहा है। लड़की की मां ने बताया कि उसने अपनी पुत्री की काफी तलाश की, लेकिन उसका कहीं पता नहीं चल पाया है। सदरपुर थानाध्यक्ष राकेश सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है, जांचोपरांत आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

पैदल मार्च कर पुलिस व अर्द्धसैनिक बल ने की शांति की अपील

अर्द्धसैनिक बल के साथ गश्त करते कोतवाली प्रभारी। अमृत विचार

लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार। आगामी लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्वक संपन्न करने के उद्देश्य से कोतवाली प्रभारी मुकुल प्रकाश वर्मा व अर्धसैनिक बलों ने नगर व ग्रामीण क्षेत्रों के विभिन्न मार्गों पर पैदल मार्च कर लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। बृहस्पतिवार को क्षेत्र के ग्राम केसरीगंज, नबीनगर, किशनपुर, बिलरिया, लालपुर बाजार, अकबरपुर व नगर के शहर बाजार, मजाशाह चैराहा, गुरखेत बाजार, पराग शाह चैराहा, बिसवां तिराहा गेट होते हुए खतराना चैराहा, पाटनदीन चैराहा सहित विभिन्न मार्गों पर पैदल मार्च कर लोगों से शांति व्यवस्था बनाएं रखने की अपील की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि सभी लोग आगामी 13 तारीख को शत प्रतिशत मतदान करें और क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखें।

सुख-सुविधाओं के बदले महाराणा प्रताप ने चुना संघर्ष का रास्ता

महाराणा प्रताप की 484वीं जयंती पर आयोजित गोष्ठी में मौजूद पदाधिकारी।

सीतापुर। देश के गौरव व स्वाभिमान के प्रतीक शूरवीर महाराणा प्रताप की 484वीं जयंती के अवसर पर गोष्ठी का आयोजन महाराणा प्रताप पार्क में किया गया। जिसमें मौजूद अतिथियों ने महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस दौरान अवनेंद्र विक्रम सिंह ने कहा कि महाराणा प्रताप प्रथम स्वाधीनता के नायक थे। देवेंद्र सिंह भदौरिया ने कहा कि महाराणा प्रताप सम्राट अकबर से हल्दी घाटी में लड़ाई लड़ रहे थे, उस समय लोहड, बड़ैया, कुंजर, कोल,मील, किरात, गौड़ जातियों ने अपनी जान की बाजी लगाते हुए महाराणा प्रताप की मदद की थी। शैलेन्द्र सिंह चौहान ने कहा कि महाराणा प्रताप ने संघर्ष का कठोर मार्ग अपनाकर समस्त मेवाड़ को जन संघर्ष का रूप दिया। इस दौरान अवनेंद्र विक्रम सिंह, देवेंद्र सिंह भदौरिया, शैलेन्द्र सिंह चैहान, हिमांशु सिंह मोनू, मनोज सिंह, प्रभाकर, शैलेन्द्र आदि उपस्थित रहे।

आपदा में अवसर तलाशते लोग

भीषण गर्मी और चिलचिलाती धूप के बीच सीएम योगी की जनसभा में लोगों को रोजगार के साधन भी उपलब्ध हुए। चिलचिलाती धूप में गले को तर करने के लिए लोगों को पानी उपलब्ध कराने के लिए ग्रामीण जगह-जगह पर पानी के स्टॉल लगाकर दो वक्त की रोटी के जुगत में लगे रहे। वहीं अमृत विचार के कैमरे में सीतापुर की एक तस्वीर ऐसी कैद हो गई जिसमें एक पुरुष और एक महिला खाली पड़ी पानी और कोल्ड ड्रिंक को बोतलों को इकट्ठा कर उसे कबाड़ में बेचकर चार पैसे कमाने की जुगत में लगे थे। युवक ने बताया कि आज पूरे दिन की कमाई आज एक ही जगह से हो गई है। इन खाली बोतलों को बेचकर जो पैसे मिलेंगे वह तो अगले दो दिनों में भी नहीं मिल पाते। अमृत विचार

मुहिम हाथों में मतदाता जागरूकता संबंधी स्लोगन लिखी पट्टियां लेकर घूमे छात्र

घर-घर जाकर मतदान के प्रति किया जागरूक

सीतापुर, अमृत विचार। लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय के निर्देशानुसार एएनडीटीटी पीजी कॉलेज ने नगर के दौलतपुर गांव को गोद लिया और उसी के तहत गुरुवार को बीएड एवं एमएड के छात्र-छात्राओं ने प्राचार्य प्रोफेसर एसपी सिंह तथा स्वीप संयोजक डॉक्टर अरविंद प्रकाश के नेतृत्व में शत प्रतिशत मतदान के लिए घर-घर मतदाता जागरूकता अभियान चलाया। साथ ही सभी को इस बात के लिए प्रेरित किया गया कि 13 मई 2024 को लोकसभा सामान्य निर्वाचन में मतदान अवश्य करें। इस अभियान में प्राध्यापक गण प्रोफेसर प्रनिता सिंह, प्रोफेसर सुनील कुमार, डॉ. दीपा अवस्थी, डॉ. नितिन कुमार पांडे, डॉ. मोहम्मद इमरान, राज कीर्ति रस्तोगी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। विद्यार्थियों ने हाथों में मतदाता जागरूकता संबंधी स्लोगन लिखी पट्टियां और बैनर लेकर और हर एक मतदाता से संपर्क कर शत प्रतिशत मतदान करने की अपील की गई।

मतदान की अपील करते छात्र-छात्राएं और अध्यापक। अमृत विचार

अमृत विचार
www.amritvichar.com

एक : क्षमावतां दोषो द्वतीयो नोपपद्यते।
यदेनं क्षमया युक्तमशक्तं मन्यते जन : ॥

क्षमाशील व्यक्तियों में क्षमा करने का गुण होता है, लेकिन कुछ लोग इसे उसके अवगुण की तरह देखते हैं। यह अनुचित है।

संपादकीय

दूरियां पाटने की कोशिश

मालदीव के विदेश मंत्री मूसा जमीर की पहली भारत यात्रा को भारत-मालदीव के बीच दूरियां कम करने की कोशिश के रूप में देखा जा रहा है। मालदीव हिंद महासागर क्षेत्र में भारत का प्रमुख समुद्री पड़ोसी देश है। विदेश मंत्री जमीर की यात्रा से दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय सहयोग को और गति मिलने की उम्मीद है। करीब छह महीने पहले राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू के पदभार संभालने पर दोनों देशों के बीच संबंधों में तनाव आने के बाद से मालदीव की ओ्र से यह पहली उच्च-स्तरीय यात्रा है। मुइज्जू जितने भारत विरोधी हैं, उतने ही चीन के समर्थक भी। हाल ही में मालदीव और चीन के बीच कई अहम समझौते भी हुए हैं। राष्ट्रपति चुनाव के दौरान उन्होंने 'इंडिया आउट' का कैंपेन चलाया था। मुइज्जू 'इंडिया आउट' के नारे के दम पर चुनाव जीते थे और उन्होंने राष्ट्रपति बनते ही पहले तुर्की और फिर चीन की यात्रा की थी। मुइज्जू के मालदीव में तीन विमानन प्लेटफॉर्म का संचालन करने वाले लगभग 90 भारतीय सैन्यकर्मियों की वापसी पर जोर देने के बाद द्विपक्षीय संबंधों में तनाव में आ गया। इस बीच भारत ने अब तक अपने 51 सैनिकों को वापस बुला लिया है। राष्ट्रपति मुइज्जू ने अपने देश से सभी भारतीय सैनिकों की वापसी के लिए 10 मई की समय सीमा निर्धारित की है। ऐसे में मूसा जमीर की भारत यात्रा को कई मायनों में खास माना जा रहा है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि भारत-मालदीव संबंधों का विकास आपसी हितों, पारस्परिक संवेदनशीलता पर आधारित है। 1965 में जब मालदीव आजाद हुआ था, तो भारत उन देशों में शामिल था, जिसने उसे सबसे पहले मान्यता दी थी।

गौरतलब है कि भारत कई अवसरों पर मालदीव के लिए सबसे पहले आगे बढ़कर मदद देने वालों में रहा है। भारत मालदीव को विकास सहायता देने वाले देशों में भी प्रमुख है। भारत की कई परियोजनाओं से मालदीव के लोगों को लाभ हुआ। इनमें बुनियादी ढांचा परियोजनाओं और सामाजिक पहल से लेकर चिकित्सा निकासी और स्वास्थ्य केंद्र तक शामिल हैं। भारत ने अनुकूल शर्तों पर वित्तीय सहायता दी है। भारत के सहयोग ने साझा गतिविधियों, उपकरण, क्षमता निर्माण और प्रशिक्षण के माध्यम से मालदीव की सुरक्षा और कल्याण को भी मजबूत किया है। हिंद महासागर की शांति और सुरक्षा दोनों के लिए महत्वपूर्ण है। हिंद महासागर को शांतिपूर्ण क्षेत्र बनाने के लिए मिलकर काम करना सभी के हित में है। भारत और मालदीव के रिश्तों के इतिहास को देखते हुए, उम्मीद है विदेश मंत्री जमीर का दौरा दोनों देशों के बीच संबंधों को मजबूती देगा।

सतयुग-त्रेतायुग के संक्रमण काल के महानायक परशुराम



डॉ. चन्द्रविजय चतुर्वेदी
प्रयागराज

भारतीय कृषि के साथ परशुराम को जोड़ा जाता है। अगस्त, कश्यप ऋषि तथा इंद्र की सहायता से परशुराम ने साढ़े तीन सौ कोस के समुद्री तट को समुद्र से मुक्त कराकर कृषि योग्य बनाया जिसे सप्त कोंकण कहा जाता है।

महर्षि भृगु से लेकर परशुराम तक भार्गव वंश को ज्ञान और विद्या से जोड़ा जाता है। भृगु तो भृगुसंहिता के प्रणेता थे ही, परशुराम के पितामह ऋचीक अथर्वण मंत्रदृष्टा ऋषि थे। राम भार्गवेय नामक एक वैदिक ऋषि का सूक्तद्रष्टा ऋषि के रूप में आया है। परशुराम की प्रारंभिक शिक्षा ऋषि जमदग्नि के आश्रम में हुई उसके पश्चात् ऋषि कश्यप से दीक्षा ली तदंतर कैलाश पर्वत पर जाकर भगवान शंकर से समस्त शास्त्र और शस्त्र तथा मंत्र-तंत्र की विद्या में पारंगत हुए। भार्गव और अंगिरस कुल के ऋषियों ने समस्त शास्त्रों का नवसंस्कार किया है।

भार्गव और हैहयों में बारह पीढ़ी से द्वंद्व होता रहा है। इसका एक प्रमुख कारण यह रहा है कि हैहय ऋषि परंपरा को समाप्त कर राजाश्रित पुरोहिती परंपरा का पक्षधर था उसने वेतन पर ऋषियों को अपने राज्य में रखना चाहा। आर्येतर जातियों को अपने राज्याश्रित गुरुकुलों में प्रवेश नहीं देता था। भगवान दत्तात्रेय से वरदान पाकर सहस्रार्जुन कार्तवीर्य दंभी हो गया, उसके अनीति और विस्तारवादी नीति से जम्बूद्वीप के राजाओं और ऋषियों-मुनियों में असंतोष फैलाने लगा था। पराकाष्ठा तो तब हो गई जब एक बार अर्जुन, जमदग्नि से मिलने उसके आश्रम आया और आश्रम की कामधेनु की मांग कर दी, जमदग्नि ने समझाया की यह कामधेनु मेरे पुत्र परशुराम की अमानत है। इस आश्रम में मैं तुम्हे दान स्वरूप भी इसे नहीं दे सकता। अर्जुन तो विवाद के उद्देश्य से आया था उसने बलात जमदग्नि ऋषि की हत्या करके कामधेनु गौ का अपहरण कर आश्रम को ध्वस्त कर दिया। इस घटना का उल्लेख अथर्ववेद (5 /18 /10) में आया है।

भार्गवेय परशुराम अध्ययन और तपस्या के उपरांत उसी समय अपने आश्रम कतिपय संकल्पों के साथ लौट रहे थे। उन्हें अपने युग की प्रतीति थी। राजाओं का अत्याचार चरम पर था, आर्य और आर्येतर जातियों में असमानता बढ़ता जा रहा था, ऋषियों के आश्रम में भय व्याप्त था। इनके निदान के संकल्प के साथ जब परशुराम आश्रम पहुंचे तो उनका स्वागत मां के विलाप और ध्वस्त आश्रम तथा भयभीत ऋ

परशुराम जयंती पर

षियों ने किया। इन क्षणों में परशुराम को वेद की वे ऋचाएं संबल बनी- हे वाचस्पति हमें शास्त्र और शास्त्र धारण करने की बुद्धि और शक्ति प्रदान करे। संपूर्ण जम्बूद्वीप में इस कुकृत्य की निंदा होने लगी ऋषिकुलों से ऋचीक, वशिष्ठ विश्वामित्र, कश्यप, अगस्त आदि ऋषियों के साथ कई राजशक्तियां और आर्येतर जातियों के प्रतिनिधि परशुराम के आश्रम में एकत्र हुए और यह निर्णय लिया कि हैहयों के विरुद्ध एक संगठित युद्ध की घोषणा परशुराम के नेतृत्व में की जाए। पितामह ऋचीक ने विष्णु का दिव्य वैष्णव धनुष परशुराम को दिया, ब्रह्मर्षि कश्यप ने अविनाशी वैष्णव मंत्र दिया। परशुराम कैलाश गिरिश्रृंग जाकर भगवान शंकर का आशीर्वाद रूप में विशिष्ट दिव्यास्त्र विद्युदभि नामक परशु प्राप्त किया।

परशुराम पहले नायक हैं, जिन्होंने किसी अत्याचारी राजा को दंड देने के लिए राजाओं को ऋषियों को ग्रामवासियों को एक जुट किया और उनके अंतःकरण से भय तिरोहित कर न्याय स्थापित करने की आग प्रज्ज्वलित की। इसके पूर्व पुरुरवा, वेन, नहुष जैसे राजाओं के अत्याचार पर ऋषियों ने अपने स्तर पर ही दंडित किया। उस काल में समस्त जम्बूद्वीप में हैहयों की सौ अक्षौहिणी सेना का बड़ा आतंक था। उसने धन के बल पर विशाल सेना और आयुध इकठ्ठा कर रखा था, महिष्मति के अलावा हैहयों के चार राजवंश थे। सिंध और राजस्थान के राजवंश भी हैहयों के साथ थे। ऋषिकुलों के प्रयास से सूर्यवंशी राजाओं के साथ चंद्रवंशी राजा भी परशुराम के साथ खड़े हुए। ऋषि अंगिरस के प्रयास से शम्बर, बल, नमुचि, वृत्र, पाणी जैसे अनार्य भार्गव के पक्ष में खड़े हुए। कश्यप ने सप्तसिंधु और सारस्वत क्षेत्र के राजवंशों के साथ ही सागर देश के राजवंशों को भी भार्गव के पक्ष में खड़ा किया। हैहयों से प्रताड़ित यदुवंशी और हैहयवंशी जिसमे सुबलहैहय और शत्रुघ्न यादव प्रमुख रूप से युद्ध में सम्मिलित हुए। इस महायुद्ध के लिए परशुराम ने ग्रामजनों को भी शस्त्र शिक्षा दी। अत्रि की पत्नी अनुसुइया, अगस्त की पत्नी लोपामुद्रा तथा परशुराम शिष्य के अकृत्वान ने एक विशाल नारी सेना भी तैयार की थी।

जम्बूद्वीप का प्रथम महायुद्ध-भार्गव हैहय महायुद्ध, मानवता का दानवता के विरुद्ध, सभ्यता का बर्बरता के विरुद्ध, नम्रता का अहम के खिलाफ, शिष्टता का अशिष्टता के विरुद्ध युद्ध था। यह ऋषि परंपरा को जीवित रखने के लिए युद्ध हुआ। सहस्रार्जुन का वध करके परशुराम ने समस्त विजित प्रदेश अपने गुरु कश्यप ऋषि को सौंप कर गुरु की आज्ञा से प्रायश्चित कर शूर्पारक प्रदेश चले गए। भृगुकच्छ-भड़ोच से लेकर कन्याकुमारी तक का पश्चिम समुद्र तट का प्रदेश-परशुराम प्रदेश या शूर्पारक नाम से प्रसिद्ध है।

भारतीय कृषि के साथ परशुराम को जोड़ा जाता है। अगस्त, कश्यप ऋषि तथा इंद्र की सहायता से परशुराम ने साढ़े तीन सौ कोस के समुद्री तट को समुद्र से मुक्त कराकर कृषि योग्य बनाया जिसे सप्त कोंकण कहा जाता है। कृषि गीता एक मलयालम ग्रंथ है जिसमें कृषि को लेकर परशुराम और ब्राह्मणों में चर्चा है। इसके मूल लेखक और रचनाकाल का पता तो नहीं चल पाया, पर यह रचना पंद्रह सौ ईसवी की मानी जाती है। परशुराम ने अछूत माने जाने वाले लोगों को शिक्षित किया और उन्हें कृषि कर्म में लगाया। उन्होंने दुराचारी संस्कारहीन ब्राह्मणों का सामाजिक बहिष्कार किया। उनके आश्रम में अध्ययन करने वाले ऋषि ब्राह्मण जो ऋषिकर्म स्वीकार नहीं करते थे, उन्हें परशुराम कृषिकर्म के लिए प्रेरित करते थे। इस महायुद्ध के पश्चात् ही कृषि जीवन जीने वाले भूमिहार ब्राह्मण अस्तित्व में आए जिन्हें त्यागी, महिपाल, गालव, अनाविल, कार्वे, राव, हेगड़े, अयंगर, अय्यर आदि उपनामों से विभूषित किया जाता है। श्रीविद्या के आदि साधकों में परशुराम की गणना की जाती है जिसके आदिदेव भगवान दत्तात्रेय हैं। दक्षिण भारत में एक तांत्रिक संप्रदाय परशुराम के नाम से जाना जाता है जिसके प्रसिद्ध ग्रंथ हैं-परशुराम कल्पसूत्र और परशुराम प्रताप। मालाबार में अभी भी परशुराम शक संवत चालू है। कलरीपायट्टु केरल की एक युद्ध कला है, जो परशुराम से जुड़ी मानी जाती है। परशुराम सतयुग त्रेतायुग के संक्रमण काल के महानायक थे, जिन्होंने ऋषि परंपरा के स्वतंत्रता की रक्षा की अनीति के विरोध में जनमानस को तैयार किया ज्ञानार्जन के लिए भेद को समाप्त किया। परशुराम के महाभारत और रामायण में प्राप्त निर्देश कालविपर्यस्त हैं, अतः अनैतिहासिक हैं। परशुराम रामायण, महाभारत के बहुत पूर्वकालीन थे। इस काल विपर्यन का स्पष्टीकरण चिरंजीवता से उपयुक्त नहीं लगता। परशुराम की ऋषि परंपरा रामायण-महाभारत काल तक रही हो और उस काल के परशुराम को महिमामंडित करने के लिए पूर्व पुरुष का सातत्य बनाए रखा गया हो।

भगवान परशुराम विष्णु के छठे अवतार हैं, सातवें-आठवें अवतार राम व कृष्ण हैं जिन पर बहुत काव्य महाकाव्य लिखे गए। परशुराम पर कोई भी महाकाव्य, रामायण, महाभारत की भांति उपलब्ध नहीं है। ऋग्वेद में पांच सूक्त ही विष्णु से संबंधित हैं, जो की ब्राह्मण ग्रंथों के सर्वश्रेष्ठ देवता हो गए। पाणिनि काल में वासुदेव की उपासना की जाती रही। दक्षिण भारत से पनपे वैष्णव संप्रदाय में राम और कृष्ण के भक्तिमार्ग का विकास हुआ। भक्ति मार्ग में विष्णु के अवतार परशुराम स्थान नहीं प्राप्त कर सके। लोकजीवन में परशुराम का महत्व और चर्चा विष्णु के राम व कृष्ण के अवतार रूप से कम नहीं है। वे ऋषि परंपरा से समाज और राज्य की व्यवस्था को स्थापित करने वाले जननायक हैं।

प्रसंगवश

लोकतंत्र का वीरगाथा काल

पुराने समय में जब राजा लोग युद्ध के लिए निकलते थे तो तमाम तरह के ताम-झाम के साथ निकलते थे। मेरा मतलब प्रयाण करते थे। रानियां बख्तरबंद पहनाती थीं। पंडित मंत्रोच्चार करते थे। चापलूस और भाट उनकी तारीफ के किस्से चिल्लाते हुए गाते थे। अपने-अपने राजाओं को सूर्य के समान तेजस्वी, सागर के समान विशाल हृदय वाला, चंद्रमा के समान शीतल टाइप बताते थे, जो भाट जित्ती कुशलता से अपने अन्नदाता की तारीफ कर सके वो उत्ता बड़ा कवि माना जाता था जिसके दरबार में जित्ता बड़ा कवि होता था वो राजा उत्ता शूरवीर कहलाता था। राजाओं की वीरता उनके दरबारी कवियों की काबिलियत पर निर्भर करती थी।

अनूप शुक्ल
कानपुर

युद्ध में एक राजा हार जाता होगा। मारा जाता होगा। एक राजा के हारने का मतलब एक चापलूस कवि के सूर्य का अस्त हो जाना, एक समुद्र का सूख जाना, एक चंद्रमा पर ग्रहण लग जाना होता था। हारे हुए राजा का कवि अपना पोथी-पत्रा उठाकर प्रतिद्वंद्वी कवि के अंडर में काम करने लगता होगा। कभी जिस राजा का अलग-अलग तरीके से संहार करवाया होगा अपने मरे हुए राजा से अब उसी राजा की वीरता का श्रृंगार करने लगता होगा।

आज जमाना आधुनिक हो गया है। युद्ध की जगह चुनाव होने लगे हैं। तलवारों की जगह जबाने चलती हैं। पहले राजाओं के पास अपने खास हथियार होते थे, जिन्हें वे अपनी कड़ी मेहनत और घोर तपस्या से अर्जित करते थे। आज जमाना बहुत आगे जा चुका है। आज के शूरवीरों को अपने लिए हथियार अर्जित करने के लिए मेहनत नहीं करनी पड़ती। एक बहादुर दूसरे की कमियों को अपने हथियार की तरह प्रयोग करता है। एक की नीचता दूसरे की महानता बन जाती है। एक का घपला दूसरे के लिए उपलब्धि बन जाता है। एक का भ्रष्टाचार दूसरे का हथियार। जब एक की कमजोरी दूसरे की ताकत बन जाती है तो काहे के लिए अपनी ताकत के लिए पसीना बहाना। दूसरे की कमियां खोजो, बड़े मियां बन जाओ। पुराने जमाने में राजा लोग जब लड़ते थे तो तलवारें टकरातीं थीं। चिंगारियां निकलती थीं। खून बहता था। लोग घायल होते थे। अब जमाना आधुनिक हो गया है। भाले, तलवार की जगह घपले, दंगे, भाई-भतीजावाद, वंशवाद के आरोपों से हमले होते हैं। एक के एक घपले का जबाब अगले के पचीस घपले हैं। छोटे दंगे का जवाब बड़ा दंगा है। छोटी नीचता का जवाब बड़ी नीचता है। एक रंगी चिरकुटई के जबाब में अगले की बहुरंगी हरकतें हैं। मामला फुल हाईटेक हो गया है।

चुनाव चल रहा है। प्रचार युद्ध शुरू हो चुका है। प्रचारक अपने-अपने हथियार तेज कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर नए-नए खाते बन रहे हैं। पुरानी खबरों/सूचनाओं को अपने-अपने हिसाब से रंग-रोगन करके दूसरे पक्ष पर हमले शुरू हो गए हैं। अपने यहां संसदीय लोकतंत्र है। प्रधानमंत्री बहुमत पाए दल के लोग चुनते हैं। कौन जीतेगा यह तय नहीं। वोटिंग अभी चल रही है, लेकिन प्रधानमंत्री चुन लिए गए हैं। जिस दल ने नहीं चुने उसका उसके प्रधानमंत्री प्रतिद्वंद्वी दल ने चुन के दे दिया है। ले बे, ये है तेरा प्रधानमंत्री। चल युद्ध शुरू करें।

युद्ध भूमि भी पहले की तरह संकुचित नहीं रही। पूरे देश में पसरा है लड़ाई का मैदान। जहां-जहां वोटर है, वहां -वहां युद्ध का मैदान है। चापलूस और भाट सोशल मीडिया पर मुस्तैद हो गए हैं। टीवी चैनल पर डट गए हैं। अखबार में कलम कस के आ गए हैं। हमले शुरू हो गए हैं। हमले और बचाव का फीता कट गया है। सोशल मीडिया पर तैनात अनगिनत स्वतःस्फूर्त और भाड़े के प्रचारक किसी भी सूचना या बयान को अपने नेता खिलाफ पाते हैं तो वे उस पर टूट पड़ते हैं। सूचना और बयानबाज के चिथड़े-चिथड़े कर डालते हैं। अपने नेता की शान के खिलाफ बोलता हुआ हर व्यक्ति उनके लिए पांडवों के कुत्ते सरीखा है जिसका मुंह वे एकलव्य की तरह अपने बयान बाणों से बंद कर देते हैं।

यहां नेता कैसा भी हो, उसके कसीदे ही काढ़े जाने हैं। दोनों तरफ से अपने नायक की संभावित विजय की गाथाएं भी लिखी जा चुकी हैं। मजे की बात है कि दोनों विजयगाथाओं को लिखने का ठेका एक ही भाट कंपनी को मिला है। एडवांस में लिखी जा रही विजयगाथा का भुगतान भी एडवांस में हो चुका है।

कितने सेल्फ गोल करेंगे



राकेश शर्मा
अध्यक्ष, इंडियन न्यूज पेपर सोसाइटी, नई दिल्ली

उधर समाजवादी पार्टी के रामगोपाल यादव ने तो सनातन पर एक और चोट करते हुए कह दिया अयोध्या में बना राम मंदिर बेकार है, इसका नक्शा खराब है। क्या इनको यह नहीं मालूम कि अयोध्या का राम मंदिर करोड़ों भारतीयों की आस्था से जुड़ा है। उन सभी भक्तों की भावना कितनी आहत कर दी, वो भी एक वर्ग का वोट पाने के लिए। यह इंडी गठबंधन के नेता सनातन को डेंगू, मलेरिया, एचआईवी, कोरोना कहकर, सनातन समाप्त करने की बात करते हैं या भारत के राज्यों को चमड़ी के रंग से, नैन नक्श से, जातियों में बांटकर ही चुनाव जीतना चाहते हैं।

एक बार, दो बार, तीन बार, कितनी बार, इंडी गठबंधन के नेता बारंबार सेल्फ गोल मारेंगे तो मोदी को 2024 के लोकतंत्र का सबसे बड़ा मैच का विजेता बनने से कौन रोक सकता है। आप रायता फैलाते रहो और फिर उसे समेटते रहो। आपके सामने जो ऑल राउंडर कप्तान खड़ा है वो हर गूगली, बाउंसर और फुल टॉस को मैदान के बाहर भेजने का एक्सपर्ट है।

हाल ही में राजीव गांधी के सलाहकार रह चुके और वर्तमान में राहुल गांधी के राजनैतिक गुरु सैम पित्रोदा ने भारत राष्ट्र की अस्मिता पर हमला करते हुए देश को नैन नक्श और चमड़ी के रंग से ही बांटने का कुत्सित प्रयास कर दिया। उन्होंने एक वक्तव्य में कहा कि इंडिया में उत्तर पूर्व के लोग चीनी जैसे दिखते हैं, दक्षिण में अफ्रीकन जैसे दिखते हैं, पश्चिम में अरब जैसे और उत्तर में गोरे होते हैं। क्या इन्हें नहीं पता कि भारत विविधताओं से भरा हुआ एक सुंदर गुलदस्ता है, जहां विभिन्न नैन नक्श, चमड़ी के रंग, भाषा और भौगोलिक परिस्थिति में भारतीय रहते हैं, उन्हें आप किसी भी रूप में बांट नहीं सकते। क्योंकि इन सब में भारत की आत्मा बसती है, भारत के संस्कार और मूल्य बस्ते हैं, इतनी सारी विविधताओं के बावजूद हम सब एक हैं।

एक चुनावी रैली में इस वक्तव्य का मोदी ने जवाब दिया तो पूरी कांग्रेस के नेताओं ने पहले कहा अंतर्राष्ट्रीय कांग्रेस के चेयरमैन पित्रोदा के इस वक्तव्य से कांग्रेस का कोई लेना-देना नहीं है। यह उनका व्यक्तिगत विचार है। समझ में नहीं आता सार्वजनिक जीवन में सार्वजनिक मंच से कही गई कोई बात कैसे सुविधानुसार व्यक्तिगत हो जाती है? हैरानी तब हुई जब कांग्रेस ने कोई एक्शन नहीं लिया, क्योंकि वो कांग्रेस में सर्वशक्तिमान के गुरु हैं। एक दिखावा जरूर किया जब पित्रोदा ने स्वतः अपने पद से इस्तीफा देने की नौटंकी की।

ध्यान रहे कांग्रेस ने कोई एक्शन नहीं लिया है। यह वही हैं, जो वही बयान देते हैं, जो इनका शिष्य चाहता है या जो कहना चाहते हैं, वह शिष्य से कहलवा देते हैं। ध्यान रहे जब चुनाव घोषणा पत्र में कांग्रेस ने जातीय आधार पर जनगणना कर किसी बड़े एक्शन की बात कही तो पित्रोदा ने तब यह कह कर कि मृत्यु के बाद अमेरिका में पचपन प्रतिशत संपत्ति पर सरकारी अधिकार होने का जुमला उछाल कर चुनावी भूकंप ला दिया। लोगों में संशय पैदा हो गया कि यह बात कहीं भारत में न लागू करवा दें। भारत एक राष्ट्र नहीं राज्यों का समूह है, यह विभाजनकारी वक्तव्य भी पित्रोदा द्वारा आयोजित एक समारोह में राहुल ने दिया था।

अभी इस अनर्गल झंझट से निपट ही रहे थे कि लालू ने 7 मई की सुबह चुनाव प्रारंभ होने से पहले यह कहकर कि मुसलमानों को आरक्षण मिलना चाहिए मुस्लिम वोट पाने के लिए चुनाव का आख्यान ही बदल दिया और जब शाम को चुनाव संपन्न हो गया तब एक शातिर झूठे की तरह सुबह के बयान से शाम को पलटते हुए कह दिया आरक्षण का आधार सामाजिक होना चाहिए।

उधर समाजवादी पार्टी के रामगोपाल यादव ने तो सनातन पर एक और चोट करते हुए कह दिया अयोध्या में बना राम मंदिर बेकार है, इसका नक्शा खराब है। क्या इनको यह नहीं मालूम कि अयोध्या का राम मंदिर करोड़ों भारतीयों की आस्था से जुड़ा है। उन सभी भक्तों की भावना कितनी आहत कर दी, वो भी एक वर्ग का वोट पाने के लिए। यह इंडी गठबंधन के नेता सनातन को डेंगू, मलेरिया, एचआईवी, कोरोना कहकर, सनातन समाप्त करने की बात करते हैं या भारत के राज्यों को चमड़ी के रंग से, नैन नक्श से, जातियों में बांटकर ही चुनाव जीतना चाहते हैं। दुर्भाग्य है हमारे देश में सत्ता प्राप्ति के लिए किसी भी हद तक गिरने वाले नेताओं को राष्ट्र प्रेमी जनता को झेलना पड़ रहा है।

सोशल फोरम

जंगल की आग

अकबर-बीरबल संवाद शायद होगा। अकबर ने दरबारियों से पूछा कि सबसे अच्छी धूप कौन सी लगती है? बीरबल ने कहा था कि वो धूप जो लंबी बारिश के बाद होती है। कल पुंगराऊ, नाकुरी और महरगाड़ी की घाटियों में इतनी बारिश तो हो ही गई जिसने जलते जंगल की अग्नि को फिलहाल शांत कर दिया है।

रमेश चंद्र पाठक
सेवानिवृत्त आईएएस

हालांकि इस बारिश से मेरे गांव में तैयार खड़ी गेहूं की फसल को कुछ नुकसान हुआ है, लेकिन इस नुकसान की तुलना में जंगल में लगी आग को बुझाने में इस बारिश का योगदान अतुलनीय है। जिन मित्रों ने पहाड़ी जीवन जिया है उनको पता है कि अभी डेढ़ माह भयंकर गर्मी पहाड़ में दुबारा जंगलों में गिर गए पत्तों में आग का खतरा पैदा कर देगी, लेकिन जमीन में कुछ नमी इसके प्रभाव को कम कर सकती है।

बांज के जो जंगल कुछ बच गए हैं, नए पत्ते आने से उनमें जीवन आ जाएगा। किसी न्यूज चैनल में देख रहा था कि शासन ने इस ओर ध्यान देना शुरू कर दिया है। सेवानिवृत्त होने के बाद शासन के कार्य पर लिखना छोड़ दिया है, लेकिन इस विपदा को देखते हुए सुझाव देना जरूरी हो गया है कि वन विभाग की जवाबदेही प्रत्येक स्तर पर तय करना जरूरी हो गया है। साथ ही स्थानीय जनता के मन में अपने वनों से जुड़ने का अभियान चलाया जाना भी आवश्यक है।

वन विभाग की मानसिकता स्वयं को अभेद्य होने की हो गई है। शायद उच्च न्यायालय जैसी संस्था कभी इस बात का संज्ञान ले सके और विभाग से पूछ सके कि आग पर नियंत्रण के लिए विभाग ने क्या क्या तैयारी की थी और स्थानीय जनता को सहयोग करने के लिए क्या प्रयास किया था? यह तो सर्वविदित है कि दो-चार कर्मचारी बिना जनसहयोग से स्थिति नहीं सुधार सकते हैं। अपने गांव डौणूं में सभी परिवार बांज-बुरांस के जंगल पालने में समर्पित रहते हैं। इसलिए चार किलोमीटर की परिधि में हरियाली सुरक्षित है।

-फेसबुक वॉल से

कर्मवीर पंडित सुंदर लाल

देश के प्रमुख स्वाधीनता सेनानी, विश्व-शांति आंदोलन के कर्ताधर्ता, 'भारत में अंग्रेजी राज' जैसे गौरव-ग्रंथ के लेखक और इलाहाबाद से छपने वाले 'भविष्य', 'कर्मयोगी' तथा देवनागरी और उर्दू दो लिपियों में छपने वाले 'नया हिन्द' के संपादक कर्मवीर पंडित सुंदर लाल का 9 मई, 1981 को 95 वर्ष की आयु में दिल्ली में निधन हुआ तब उनकी अंतिम यात्रा में विष्णु प्रभाकर, विश्वंभर नाथ पाण्डेय और विश्वनाथ प्रताप सिंह शामिल हुए थे।

सुधीर विद्यार्थी
वरिष्ठ लेखक, बरेली

विश्व राजनीति के इस पुरोधा को लोगों ने जल्दी ही भुला दिया जिसके ख्रुश्चेव, माओ जैसे लोगों से व्यक्तिगत संबंध थे। गांधी, मोतीलाल नेहरू, मंजर अली सोख्ता, जवाहर लाल नेहरू, महात्मा भगवान दीन, डॉ. ताराचंद, अब्दुल मजीद, ख्वाजा मौलाना सुलेमान नदवी, तेज बहादुर सप्रू जैसे लोगों के साथ मिलकर उन्होंने बहुत काम किया। क्रांतिकारी अमीर चंद बंबवाल, लाला हनुवंत सहाय और पंडित परमानंद उनके गहरे मित्र थे। बाद को विश्वंभर नाथ पाण्डेय ने तो उनके साथ रहकर बहुत काम किया। सांप्रदायिक सद्भाव के लिए उन्होंने जीवन भर काम किया। पंडित जी ने अपना अंतिम समय अपने मित्र इश्तियाक मिर्जा के घर बिताया। शुरुआत में अरविंद से प्रभावित होकर क्रांतिकारी आंदोलन में सक्रियता के बाद वे गांधी और कांग्रेस से जुड़े, लेकिन उनमें उग्र राजनीतिक चेतना बरकरार रही। देश आजाद होने के बाद नेहरू उन्हें मंत्रिमंडल में लेना चाहते थे, लेकिन सुंदर लाल इसके लिए तैयार नहीं हुए। 1951 में नेहरू ने उन्हें चीन की यात्रा पर सद्भावना मिशन का नेता बनाकर भेजा जिसमें उनके साथ मुल्कराज आनंद और आरके करंजिया जैसे लोग थे। वहां वे माओत्से तुंग, चाउ एन लाई, लिउ शाओ चि तथा अन्य चीनी नेताओं से मिले। उन्होंने क्यूबा, वियतनाम, वियना, स्टॉकहोम, कोलंबो, मास्को, लेनिनग्राड, बर्लिन, वार्सा, लंदन की यात्राएं करके देश का गौरव बढ़ाया।

26 सितंबर, 1886 को मुजफ्फरनगर जिले के खतौली कस्बे में जन्मे सुंदर लाल ने अपनी आत्मकथा भी लिखी जिसमें उनके राजनीतिक सफरनामा और विचार पक्ष को बखूबी चीन्हा जा सकता है। मुझे संतोष है कि पंडित बनारसी दास चतुर्वेदी, विष्णु प्रभाकर, मुल्कराज आनंद, कन्हैया लाल मिश्र 'प्रभाकर', ओमप्रकाश पालीवाल, शिव वर्मा, मन्मथनाथ गुप्त, बैजनाथ सिंह 'विनोद', भगवानदास केला, जनार्दन भट्ट, हंसराज रहबर, सैयद मुजफ्फर हसन और सत्यभक्त के पास उनकी यादों का जो अकूत खजाना था, उसे मैंने समय रहते सुरक्षित कर लिया।

हैं तो सभी होमो सेपियेंस ही

जो लगता है अक्सर होता नहीं है। होता कुछ है लगता कुछ है। सैम पित्रोदा ने भारतीयों की पहचान को लेकर जो सामान्यीकरण किया वह अनावश्यक था। पहली बात तो आमतौर पर मनुष्य मात्र को लेकर, उसके उद्भव और विकास को लेकर विज्ञान सम्मत जानकारी का अभाव है। ऐसे में मनुष्य की पहचान, उसकी जाति और रहन-सहन आदि मुद्दों पर कैजुअल टिप्पणी से बचना चाहिए। सच तो यह है कि वैज्ञानिक वर्गीकरण में धरती पर कम से कम 45-50 हजार वर्षों से जिस मनुष्य नाम्नी प्राणी का एकछत्र राज्य रहा है, उसका नाम है होमो सैपियेंस यानि प्रबुद्ध मानव।

डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

वैज्ञानिक वर्गीकरण में बस यही एक 'प्रजाति' है, जो धरती के कोने-कोने में अपना अधिपत्य जमाए हुए है। चाहे वह धरती भौगोलिक-राजनीतिक लिहाज से चीन, रूस अमेरिका, इंग्लैंड, भारत की, कहीं की भी हो। सब में आनुवंशिकी के समान धागों-गुणसूत्रों की संख्या 46 ही है। कोई फर्क नहीं है। हां आबो हवा और चमड़ी तथा रंगरूप और अन्य शारीरिक फर्कों के हिसाब से उनकी कई उपजातियां (रेसेज) हैं। यहां जाति यानि कास्ट का अभिप्राय एकदम अलग है, जो सामाजिक मान्यताओं की देन है।

कार्लेटन एस कून नामक वर्गीकरण विज्ञानी द्वारा 1962 में किए गए मानव उपजातियों के वर्गीकरण को आज भी व्यापक स्वीकृति मिली है जिसके अनुसार पूरे विश्व में चार उपजातियां (रेसेज) हैं, मगर हैं सभी मूलतः होमो सैपियेंस। काकैसायड-गोरे रंग वाली यह उपजाति रूस-पश्चिमी एशिया, यूरोपीय भागों और उत्तरी अफ्रीका की है। कहते हैं रामायण की पात्र कैकेयी एक सोवियत रूस के क्षेत्र काकेशस मूल की थीं (वैज्ञानिक पुष्टिकरण वांछित)। मांगोलॉयड-इनका अधिपत्य पूर्वी एशिया और सहारा के दक्षिणी हिस्से में है। यही मंगोल हैं। चीन में इनकी ही प्रमुख आबादी है। निग्रोयड-काले रंगी प्रमुखतः अफ्रीका वासी हैं और सहारा के दक्षिण में भी हैं। आस्ट्रैलॉयड-आस्ट्रेलियाई मूल के सभी लोग इसी मूल के हैं।

हालांकि इस मुख्य विभाजन के दीगर भी गौण संख्या में ख्वायसैनायड- बुशमेन, होटेनाट्स और प्रशांत वंशीय भी हैं। आदिवासी भी हैं। एक तरह से कुल मिला जुलाकर दर्जन भर उपजातियां हैं, मगर सभी होमो सैपियेंस ही हैं। और अब ज्यादातर वैज्ञानिक यही मानते हैं कि आज के मानव का उद्भव अफ्रीका में हुआ और वहीं से कालान्तर में यह प्रजाति विश्व भर में फैलती गई।

इसके बावजूद दुनिया भर में रंग रूप के आधार पर मानव मानव में विभेद, नस्लीय भेदभाव का काला इतिहास रहा है। किसी भी विवेकवान व्यक्ति को ऐसी टिप्पणियों और वक्तव्यों से बचना चाहिए, क्योंकि इनके अनेक साभिप्रायपूर्ण निष्कर्ष निकाले जा सकते हैं। विवादित हो सकते हैं। भारत के किसी भी प्रांत में रहने वाले वाह्य रुप से किन्हीं भी उपजातियों से साम्य रखें, हैं तो सभी होमो सेपियेंस ही।

एक नजर

विहिप कार्यकर्ताओं ने पार्क में की साफ-सफाई

सीतापुर। विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने महाराणा प्रताप के जन्मदिन के अवसर पर काशीराम कालोनी के पास स्थित पार्क की साफ-सफाई कर माल्यार्पण किया गया। कार्यकर्ताओं ने महाराणा प्रताप के महान बलिदान और वीरता को याद किया। इस अवसर पर प्रांत धर्म प्रसार प्रमुख विपुल प्रताप सिंह, प्रांत संयोजक बजरंग दल उत्तम सिंह, जिला मंत्री त्रिपुरेश, जिला सहमंत्री आशीष कुमार मिश्रा, नगर मंत्री संदीप सक्सेना, नगर सहमंत्री श्याम बाबा आदि लोग उपस्थित रहे।

आग में झुलसे दूसरे भाई की भी नौवें दिन मौत

माती, बाराबंकी, अमृत विचार : बबुरिहा मजरे धौरमऊ आग लगने की घटना में झूलसे दूसरे भाई ने भी गुरुवार की भोर दम तोड़ दिया। बताते चलें कि बीती एक मई की रात देवा थाना क्षेत्र स्थित बबुरिहा गांव में चेतराम रावत के घर आग लग गयी थी। इसमें चेतराम के दो पुत्र सूरज (32) और शेखर (29) गंभीर रूप से झुलस गए थे। शनिवार सुबह सूरज की लखनऊ के श्यामा प्रसाद सिविल अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई थी। वहीं साथ भर्ती सगे भाई शेखर ने भी गुरुवार की सुबह दम तोड़ दिया। नौ दिन में दो जवान बेटों की मौत से परिवारवालों में कोहराम मच गया।

दो माह में मात्र 282 क्विंटल गेहूं की हुई खरीद

बाराबंकी। तमाम सरकारी प्रयासों के बावजूद गेहूं क्रय केंद्रों पर सन्नाटा पसरा है। खरीद शुरू हए दो माह बीतने को हैं लेकिन क्रय केंद्र पर सीमित तौल ही हो पाई है। विकासखंड बनीकोडर में पीसीएफ द्वारा खुसेहटी व रामपुर साधन सहकारी समितियों को क्रय केंद्र बनाया गया है। गेहूं खरीद केन्द्र पर अब तक मात्र 282 कुंतल ही खरीद हो पई है। रामपुर समिति के सचिव रामसिंह के मुताबिक आठ हजार कुंतल खरीद के सापेक्ष यह मामूली खरीद हुई है। वहीं गेहूं क्रय केंद्र सहकारी समिति खुसेहटी में ताला लटकता नजर आया। सूचना बोर्ड पर लिखा था कि समिति के कार्य हेतु सचिव आरएसघाट गए हैं। दूरभाष से संपर्क करने पर समिति के सचिव रवि सिंह यादव ने बताया कि अभी तक मात्र 113 कुंतल खरीद हुई है।

सर्पदंश से अधेड़ की मौत

बाराबंकी, अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र के रोशनपुर बन्नी गांव में गुरुवार सुबह सर्पदंश से अधेड़ की मौत हो गई। राकेश कुमार चौधरी (45) खेती करते थे। सुबह करीब 10:30 बजे वह नहाने के दौरान घर के एक बैग से शैम्पू, साबुन आदि निकालने गए थे। बैग में सांप मौजूद था। बैग में हाथ डालते ही सर्प ने उन्हें डस लिया। उन्होंने हड़बड़ा कर बैग से हाथ निकाला तो साथ ही सांप भी बाहर निकल आया। सीएचसी में इलाज के दौरान राकेश की मौत हो गयी।

दुष्कर्म मामले के दो वांछित गिरफ्तार

बाराबंकी, अमृत विचार : अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत गुरुवार को जैदपुर पुलिस ने ग्राम टेरा निवासी रवि प्रकाश उर्फ बच्चा व ग्राम वजीउद्दीनपुर निवासी जावेद को गिरफ्तार कर लिया। ये दोनों दुष्कर्म के मामले में वांछित चल रहे थे।

मतदान के लिए लोगों को जागरूक कर रही टोली

बाराबंकी, अमृत विचार : नई समर्थ भारत संस्था द्वारा गुरुवार को मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिलाध्यक्ष किरण तिवारी ने बताया कि संस्था जगह-जगह टोली बनाकर जाती है और लोगों को मतदान के प्रति जागरूक कर रही है। मतदाता जागरूकता अभियान में आरती गुप्ता, प्रियंका पाठक, संध्या शर्मा, नीरू मिश्रा, प्रतिमा आदि शामिल रहीं।

आरोग्य मंदिरों में ताला, कैसे हो मरीजों का इलाज

पड़ताल

रामनगर, बाराबंकी

अमृत विचार : सरकार ने हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों का नाम जरूर आरोग्य मंदिर रख दिया लेकिन यहां हमेशा ताले ही लटकते रहते हैं। ऐसे में मरीजों को उपचार के लिए इधर उधर भटकना पड़ता है।

अमृत विचार की पड़ताल में विकास खंड के हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों पर सीएचओ की तैनाती के बावजूद अधिकांश जगहों पर ताले लटकते मिले। इक्का दुक्का जो केंद्र खुलते भी हैं, उनमें भी दोपहर होते ही ताला बंद हो जाता है। ग्रामीणों को उनके गांव या फिर समीवर्ती गांव में ही 30 मिनट में इलाज दिलाने के लिए उपस्वास्थ्य केंद्रों पर हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर बनाए गए हैं। इन सेंटरों को आयुष्मान आरोग्य मंदिर नाम दिया गया। मरीजों को सामान्य बीमारियों का इलाज मिलने के साथ ही गंभीर रोगों में बेहतर परामर्श दिए जाने के लिए ही सीएचओ की तैनाती की गई है। सेंटरों को मलेरिया, हीमोग्लोबिन, ब्लड प्रेशर, बलगम आदि की जांच की सुविधा से लैस भी किया गया है। यहां सीएचओ अपनी ड्यूटी से नदारद रहते हैं। जिससे ग्रामीणों को इलाज नहीं मिलता। जिसकी वजह से मरीजों को सीएचसी, पीएचसी या फिर प्राइवेट अस्पतालों की दौड़ लगानी पड़ती है।

> इन सेंटरों पर तैनात कुछ सीएचओ परमानेंट हो गए हैं। इसलिए वह केंद्र बंद हैं। इन केंद्रों को खुलवाने की व्यवस्था जल्द ही की जाएगी। इसके अलावा जिन केंद्रों पर सीएचओ तैनात हैं और वह केंद्र नहीं खुल रहे हैं। तो इसकी जांच करवाकर संबंधिक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।
> **-डॉ. अवधेश कुमार यादव,** सीएमओ

केस 1

धौखरिया का बंद पड़ा आरोग्य मंदिर।

धौखरिया के आरोग्य मंदिर में दोपहर 2:10 बजे ताला लटका मिला। दरवाजे पर लगा मकड़ी का जाला यह दर्शा रहा था कि केंद्र महीनों से नहीं खुला है। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने बताया कि जब उच्च अधिकारी केंद्र की जांच करने आते हैं। उस दिन केंद्र खोला जाता है।

केस 2

सुरवारी के सेंटर में लगा ताला।

सुरवारी का हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर में दोपहर 2:47 बजे ताला बंद मिला। हस्मतुल ने बताया कि यह केंद्र सप्ताह में तीन बार ही खुलता है। जगत नारायण ने बताया कि सीएचओ रंजना मिश्रा के द्वारा सप्ताह में तीन दिन ग्रामीणों को स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है।

सीएचओ को निभानी होती है ये जिम्मेदारी

सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर आने वाले गंभीर मरीजों की समस्याओं को सुनकर सर्जन या फिर फिजीशियन से बीमारी के बारे में ऑनलाइन चर्चा करते हैं। इसके बाद डाक्टर ग्रुप पर ही संबंधित बीमारियों की दवाएं लिखकर भेजेंगे। जो मरीजों को दी जाती हैं। गंभीर मरीज होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर किए जाने की भी व्यवस्था है।

आज महोली आएंगे उत्तराखंड के मुख्यमंत्री

धौरहरा में भाजपा प्रत्याशी रेखा वर्मा के समर्थन में करेंगे सभा

लोकसभा चुनाव

▸▸ संबोधन के बाद मंडल अध्यक्ष के आवास पर करेंगे भोजन

महोली, अमृत विचार। धौरहरा से तीसरी बार सांसद बनने के लिए बेताब भाजपा प्रत्याशी रेखा वर्मा और पार्टी हाईकमान ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, दोनों उप-मुख्यमंत्री, लोक निर्माण विभाग के मंत्री, स्थानीय विधायक और संगठन के तूफानी चुनाव प्रचार के बाद अब पड़ोसी प्रदेश के मुख्यमंत्री महोली के मतदाताओं को रिझाने का प्रयास करेंगे। जनसभा को संबोधित करने के बाद वह मंडल अध्यक्ष के आवास पर भोजन कर सकते हैं। पुलिस-प्रशासन ने मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर युद्धस्तर पर अपनी तैयारी शुरू कर दी है। जनसभा में भीड़ जुटाने के लिए भाजपा कार्यकर्ता गांवों का दौरा कर रहे हैं।

शुक्रवार को उत्तराखंड के मौजूदा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी कस्बे के कृषक इंटर कॉलेज में एक जनसभा को संबोधित कर भाजपा प्रत्याशी रेखा वर्मा को जिताने की अपील करेंगे। इसके बाद वह मंडल अध्यक्ष श्रीनाथ बाजपेई के आवास पर भोजन करेंगे। पड़ोसी प्रांत के मुख्यमंत्री की जनसभा की तैयारियों को लेकर कार्यकर्ता दो दिन से देर रात तक जुटे रहते हैं। मालूम हो कि रेखा वर्मा न सिर्फ भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हैं बल्कि उत्तराखंड की प्रभारी भी हैं। उत्तराखंड में वह कई बड़े चुनावों में वह स्टार प्रचारक रही हैं। वह तीसरी बार फिर से मैदान में हैं। यहां तेरह मई को मतदान होना है। इसलिए उनकी जीत के लिए भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है।

सियासी जानकार बताते हैं कि इस चुनाव में भाजपा में 2014 और 2019 वाला जादू नजर नहीं आ रहा है। संसदीय क्षेत्र में प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री की विशाल रैली भी मतदाताओं पर खास रंग नहीं जमा पाई है। सोशल मीडिया पर भाजपा, सपा और बसपा की जीत को लेकर वोटिंग सर्वे चल रहा है। जिसमें भाजपा को चैदह प्रतिशत, सपा को तिहत्तर प्रतिशत और बसपा को तेरह प्रतिशत मत प्राप्त हुए हैं। अब चुनाव परिणाम क्या होगा ये तो वक्त तय करेगा लेकिन धौरहरा का सांसद बनने को सभी प्रत्याशी जोर-आजमाइश कर रहे हैं। यहां गठबंधन से आनंद भदौरिया और बसपा से श्याम किशोर अवस्थी मैदान में हैं।

जनसभा की तैयारियों में कार्यकर्ता। अमृत विचार

लोगों से मिलकर भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने की अपील करते ऊर्जा राज्यमंत्री। अमृत विचार

ऊर्जा राज्यमंत्री ने धौरहरा प्रत्याशी के समर्थन में मांगे वोट

हरगांव, सीतापुर, अमृत विचार। धौरहरा लोकसभा क्षेत्र की हरगांव विधानसभा में भाजपा प्रत्याशी रेखा अरुण वर्मा के पक्ष में प्रदेश सरकार के ऊर्जा राज्यमंत्री डॉ. सोमेंद्र तोमर ने सिहानीपारा, सेलूमऊ, हरगांव, फिरोजपुर सहित करीब आधा दर्जन गांवों का भ्रमण कर लोगों से शत प्रतिशत मतदान करने और भाजपा प्रत्यासी को अधिक से अधिक वोटों से जिताने की अपील की। वहीं भ्रमण के दौरान मतदाताओं ने ऊर्जा मंत्री से हो रही विद्युत समस्याओं की शिकायत की। जिस पर ऊर्जामंत्री ने तत्काल बिजली विभाग के हरगांव एसडीओ रामाज्ञा को निर्देशित किया कि जल्द से जल्द जर्जर तार बदलवाएं और उपकेंद्र झरेखापुर में लगा 05 एमवीए ट्रांसफॉर्मर को शीघ्र बदलवाने की व्यवस्था करें, ताकि क्षेत्र की विद्युत व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित की जा सके। इस अवसर पर सिद्धेश्वर सिंह, शिवकुमार सिंह, नीरज चैधरी, अमित राजपूत, अनुपम सिंह, पूर्व प्रधान पप्पू सिंह, कुलदीप सिंह, रामसेवक सिंह, पूर्व मण्डल अध्यक्ष रोहित मिश्रा, श्रवण वर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

अनियंत्रित होकर खड्ड में पलटा ट्रक

खड्ड में पलटा ट्रक। अमृत विचार

संवाददाता, रेउसा, सीतापुर

हादसा

▸▸ लोगों ने शीशा तोड़कर चालक व उसके पुत्र को बाहर निकाला

अमृत विचार। थाना रेउसा इलाके में बुधवार की देर रात सामने मानसिक विक्षिप्त को बचाने के प्रयास में एक ट्रक अनियंत्रित होकर खड्ड में पलट गया। गनीमत रही कि कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। लोगों ने शीशा तोड़कर चालक व उसके पुत्र को बाहर निकाला। वहीं इस हादसे में एक मोटर साइकिल क्षतिग्रस्त हो गई।

जिला मुजफ्फरनगर के थाना तहसील के ग्राम बुढ़ाना निवासी नूर हसन मालिक खुद ट्रक चलाते हैं। मंगलवार को सीरा लोडकर सरदना ले जा रहा था। थाना रेउसा के मारूबेहड़ तिराहे पर पहुंचते ही सामने एक मानसिक विक्षिप्त आ गया। जिसे बचाने के चक्कर में ट्रक अनियंत्रित हो गया और रोड किनारे खड़ी बाइक को रौंदता हुआ खड्ड में पलट गया। मौके पर काफी भीड़ इकट्ठा हो गई। वहीं भीड़ ने ट्रक चालक नूर हसन 50 वर्ष पुत्र सरवर, उसके पुत्र बिलाल 12 वर्ष को शीशा तोड़कर निकाला गया। गनीमत रही कि घटना देर रात की थी। कोई हताहत नहीं हुआ। एक बड़ा हादसा टल गया। क्रेन से ट्रक को बाहर निकाला गया।

ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर से बुजुर्ग की मौत

हरगांव, अमृत विचार। निजी कार्य से जा रहे एक साइकिल सवार बुजुर्ग को ट्रैक्टर ट्राली ने टक्कर मार दी। जिससे गंभीर रूप से घायल बुर्जु ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। आसपास मौजूद लोगों ने चालक को वाहन सहित पकड़कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

इमलिया सुल्तानपुर थाना क्षेत्र के गांव बेलमाऊ कला निवासी ओमकार शुक्ला (60) बृहस्पतिवार को निजी कार्य से साइकिल से झरेखापुर की तरफ जा रहे थे। झरेखापुर से बेलमाऊ कला सम्पर्क मार्ग पर भैरमपुर गांव के सामने तेज गति से सामने से आ रही भूसा भरी ट्रैक्टर-ट्राली ने उसे टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गये और मौके पर ही उनकी मौत हो गयी। ट्रैक्टर चालक को ग्रामीणों ने मौके पर ही रोक लिया और पुलिस को सौंप दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा करके पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी अरविंद कुमार पाण्डेय ने बताया कि वाहन को कब्जे मे ले लिया गया है। मृतक के परिजनों की तरफ से अभी तहरीर नहीं मिली है।

घटनास्थल पर जांच करती पुलिस व लोगों की मौजूद भारी भीड़। अमृत विचार

अनियंत्रित टैम्पो ने बाइक में पीछे से मारी टक्कर, तीन युवक घायल

सीतापुर, अमृत विचार। महमूदाबाद-सिधौली मार्ग पर एक अनियंत्रित टैम्पो ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें बाइक पर सवार तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें को पुलिस ने सीएचसी महमूदाबाद पहुंचाया। जहां इलाज के बाद दो घायलों को लखनऊ रेफर कर दिया गया।

लखनऊ के फूलबाग निवासी संतोष यादव पुत्र नंदलाल यादव अपने दोस्त अरुण सिंह पुत्र चंद्रकिशोर सिंह और विक्रम यादव पुत्र राजाराम यादव महमूदाबाद थाना क्षेत्र के धीरपुर गांव में अपनी मेंथा की फसल देखने आए थे। गुरुवार की दोपहर बाइक से लखनऊ वापस जा रहे थे कि अचानक महमूदाबाद-सिधौली मार्ग स्थित मोल्हेपुर भट्ठे के पास टेम्पो ने बाइक में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बाइक पर सवार तीनों युवक गम्भीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने एम्बुलेंस की मदद से इलाज के लिए सभी घायलों को सीएचसी महमूदाबाद में भर्ती कराया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद गम्भीर रूप से घायल संतोष यादव और अरुण सिंह को लखनऊ स्थित ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया।

प्रेक्षक ने रुकवाया भाजपा विधायक के भाई का काफिला

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

दरोगा से नोकझोंक

▸▸ चुनाव प्रचार के दौरान प्रेक्षक के वाहनों को साइड न मिलने पर हुई वाहनों की चेकिंग

अमृत विचार। रामपुर मथुरा थाना इलाके में भाजपा विधायक के भाई और एक उपनिरीक्षक के बीच तीखी नोक-झोक हो गई। वाहनों की चेकिंग को लेकर दोनों के बीच हुई नोक-झोक का वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रहा है। जिसकी पुष्टि अमृत विचार नहीं करता है। बताया जाता है कि प्रेक्षक द्वारा काफिले को रोके जाने के बाद विवाद की स्थिति बन गई थी।

बताया जाता है कि जनरल ऑब्जर्वर पी. शिवशंकर अपने काफिले के साथ के जिले की सीमा पर लगे बैरियर की चेकिंग के जा रहे थे। इस दौरान रास्ते में गोंडा देवरिया के पास प्रेक्षक के वाहनो को साइड न देने पर प्रेक्षक ने सामने जा रही गाड़ियों को रुकवाने के लिए उपनिरीक्षक फूल चंद्र सरोज को निर्देशित किया। उपनिरीक्षक ने भाजपा विधायक के भाई शिव प्रकाश तिवारी ऊर्फ गुड्डू के काफिले को रोककर प्रेक्षक के निर्देश पर काफिले में शामिल तीन वाहनों की चेकिंग और सघन तलाशी ली। इस दौरान विधायक के भाई के एक वाहन के प्रचार की परमिशन मिली लेकिन दो वाहनों की परमिशन न होने पर प्रेक्षक एफएसटी टीम को निर्देशित पर आगे रवाना हो गये। ग्रामीणों ने बताया कि इस दौरान उपनिरीक्षक की देखरेख में रोकी गई गाड़ियों को विधायक के भाई ने छोड़ने के लिए दबाव बताया तो दोनों के बीच तीखी बहस हो गई। बहस के दौरान किसी ग्रामीण ने इस बहसबाजी का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया।

उपनिरीक्षक फूल चंद्र सरोज ने बताया कि प्रेक्षक के वाहन को साइड न मिलने विधायक के भाई के काफिले को रोका गया था। चेकिंग के दौरान एक गाडी से प्रचार की परमिशन कागज मिले थे लेकिन दो अन्य वाहनों की परमिशन नहीं थी। प्रेक्षक के निर्देश पर मामले की जानकारी एफएसटी टीम को दी गई थी। जांच पड़ताल के बाद वाहनों में कोई सामग्री न मिलने पर वाहनों को एफएसटी टीम ने छोड़ दिया। गाड़ियों को छोड़ने को लेकर ही थोड़ी बहस हो गई थी।

गांव के बीच खड़ी गाड़ियां और पोस्टरों को हटाती एफएसटी टीम। अमृत विचार

तराई क्षेत्र में बरामद हुई कच्ची शराब

बाराबंकी। आबकारी और पुलिस टीम ने गुरुवार को तराई क्षेत्र में दबिश देकर 38 लीटर कच्ची शराब बरामद की और मौके पर मिला 450 किलो लहर नष्ट किया। कार्रवाई के दौरान दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उन्हें जेल भेज दिया गया। आबकारी निरीक्षक धर्मेन्द्र वर्मा रामसनेहीघाट की टीम और आबकारी निरीक्षक रामधनी वर्मा, अभय गुप्ता, प्रमोद सिंह गोंडा तथा कोतवाली टिकैतनगर पुलिस बल ने घाघरा नदी के कछार के किनारे ग्राम बांसगांव, असवामांझा और इरशाद नगर में दबिश दी। इसके अतिरिक्त शाहपुर टोल प्लाजा पर वाहनों की चेकिंग भी की गई और उनका विवरण दर्ज किया गया।

सार-संक्षेप

कस्तूरबा विद्यालय को दी तीन कूलरों की सौगात

सिद्धौर, बाराबंकी, अमृत विचार : सिद्धौर क्षेत्र की ग्राम पंचायत मीरपुर में आवासीय विद्यालय कस्तूरबा गांधी केसरगंज में बीडीओ पूजा सिंह एवं ग्राम विकास अधिकारी सचिन अवस्थी एवं ग्राम प्रधान संतोष चौरसिया द्वारा तीन कूलर उपलब्ध कराए। बताते चलें कि कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में 100 छात्राएं अध्ययनरत हैं। इसमें तीन कमरों में छात्राओं के बैठने की व्यवस्था है। कूलर मिलने से छात्राओं को सुविधा होगी।

विद्यालय में कूलर देते ग्राम प्रधान।

गायत्री महायज्ञ के पूर्व निकाली गयी कलश यात्रा

कलश शोभा यात्रा में शामिल श्रद्धालु महिलाएं। अमृत विचार

फतेहपुर, बाराबंकी, अमृत विचार : गायत्री परिवार द्वारा श्री शक्ति धाम महादेव तालाब मंदिर परिसर में तीन दिवसीय 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया है। गुरुवार को श्री शक्ति धाम महादेव तालाब मंदिर परिसर में मां गायत्री व भारत माता के स्वरूपों को सुसज्जित कर रथ पर विराजमान किया गया। इसके पश्चात पवित्र सरोवर से महिलाओं ने कलश में जल भरकर व पीत वस्त्र धारण कर शोभा यात्रा निकाली। शोभा यात्रा मोहल्ला पचघरा, ब्रम्हनी टोला, मुंशीगंज, बेलहरा चौराहा, पटेल नगर, काजीपुर, सूरतगंज चौराहा, तहसील चौराहा होते हुए कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर समाप्त हुई। इस मौके पर लालाजी वर्मा, सत्य नारायण वर्मा, सुशील कुमार, हर्ष कुमार वर्मा, राम कुमार, शिवा नंद, प्रयाग नारायण गुप्ता, राजाराम गुप्ता आदि मौजूद थे।

मिट्टी बचाओ अभियान में जुटे बच्चे

मिट्टी बचाओ स्लोगन लिखे पोस्टर लिये बच्चे। अमृत विचार

रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार : मिट्टी और धरती को बचाने के लिए वैश्विक जागरूकता अभियान में बनी कोडर के कंपोजिट विद्यालय उमरापुर तालुक में शिक्षिका आरती साहू और बच्चे भी ईशा फाउंडेशन के फाउंडर सतगुरु जग्गी वासुदेव से प्रभावित होकर जुड़ गए हैं। आरती ने बताया कि समूचे विश्व में मिट्टी की रक्षा के लिए मिट्टी बचाओ अभियान चलाया गया है। दुनिया के कोने-कोने से लोग उस अभियान का हिस्सा बन रहे हैं। वह विद्यालय के बच्चों के साथ मिलकर लोगों को भविष्य में आने वाले मिट्टी के संकट के प्रति जागरूक करने का कार्य कर रही हैं।

तिगुर्जी बड़ी कुटी के महंत राधेश्याम दास ब्रम्हलीन

अंतिम दर्शन के लिए आश्रम पर जुटी श्रद्धालुओं की भीड़। अमृत विचार

देवा, बाराबंकी, अमृत विचार : विकास खंड देवा की ग्राम पंचायत टीपहार स्थित तिगुर्जी बड़ी कुटी के महंत राधेश्याम दास (60) का बुधवार रात स्वर्गवास हो गया। उनके अंतिम संस्कार में गुरुवार को लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। महंत राधेश्याम करीब एक सप्ताह पूर्व बीमार हुए थे और लखनऊ के एक निजी अस्पताल में इलाज कराकर आश्रम आ गये थे। बुधवार की रात करीब 8:30 बजे उनकी तबियत बिगड़ी। जिन्हे लखनऊ के एक निजी हॉस्पिटल पहुंचाया। जहां इलाज के दौरान महंत ब्रम्हलीन हो गये। जिनका अंतिम संस्कार कुटी पर कर दिया गया। जिनको मुखाग्नि उनके श्रेष्ठ शिष्य मेड़ई दास ने दी। अंतिम संस्कार में जनकल्याण किसान एसोसिएशन के चेयरमैन धर्म कुमार यादव, देवा ब्लॉक प्रमुख धर्मेंद्र सिंह यादव, वृंदावन आश्रम देवा के महंत अनमोल दास सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

पक्षियों के लिए पानी रखने को बांटे मिट्टी के कटोरे

बच्चों को पात्र बांटते एसके वर्मा।

बाराबंकी। भीषण गर्मी में पंक्षी प्यास से बेहाल रहते हैं। उन्हें पानी तक नसीब नहीं होता। उनकी तकलीफ को समझते हुए निमदस संस्था ने पानी पिलाओं परिंदा बचाओ का अभियान लगातार जारी है। नेशनल कम्प्यूटर ट्रेनिंग सेंटर के तत्वाधान में संस्था के प्रबन्ध निदेशक एसके वर्मा ने युवाओं को पानी रखने के पात्र बांटते हुए कहा कि गर्मी में पानी न मिलने के कारण बहुत से पंक्षी प्यास से मर जाते हैं। हमारी तरह उन्हें भी पानी की जरूरत है और उनको खुले में पानी नहीं मिलता इसलिए सभी लोगों से अपील है कि अपने आस-पास के घरों की छत पर आंगन मे पंक्षियों के लिए मिट्टी के पात्र में पानी अवष्य रखें जिससे वे भीषण गर्मियों के प्रभाव से बच सकेंगे।

आशीष मिश्र फिर भाजपा में शामिल

भाजपा की सदस्यता ग्रहण करते आशीष मिश्र। अमृत विचार

सीतापुर। भाजपा से सपा और सपा से कांग्रेस ज्वाइन कर 2022 में महोली विधानसभा से कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ने वाले चवाबेगमपुर गांव के निवासी आशीष मिश्रा ने धौरहरा सांसद रेखा वर्मा के आवास पर जाकर फिर से भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। आशीष मिश्र ने बताया कि कुछ विशेष कारणों के चलते वह दूसरे दल से चुनाव लड़े थे। लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन वाली भाजपा सरकार के सुशासन और जनकल्याणकारी नीतियों से प्रभावित होकर अपने साथियों सहित भाजपा की सदस्यता ग्रहण की है। मालूम हो कि 2022 में आशीष मिश्र को कुल 2212 मत प्राप्त हुए थे जो कि कुल मतदान का 0.88 प्रतिशत था। मतलब उन्हें एक प्रतिशत से भी कम वोट प्राप्त हुए थे। इस दौरान चवाबेगमपुर के पूर्व प्रधानपति शिशुपाल मिश्र भी मौजूद रहे।

लोकसभा चुनाव के आगामी चरणों के लिए जीत का मंत्र दे गये नड्डा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने यहां संगठन की बैठकों में पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को करो या मरो का मूलमंत्र देते हुए लोकसभा चुनाव के आगामी चरणों के लिए जी-जान से जुट जाने को कहा है। गुरुवार को लखनऊ पहुंचे जेपी नड्डा ने चार लोकसभा सीटों के चुनाव प्रबंधन में लगे जिम्मेदार पदाधिकारियों से एक-एक बूथ पर वोट प्रतिशत बढ़ाने को उत्साहित किया। इस दौरान नड्डा ने अपने पर्टीजनों का यह कहते हुए उत्साहवर्धन किया कि उप्र. की सभी लोकसभा सीटों पर हम जीत दर्ज करने जा रहे है। पीएम मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे।

नड्डा ने पार्टी उम्मीदवारों को जिताने के लिए हर घर कुंडी खटखटाने की सलाह दी। वहीं चुनाव प्रचार और जनसंपर्क अभियान की समीक्षा में पन्ना प्रमुखों से भी उम्मीद की कि वह अपने पन्ने के सभी वोटों पर जोर दें। हर मतदाता से कम से कम तीन-चार बार संपर्क हो जाये। इसके साथ ही उन्होंने बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं को अपने -अपने क्षेत्रों में मतदाताओं को जागरूक करने और पार्टी प्रत्याशी के पक्ष में मतदान कराने जैसे बिन्दुओं पर भी सुझाव दिया।इतना ही नहीं भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने अब तक के चुनावी चरणों में पार्टी के प्रदर्शन की जानकारी लेते हुए रायबरेली और अमेठी के भी राजनीतिक माहौल का फीडबैक लिया। राष्ट्रीय अध्यक्ष के नेतृत्व में एक-एक घंटे की दो अलग-अलग बैठकों में शामिल हुए और लोकसभा की चार सीटों की समीक्षा की। इस दौरान बैठक में लखनऊ, मोहनलालगंज, उन्नाव और रायबरेली सीट को लेकर मंथन किया गया।

पार्टी मुख्यालय में हुई बैठक के दौरान भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह, उप मुख्यमंत्री केशव मौर्य व ब्रजेश पाठक। अमृत विचार

- बोले, नरेन्द्र मोदी तीसरी बार बनेंगे प्रधानमंत्री
- उप्र. की सभी लोस सीटों पर भाजपा व सहयोगी दलों की होगी जीत

चौथे चरण का माहौल समझाने के साथ पांचवें चरण के चुनाव जिसमें दो केंद्रीय मंत्रियों की सीट शामिल है, की रणनीति तैयार की गई।

लखनऊ सीट पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और मोहनलाल गंज सीट पर मंत्री कौशल किशोर को भाजपा ने उम्मीदवार बनाया है। नड्डा ने सभी लोकसभा सीटों के प्रभारी और क्लस्टर इंचार्ज से भी अलग-अलग चुनाव पर चर्चा की। इसके साथ ही भाजपा की तरफ से चलाए जा रहे सभी चुनावी अभियानों की समीक्षा भी उन्होंने पदाधिकारियों के साथ की हैं। बैठक में राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) बीएल संतोष, प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक, प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

चुनावी चक्कर

43 साल अमेठी की सेवा की है: अमेठी और रायबरेली सीट गांधी परिवार की है। 1983 से गांधी परिवार के साथ और आपकी सेवा मे हूँ। यह बातें अमेठी से इंडी गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी किशोरी लाल शर्मा ने बुधवार को गौरीगंज में कहीं। उन्होंने कहा कि राजीव गांधी अमेठी से चार बार सांसद चुने गए थे। दुर्भाग्यवश 1991 में राजीव गांधी की हत्या हो गई। इसके बाद राजीव गांधी की खड़ाऊ लेकर कैप्टन सतीश शर्मा अमेठी में चुनाव लड़कर जीते थे। अमेठी से सोनिया गांधी सांसद चुनी गई थी। इसके बाद 2004 में सोनिया गांधी अपनी सियासी विरासत राहुल गांधी को सौंप कर रायबरेली से चुनाव लड़कर सांसद बनी। राहुल गांधी अमेठी से तीन बार 2004,2009 और 2014 में सांसद चुना गया। कांग्रेस प्रत्याशी ने कहा कि आपके प्रेम और गांधी परिवार के नेतृत्व के साथ आपके हर सुख-दुख में मैं साथ रहा।

अपनी ढपली अपना राग

अब भाजपा और सपा की नाटकबाजी, जुमलेबाजी या गारंटी काम में आने वाली नहीं। इनकी गारंटी और वादे हकीकत में पूरे नहीं हुए। सब जानते हैं। -मायावती

भारत में मुस्लिम आबादी का बढ़ना लोकतांत्रिक राष्ट्र के लिए घातक, चार बीवी 40 बच्चे भारत में नहीं चलना चाहिए। जो व्यवस्था राष्ट्र हित में हो उसका कड़ाई से अनुपालन होना चाहिए। - साक्षी महराज

मै भी इंडी गठबंधन का हिस्सा था, वहां कोई विजन नहीं है, केवल कनफ्यूजन है। भटक गया था। लोकसभा चुनाव के परिणाम आने पर यह सच्चाई सबके सामने आ जाएगी। -जयंत चौधरी

भाजपा और संघ अनुसुचित वर्गों, पिछड़ों और आदिवासियों से नफरत करते हैं। संघ प्रमुख खुले तौर पर कह चुके हैं आरक्षण ख़त्म होना चाहिए। -संजय सिंह

अपनों को जिताने के लिए भूल गये पुरानी राजनीतिक दुश्मनी

- बाराबंकी से तनुज तो गोंडा से श्रेया को जिताने के लिए जुगलबंदी
- पीएल पुनिया और बेनी प्रसाद के बीच हमेशा होती रही राजनीतिक तकरार

नितिन श्रीवास्तव, बाराबंकी

अमृत विचार : कहते हैं राजनीति में न कोई किसी का हमेशा का दोस्त होता है और न ही हमेशा का दुश्मन। सब कुछ समय पर निर्भर करता है। चुनाव के लिये हुए कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के इंडिया गठबंधन ने बाराबंकी और गोंडा लोकसभा सीट पर यह कहावत एकदम सच साबित कर दिया है। क्योंकि दोनों ही पार्टी के दो दिग्गज नेता जो कभी एक दूसरे के धुर विरोधी थे, आज चुनावी मजबूरी के चलते उनकी दूसरी पीढ़ी एक मंच पर दिखाई पड़ रही है।

हम बात कर रहे हैं सपा के कद्दावर नेता रहे स्व. बेनी प्रसाद वर्मा यानी बाबूजी और कांग्रेस के पूर्व राज्यसभा सांसद और अनुसूचित जाति से ताल्लुक रखने वाले पीएल पुनिया की। जब तक बाबूजी जिंदा रहे, उन्होंने बाराबंकी में पीएल पुनिया का पुरजोर विरोध किया। वह खुले मंच से पुनिया पर बाहरी होने का आरोप लगाते थे। वहीं जवाब में पुनिया भी बेनी बाबू पर जवाबी तीर चलाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ते थे। क्योंकि दोनों की राजनीति की धुरी बाराबंकी से ही जुड़ी थी और वर्चस्व की लड़ाई में दोनों खुद को एकदूसरे से बड़ा साबित करना चाहते थे। लेकिन, पिछले दो लोकसभा चुनाव में भाजपा से मिली करारी हार के बाद दोनों ही दलों को यह लग गया कि अगर वे मिलकर चुनावी मैदान में उतरें, तभी भाजपा का मुकाबला कर सकते हैं। शायद इसी वजह से सपा का गढ़ कही जाने वाली बाराबंकी सीट अखिलेश यादव को जिले के नेताओं की इच्छा के खिलाफ जाकर भी कांग्रेस को देनी पड़ी। तो पीएल पुनिया और पूर्व मंत्री राकेश वर्मा को अपने बच्चों को जीत दिलाने के लिये अपनी पुरानी सियासी दुश्मनी तक भुलानी पड़ी। हालांकि इंडी गठबंधन ने कांग्रेस के तनुज पुनिया को बाराबंकी से तो सपा की श्रेया वर्मा को गोंडा से प्रत्याशी बनाकर एक तीर से दो निशाने भी साधे। गठबंधन ने कुर्मी और अनुसूचित वर्ग के वोट बैंक को अपने पक्ष के होने का भी संदेश दिया है। आज दोनों लोकसभा सीटों का आलम यह है कि कभी एक स्थान पर न दिखने वाले स्व. बेनी प्रसाद वर्मा और डॉ. पीएल की दूसरी पीढ़ी यानी पूर्व मंत्री राकेश वर्मा और तनुज पुनिया बाराबंकी में अक्सर मंच साझा कर रहे हैं। जबकि गोंडा लोकसभा सीट पर खुद डॉ. पीएल पुनिया बेनी बाबू की पोती के लिये जीत का माहौल बना रहे हैं।

दरअसल स्व. बेनी प्रसाद वर्मा समाजवादी पार्टी के संस्थापक सदस्य होने के साथ ही उत्तर प्रदेश में कुर्मियों के बड़े नेता माने जाते थे। एक समय बाराबंकी में उन्होंने एकक्षत्र राज किया। जातियों में उलझी प्रदेश की राजनीति में किसी दूसरी पार्टी के पास कुर्मी लीडर के तौर पर वर्मा की काट नहीं थी। बाराबंकी से लेकर बहराइच और लखीमपुर तक के कुर्मी वोटों पर उनकी मजबूत पकड़ थी। ऐसे में बेनी बाबू की पुरानी राजनीतिक जमीं को देखते हुए कांग्रेस के पूर्व सांसद डॉ. पीएल पुनिया एक बात बहुत अच्छे से समझते हैं कि पुत्र तनुज पुनिया को बाराबंकी लोकसभा सीट से जीत दिलाने के लिये उन्हें हर हाल में बाकी वोट बैंकों के साथ कुर्मी मतदाताओं को भी साधना ही होगा। इसी वजह से कभी बेनी को कांग्रेस की गंदगी बताने वाले डॉ. पीएल पुनिया आज उनके कसीदे पढ़ रहे हैं।

हाल ही में हुई जनसभाओं में पीएल पुनिया बेनी बाबू को कर्मयोगी और विकास पुरुष बता रहे हैं। पुनिया सपा कार्यकर्ताओं को बाबूजी की फौज का सिपाही बताकर अपने पक्ष में माहौल बनाने में लगे हैं। तो वहीं राकेश वर्मा गोंडा में पीएल पुनिया के सहारे दलित वोट बैंक श्रेया वर्मा के पक्ष में लाने में लगे हैं। इसके अलावा मुस्लिम और यादव वोटबैंक को दोनों ही अपने पक्ष में मानकर रहे हैं। हालांकि लोकसभा चुनाव के नतीजों में बाराबंकी और गोंडा सीट से भाजपा बाजी मारेगी या इंडी गठबंधन, यह तो आने वाला समय ही बताएगा। लेकिन इस चुनाव में स्व. बेनी प्रसाद वर्मा और डॉ पीएल पुनिया की दूसरी पीढ़ी की दोस्ती ने एक बार फिर साबित कर दिया कि सियासत में जनता भले ही नेताओं को स्थाई दोस्त या दुश्मन माने। लेकिन अपना फायदा दिखते ही वही नेता अपने सारे पुराने गिले शिकवे भूलकर किसी से साथ भी हाथ मिला सकते हैं।

बाराबंकी की सियासत को काफी नजदीक से समझने वाले वरिष्ठ अधिवक्ता दयाशंकर श्रीवास्तव का कहना है कि भारतीय राजनीति उतनी सीधी सपाट नहीं है, जितनी दिखाई पड़ती है। वह जलेबी जैसी गोल और उलझी हुई है। विचारधारा, सामाजिक-न्याय, जनता की सेवा और कट्टर ईमानदारी जैसे जुमले अपनी जगह हैं। लेकिन समय के साथ किसी को दोस्त और किसी को दुश्मन बनाना अच्छे और सफल राजनेता की असली पहचान होती है।

स्व. बेनी बाबू ने अपनी जिंदगी में हमेशा दो कदम आगे की सोची। वहीं पीएल पुनिया का भी बड़ा राजनीतिक अनुभव है। ऐसे में दोनों की दूसरी पीढ़ी के साथ आने को भले ही कोई राजनीतिक मजबूरी कहे, लेकिन शायद दोनों को समय की यही मांग दिख रही होगी।

बेनी प्रसाद को लेकर पुनिया का चर्चित बयान

कांग्रेस से वापस सपा में जाने के बाद डॉ. पीएल पुनिया ने कहा था कि बेनी कांग्रेस से नहीं गए, बल्कि गंदगी चली गई। आस्तीन के सांपों का चला जाना ही ठीक है। वह कांग्रेस की जड़ों में मट्ठा डाल रहे थे। उनके जाने से कांग्रेस खिलेगी। बेनी प्रसाद वर्मा का कुर्मियों में कोई प्रभाव नहीं है। कुर्मी समाज किसी के कहने भर से फैसले नहीं लेता। वह अपने पुत्र को कुर्मी बाहुल्य इलाके से भी चुनाव नहीं जिता पाए।

पीएल पुनिया को लेकर बेनी प्रसाद का चर्चित बयान

जिले में राजनीतिक वर्चस्व को लेकर अक्सर दोनों नेताओं के बीच तनातनी रहती थी। स्व. बेनी प्रसाद वर्मा खुली सभा से कई बार कह चुके थे पीएल पुनिया पंजाब से आए हैं। बाराबंकी में बाहरियों का कोई काम नहीं। उनका बाराबंकी से कोई लेना-देना नहीं। यहां के सब लोग हमारे साथ हैं। बेनी बाबू के इन बयानों के बाद जिले से लेकर दिल्ली तक की राजनीति भी कई बार गर्माती देखी गई थी।

बाराबंकी के सिद्धौर में तनुज पुनिया के समर्थन में जनसभा को संबोधित करते राकेश वर्मा।

गोंडा में श्रेया वर्मा के पक्ष में बैठक करते पीएल पुनिया और राकेश वर्मा। अमृत विचार

8 वर्षों बाद सोनिया ने जोड़ा था अमेठी से गांधी परिवार का रिश्ता

1991 में पहली बार अमेठी से गांधी परिवार का टूटा था रिश्ता

1999 में सोनिया गांधी ने अमेठी से राजनीतिक सफर की शुरुआत की थी

वर्ष 2001 में अमेठी संसदीय क्षेत्र के परशदेपुर में लोगों के साथ तत्कालीन सांसद सोनिया गांधी। (फाइल फोटो)

नीरज श्रीवास्तव, परशदेपुर, रायबरेली

अमृत विचार: गांधी परिवार के चुनाव ना लड़ने से अमेठी इस समय पूरे देश में चर्चित है, लेकिन इसके पहले भी 33 वर्ष पूर्व राजीव गांधी की मौत के बाद गांधी परिवार ने अमेठी में चुनाव नहीं लड़ा था। उस समय अमेठी से गांधी परिवार के टूटे रिश्ते को जोड़ने के लिए सोनिया गांधी आगे आई थी और उन्होंने 1999 में अपने राजनीतिक सफर की शुरुवात अमेठी से कर के 8 वर्षों बाद गांधी परिवार से अमेठी के रिश्ते को जोड़ा था।

वर्ष 1991 में देश में हो रहे लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री राजीव गांधी अमेठी से लगातार चौथी बार चुनाव लड़ रहे थे। 20 मई को मतदान हुआ और 21 मई को राजीव गांधी की तमिलनाडु के श्रीपेरंबदूर में चुनावी रैली के दौरान आत्मघाती हमले में हत्या कर दी गई। मतगणना में मतों की गिनती हुई तो दिवंगत राजीव गांधी एक लाख 12 हजार 85 मतों से विजयी हुए, लेकिन उनकी मौत से अमेठी में लोकसभा का उपचुनाव कराने की नौबत आ गई। सोनिया गांधी के राजनीति में आने से इंकार करने की वजह से 1977 के बाद पहली बार ऐसा हुआ जब गांधी परिवार से अमेठी में कोई चुनावी मैदान में नहीं उतरा। राजीव गांधी के करीबी कैप्टन सतीश शर्मा चुनाव लड़ें और जीते भी। सतीश शर्मा ने 1996 में भी जीत हासिल की, लेकिन 1998 में भाजपा के संजय सिंह ने सतीश शर्मा को पराजित कर पहली बार कांग्रेस के गढ़ में कमल खिलाने में सफलता हासिल की, जहां कांग्रेस के गढ़ में भाजपा का कब्जा हो गया था।

वहीं गांधी परिवार से भी अमेठी की दूरी काफी बढ़ गई थी। ऐसे में 1999 में सोनिया गांधी अपना राजनीतिक सफर शुरू करने के लिए अमेठी आई। सोनिया गांधी को 4 लाख 18 हजार 960 वोट मिले थे और उन्होंने 3 लाख 12 वोटों से बड़ी जीत हासिल की थी।

दूसरी बार गांधी परिवार से टूटा रिश्ता

पहली बार राजीव गांधी की मौत के बाद 1991 में अमेठी का गांधी परिवार से रिश्ता टूटा था जो 08 वर्षों बाद सोनिया गांधी के अमेठी आने पर जुड़ा था। अब 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव में राहुल गांधी के रायबरेली जाने से दूसरी बार अमेठी का गांधी परिवार से रिश्ता टूटा है। हालांकि कांग्रेस प्रत्याशी किशोरी लाल शर्मा गांधी परिवार के काफी करीबी हैं और खुद प्रियंका गांधी उनके समर्थन में चुनाव प्रचार में जुटी हैं।

बेल्लारी से भी मिली जीत, नहीं छोड़ा अमेठी

सोनिया गांधी ने अमेठी के अलावां कर्नाटक की बेल्लारी सीट से भी लोकसभा का चुनाव लड़ा था। दोनों जगह जीतने के बाद उन्होंने बेल्लारी छोड़ दिया था जिससे 8 वर्षों बाद गांधी परिवार से अमेठी का टूटा रिश्ता फिर जुड़ गया।

राजनीति की वंशबेलि के भविष्य को भी तय करेगा चुनाव

- जीत-हार के पीछे अयोध्या में लिखी जा रही एक और पटकथा
- एक साथ चल रही सियासत से विरासत की जंग
- फैजाबाद लोकसभा चुनाव में 13 प्रत्याशी हैं मैदान में

राजेंद्र कुमार पांडेय, अयोध्या

अमृत विचार: अयोध्या का लोकसभा चुनाव कई मायनों में अहम है। यह जिले में दशकों से सक्रिय राजनीतिक परिवारों के भविष्य को भी तय करेगा। जीत-हार के पीछे गणित की एक और पटकथा लिखी जा रही है। यह विरासत के साथ भविष्य के सियासत की है। इसके लिए भी यह चुनाव याद किया जाएगा।

वर्तमान की राजनीति में अयोध्या अहम है। यह देश की राजनीति को नई दिशा देने की तैयारी कर रही है। सबसे सशक्त मुद्दों के बीच तैर रही है। नेताओं के भाषण की अंतर्धारा में कहीं न कही अयोध्या चल रही है। जो देश की सियासत को हवा दे रहा है। लेकिन अयोध्या में चुनावी घमासान के पर्दे के पीछे भी राजनीति की एक और पटकथा लिखी जा रही है। यह जीत-हार से अलग है लेकिन प्रत्याशियों की जीत हार से ही इसका गहरा संबंध है। राजनीति के जानकार इस पर मंथन कर रहे हैं। संभावनाएं तलाश रहे हैं।

अयोध्या में कई राजनीतिक परिवारों की वंशबेलि रही है। कुछ समय के साथ पर्दे के पीछे चले गए लेकिन कुछ का प्रकाश और प्रभाव टिमटिमा रहा है। यह चुनाव उसके लिए भी संजीवनी का काम करेगा। विरासत के साथ भावी सियासत इसकी पृष्ठ भूमि में है। भाकपा प्रत्याशी अरविंद सेन इसके पहले उदाहरण हैं। वह चुनाव के जरिए सेन परिवार के विरासत की जंग लड रहे हैं।

सत्तर के दशक से जिले की सियासत में अपना अलग मुकाम रखने वाले स्व. मित्रसेन यादव इसकी जड़ में है। सेन परिवार की तीन पीढियां राजनीति में पहुंच गई। बेटे और बहू के बाद पोता भी सियासत में है। लेकिन पिछला लोकसभा चुनाव लड़कर रनर रहने वाले आनंदसेन का टिकट कटने के बाद इस परिवार की राजनीति पर कुछ समय के लिए कुहासा महसूस किया गया। हालांकि वह अब भी सपा में सक्रिय हैं। लेकिन राजनीति में एक बार धारा से किनारे लगने पर फिर धारा मे वापस आने मे वक्त लगता है। इसे भांपकर ही स्व. मित्रसेन के बड़े बेटे अरविंद सेन अपने परिवार की सियासी विरासत को सहेजने के लिए मैदान में आ डटे। चुनाव में हार हो या जीत लेकिन सेन परिवार सियासत की मुख्य धारा में बना रहेगा।

इंडी गठबंधन और सपा प्रत्याशी अवधेश प्रसाद उम्र के जिस पड़ाव पर है। विरासत वहीं से अगली पीढ़ी के लिए हस्तांतरित किए जाने का प्रयास होता है। वह 79 साल के हैं।

सत्तर के दशक से सियासत में है। नौ बार के विधायक और कई बार के मंत्री हैं। वह इस समय स्वयं विधायक हैं लेकिन अगली पीढ़ी को प्रयास के बावजूद राजनीति की मुख्य धारा में नहीं ला पाए हैं। बेटे को जिला पंचायत का चुनाव लड़ाया लेकिन कामयाब नहीं रहे। यह उनके लिए सियासी विरासत को आगे बढ़ाने का बेहतर मौका हो सकता है।

भाजपा प्रत्याशी लल्लू सिंह सांसद है। 80 के दशक में विद्यार्थी परिषद से कॅरिअर की शुरुआत की। संघ से गहरा रिश्ता है। साल 1989 से चुनावी शतरंज पर मोहरे चलते आ रहे हैं।

पांच बार के विधायक और दो बार के सांसद है। प्रदेश सरकार में मंत्री रहे। 69 साल के हो गए। जिले में सियासी परिवार के रूप में पहचान है। सियासी विरासत अगली पीढ़ी तक हस्तांतरित होने के लिए अब अनुकूल माहौल चाहिए।

लल्लू सिंह

अवधेश प्रसाद

अरविंद सेन

वोट बैंक में सेंध लगाने के चक्कर में प्रत्याशी

फैजाबाद लोकसभा क्षेत्र से चुनाव मैदान में कुल 13 प्रत्याशी है। चुनाव में चार प्रत्याशियों के बीच कदमताल तेज है। यह चुनाव को अपने पक्ष में करने के लिए रात दिन एक कर रहे है। भाजपा और सपा प्रत्याशी एक दूसरे के वोट बैंक में सेंध लगाने के चक्कर में है। जबकि अन्य दो अपना वोट बैंक सहेजकर टक्कर देने प्रयास में हैं। भाजपा से सांसद लल्लू सिंह पांचवी बार लोकसभा के चुनाव मैदान में है। इंडिया गठंधन व सपा से अवधेश प्रसाद पहली बार इस लोकसभा क्षेत्र से चुनाव मैदान में है। इसके पहले एक बार वह अकबरपुर लोकसभा क्षेत्र से भी चुनाव लड़ चुके हैं। बहुजन समाज पार्टी से सच्चिदानंद पहली बार लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी है। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के आईपीएस रहे अरविंद सेन भी पहली बार लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी है।

जन बल की अधिक जरूरत

राजनीति के जानकार कहते हैं कि सियासत में विरासत को आगे बढ़ाने के लिए धन बल के साथ ही जन बल ज्यादा जरूरी होता है। दौर बदलने के बाद भी जन बल ज्यादा प्रभावी है। सियासत के लिए राजनीति दलों की निगाह व्यक्ति के व्यक्तित्व के साथ पीछे खड़ी भीड़ पर होती है। चुनाव में प्रत्याशी की जीत-हार के साथ ही मिले वोट उसकी सियासी हैसियत का आंकलन करवाते है। ऐसे में सांसद लल्लू सिंह और विधायक अवधेश प्रसाद के सियासी परिवार की राजनीति का भविष्य उनकी जीत-हार और मिले मतों से जुड़ा है। भविष्य में इसका असर दिखाई पड़ेगा।

पिछले दो लोकसभा चुनाव का परिणाम

2019 में किसको मिले कितने मत



2014 में किसको मिले कितने मत



चौथे चरण में प्रमुख उम्मीदवार

हैदराबाद, तेलंगाना : एआई एम आईएम नेता असदुद्दीन औवेसी

सिंकदराबाद, तेलंगाना : जी किशन रेड्डी, राज्य भाजपा अध्यक्ष, केंद्रीय पर्यटन मंत्री

लखीमपुर खीरी, यूपी : केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा टेनी

कन्नौज, यूपी : सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव

बेगुसराय, बिहार : भाजपा नेता गिरिराज सिंह


उजियारपुर, बिहार : केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय।

मुंगेर, बिहार : जदयू के पूर्व अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह

कडपा, आंध्र प्रदेश
वाईएस शर्मिला

खूंटी, झारखंड
अर्जुन मुंडा

आसनसोल, पश्चिम बंगाल
शत्रुघ्न सिन्हा

बहरामपुर, पश्चिम बंगाल : अधीर रंजन चौधरी और यूसुफ पठान

13 मई को चौथे चरण के मतदान के साथ आंध्र प्रदेश, मध्य प्रदेश और तेलंगाना में भी लोकसभा चुनाव खत्म हो जाएगा। चौथे चरण की समाप्ति के साथ देश के 18 राज्यों और चार केंद्र शासित प्रदेशों की 379 लोकसभा सीटों पर आम चुनाव के लिए मतदान की प्रक्रिया पूरी हो जाएगी। लोकसभा की शेष बची 164 सीटों के लिए बचे हुए तीन चरणों में वोट डाले जाएंगे। चौथे चरण में सबसे ज्यादा 42 लोकसभा सीटें आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में हैं। इसके बाद उत्तर प्रदेश की 13 मध्य प्रदेश और पश्चिम बंगाल में आठ-आठ के साथ बिहार की पांच और झारखंड व ओडिशा की चार-चार सीटें महत्वपूर्ण हैं। एनडीए और इंडिया गठबंधन के बीच इन सीटों पर कड़ा मुकाबला देखा जा रहा है। इनमें सर्वाधिक महत्पूर्ण आंध्र प्रदेश हैं, क्योंकि वहां 25 लोकसभा सीटों के साथ 13 मई को विधान सभा चुनाव के लिए भी वोट डाले जाएंगे।

आंध्र प्रदेश में 13 मई को लोकसभा और विधानसभा के चुनाव एक साथ, मुश्किल में फंसे नजर आ रहे सीएम जगन मोहन

सियासत का हर रंग: विरासत, बदला जातीय चक्रव्यूह और परिवारिक जंग

मनोज त्रिपाठी

- टीडीपी मुखिया चंद्रबाबू नायडू ने भाजपा और पवन कल्याण की जनसेना के साथ मिलकर सत्ता विरोधी लहर को और तेज कर दिया
- भाजपा एनटी रामाराव की पुत्री डी पुरंदेश्वरी तो कांग्रेस वाईएस राजशेखर रेड्डी की बेटी शर्मिला की अगुवाई में लड़ चुनाव रही

अमृत विचार: लोकसभा के साथ विधानसभा चुनाव होने के कारण आंध्र प्रदेश में सियासत का हर रंग देखने को मिल रहा है। कहीं विरासत की जंग है, तो कहीं बदले की राजनीति, कहीं पिता-पुत्र आमने-सामने हैं, तो कहीं भाई-बहन एक दूसरे को चुनौती दे रहे हैं। इन सबके बीच जातीय समीकरण और लोक लुभावन स्कीमों का तड़का भी है। 2019 के लोकसभा चुनाव में वाईएसआरसीपी ने 49.89% वोट प्राप्त करके 25 में से 22 सीटें जीती थीं। टीडीपी को 40.19% वोट मिले थे और वह लोकसभा की तीन सीटें ही जीत सकी थी। कांग्रेस और भाजपा का राज्य में खाता ही नहीं खुला था। विधानसभा चुनाव में वाईएसआरसीपी ने 49.95% वोट शेयर के साथ 175 सीटों में 151 सीटें जीती थीं। टीडीपी 39.17% वोट पाकर 23 सीटों पर सिमट गई थी। बसपा और वाम दलों के साथ गठबंधन करके चुनाव लड़ी जनसेना पार्टी ने एक सीट जीती थी, उसे 5.53% वोट मिले थे। कांग्रेस को मात्र 1.17% वोट मिले थे और उसका यहां भी खाता नहीं खुल पाया था।

आंध्र प्रदेश में इस बार लोकसभा और विधानसभा दोनों चुनावों में टीडीपी और वाईएसआरसीपी के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिल रही है। पिछली बार लोकसभा और विधानसभा का चुनाव टीडीपी अकेले लड़ी थी, लेकिन इस बार चंद्रबाबू नायडू ने भाजपा और पवन कल्याण की जन सेना का साथ हासिल करके वाईएसआरसीपी प्रमुख और मुख्यमंत्री जगन मोहन रेड्डी के सामने सत्ता और साख बचाने की ऐसी घेरेबंदी की है, जिससे बाहर निकलना उनके लिए काफी मुश्किल नजर आ रहा है। नायडू और जगन मोहन के बीच छिड़ी जंग के बीच दोनों राष्ट्रीय दल भाजपा और कांग्रेस राज्य के दिग्गज नेताओं की पुत्रियों के सहारे जमीन तलाशने की कोशिश कर रहे हैं। भाजपा एनटी रामाराव की बेटी डी पुरंदेश्वरी और कांग्रेस वाईएस राजशेखर रेड्डी की बेटी शर्मिला की अगुवाई में चुनाव लड़ रही है। वाईएस शर्मिला मुख्यमंत्री जगन रेड्डी की सगी बहन हैं।

जो विधानसभा जीतेगा, लोकसभा चुनाव में भी उसी का ऊंचा रहेगा झंडा

- आंध्र प्रदेश में लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ होते रहे हैं। ऐसे में मतदाता भी केंद्र व राज्य के लिए अलग-अलग वोट करते नहीं दिखते हैं। जो पार्टी विधानसभा चुनाव में जीत दर्ज करती है, लोकसभा की ज्यादा सीटें भी वही जीतती है। 2014 के चुनाव में टीडीपी ने अविभाजित आंध्र प्रदेश में 16 लोकसभा सीटें जीती थीं, जबकि वाईएसआरसीपी को नौ सीटें मिली थीं। विधानसभा चुनाव चंद्रबाबू नायडू के नेतृत्व वाली टीडीपी ने जीता था। 2019 के चुनाव में वाईएसआरसीपी ने विधानसभा की 151 सीटों को साथ लोकसभा की 22 सीटें जीत ली थीं।

- **भाजपा के साथ होकर भी मुस्लिम आरक्षण पर टीडीपी की अलग राह :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार अपनी चुनावी रैलियों में कांग्रेस समेत विपक्षी दलों पर मुस्लिम आरक्षण को लेकर हमलावर हैं, जबकि आंध्र प्रदेश में भाजपा की सहयोगी एनडीए में शामिल टीडीपी मुस्लिम आरक्षण के मुद्दे पर अलग रुख रखती है। टीडीपी मुखिया चंद्रबाबू नायडू भाजपा के प्रचार के खिलाफ वादा कर रहे हैं कि सत्ता में आने पर वह मुस्लिमों को चार फीसदी आरक्षण जारी रखेंगे। हालांकि भाजपा इस पर चुप है।

चुनावी अभियान में 'सिद्धम' और 'मेमंता सिद्धम' की गूंज

चंद्रबाबू नायडू।

जगन मोहन रेड्डी

- आंध्र प्रदेश में पूरा चुनावी अभियान नायडू के 'सिद्धम' और जगन मोहन के 'मेमंता सिद्धम' के बीच छिड़ा नजर आ रहा है। तेलुगु के सिद्धम शब्द का अर्थ जहां तैयार हैं, तो मेमंता सिद्धम का मतलब हम तैयार हैं है। भाजपा और जनसेना से गठबंधन करने से पहले राज्य में टीडीपी कमजोर दिख रही थी, तब जगन मोहन ने "175 क्यों नहीं" का नारा देकर चुनावी अभियान शुरू किया था। लेकिन टीडीपी, भाजपा और जनसेना का गठबंधन बनते ही हालात तेजी से बदले हैं। ऐसे में जगन ने सत्ता विरोधी लहर भांपते हुए सबसे पहले पार्टी के कमजोर उम्मीदवारों को हटा दिया। एक चौथाई मौजूदा विधायक या तो चुनाव नहीं लड़ रहे हैं या उनकी सीट बदल दी गई है। इसी तरह 22 सांसदों में केवल छह ही दोबारा मैदान में उतरे हैं और पांच साल के काम तथा डायरेक्ट बेनिफिट स्कीमों के सहारे चुनाव मैदान में है।

तेलुगू सुपरस्टार पवन कल्याण को रोक पाएंगी वाईएसआरसीपी सांसद

पवन कल्याण।

वंगा गीता विश्वनाथ।

- ईस्ट गोदावरी जिले की पिठापुरम विधानसभा सीट से जनसेना पार्टी के मुखिया और तेलुगू के सुपरस्टार पवन कल्याण चुनावी मैदान में हैं। पवन का मुकाबला वाईएसआर कांग्रेस की काकीनाडा से सांसद वंगा गीता विश्वनाथ से है। पवन कल्याण को रोकने के लिए जगन मोहन ने अपनी लोकप्रिय सांसद को यहां से उतारा है। गीता पहली बार पवन कल्याण के बड़े भाई अभिनेता चिरंजीवी की पार्टी प्रजा राज्यम से विधायक बनी थीं। पवन को लेकर युवाओं में खासा जोश है। उनका कहना है कि वे लोग उन्हें पर्दे पर देखकर बड़े हुए हैं, अब अपने बीच पाकर उत्साहित हैं।

हम ही असली थाणे लोकसभा क्षेत्र में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने प्रत्याशी नरेश मास्के के समर्थन में भाजपा विधायक के साथ प्रचार करके खुद को असली शिवसेना बताया।

नाबालिग बेटे से ईवीएम का बटन दबवाना पड़ा महंगा

भोपाल। भोपाल में एक भाजपा नेता पर कथित तौर पर अपने नाबालिग बेटे को सात मई को बैरसिया में एक मतदान केंद्र पर ले जाने और उससे ईवीएम का बटन दबवाना महंगा पड़ गया है। वीडियो वायरल होने पर निर्वाचन आयोग के आदेश पर भाजपा नेता पर मामला दर्ज किया गया है। निर्वाचन विभाग से जुड़े एक अधिकारी के मुताबिक भोपाल के जिलाधिकारी कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने मतदान केंद्र संख्या 71-खितवास के मतदान अधिकारी संदीप सैनी को निलंबित कर दिया है और भाजपा जिला पंचायत सदस्य विजय मेहर के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। जिलाधिकारी ने 'एक्स' पर एक संदेश में कहा कि मेहर के वीडियो का संज्ञान लेकर जांच शुरू की गई है। यह वीडियो वायरल हो गया है। पीठासीन अधिकारी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष कमलनाथ के मीडिया सलाहकार पीयूष बबेले ने 'एक्स' पर वीडियो साझा किया और कहा कि यह 'चुनाव प्रक्रिया का मजाक' है।

तेलंगाना: दलबदल का दलदल

सांसद धर्मपुरी आनंद।

पूर्व सीएम के चंद्रशेखर राव।

मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी।

तेलंगाना की सभी 17 सीटों पर 13 मई को मतदान होगा। यहां कांग्रेस से विधानसभा चुनाव हारने के बाद केसीआर की भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) अपना गढ़ बचाने की कोशिश कर रही है। कांग्रेस विधानसभा चुनाव जैसी ही सफलता की उम्मीद लगाए है, जबकि भाजपा नेता अपनी सीटों की संख्या दहाई तक पहुंचाने के लिए धुआंधार प्रचार में जुटे हैं। लेकिन हकीकत यह है कि भाजपा और कांग्रेस दोनों यहां बीआरएस की कीमत पर दलबदल के सहारे चुनाव मैदान में हैं। राज्य की 14 सीटों पर तीनों प्रमुख पार्टियों का कोई न कोई उम्मीदवार 'दलबदलू' है। 2019 में भाजपा ने चार, कांग्रेस ने तीन, एआईएमआईएम ने एक और बीआरएस ने नौ लोकसभा सीटें जीती थीं, लेकिन बीआरएस के छह सांसद भाजपा और कांग्रेस में जा चुके हैं। भाजपा के तो 17 में 12 प्रत्याशी दूसरे दलों से आए हुए नेता हैं। हालांकि कांग्रेस और बीआरएस भी दलबदल के इस खेल में पीछे नहीं हैं। कांग्रेस के छह और बीआरएस के आठ प्रत्याशी ऐसे हैं जिनका नाता दूसरे दलों से रहा है। कांग्रेस ने बीआरएस से आए सभी छह नेताओं पर दांव लगाया है।

हैदराबाद में पहली बार ओवैसी को मिल रही कड़ी टक्कर

- भाजपा प्रत्याशी शास्त्रीय नृत्यांगना और उद्यमी डॉ. माधवी लता ने यहां हैदराबाद के सांसद और एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी को कड़ी टक्कर दे रखी है। मुस्लिम आबादी वाला पुराना शहर ओवैसी का गढ़ है, लेकिन वहां भी माधवी लता जमकर प्रचार कर रही हैं। औवैसी 2004 से अब तक चार बार यहां से जीत चुके हैं। इससे पहले उनके पिता सुल्तान सलाहुद्दीन ओवैसी 1984 से 2004 तक लगातार छह बार हैदराबाद से सांसद चुने गए थे।

निजामाबाद में भाजपा को फिर जीत की उम्मीद

- भाजपा के फायरब्रांड नेता सांसद धर्मपुरी अरविंद का मुकाबला निजामाबाद लोकसभा सीट पर बीआरएस नेता बाजीरेड्डी गोवर्धन और कांग्रेस के टी. जीवन रेड्डी से हो रहा है। धर्मपुरी ने 2019 में बीआरएस की के कविता को हराया था। इस बार त्रिकोणीय संघर्ष है। विधानसभा चुनावों में भाजपा ने निजामाबाद के सात विधानसभा क्षेत्रों में से दो पर जीत हासिल की थी।

सिंकदराबाद में भाजपा लगा सकती जीत की हैट्रिक

- सिकंदराबाद सीट पर भाजपा दो बार से जीत रही है। 2014 में बंडारू दत्तात्रेय के बाद 2019 में जी किशन रेड्डी जीते थे। वह तेलंगाना भाजपा अध्यक्ष और मोदी सरकार में पर्यटन मंत्री हैं। इस बार उनका मुकाबला चार बार के विधायक बीआरएस के टी पद्मा राव से है। कांग्रेस से पूर्व मंत्री और खैरताबाद से विधायक दानम नागेंद्र इस मुकाबले को त्रिकोणीय बनाने में लगे हैं। नागेंद्र बीआरएस छोड़कर कांग्रेस में आए हैं।
- करीमनगर में भाजपा के पूर्व राज्य प्रमुख और मौजूदा सांसद बंदी संजय कुमार का मुकाबला बीआरएस नेता पूर्व सांसद बी विनोद कुमार से है। कांग्रेस ने यहां वेलिचाला राजेंद्र राव को उतारा है। विस चुनाव में वोट बढ़ने के बाद भी करीम नगर की एक भी सीट भाजपा नहीं जीत सकी थी। 2019 में बंदी संजय कुमार ने बीआरएस के विनोद कुमार को करीब 90,000 वोटों से हराया था। इस बार वह त्रिकोणीय संघर्ष में फंसे नजर आ रहे हैं।

भाजपा दिल्ली में वरिष्ठ नागरिकों को दे सकती छूट

राजपुरुष

- केंद्रीय स्कूलों व अस्पतालों की संख्या और सुविधा में वृद्धि, सायंकालीन कॉलेज, पार्किंग सुविधा बढ़ाने के साथ महिलाओं को 24 घंटे सहायता हो सकते हैं भाजपा के संकल्प पत्र का हिस्सा
- मतदान का एक पखवाड़ा शेष पर घोषणा के बावजूद आप और कांग्रेस अपने संकल्प पत्र को लेकर गंभीर नहीं, आप उलझी रही केजरीवाल की गिरफ्तारी में, कांग्रेस में नहीं हुई कोई बैठक

अमृत विचार। भाजपा, आम आदमी पार्टी और कांग्रेस ने घोषणा करने के बावजूद लोकसभा चुनाव के लिए दिल्ली का अलग से घोषणा पत्र अभी जारी नहीं किया है, जबकि दिल्ली की सातों सीटों पर 25 मई को होने वाले मतदान में एक पखवाड़ा ही बचा है। जानकारी के मुताबिक भाजपा का 50 सूत्रीय संकल्प पत्र लगभग तैयार है, पार्टी अगले दो-तीन दिन में इसे सावर्जनिक करने पर विचार कर रही है।

भाजपा ने घोषणा पत्र में केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार की उपलब्धियों और राजधानी पर उनके सकारात्मक प्रभाव की जानकारी देने के साथ स्वास्थ्य, शिक्षा, प्रदूषण, सार्वजनिक सुविधाएं, यातायात, अनधिकृत कॉलोनियों का नियमितीकरण, आवारा कुत्तों की आबादी नियंत्रित करने पर ध्यान केंद्रित किया गया है। इसके विपरीत घोषणा पत्र के सवाल पर आम आदमी पार्टी जहां चुप्पी साधे है, वहीं कांग्रेस की घोषणा पत्र तैयार करने के लिए बनायी गयी कमेटी अभी बैठक ही नहीं कर पायी है।

भाजपा ने पूर्व राज्यपाल जगदीश मुखी के नेतृत्व में दिल्ली के लिए अलग से संकल्प पत्र तैयार करने के लिए कमेटी बनाकर सुझाव देने के लिए मोबाइल नंबर जारी किया था। जानकारी के अनुसार पार्टी संकल्प पत्र में केंद्र द्वारा संचालित स्कूलों और अस्पतालों की संख्या और सुविधा में वृद्धि, वरिष्ठ नागरिकों के लिए बस, मेट्रो और रेलवे किराये में छूट, सायंकालीन कॉलेज बढ़ाने, पार्किंग सुविधा में वृद्धि, महिलाओं के लिए चौबीस घंटे सहायता केंद्र जैसे डबल इंजन वादों को शामिल कर सकती है। सूत्रों के मुताबिक घोषणापत्र में महिलाओं, युवाओं, संगठित और असंगठित मजदूरों, स्ट्रीट वेंडर को भी संबोधित करने की कोशिश की जाएगी। ऐसा सीवेज नेटवर्क स्थापित किया जाएगा, जो 30 वर्षों तक टिकाऊ रहेगा। सुनिश्चित किया जाएगा कि प्रत्येक गश्ती बीट पर कम से कम एक महिला पुलिस कांस्टेबल तैनात हो। जरूरतमंद महिलाओं को मुफ्त कानूनी सहायता प्रदान की जाएगी। युवाओं के लिए स्टार्ट-अप के लिए इनक्यूबेशन केंद्र और कौशल विकास केंद्र खोले जाने का वादा भी होगा। अनाधिकृत कॉलोनियों में सीवर लाइनें बिछाना भी घोषणापत्र का हिस्सा हो सकता है। दिल्ली में संपत्ति के स्वामित्व से संबंधित विरासत के मुद्दों को भी हल किया जाएगा चाहे वह शत्रु संपत्ति, फ्रीहोल्ड हो या डीडीए अथवा दिल्ली छावनी से संबंधित हो।

'आप' का भाजपा के वादों के जवाब में चुनावी अभियान

उधर, आप नेताओं का पूरा समय अपने नेता अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में धरना-प्रदर्शन करने और इसी बहाने जम समर्थन जुटाने निकल गया है। ऐसे में भाजपा के वादों की झड़ी के जवाब में पार्टी ने अपने चुनावी अभियान की दिशा बदलना तय किया है। पार्टी अब शहर के चार प्रमुख समूहों व्यापारियों, ग्रामीण आबादी, महिलाओं और पूर्वांचल की आबादी पर ध्यान केंद्रित करेगी। पार्टी के अनुसार इन चार सामाजिक वर्गों की दिल्ली के राजनीतिक परिदृश्य में महत्वपूर्ण भूमिका है। आप के दिल्ली प्रभारी गोपाल राय के अनुसार पार्टी के चुनावी अभियान का अंतिम चरण 12 मई से शुरू होगा। इसमें समाज के विभिन्न वर्गों के लिए केजरीवाल द्वारा किए गए कार्यों को बताया जाएगा। इसकी शुरुआत पूर्वी दिल्ली, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली और दक्षिणी दिल्ली लोकसभा क्षेत्र से होगी। आप की महिला संवाद श्रृंखला में पार्टी सीसीटीवी स्थापित करना, मुफ्त बस यात्रा और महिलाओं के लिए 1,000 रुपये प्रति माह का सम्मान जैसी अपनी योजनाओं पर अभियान चलाएगी। दक्षिण दिल्ली में पूर्वांचल समागम अभियान के लिए आप न्यूनतम मजदूरी में वृद्धि, छठ घाट बनाने और अनधिकृत कॉलोनियों और जेजे क्लस्टर विकसित करने पर जोर देगी। पार्टी का कहना है कि पहले दिल्ली में केवल 80 छठ घाट होते थे, आज दिल्ली सरकार 1,000 से अधिक घाटों पर छठ पूजा की व्यवस्था करती है। उधर, कांग्रेस ने दो माह पहले दिल्ली के लिए अलग से न्याय संकल्प पत्र तैयार करने का ऐलान किया था। इसके लिए पूर्व प्रदेश अध्यक्ष चौ. अनिल कुमार की अध्यक्षता में कमेटी बनाए जाने की जानकारी दी गई थी। लेकिन पार्टी न्याय संकल्प पत्र जारी करने के प्रति गंभीर नजर नहीं आ रही है।

एक नजर

42 लाख की अफीम के साथ तीन गिरफ्तार

अमृत विचार, लखनऊ : उप्र. एसटीएफ की बरेली इकाई ने गुरुवार को 42 लाख कीमत की अफीम के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी सुभाष नगर थाना क्षेत्र के गन्ना मिल नेकपुर में हुई है। एसटीएफ उपाधीक्षक अब्दुल कादिर ने बताया कि इनमें विशारतगंज बरेली के रहने वाले रईस अहमद, यहीं के संजय कश्यप और चौपारन हजारीबाग के रहने वाले विकास कुमार शामिल हैं। पूछताछ के दौरान रईस अहमद ने बताया कि वह चौपारन हजारीबाग से रंजीत दांगी से संपर्क कर अफीम मंगवाता है। अच्छे दामों पर बरेली व आस-पास के जनपदों में बिक्री कर देता है, इससे मोटा मुनाफा होता है।

मुठभेड़ में 50 हजार का इनामी गिरफ्तार

अमृत विचार, लखनऊ : सिद्धार्थनगर के थाना चिल्हिया पुलिस एवं क्राइम ब्रांच ने बुधवार की देर रात मुठभेड़ के दौरान 50 हजार के इनामी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी पर हत्या, गैंगस्टर सहित 36 मुकदमे दर्ज थे। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि नेपाल के पकड़ीहवा के रास्ते ग्राम चेतरा के पास कुख्यात अपराधी रमजान उर्फ बन्नर को पकड़ने का प्रयास किया जा रहा था। इस दौरान रमजान की तरफ से पुलिस पर फायरिंग की गई। हालांकि इस फायरिंग में कोई घायल नहीं हुआ। कुछ देर बार पुलिस टीम ने आरोपी को पकड़ लिया। आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

व्यापारी से लूट का इनामी आरोपी गिरफ्तार

अमृत विचार, लखनऊ : 2022 में कौशांबी के ककोडा हाईवे पर व्यापारी से लूट करने के आरोप में वांछित अपराधी को एसटीएफ ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी पर पुलिस ने 50 हजार का इनाम रखा हुआ था। एएसपी दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि बृजेश यादव जौनपुर के सफराबाद का निवासी है। बृजेश यादव ने पूछताछ में बताया कि व्यापारी से लूट कांड की घटना में उसने अपने साथी संजू डोकरे, रोशन यादव, अरून गुप्ता और अन्य 3-4 व्यक्तियों के साथ मिलकर किया था।

पित्रोदा के पीछे पड़ी भाजपा, बचाव में कांग्रेस

योगी ने कहा- ऐसे बुद्धिमान लोग कांग्रेस को ही मुबारक, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने की बर्खास्तगी की मांग

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : सैम पित्रोदा के विवादित बयान को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तीखी प्रतिक्रिया के बाद प्रदेश में भी इसकी गूंज है। भाजपा नेता पित्रोदा के बयान को लेकर कांग्रेस पर हमलावर हो गए हैं।



गुरुवार को भाजपा सरकार और संगठन दोनों के नेतृत्वकर्ताओं ने पित्रोदा को लेकर कांग्रेस की नीयत पर सवाल खड़े किए। वहीं, कांग्रेस इस मसले पर बचाव की मुद्रा में है। कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी के पति रॉबर्ट वाड्रा ने जहां उनके बयान को बकवास करार दिया, वहीं दूसरे नेता भी ऐसे बयानों से पल्ला झाड़ रहे हैं।

देश से माफी मांगे कांग्रेस : योगी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को इस मुद्दे पर अपने सरकारी आवास पर मीडिया से बात करते हुए कहा कि सैम पित्रोदा कांग्रेस के बुद्धिदाता हैं। वे कांग्रेस की बांटो और राज करो की नीति को बयां कर रहे हैं। कांग्रेस ने आजादी के बाद भी जाति, क्षेत्र, भाषा के नाम पर देश को बांटने का पाप किया है। सैम पित्रोदा का बयान अत्यंत निंदनीय है। कांग्रेस सैम पित्रोदा के मुंह से जो बोलवा रही है, उसके लिए उसे देश की जनता से माफी मांगनी चाहिए। वे लोग उत्तर भारत, दक्षिण भारत, पूर्वी भारत, पश्चिमी भारत को रंग व चमड़ी के आधार पर बांटने का प्रयास कर रहे हैं। यह देश के प्रति साजिश का पर्दाफाश होने के साथ ही कांग्रेस की बहुत खतरनाक मंशा है।

इस्तीफा राजनीतिक नाटक मात्र : भूपेंद्र



प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने भी गुरुवार को यहां पार्टी मुख्यालय में एक पत्रकारवार्ता में कहा कि राहुल गांधी के गुरु और उनके राजनीतिक सलाहकार कहे जाने वाले सैम पित्रोदा जो कि वर्षों से कांग्रेस की ओवरसीज सेल के अध्यक्ष भी रहे हैं, ने 140 करोड़ भारतीयों पर नस्लभेदी और रंगभेदी टिप्पणी की है। उन्होंने कहा कि सैम पित्रोदा का इस्तीफा एक राजनीतिक नाटक मात्र है। क्या कांग्रेस सैम पित्रोदा को पार्टी से बर्खास्त करने की हिम्मत दिखायेगी? अगर नहीं तो ये इस्तीफा बस डैमेज कंट्रोल के लिए है। चौधरी के मुताबिक, अभी तक राहुल गांधी, प्रियंका वाड्रा और सोनिया गांधी ने सैम पित्रोदा के बयान की कड़ी निंदा नहीं की।

पित्रोदा का बयान बकवास : रॉबर्ट वाड्रा

इस बीच पित्रोदा के बयान पर कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी के पति रॉबर्ट वाड्रा की प्रतिक्रिया सामने आई है। उन्होंने मीडिया को दी प्रतिक्रिया में पित्रोदा के बयान को बकवास करार दिया है। वाड्रा ने कहा, जब आप इस परिवार (गांधी) से जुड़ जाते हैं, तो बड़ी ताकत के साथ बड़ी जिम्मेदारी भी आती है, आपको कोई भी कदम उठाने से पहले सोचना पड़ता है। सैम पित्रोदा ने जो कहा है, उससे मैं बिल्कुल सहमत नहीं हूं। मिस्टर सैम पित्रोदा ने जो भी कहा है, बकवास ही की है। कोई आदमी जो इतना पढ़ा लिखा है, वो कैसे ऐसा बोल सकता है?

पित्रोदा औपचारिक प्रवक्ता नहीं : पंखुड़ी

बुधवार को अमेठी पहुंची कांग्रेस की सोशल मीडिया प्रभारी पंखुड़ी पाठक ने भी कहा था कि सैम पित्रोदा हमारे औपचारिक प्रवक्ता नहीं हैं। उन्होंने जो भी बयान दिया है, उसका कांग्रेस पार्टी से कोई संबंध नहीं है। वहीं पार्टी के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने भी एक्स पर लिखा था कि उनके बयानों से पार्टी का कोई संबंध नहीं है।

बहुजन समाज के लिए अंतिम सांस तक लड़ूंगा : आकाश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ पद छिनने के बाद आकाश आनंद ने बसपा प्रमुख के प्रति प्रकट की आस्था

अमृत विचार : नेशनल कॉआर्डिनेटर का पद और उत्तराधिकार गंवाने के 36 घंटे के भीतर गुरुवार सुबह आकाश आनंद ने बसपा प्रमुख मायावती के प्रति परिपक्व शब्दों में पूरी आस्था प्रकट की, साथ ही अपना उद्देश्य भी स्पष्ट किया। आकाश ने अपनी 'एक्स' पोस्ट पर बसपा प्रमुख को संबोधित कर लिखा कि वह उनकी सर्वमान्य नेता हैं। उनका आदेश सिर माथे पर। उन्होंने कहा कि भीम मिशन और अपने समाज के लिए वह अपनी अंतिम सांस तक लड़ते रहेंगे।

पूर्व नेशनल कॉआर्डिनेटर आकाश ने लिखा कि बसपा प्रमुख पूरे बहुजन समाज के लिए एक आदर्श हैं। करोड़ों देशवासी उनको पूजते हैं। उनके संघर्षों की वजह से ही आज बहुजन समाज को एक ऐसी राजनीतिक ताकत मिली है, जिसके बूते बहुजन समाज आज सम्मान से जीना सीख पाया है।

मालूम हो कि बीते मंगलवार रात को मायावती ने आकाश आनंद को अपना उत्तराधिकारी बनाने का फैसला वापस लेते हुए नेशनल कॉआर्डिनेटर के पद से भी मुक्त कर दिया था। साथ ही यह कहा था कि पार्टी व आंदोलन के व्यापक हित में पूर्ण परिपक्वता आने तक अभी उन्हें इन दोनों अहम जिम्मेदारियों से अलग किया जा रहा है। वहीं उन्होंने कहा कि आकाश के पिता आनन्द कुमार पार्टी व आंदोलन में सक्रियता निभाते रहेंगे।

अब्बास अंसारी की जमानत याचिका कोर्ट ने खारिज की

विधि संवाददाता, लखनऊ

▸▸ कहा, अभियुक्त मनी लांड्रिंग एक्ट के तहत प्रथमदृष्टया निर्दोष नहीं

अमृत विचार : हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने प्रवर्तन निदेशालय द्वारा दर्ज मनी लांड्रिंग के एक मामले में विधायक अब्बास अंसारी की जमानत याचिका को खारिज कर दिया है। न्यायालय ने अपने निर्णय में कहा कि मनी लांड्रिंग एक्ट के प्रावधानों के तहत कोर्ट प्रथमदृष्टया इस बात से संतुष्ट नहीं है कि अभियुक्त इस मामले में निर्दोष है।

यह निर्णय न्यायमूर्ति जसप्रीत सिंह की एकल पीठ ने पारित किया है। मामले में आरोप है कि मेसर्स विकास कंस्ट्रक्शन नाम की फर्म मनी लांड्रिंग में सीधे तौर पर शामिल है, उक्त फर्म के द्वारा जमीनों पर कब्जा कर गोदामों का निर्माण कराया गया और उन गोदामों को एफसीआई को किराए पर देकर 15 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई की गई। कहा गया है कि उक्त फर्म ने नाबार्ड से सवा दो करोड़ रुपये की सब्सिडी भी प्राप्त कर ली। आरोप है कि उक्त विकास कंस्ट्रक्शन की मेजर शेयर होल्डर अभियुक्त की मां अफशां अंसारी है तथा विकास कंस्ट्रक्शन सीधे तौर पर मेसर्स आगाज से सम्बंधित है जो अभियुक्त के नाना की कंपनी है।

अब्बास अंसारी की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने दलील दी कि यदि उक्त दोनों फर्म मनी लांड्रिंग में शामिल भी हैं तो भी इनसे अभियुक्त का सीधे कोई सम्बंध नहीं है।

आगरा में ईवीएम स्ट्रांग रूम का औचक निरीक्षण करते मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा।

आगरा में रिणवा ने देखा ईवीएम स्ट्रांग रूम

अमृत विचार, लखनऊ : मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने गुरुवार को आगरा के फिरोजाबाद रोड स्थित नवीन मंडी समिति परिसर में स्थापित ईवीएम स्ट्रांग रूम का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र आगरा (अजा) के प्रत्याशियों और प्रतिनिधियों की उपस्थिति में ईवीएम स्ट्रांग रूम व वहां की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

रिणवा ने विधान सभावार ईवीएम स्ट्रांग रूम का निरीक्षण करते हुए सीसीटीवी कैमरों और वहां पर तैनात सुरक्षा बलों की जानकारी ली। उन्होंने सीसीटीवी कंट्रोल रूम का भी निरीक्षण किया और सभी कैमरों की 'लाइव पोजीशन' की जांच की। इसके अलावा उन्होंने जलेसर विधानसभा की ईवीएम के बारे में भी जानकारी प्राप्त की, जिसे सुरक्षित रूप से एटा में जमा कराया गया है।

गोरखपुर से लारेंस विश्नोई गैंग का सदस्य गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ हरियाणा व उप्र. एसटीएफ के संयुक्त प्रयास से मिली सफलता

अमृत विचार : हरियाणा और उप्र. एसटीएफ के संयुक्त प्रयास से गुरुवार की देर शाम गोरखपुर से लारेंस विश्नोई गैंग के एक सक्रिय सदस्य को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपी गोरखपुर के रहने वाले लारेंस गैंग के एक अन्य सदस्य के साथ मिलकर गैंग के लिए मध्य इंदौर से असलहों की सप्लाई करता था।

लारेंस विश्नोई गैंग के सदस्य मनीष कुमार यादव की गिरफ्तारी गोरखपुर के चिलुआताल थाना क्षेत्र से की गई। मनीष यहीं के वार्ड नंबर 43 बरगतवा (रामलीला मैदान के पास) का निवासी भी है। एसटीएफ इंस्पेक्टर सत्य प्रकाश सिंह ने बताया कि गोरखपुर के ही आदर्शनगर सिंघड़िया निवासी शशांक पांडेय विगत दिनों अंबाला जेल में बंद था। जेल में ही शशांक पांडेय की मुलाकात विक्की लाला से हुई थी। विक्की लाला लारेंस गैंग का सदस्य है। जेल से छूटने के बाद शशांक पांडेय भी विक्की लाला के माध्यम से लारेंस गैंग का सदस्य बन गया। यह लोग इंदौर मध्य से लारेंस गैंग के लिए असलहों की सप्लाई करने लगे। मनीष कुमार यादव भी गोरखपुर के शशांक पांडेय के माध्यम से विक्की लाला से मिला और तीनों मिलकर लारेंस गैंग को असलहा सप्लाई का काम करते रहे।

भगवती सिंह और गणेश कुमार को निदेशक का अतिरिक्त प्रभार

अमृत विचार, लखनऊ : शिक्षा विभाग के दो संयुक्त शिक्षा निदेशकों को निदेशक स्तर का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया है। गुरुवार को विभाग के प्रमुख सचिव डा. एम. के. शन्मुगा सुन्दरम् ने इस संबंध में आदेश जारी किया है। इसके तहत माध्यमिक शिक्षा के संयुक्त शिक्षा निदेशक भगवती सिंह को निदेशक साक्षरता, वैकल्पिक शिक्षा, उर्दू एवं प्राच्य भाषाएं का अतिरिक्त कार्यभार दिया गया है जबकि बेसिक शिक्षा निदेशालय में संयुक्त शिक्षा निदेशक गणेश कुमार को निदेशक राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। दोनों शिक्षा अधिकारियों के पास पुराने पद के साथ अतिरिक्त पद का कार्यभार रहेगा।

एनआईए महानिदेशक सदानंद दाते को स्मृति चिन्ह भेंट करते डीजीपी प्रशांत कुमार।

महानिदेशकों के बीच आतंकवाद रोकने पर चर्चा

अमृत विचार, लखनऊ : गुरुवार को पुलिस मुख्यालय पर राष्ट्रीय अन्वेषण अधिकरण (एनआईए) नई दिल्ली के महानिदेशक सदानंद दाते ने उप्र. के डीजीपी प्रशांत कुमार से मुलाकात की। इस दौरान दोनों अफसरों में उप्र. पुलिस और एनआईए के बीच बेहतर समन्वय, आतंकवादी विरोधी उपायों एवं उनके संगठनों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई के साथ साथ अन्वेषण आदि मुद्दों पर भी चर्चा की गई।

नेपाल की सिम से वाट्सएप अकाउंट बनाकर जियाउलहक देता रहा जांच एजेंसियों को चकमा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ पूछताछ में पाकिस्तानी एजेंट ने कबूला, एटीएस ने 14 तक रिमांड कस्टडी पर लिया

अमृत विचार : पांच दिन पहले एटीएस द्वारा गिरफ्तार किया गया पाकिस्तानी एजेंट जियाउलहक उप्र. में बैठकर पाकिस्तानी कमांडर को सूचनाएं देता था। स्वयं की पहचान छिपाने के लिए वह नेपाल की सिम से वाट्सएप अकाउंट बनाकर जांच एजेंसियों को चकमा देता रहा। यह जानकारी रिमांड के दौरान हुई पूछताछ में एजेंट जियाउल हक ने दी। एजेंट को 14 मई तक के रिमांड कस्टडी पर लाया गया है।

पूछताछ के दौरान जियाउल हक ने बताया कि पाकिस्तान में बैठे कमांडर को वह जो भी सूचनाएं देता था, उसके एवज में पैसा ट्रांसफर कराता था। पैसा ट्रांसफर साइबर ठगी के द्वारा किया जाता था। पूछताछ में जियाउलहक का इजहारुल के साथ नाम सामने आया है। इजहारुल बिहार की जेल में बंद था। एटीएस सूत्रों के मुताबिक, जियाउल हक सीधे तौर पर पाकिस्तानी एजेंट के संपर्क में था। आईएसआई के पाकिस्तानी कमांडर के कहने पर भारतीय खुफिया जानकारी देने वाले एजेंट्स को पैसे भेजने का काम करता था। इसके लिए कई लोगों को पैसे का लालच देकर उनके खाते खुलवाए। सभी बैंक खातों को वह स्वयं आपरेट करता था। जियाउलहक ने मार्च 2023 में गिरफ्तार किए गए रियाजुद्दीन के खाते में साइबर ठगी के 70 लाख रुपये जमा कराये थे। यह पैसा रियाजुदीन के खाते में मार्च 2022 से अप्रैल 2022 तक जमा हुआ था। इन पैसों को जियाउलहक ने कई खातों में भेजकर भारतीय एजेंट को मुहैया कराता था।

पुष्टाहार प्लांटों का परीक्षण कर निकाली जाएगी लागत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ एमडी ने सभी सीडीओ को दिए परीक्षण कराने के निर्देश

अमृत विचार : 43 जिलों पर राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा संचालित टेक होम राशन यानी टीएचआर प्लांट में पुष्टाहार उत्पादन की लागत निकाली जाएगी। मिशन निदेशक दीपा रंजन ने संबंधित मुख्य विकास अधिकारियों को परीक्षण कराने के निर्देश दिए हैं।

बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग के अनुबंध पर 43 जिलों में 204 टीएचआर प्लांट करीब दो साल पहले खोले गए थे। इनमें समूह की महिलाएं द्वारा पुष्टाहार बनाया जाता है। इसकी एवज में बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग धनराशि देता है। बजट के अभाव में ज्यादातर प्लांट बंद है। इधर, शासन ने प्लांट में पुष्टाहार उत्पादन की लागत मांगी है। इस क्रम में मिशन निदेशक दीपा रंजन ने संबंधित मुख्य विकास अधिकारी को पत्र जारी कर पुष्टाहार उत्पादन में आने वाली लागत का परीक्षण कर रिपोर्ट मांगी है।

इन जिलों में हैं टीएचआर प्लांट

आगरा, अलीगढ़, अम्बेडकर नगर, अमेठी, औरैया, आजमगढ़, बदायूं, बागपत, बहाइच, बलरामपुर, बांदा, बाराबांकी, बस्ती, बिजनौर, चंदौली, चित्रकूट, देवरिया, इटावा, फतेहपुर, गोरखपुर, हमीरपुर, हरदोई, जालौन, झांसी, कन्नौज, लखीमपुर, ललितपुर, लखनऊ, महाराजगंज, महोबा, मैनपुरी, मिर्जापुर, प्रतापगढ़, प्रयागराज, सहारनपुर, संत कबीर नगर, शामली, श्रावस्ती, सिद्धार्थनगर, सोनभद्र, सुल्तानपुर, उन्नाव व वाराणसी।

राजनाथ के समर्थन में 13 को होगा व्यापारी सम्मेलन

अमृत विचार, लखनऊ : राजधानी के सभी व्यापारी संगठन लखनऊ लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी एवं रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के समर्थन में खड़े हैं। 13 मई को रक्षा मंत्री के समर्थन में व्यापारी सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी भाजपा के लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने गुरुवार को हजरतगंज के हलवासिया कोर्ट स्थित केंद्रीय कार्यालय में व्यापारी सम्मेलन की तैयारी पर आयोजित बैठक में दी। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में लखनऊ महानगर के सभी व्यापार मंडल एवं संगठन शामिल होंगे।

वर्ग पहेली-65

बाएं से दाएं

1.1. दल बनाना 2. आपस में कुछ लोगों के साथ मिलकर अलग गुट या दल बनाने की क्रिया या भाव 3. आपसी मतभेद के कारण किसी समुदाय या संस्था के सदस्यों का छोटे-छोटे गुट या दल बनाना।

5.1. जो उदारवादी न हो, रूढ़िवादी 2. रूढ़िवादी दल से संबद्ध 3. संकीर्ण मानसिकतावाला।

6.1. जल्दी मचाना, आतुर होना, उतावला हो जाना 2. तन-मन से असंतुलित हो जाना।

8.1. योग 2. संयोग, मिलाप 3. जोड़ 4. एक प्रकार का गीत जो कन्या और वर दोनों पक्षों में विवाह के समय गाया जाता है।

9.1. किसी वस्तु को क्रय करने के लिए दिया जाने वाला धन, मूल्य, दाम 2. प्रतिष्ठा, महत्व 3. योग्यता, गुण।

ऊपर से नीचे

2. वह दिखावे भर की घुड़की जिसका कोई परिणाम न हो, महज़ डराने भर की धमकी, झूठी धमकी, गीदड़ भभकी।

3.1. रंगीन द्रव जो किसी सतह पर साज-सज्जा या सुरक्षा हेतु लगाया जाता है 2. चित्र बनाने में प्रयुक्त होने वाले रंगीन द्रव, रोगन।

4. सुंदर अवसर, अच्छा मौका, कार्य-साधन हेतु अनुकूल और उपयुक्त परिस्थितियां।

7. जो नष्ट हो चुका हो या किया जा चुका हो, नष्ट।



वर्ग पहेली -64 का हल

1 जु			2 अ	3 गु	रु	
हू		4 वि	भे	द		5 या
र			द			द
			मू			आ
6 अ	वि	च	ल	7 ता		व
ब			8 क	र	ता	री
री						

सुडोकू -144

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

	1				1	3		
4					2			
6						1		
	8			5				
	2	6						
	3			4				
		1	6					
		7	9					
							4	

सुडोकू -143 का हल

5	7	1	4	3	9	2	8	6
3	6	9	7	2	8	4	1	5
2	4	8	5	6	1	7	3	9
4	8	3	9	1	7	6	5	2
1	9	5	2	8	6	3	7	4
6	2	7	3	5	4	8	9	1
7	1	4	6	9	3	5	2	8
8	5	6	1	7	2	9	4	3
9	3	2	8	4	5	1	6	7

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 10 मई शुक्रवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-वैशाख, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-तृतीया 11 मई 02.50 तक तत्पश्चात चतुर्थी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-ग्रीष्म।
चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, सिंह, वृश्चिक, धनु, मीन।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-रोहिणी 10.47 तक तत्पश्चात मृगशिरा।

मेष — आज आपको यात्रा कम से कम करनी चाहिए। अपने स्वभाव में लचीलापन बनाकर रखें। आपको जीवन की सच्चाइयों का सामना करना पड़ेगा। कारोबार बढ़ाने के अतिरिक्त प्रयास करने पड़ेंगे। भावनात्मक उतार-चढ़ाव पर नियंत्रण रखें।

वृष — आज लोगों पर आपका प्रभाव काफी अच्छा पड़ेगा। आभूषणों की खरीदारी कर सकते हैं। आप अपनी आय बढ़ाने के काफी प्रयास करेंगे। परिवार के छोटों की चिंता रहेगी। जीवनसाथी आपका उत्साहवर्धन करेगा।

मिथुन — आज दांपत्य जीवन में कड़वाहट हो सकती है। कार्यक्षेत्र में कुछ लोग आपकी तरक्की से जलेंगे। दिखावे के लिए खर्च करने से बचें। आपको तनाव वाली परिस्थितियों का सामना करना पड़ेगा। अनावश्यक खर्चों को कम करने का प्रयास करें।

कर्क — आज का दिन आपके लिए काफी अच्छा रहना वाला है। प्रेमीजन से अपने मन की बातें शेयर करेंगे। व्यापार में बिक्री बढ़ने से आप प्रसन्न रहेंगे। आप दूसरों की काफी मदद करेंगे। इससे आपकी सामाजिक छवि में वृद्धि होगी। नए कार्यों में आप रुचि ले सकते हैं।

सिंह — आज राजनीति से जुड़े लोगों के लिए दिन काफी अच्छा है। प्रबंधन से जुड़े कार्यों में सफलता मिलेगी। साहित्य में आप विशेष रुचि ले सकते हैं। आपको शारीरिक श्रम ज्यादा करना पड़ेगा, किंतु आप एकाग्र होकर अपने कार्यों में लगे रहें।

कन्या — आज जीवनसाथी की सलाह का अनुसरण करें इससे आपको लाभ होगा। नया वाहन खरीद सकते हैं। व्यापार में लाभ प्राप्त होगा। पुराने लोन को चुकाने में सफलता मिलेगी। अधिकारी वर्ग से मनमुटाव हो सकता है। लोगों की बातों को ज्यादा महत्व न दें।

तुला — आज मित्रों की राय लेना न भूलें। प्रेम संबंधों को लेकर भावुक हो सकते हैं। आपको उधार धन देने से बचना होगा। गलत और अनैतिक कार्यों से आपको दूरी बनाकर रखनी चाहिए। धन के निवेश को लेकर सावधान रहें। मन में असंतोष का भाव रहेगा।

वृश्चिक — आज किसी ऐसे व्यक्ति से आपकी मुलाकात हो सकती है जिसका आप काफी इंतजार कर रहे थे। आप अपने मित्रों की काफी सहायता करेंगे। व्यापार में धन लाभ होगा। जीवनसाथी के प्रति प्रेम भाव बढ़ेगा। संतान से आपको लाभ प्राप्त हो सकता है।

धनु — आज आप चुनौतियों को आसानी से निपटा लेंगे। अधूरे पड़े कार्य आप शुरू कर सकते हैं। आय की दृष्टि से दिन बहुत ही अच्छा है। स्वर्ण और महंगी वस्तुओं की खरीदारी कर सकते हैं। आपका दिन विशेष उन्नति कारक रहेगा।

मकर — आज आपके पाचन तंत्र में गड़बड़ी हो सकती है। शेयर मार्केट के माध्यम से लाभ हो सकता है। धर्म-कर्म में आपकी रुचि बढ़ेगी। संतान की पढ़ाई को लेकर चिन्तित हो सकते हैं। आपके भीतर स्नेह और वात्सल्य की भावना रहेगी।

कुंभ — आज राजनीति से जुड़े लोगों को आलोचना झेलनी पड़ेगी। वाहन खरीदने का विचार बना सकते हैं। घर के सदस्यों से मनमुटाव हो सकता है। माता की सेहत का विशेष ध्यान रखें। शाम के समय दोस्तों के साथ अच्छा समय व्यतीत कर सकते हैं।

मीन — आज व्यापार में विस्तार करने की योजना बना सकते हैं। यात्राओं के लिए दिन शुभ है। आपको पिछले अनुभवों का लाभ प्राप्त होगा। अधिकारी आपके कार्यों से खुश रहेंगे। बिजनेस में गति आ सकती है। प्रतियोगिता और परीक्षा में सफलता मिलने के योग बन रहे हैं।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
- जान से प्यारा — सुबह : 10.47
- लोहा — रात : 07.02

&pictures
- बत्ती गुल मीटर चालू — सुबह : 08.06
- खट्टा मीठा — दोपहर : 02.15

SONY PIX
- एनाकोंडा — सुबह : 10.15
- एज ऑफ टूमारो — रात : 07.17

ZEE CINEMA
- बाजी — सुबह : 10.15
- नाम शबाना — रात : 07.55

colors CINEPLEX
- दो रास्ते — सुबह : 11.27
- कुछ कुछ होता है — शाम : 05.58

आज की सुपरहिट फिल्म

एंड पिक्चर्स पर दोपहर : 02.15 बजे

जोक्स ऑफ द डे

पुलिस (चोर से)- तुम एक ही दुकान में तीन बार चोरी करने क्यों गए?
चोर- सर चोरी तो मैंने पहली बार में ही अपनी पत्नी के लिए ड्रेस चुराकर कर ली थी,
बाकी दो बार तो मुझे सिर्फ उसे बदलने के लिए जाना पड़ा...

पति- मैं नाश्ता नहीं करुंगा, लेट हो रहा है।
पत्नी- मैंने पराठे आज वाइन डालकर बनाए हैं।
चार पराठे खाने के बाद
पति- मजा आ गया, कौन सी वाइन डाली थी?
पत्नी- अजवाइन
सुनते ही पति के होश उड़ गए।

बाजार	सेंसेक्स ↓	निफ्टी ↓
बंद हुआ	72,404.17	21,957.50
नुकसान	1,062.22	345.00
प्रतिशत में	1.45	1.55

कारोबार/कृषि

अमृत विचार
www.amritvichar.com
लखनऊ, शुक्रवार, 10 मई 2024

मैंथा बाजार भाव

रामपुर-शिवालिक 995 फ्लैग 1105 डीएमओ 880 बोल्ड 1155, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 995 फ्लैग 1100 बोल्ड 1130 डीएमओ 880।

लखनऊ मंडी

अनाज (प्रति क्वि.)-	
गेहूं (आरआर 21)	2360-2800
गेहूं (के 65)	3500-3800
बाजरा	2200-2300
मक्का	2700-2800
जौ	2900-3000
चावल (प्रति क्वि.)	
चावल सेल्हा	2800-3100
चावल बासमती	7000-8000
चावल मोटा	2800-3000
चावल मन्सूरी	3200-3500
चावल शक्कर चीनी	4800-5200
चावल गोल्डन सेल्हा	5600-8600
चावल राजरानी	7000-7500
दाल दलहन	
चना देशी	6800-7000
चना फार्मी	7200-7500
चना काबली	14500-17000
मटर हरा	6000-6200
मटर सफेद	6100-6500
दाल चना	8000-8400
दाल मटर	6400-6500
उड़द हरा	12000-12500
उड़द काला	9000-9500
दाल उड़द हरी	15500-16000
दाल उड़द काली	10500-11000
दाल उड़द धोवा	12000-12500
मूंग खड़ा	10000-10500
मूंग दाल	10500-11000
मूंग धोवा	12000-1300
मसूर	8800-9000
मलका	9000-9500
दाल अरहर फूल	16000-17000
दाल स्पेशल	13000-14000
राज्मा सफेद	13000-14000
राज्मा काला	11500-12500
मूंगफली का दाना	11000-12000
तेल तिलहन	
अलसी	5310-5510
लाही	4800-5200
काली सरसों	4900-5300
पीली सरसों	5600-5800 रुपये।

उपज को मिला बाजार, मंडियों ने कमाए 1716 करोड़

देश-प्रदेश में मार्केटिंग और ग्रेडिंग के आधार पर किसानों को उनकी फसल के मिले वाजिब दाम

विशेष

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

- किसानों ने बढ़ाई मंडी की आय 2022-23 में 1513 करोड़ रुपये हुई थी कमाई

इन वर्षों में ये रही आय

2018-19	1823 करोड़
2019-20	1986 करोड़
2020-21	977 करोड़

अमृत विचार : उत्तर प्रदेश की मंडी समितियों ने विपणन यानी मार्केटिंग में सुधार कर किसानों को उपज के सही दाम और बाजार देकर जोड़ा है। किसानों को मंडियों में ई-नाम से उपज की देश-प्रदेश में मार्केटिंग और ग्रेडिंग के आधार पर वाजिब दाम मिलने से बिक्री में फायदा हुआ है।

इससे मंडी के बाहर बिचौलियों और व्यापारियों को औने-पौने दामों पर उपज बेचने की निर्भरता कम हुई है। इसका फायदा किसानों के साथ मंडी समितियों को भी हुआ है। किसानों और व्यापारियों के बीच मंडी में हुए कारोबार से कुल 251 मंडी समिति ने 2023-24 में 1716 करोड़ रुपये कमाये हैं। जबकि वर्ष 2022-23 में 1513 करोड़ रुपये आय प्राप्त हुई थी। इस एक वर्ष में 13 फीसद आय में इजाफा हुआ है। जबकि 2021-22 में 614 करोड़ रुपये आय प्राप्त हुई थी।

दो साल से घटी थी आमदनी, बाहर शुल्क से हुआ फायदा: मंडी समिति परिसर के अंदर और बाहर कारोबार पर पहले कुल ढाई फीसद शुल्क व्यापारियों से लेती थी। जो करीब दो साल पहले घटाकर डेढ़ फीसद किया गया। इसमें बाहर कारोबार पर शुल्क माफ किया गया। इससे मंडी के अंदर वाले व्यापारी भी बाहर से कारोबार करने लगे। इसमें काफी घाटा हुआ तो मंडी के बाहर भी डेढ़ फीसद शुल्क लागू किया गया। साथ ही दो साल से बंद सचल दल के चालू होने से शुल्क चोरी पर लगाम लगी और जुर्माना से आय में इजाफा हुआ। इसी तरह सुपर मार्केट का किराया, विशिष्ट मंडी का किराया व प्रीमियम, लाइसेंस शुल्क आदि से आय बढ़ी है।

व्यवस्थाओं और सख्ती से आया बदलाव: मंडी समितियों में ऑफलाइन व्यवस्था से कारोबार सीमित था और व्यापारियों व बिचौलियों का हस्तक्षेप था। लेकिन, इधर दो वर्षों में ऑनलाइन व्यवस्था से मंडियां हाईटेक हुईं। किसानों की उपज ई-ऑक्सन यानी ऑनलाइन बोली से देश-प्रदेश में खरीदी जाने लगी।

वहीं किसानों को फसलों के दाम भी उपज की गुणवत्ता के आधार पर मिलने लगे। इससे किसान मंडियों के व्यापारियों तक सीमित नहीं रहे बल्कि सीधे बाहरी व्यापारियों से जुड़े। प्रदेश के किसानों को गेट पास, भुगतान, तौल आदि ऑनलाइन जैसी सहूलियत मिली है।

इस संबंध में मुख्यालय मंडी परिषद के उप निदेशक विपणन-प्रशासन चंदन कुमार पटेल ने बताया कि मार्केटिंग में सुधार कर किसानों को बिक्री में सुविधाएं दी हैं। उनकी उपज देश-प्रदेश में बिकने लगी है। दाम भी गुणवत्ता के आधार पर मिलते हैं। इससे किसानों को फायदा हुआ है और मंडी की आय एक वर्ष में कई गुना बढ़ी है। इसके चलते पूरे प्रदेश के सभी किसानों की आय में इजाफा हुआ है।

बीते वित्त वर्ष में 238 में से 115 गंतव्यों को भारत का निर्यात बढ़ा

नई दिल्ली, एजेंसी

वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के बावजूद वित्त वर्ष 2023-24 में कुल 238 गंतव्यों में से 115 देशों को भारत का निर्यात बढ़ा है। आधिकारिक आंकड़ों से यह जानकारी सामने आई है।

वाणिज्य मंत्रालय की तरफ से बृहस्पतिवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, भारत के इन 115 निर्यात गंतव्यों की कुल निर्यात में हिस्सेदारी 46.5 प्रतिशत है। इन देशों में अमेरिका, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), नीदरलैंड, चीन, ब्रिटेन, सऊदी अरब, सिंगापुर, बांग्लादेश, जर्मनी और इटली शामिल हैं। पिछले वित्त वर्ष में देश का वस्तु निर्यात तीन प्रतिशत घटकर 437.1 अरब डॉलर रह गया। हालांकि, सेवा निर्यात बढ़कर 341.1

अरब डॉलर हो गया, जबकि 2022-23 में यह 325.3 अरब डॉलर था। आंकड़ों से पता चला कि लगातार वैश्विक चुनौतियों के बावजूद देश का कुल निर्यात (वस्तुओं और सेवाओं को मिलाकर) 2022-23 में उच्चतम स्तर पर पहुंच गया था। पिछले वित्त वर्ष (2023-24) में देश का कुल निर्यात 778.2 अरब डॉलर तक पहुंच गया, जबकि 2022-23 में यह 776.4 अरब डॉलर रहा था। इस तरह देश के निर्यात में 0.23 प्रतिशत की मामूली वृद्धि दर्ज की गई।

सर्राफा

कानपुर	
चॉदी 999 (प्रति किलो)	84,800
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	85,000
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	90,000
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	73,500
गिन्नी (प्रति नग)	54,800-55,000
लखनऊ	
सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	71,450
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	71,300
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42, 500
चांदी (999)	82,500
चांदी तैयार	82,600
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	80, 000
बरेली	
सोना जेवरात पक्के	71,000
सोना जेवरात गिन्नी	70,000
चांदी पक्की	815 (अनुमानित)
मुरादाबाद	
सोना 24 कैरेट	71,550
चांदी आभूषण	82,600।

सोने में 50 रुपये की गिरावट, चांदी 1,500 रुपये लुढ़की

नई दिल्ली। वैश्विक बाजारों में कमजोरी के रुख के अनुरूप बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने और चांदी की कीमतों में लगातार दूसरे दिन गिरावट आई। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के अनुसार दिल्ली में सोने की कीमत 50 रुपये की गिरावट के साथ 72,250 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। पिछले कारोबारी सत्र में यह 72,300 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 1,500 रुपये लुढ़ककर 83,200 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई। इससे पिछले कारोबारी सत्र में चांदी 84,700 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।

अभियान से भी कम नहीं हुई यूरिया की खपत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- लखीमपुर खीरी, कासगंज फर्रुखाबाद व बदायूं में सुधार नहीं
- पीएम प्रणाम से जनवरी में यूरिया की खपत हुई थी कम, फिर बढ़ी

अमृत विचार : कन्नौज, फर्रुखाबाद, कासगंज, बिजनौर, सहारनपुर, पीलीभीत, लखीमपुर खीरी, बदायूं, मुज्जफरनगर व मेरठ में पीएम प्रमोशन ऑफ अल्टरनेट न्यूट्रिएंट्स फॉर एग्रीकल्चर मैनेजमेंट (पीएम प्रणाम) अभियान का कोई असर नहीं दिखा।

इन जिलों में जागरूकता के बाद भी इस वर्ष 1 अप्रैल से पांच मई तक पिछले वर्ष की अपेक्षा 26,828 मीट्रिक टन यूरिया अधिक बिकी है। यदि यह यूरिया खेतों में इस्तेमाल हुई तो किसानों में रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता कम नहीं हुई है। इसमें मिट्टी के साथ पर्यावरण को नुकसान हैं। जबकि अभियान का मकसद नैनो यूरिया, नैनो डीएपी, एनपीके आदि विकल्प का उपयोग कर रसायनिक उर्वरकों की खपत कम करना है। जनवरी में इस अभियान के असर से प्रदेश में यूरिया की खपत कम हुई थी और लक्ष्य से कम जिलों पर बिकी थी। जैविक व प्राकृतिक खेती को बढ़ावा मिलने

से बढ़ा नाइट्रोजन, फासफोरस और पोटास (एनपीके) का अनुपात 10 प्रतिशत तक कम हुआ था। जो पंजाब, हरियाणा और अन्य राज्य की तरह 75 प्रतिशत के आसपास था। संयुक्त निदेशक कृषि (उर्वरक) अनिल कुमार पाठक ने बताया कि किसी तरह की रोक नहीं है। लेकिन, जिन फसलों में जरूरत होती है वहां यूरिया का इस्तेमाल होता है।

पांच जिलों में नहीं हुआ सुधार: जनवरी में अभियान से बरेली, मुरादाबाद, चंदौली, अमरोहा, बाहराइच, लखनऊ, वाराणसी, सोनभद्र, प्रयागराज, मिर्जापुर, सीतापुर व उन्नाव में जागरुकता आई थी। इससे जिलों पर लक्ष्य से कम यूरिया बिकी थी। जबकि लखीमपुर खीरी, कासगंज, बदायूं, बुलंदशहर, रामपुर, अलीगढ़, संभल, मैनपुरी, सहारनपुर, मथुरा व फर्रुखाबाद ने लक्ष्य से अधिक यूरिया बेची थी। इनमें लखीमपुर खीरी, कासगंज, सहारनपुर, फर्रुखाबाद व बदायूं में कोई सुधार नहीं हुआ है। जहां 35 दिन के अंतराल में 1000 मीट्रिक टन से अधिक यूरिया बिकी है।

16 प्रतिशत घट गया इक्विटी म्यूचुअल फंड में पूंजी प्रवाह

नई दिल्ली। इक्विटी म्यूचुअल फंड में अप्रैल में पूंजी प्रवाह मासिक आधार पर 16 प्रतिशत घटकर 18,917 करोड़ रुपये रहा। मुख्य रूप से बड़ी कंपनियों के शेयरों से जुड़े कोष (लार्ज कैप फंड) में निवेश प्रवाह कम होने से इक्विटी म्यूचुअल फंड में निवेश घटा है। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) के बृहस्पतिवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, यह लगातार 38वां महीना है जब इक्विटी कोष में शुद्ध प्रवाह हुआ है। मासिक आधार पर होने वाली निवेश योजना (एसआईपी) के तहत योगदान 20,000 करोड़ रुपये को पार कर गया है।

राष्ट्रीय

कराड में गुरुवार को अक्षय तृतीया उत्सव की पूर्व संध्या पर बाइक रैली के दौरान पारंपरिक वेशभूषा में महिलाएं। ● एजेंसी

वकीलों की शिकायत पर महिला आयोग, दिल्ली सरकार से जवाब तलब

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने 'दुष्कर्म संकट प्रकोष्ठ' में काम करने के लिए आयोग द्वारा नियुक्त किए गए कई वकीलों की उस याचिका पर बृहस्पतिवार को दिल्ली महिला आयोग (डीसीडब्ल्यू) और राष्ट्रीय राजधानी सरकार से जवाब तलब किया, जिसमें उनकी अल्पकालिक संविदा नियुक्ति और अपर्याप्त वेतन को चुनौती दी गई थी। न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद ने आयोग को और दिल्ली सरकार को नोटिस जारी कर उनसे तीन सप्ताह में जवाब दाखिल करने को कहा तथा मामले में अगली सुनवाई के लिए तीन जुलाई की तारीख तय की। याचिकाकर्ताओं के वकील ने कोर्ट में दलील दी है कि उच्च अधिकारियों को उनके खिलाफ कोई भी कठोर कदम नहीं उठाने का निर्देश दिया जाए।

2024 का लोकसभा चुनाव राहुल बनाम मोदी

तेलंगाना में अमित शाह ने कांग्रेस-बीआरएस व एआईएमआईएम को कहा तुष्टीकरण की तिकड़ी

हैदराबाद, एजेंसी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बृहस्पतिवार को कहा कि 2024 का लोकसभा चुनाव राहुल गांधी बनाम नरेन्द्र मोदी है और इसमें मुकाबला विकास के लिए वोट और जिहाद के लिए वोट के बीच है। तेलंगाना के भोनगीर लोकसभा क्षेत्र में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि चुनाव प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की भारतीय गारंटी और राहुल गांधी की चीनी गारंटी के बीच हैं। कांग्रेस, भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) और ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहाद-उल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) को 'तुष्टीकरण की तिकड़ी' बताते हुए शाह ने कहा कि ये दल राम नवमी जुलूस

नहीं निकालने देते और संशोधित नागरिकता अधिनियम (सीएए) का विरोध भी करते हैं।

उन्होंने कहा-ये लोग हैदराबाद मुक्ति दिवस (17 सितंबर) नहीं मनाने देते। ये लोग सीएए का विरोध करते हैं। ये लोग तेलंगाना को शरिया और कुरान के आधार पर चलाना चाहते हैं। शाह ने दावा किया कि लोकसभा चुनाव के अब तक हुए पहले तीन चरणों में भाजपा को करीब 200 सीटों पर जीत मिलेगी और पार्टी को 400 सीट के लक्ष्य को पार कराने में मदद के लिए तेलंगाना को वोट देना होगा। उन्होंने कहा कि भाजपा ने 2019 में तेलंगाना की 17 में से चार लोकसभा सीट पर जीत हासिल की थी।

चुनाव मोदी के हाथों से फिसलता जा रहा है : राहुल

नई दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि लोकसभा चुनाव धीरे-धीरे प्रधानमंत्री राहुल गांधी के हाथ से फिसलता जा रहा है और अब वह देश के युवाओं को ध्यान भटकाने के लिये कुछ नया नाटक करने की कोशिश करेंगे। एक वीडियो संदेश में कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने युवाओं से प्रधानमंत्री के प्रचार से विचलित न होने का आग्रह किया और उन्हें आश्वासन दिया कि चार जून को एक बार जब विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस अपनी सरकार बना लेगा तो वह उन्हें 15 अगस्त तक 30 लाख नौकरियां देने का काम शुरू कर देगी। युवाओं को देश की ताकत बताते हुए गांधी ने कहा कि मौजूदा लोकसभा चुनाव मोदी के हाथ से फिसल रहा है और वह अब प्रधानमंत्री नहीं रहेंगे। उन्होंने कहा-चुनाव उनके हाथ से निकलता जा रहा है। वह फिसल रहे हैं और वह भारत के प्रधानमंत्री नहीं रहेंगे। उन्होंने अगले चार-पांच दिनों में आपका ध्यान भटकाने और किसी तरह का नाटक करने का फैसला किया है। लेकिन आपका ध्यान नहीं भटकना चाहिए।

एक नजर

सुरक्षा बलों ने दो आईईडी को बरामद कर किया निष्क्रिय

दंतेवाड़ा। छत्तीसगढ़ में गुरुवार को सुरक्षा बलों को बड़ी सफलता मिली है। सुरक्षा बलों ने दंतेवाड़ा के थाना अरनपुर क्षेत्र में नक्सलियों द्वारा पुलिस फोर्स को नुकसान पहुँचाने के इरादे से लगाए गए 10-10 किग्रा के दो देशी विस्फोटक उपकरण (आईईडी) बरामद किए हैं। पुलिस बलों ने बहुत ही सजगता से नक्सलियों के इन मंसूबों पर पानी फेर दिया है। सुरक्षा बलों ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम बर्रेम और पोटाली जाने वाले रास्ते पर जांच की और वहां से आईईडी बरामद किया। डीआरजी और बस्तर फाईटर दंतेवाड़ा के बल गुरुवार को थाना अरनपुर क्षेत्र में तलाशी अभियान के लिए निकले थे।

हथियार तस्कर गिरोह का भंडाफोड़, दो गिरफ्तार

चंडीगढ़। पंजाब पुलिस ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसने एक अंतर्राज्यीय हथियार तस्कर गिरोह का भंडाफोड़ कर दो तस्करों को गिरफ्तार किया और उनके पास से छह पिस्तौल और सात मैगजीन बरामद की। पंजाब के पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने बताया कि जालंधर 'काउंटर इंटेलिजेंस' ने इस अभियान को अंजाम दिया। इनकी पहचान रय्या के रहने वाले हरप्रीत सिंह और अमृतसर के राहुल मसीह के रूप में हुई।

उप्र, मप्र समेत आठ राज्य सरकारों ने दिए बाल विवाह रोकने के निर्देश

नई दिल्ली, एजेंसी

- कड़ी निगरानी और रोकथाम सुनिश्चित करने को उठाया कदम

देश की राजस्थान, उत्तरप्रदेश, मप्र और बिहार समेत आठ राज्य सरकारों ने अधिसूचनाएं जारी कर प्रशासन को अक्षय तृतीया के अवसर पर बाल विवाह की रोकथाम सुनिश्चित करने के लिए गांवों और प्रखंडों में कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए हैं। उत्तरप्रदेश, राजस्थान, बिहार, झारखंड, मध्यप्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब और हरियाणा की राज्य सरकारों ने अपने राज्य के सभी जिलों के जिलाधिकारियों और ग्राम पंचायतों को निर्देश जारी कर बाल विवाहों की रोकथाम के लिए जरूरी कदम उठाने के निर्देश दिए हैं।

महिला एवं बाल कल्याण विभाग, पंचायती राज, सामाजिक सुरक्षा निदेशालय और विभिन्न राज्यों के बाल अधिकार संरक्षण आयोगों ने बाल विवाह की रोकथाम के लिए अपने गांवों और पंचायतों में अनिवार्य रूप से एक विवाह रजिस्टर रखने के निर्देश दिए हैं। साथ ही, कई राज्यों ने अपने प्रशासनिक अधिकारियों को विवाह संपन्न कराने में मुख्य भूमिका निभाने वाले पंडितों, मौलवियों सहित सभी धर्मों के पुरोहितों, शादी में खाना बनाने वालों, शादी के कार्ड छापने वालों के बीच जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं ताकि वे बाल विवाह के दुष्परिणामों और इसमें किसी भी तरह से भागीदार बनने के कानूनी परिणामों से अवगत हो सकें। इन निर्देशों के अलावा हरियाणा के महिला एवं बाल कल्याण विभाग ने बाल विवाहों की रोकथाम के उपायों के तौर पर सभी जिलों के जिलाधिकारियों को पढ़ाई बीच में छोड़ देने वाले बच्चों और लंबे समय से स्कूल से नदारद बच्चों की विद्यालयवार सूची बनाने के निर्देश दिए हैं। उत्तर प्रदेश सरकार ने बाल विवाहों की रोकथाम में नाकामी पर गांव के मुखिया, पंचों और ग्रामस्तरीय बाल संरक्षण समितियों की जवाबदेही तय करने का फैसला किया है।

उत्तर प्रदेश सरकार ने पंड़ितों और मौलवियों को विवाह संपन्न कराने से पहले जोड़े की उम्र को सत्यापित करने का भी निर्देश दिया है जबकि राजस्थान के पंचायती राज विभाग ने अक्षय तृतीया पर बाल विवाहों की रोकथाम के लिए सभी जिलाधिकारियों को आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। जनगणना के 2011 के आंकड़ों के अनुसार देश में प्रतिदिन 4000 बच्चों का विवाह कर दिया जाता है।

राज्यपाल ने सीसीटीवी फुटेज आम लोगों को दिखाई

कोलकाता, एजेंसी

पश्चिम बंगाल का छेड़छाड़ मामला

पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सी वी आनंद बोस पर राजभवन की एक महिला कर्मचारी की ओर से छेड़छाड़ का आरोप लगाये जाने के बाद राज्यपाल ने बृहस्पतिवार को आम लोगों को परिसर की दो मई की सीसीटीवी फुटेज दिखाई।

राजभवन के ग्राउंड फ्लोर पर सेंट्रल मार्बल हॉल में कुछ लोगों को दो मई शाम करीब 5.30 बजे की मुख्य (उत्तरी) गेट पर लगे दो सीसीटीवी कैमरों की फुटेज दिखाई गई। राजभवन की एक संविदा महिला कर्मचारी ने गत शुक्रवार को कोलकाता पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी कि बोस ने राज्यपाल आवास में उसके साथ छेड़छाड़ की थी। बोस ने बुधवार को कहा था कि वह राजनीतिक नेता ममता बनर्जी और उनकी पुलिस को छोड़कर आम लोगों को संबंधित सीसीटीवी फुटेज दिखाएंगे। एक घंटे से अधिक समय की फुटेज में, नीली जींस और टॉप पहने महिला को बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों के साथ पुलिस चौकी की ओर जाते देखा गया जो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की यात्रा के सिलसिले में राजभवन परिसर में तैनात थे। मोदी दो मई को राजभवन में रात में ठहरे थे और उन्होंने 3 राजनीतिक रैलियों को संबोधित किया था।

ऑनलाइन जुआ हारने पर व्यक्ति ने पत्नी व बेटी की हत्या करने के बाद की खुदकुशी

भुवनेश्वर। ओडिशा के झारसुगुड़ा में बृहस्पतिवार सुबह एक कार से एक व्यक्ति, उसकी पत्नी और 12 वर्षीय बेटी के शव बरामद किये गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। झारसुगुड़ा के पुलिस अधीक्षक परमार स्मित परषोत्तमदास ने बताया कि मृतकों की पहचान सुजीत रे, उनकी पत्नी खुशबू और बेटी अर्पिता के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि जिले के लखनपुर पुलिस थाना क्षेत्र में बनीपाहदा के पास एक मैदान में खड़ी कार से उनके शव बरामद किए गए, जिन पर गोलियां लगने के घाव हैं। उन्होंने बताया कि शुरुआती जांच से पता चला है कि ऑनलाइन जुआ में लाखों रुपये हारने के बाद परेशान होकर सुजीत ने पहले अपनी पत्नी तथा बेटी को गोली मारी और फिर खुदकुशी कर ली।

रिज क्षेत्र में पेड़ों की कटाई को लेकर सीपीडब्ल्यूडी के महानिदेशक तलब

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने उसके आदेशों का उल्लंघन कर दिल्ली के रिज क्षेत्र में पेड़ों की कटाई के लिए सरकारी अधिकारियों के खिलाफ अवमानना याचिका पर बृहस्पतिवार को केंद्रीय लोक निर्माण विभाग (सीपीडब्ल्यूडी) के महानिदेशक और दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) के उपाध्यक्ष को तलब किया।

न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने दोनों अधिकारियों को क्षेत्र में यथास्थिति बनाए रखने का आदेश दिया और उन्हें तथा वन महानिदेशक और प्रधान मुख्य वन संरक्षक को नोटिस जारी किया।

खुली जेल स्थापित करना भीड़ कम करने का हो सकता है समाधान

नई दिल्ली, एजेंसी

- कैदियों से संबंधित एक याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने की टिप्पणी

उच्चतम न्यायालय ने बृहस्पतिवार को कहा कि खुली जेल स्थापित करना जेलों में भीड़भाड़ कम करने का समाधान हो सकता है और इससे कैदियों के पुनर्वास के मुद्दे का भी समाधान हो सकता है। अर्ध-खुली या खुली जेल प्रणाली के तहत दोषियों को दिन के दौरान परिसर के बाहर आजीविका कमाने और शाम को वापस लौटने की अनुमति होती है। इस अवधारणा को दोषियों को समाज में आत्मसात करने और उनके मनोवैज्ञानिक दबाव को कम करने के लिए लाया गया था क्योंकि उन्हें बाहर सामान्य जीवन जीने में कठिनाइयों का

सामना करना पड़ता है।

जेलों और कैदियों से संबंधित एक याचिका पर सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति बी. आर. गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने कहा कि वह देश भर में खुली जेलों की मौजूदगी का विस्तार करना चाहती है। पीठ ने कहा-जेलों में भीड़भाड़ की समस्या का एक समाधान खुली हवा वाली जेलों/शिविरों की स्थापना करना हो सकता है। उक्त प्रणाली राजस्थान राज्य में कुशलतापूर्वक काम कर रही है। जेल में भीड़भाड़ की समस्या के समाधान के अलावा, यह कैदियों के पुनर्वास के मुद्दे का भी समाधान करती है। इसने स्पष्ट किया कि वह जेलों और जेल सुधारों से संबंधित मुद्दों पर नहीं जाएगी जो पहले से ही कुछ अन्य याचिकाओं में उसकी समन्वय पीठों के समक्ष लंबित हैं।

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) की ओर से पेश वकील ने अदालत को बताया कि उसने खुली जेलों पर सभी राज्यों से प्रतिक्रिया मांगी थी और उनमें से 24 ने जवाब दिया है। इस मामले में न्याय मित्र के रूप में शीर्ष अदालत की सहायता कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता विजय हंसारिया ने कहा कि दोषियों को इस बारे में सूचित नहीं किया जाता कि उन्हें कानूनी सेवा प्राधिकरण के माध्यम से अपीलीय अदालत से संपर्क करने का अधिकार है। पीठ ने कहा कि अगर पूरे देश में एक समान ई-प्रिजन मॉड्यूल हो तो इनमें से कई चीजों को सुलझाया जा सकता है। उसने कहा कि व्यापक जेल प्रबंधन प्रणाली ई-प्रिजन मॉड्यूल के मुद्दे को एक समन्वय पीठ द्वारा निपटाया जा रहा है। पीठ ने कहा-हम इस कार्यवाही में खुली जेलों के मुद्दे पर भी विचार करेंगे।

संबंध बेहतर तरीके से निभाने में भारत अग्रसर

- तनाव के बीच भारत दौरे पर आए मालदीव के विदेश मंत्री से जयशंकर की दो टूक

नई दिल्ली, एजेंसी

तनाव के बीच पहली बार भारत दौरे पर आए मालदीव के विदेश मंत्री मूसा जमीर ने भारतीय समकक्ष डॉ एस जयशंकर से मुलाकात की। दोनों देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक के दौरान जयशंकर ने कहा, हमें विभिन्न क्षेत्रों में अपने दृष्टिकोणों के आदान-प्रदान को मजबूत करने में सक्षम बनाया।

मूसा से मुखातिब विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा, निकटतम पड़ोसियों के रूप में, हमारे संबंधों का विकास स्पष्ट रूप से आपसी हितों और पारस्परिक संवेदनशीलता पर आधारित है। उन्होंने कहा, भारत का सवाल है मालदीव के साथ रिश्ते हमारी पड़ोसी प्रथम नीति और सागर (सागर) दृष्टिकोण पर आधारित है। जयशंकर ने कहा, 'मुझे उम्मीद है कि आज की हमारी बैठक सफल होगी। बता दें कि हिंद महासागर में आपसी समुद्री सहयोग के लिए भारत सागर की नीति पर चलता है। इसका मतलब सिक्योरिटी एंड ग्रोथ फॉर ऑल इन द रीजन (सागर) है। विदेश मंत्री मूसा का भारत दौरा इस मायने में भी अहम है क्योंकि पिछले कुछ महीने से भारत और मालदीव के संबंधों की तल्खी उभरी हैं। मालदीव के राष्ट्रपति ने अपने चुनावी अभियान में 'इंडिया आउट' जैसे नारों का सहारा लिया, तो दूसरी तरफ उनके मंत्रियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लक्षद्वीप प्रवास पर आपत्तिजनक टिप्पणियां कीं।

इसके बाद पर्यटन पर आधारित देश मालदीव को सोशल मीडिया पर कड़े विरोध का सामना करना पड़ा था। विदेश मंत्री जयशंकर ने बातचीत की शुरुआत में ही मालदीव को दो टूक संदेश भी दिया। उन्होंने कहा, 'इस बात पर सहमत होना हमारे साझा हित में है कि हम अपने संबंधों को बेहतर तरीके से कैसे आगे बढ़ा सकते हैं। बता दें, मालदीव में दो हफ्तों पहले ही संसदीय चुनाव हुए हैं। इन चुनाव में मुइज्जू के दल को बड़ी जीत हासिल हुई है। लेकिन देशों में एक डिप्लोमैटिक बैलेंस बनना रणनीतिक प्राथमिकताओं का तकाजा होता है।


मालदीव के विदेश मंत्री मूसा जमीर के साथ मौजूद जयशंकर।

पड़ोसियों से साझेदारी बहुत मूल्यवान

नई दिल्ली में गुरुवार को द्विपक्षीय वार्ता के दौरान विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने मालदीव के विदेश मंत्री मूसा जमीर से कहा, दुनिया आज अस्थिरता के साथ-साथ और अनिश्चितता के दौर से भी गुजर रही है। ऐसे समय में दुनिया के सामने कोरोना महामारी जैसी विकराल चुनौती भी आई। प्राकृतिक आपदाओं और आर्थिक कठिनाइयों के दौरान हमने देखा कि पड़ोसियों के साथ घनिष्ठ साझेदारी बहुत मूल्यवान है। इस बात को समझते हुए भारत और मालदीव आज की बैठक के दौरान विभिन्न आयामों की समीक्षा करेंगे।

कैदी को वैवाहिक संबंध बनाने को कानून पैरोल की अनुमति नहीं देता

नई दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट ने गुरुवार को कहा कि भारत का कानून एवं जेल का नियम किसी कैदी को वैवाहिक संबंध बनाने के लिए पैरोल की अनुमति नहीं देता, वह भी 'लिव-इन पार्टनर' के साथ।

अदालत ने कहा कि कोई व्यक्ति यह दावा नहीं कर सकता कि अपने या अपनी 'लिव-इन पार्टनर' (जो खुद भी एक दोषी है) से संतान पैदा करना कानून एवं जेल नियमों के दायरे में उसका मूल अधिकार है, जबकि 'लिव-इन पार्टनर' का जीवनसाथी जीवित है और उनके बच्चे भी हैं। न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा ने कहा, मौजूदा कानून किसी को कानूनन शादी वाली पत्नी के साथ संबंध बनाने के लिए पैरोल प्रदान करने की अनुमति नहीं देता है...लिव-इन पार्टनर को तो छोड़ ही दीजिए।

ऑस्ट्रेलिया ने छात्र वीजा नियम बदले, आज से लागू

ऑस्ट्रेलिया ने भारतीय छात्र वीजा सेविंग की अनिवार्यता में इजाफा कर दिया है। अब भारतीय और अन्य अंतर्राष्ट्रीय छात्रों को ऑस्ट्रेलिया में स्टडी वीजा पाने के लिए 16 लाख 29 हजार रुपये की सेविंग के प्रूफ अपने बैंक अकाउंट में दिखाने होंगे। ऑस्ट्रेलिया सात महीने के दौरान वीसा सेविंग में 41% की बढ़ोतरी कर चुका है। पिछले साल अक्टूबर तक भारतीय स्टूडेंट को वीजा पाने के लिए 11 लाख 54 हजार रुपये अपने सेविंग बैंक अकाउंट में दिखाने होते थे। इसके बाद ऑस्ट्रेलिया ने सेविंग लिमिट को 13 लाख 44 हजार रुपये कर दिया था। अब इसे बढ़ाकर 16 लाख 29 हजार रुपये कर दिया है। नए नियम 10 मई यानी आज से लागू होंगे।

ऑस्ट्रेलिया में भारतीय छात्र 48 फीसदी घटे

ऑस्ट्रेलिया में अभी 1.22 लाख भारतीय छात्र हैं। दिसंबर 2022 से दिसंबर 2023 के दौरान भारतीय छात्र 48 फीसदी घटे हैं। अंतर्राष्ट्रीय स्टूडेंट्स को दाखिले के लिए मिनिमम स्कोर को 5.0 से बढ़ाकर 5.5 कर दिया है। हर पखवाड़े में स्टूडेंट वर्क ओवर को 56 घंटे से घटा कर 48 घंटे कर दिया गया। कोई भी छात्र अपने मुख्य कोर्स के साथ एक समय में दूसरे कोर्स में भी एनरोलमेंट नहीं करा पाएगा।

अग्रेजी भाषा टेस्ट में भी अच्छे नंबर लाना जरूरी

इसके अलावा, इंग्लिश लैंग्वेज टेस्ट में भी अच्छे नंबर लाना अब जरूरी कर दिया गया है। साथ ही सरकार छात्रों को ऐसे तरीके अपनाने से रोक रही है जिनसे वो अपना वीजा एक्सटेंड करवा सकें। ऑस्ट्रेलिया में दिए गए अस्थायी छात्र वीजा की संख्या जुलाई 2023 में 6,54,870 के रिकॉर्ड हाई लेवल पर पहुंच गई, जो पिछले साल की तुलना में काफी अधिक है।

नए वीजा रूल 10 मई से होंगे लागू

विदेशी छात्रों को ऑस्ट्रेलियन वीज़ा के लिए क्वालीफाई करने के लिए कम से कम 16,29,964 सेविंग दिखाना होगा, ये नियम कल यानी 10 मई, 2024 से लागू होगा। सरकार का ये कहना है कि ये बदलाव इसलिए किया जा रहा है ताकि छात्र ऑस्ट्रेलिया में पढ़ाई के दौरान जरूरी खर्च निकाल सकें।

एक नजर

हज जायरीन का पहला जत्था सऊदी अरब के लिए रवाना

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर से हज जायरीन का पहला जत्था गुरुवार को सऊदी अरब के लिए रवाना हुआ। अधिकारियों के मुताबिक, 642 जायरीन दो उड़ानों से इस्लाम के सबसे पवित्र स्थल मक्का और मदीना के लिए रवाना हुए हैं। अधिकारियों ने कहा कि इस साल जम्मू-कश्मीर से 7 हजार से अधिक जायरीन हज पर जाएंगे। जब रिश्तेदारों ने हज जायरीन को विदा किया तब श्रीनगर के हज हाउस में भावनात्मक दृश्य देखने को मिला। हज इस्लाम के पांच स्तंभों में से एक है और हर साल दुनियाभर के मुस्लिम इसे करने के लिए मक्का और मदीना जाते हैं।

सिंगापुर: धोखाधड़ी के जुर्म में भारतवंशी को आठ साल की सजा

सिंगापुर। भारतीय मूल के एक घोटालेबाज को छह लोगों से 28.5 लाख सिंगापुरी डॉलर (21 लाख डॉलर) तक की ठगी करने के जुर्म में गुरुवार को आठ साल जेल की सजा सुनाई गई। मीडिया के अनुसार, 47 साल के मुरलीधरन मुहुंदन ने अपने पीड़ितों को 'फीस', 'कमीशन' और अन्य फर्जी भुगतान के जरिए धोखा दिया। पीड़ितों को पहले के निवेश में पहले ही नुकसान हो चुका था। सिंगापुर के शख्स ने जून 2020 और अक्तूबर 2022 के बीच अपराधों को अंजाम दिया था। अब पांच अप्रैल को उसे 7,37,036 डॉलर से अधिक की धोखाधड़ी के 18 मामलों में दोषी ठहराया गया। गुरुवार को आठ साल जेल की सजा सुनाई गई।

पाकिस्तान में अज्ञात लोगों ने छात्राओं के स्कूल को बम से उड़ाया

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के वजीरिस्तान में के एक गांव में छात्राओं के एकमात्र प्राइवेट स्कूल को बम से उड़ा दिया गया। इस धमाके में अभी तक किसी के हताहत होने की खबर सामने नहीं आई है। एक न्यूज रिपोर्ट के अनुसार डेरा इस्माइल खान जिले के द्रजंदा इलाके में यह घटना घटी है। स्कूल के सिक्योरिटी गार्ड का कहना है कि कुछ अज्ञात लोगों ने स्कूल को बम से उड़ा दिया और दो कमरे बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए हैं। गार्ड ने यह भी बताया कि इस दौरान उसे बुरी तरह से पीटा गया। बताया गया है कि क्षेत्र में छात्राओं के लिए यह इकलौता निजी स्कूल था।

गुजरात : पाकिस्तान के लिए जासूसी करने वाला गिरफ्तार

भरूच। गुजरात के भरूच जिले में एक व्यक्ति को पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी के लिए जासूसी करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। गुजरात अपराध जांच विभाग (सीआईडी) ने बताया कि आरोपी प्रवीण मिश्रा ने भारतीय सशस्त्र बलों और रक्षा-संबंधित अनुसंधान एवं विकास फर्मों की अत्यधिक गोपनीय जानकारी जुटाई थी। सीआईडी ने उधमपुर स्थित सेना आसूचना से जानकारी मिलने के बाद अपनी जांच शुरू की थी। सीआईडी ने कार्रवाई के दौरान बिहार के मुजफ्फरपुर का रहने वाला मिश्रा को भरूच से गरिफ्तार किया है।

भारत को अस्थिर करने में जुटा अमेरिका रूस बोला-पन्नू मामले में आरोप बेतुके

अमेरिका भारत की राष्ट्रीय मानसिकता को नहीं समझता

मॉस्को, एजेंसी

रणनीतिक साझीदार देश अमेरिका की एजेंसियों की तरफ से कभी भारत की धार्मिक आजादी के मुद्दे पर तो कभी खालिस्तान समर्थक आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश रचने का आरोप लगाकर घेरा जा रहा है। ऐसे में भारत का पुराना रणनीतिक साझीदार देश रूस भारत के समर्थन में खुलकर आया है।

रूसी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया जखारोवा ने यहां तक कहा कि अमेरिका भारत को अस्थिर करने की कोशिश में है। पन्नू की हत्या की साजिश के मामले में अमेरिका की तरफ से कोई ठोस सुबूत नहीं दिया गया है। मारिया ने कहा, 'अमेरिका को भारत के इतिहास और मानसिकता की समझ नहीं है। इसलिए अमेरिका लगातार भारत पर धार्मिक आजादी के मुद्दे पर आधारहीन आरोप लगा रहा है। इसका कारण यह है कि अमेरिका भारत में आंतरिक संतुलन को प्रभावित करना चाहता है और वहां चल रहे आम चुनाव को पेचीदा बना रहा है। यह भारत के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप है। खालिस्तान समर्थक आतंकी पन्नू की हत्या की साजिश का आरोप भारत पर लगाने के मामले में भी जाखारोवा ने कहा, 'अभी तक हमारे पास जो सूचना है उसके मुताबिक अमेरिका ने भारत को अभी तक कोई ठोस सुबूत नही दिया है। इसमें किसी भारतीय नागरिक के शामिल होने की बात सामने नहीं आई है।

अमेरिका भारत की राष्ट्रीय मानसिकता को नहीं समझता। रूसी विदेश मंत्रालय के इस बयान पर भारत के विदेश मंत्रालय ने बेहद सधी हुई टिप्पणी की है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, 'जब अमेरिका की रिपोर्ट आई थी, तभी हमने अपनी बात सामने रख दी थी। हम यह भी मानते हैं कि अगर कोई हमारे आंतरिक मामले में हस्तक्षेप करने की कोशिश करता है तो वह गलत है।

पन्नू मामले में भारत पर क्या आरोप लगे

अमेरिका ने पिछले साल नवंबर में भारत पर न्यूयॉर्क में खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश रचने का आरोप लगाया था। हालांकि अमेरिका ने इस साजिश को नाकाम कर दिया गया था। इसके बाद 29 नवंबर को इस मामले में न्यूयॉर्क पुलिस की चार्जशीट सामने आई थी। इसमें भारतीय नागरिक निखिल गुप्ता का नाम था। चार्जशीट में लिखा था- मोदी के अमेरिकी दौरे के वक्त पन्नू को मारने की कोशिश की गई। इसकी प्लानिंग भारत के पूर्व सीआरपीएफ अफसर ने की।

रिपोर्ट सामने आने के बाद अमेरिका लगातार भारत से मामले की जांच में सहयोग की अपील कर चुका है। वहीं भारत ने अमेरिका के आरोपों को बेतुका बताया है। हाल ही में अमेरिका मीडिया हाउस वॉशिंगटन पोस्ट ने दावा किया था कि खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश में भारतीय जांच एजेंसी रॉ (रिसर्च एंड एनालिसिस विंग) का हाथ था। रिपोर्ट के मुताबिक पन्नू की हत्या की पूरी प्लानिंग रॉ के एक सीनियर अधिकारी विक्रम यादव ने की थी।

अमेरिका में भारतीय छात्र लापता, तलाश जारी

वाशिंगटन, एजेंसी

भारतीय छात्रों के लिए अमेरिका में पढ़ना एक सपना रहा है, लेकिन बीते कुछ समय से यह सपना बुरे सपने में बदलता जा रहा है। दरअसल अमेरिका में लगातार भारतीय छात्रों के गायब होने या हत्या होने की घटनाओं में बढोतरी हुई है।

फिर से अमेरिका के शिकागो से एक भारतीय छात्र लापता हुआ है। छात्र की पहचान रुपेश चंद्रा चिंताकिंदी के रूप में हुई है, जो कि बीती 2 मई से लापता है। शिकागो स्थित भारतीय महावाणिज्य दूतावास ने बताया है कि वह पुलिस और अमेरिका में रहने वाले भारतीय समुदाय के संपर्क में है। महावाणिज्य दूतावास ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि 'महावाणिज्य दूतावास भारतीय छात्र रुपेश चंद्रा के लापता होने की खबर सुनकर बेहद चिंतित है। दूतावास लगातार भारतीय समुदाय और पुलिस के संपर्क में है और उम्मीद है कि जल्द ही रुपेश का पता चल जाएगा। शिकागो पुलिस ने लोगों से अपील की है कि अगर उन्हें रुपेश के बारे में कोई भी जानकारी मिले तो उसे पुलिस के साथ साझा करें। रुपेश बीती 2 मई से शिकागो के 4300 ब्लॉक से एन शेरिडान रोड से लापता है। गौरतलब है कि इससे पहले मार्च में भी एक भारतीय छात्र लापता हो गया था, जिसका अप्रैल में शव बरामद हुआ था। हैदराबाद के रहने वाले मोहम्मद अब्दुल अरफात का शव ओहायो के क्लीवलैंड से बरामद किया गया था। अरफात क्लीवलैंड यूनिवर्सिटी से आईटी में मास्टर की डिग्री की पढ़ाई करने अमेरिका गया था।

बांग्लादेश में वायुसेना का फाइटर जेट क्रैश

ढाका। बांग्लादेश वायु सेना का एक प्रशिक्षक लड़ाकू विमान गुरुवार को बंदरगाह शहर चटगांव में एक नदी में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हालांकि, भगवान का शुक्र रहा कि पैराशूट से उड़ान भरने वाले दो पायलटों को बचा लिया गया। इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) द्वारा जारी एक बयान में कहा गया, 'बांग्लादेश वायु सेना का एक वाईएके-130 प्रशिक्षण विमान यांत्रिक विफलता के कारण चटगांव के पटेंगा में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हालांकि, विमान के दो पायलटों को बचा लिया गया।

सात समंदर पार भाई की जान के दुश्मन बने भाई, गिरफ्तार

मेलबर्न। ऑस्ट्रेलिया में भारत के 22 साल के एमटेक में पढ़ रहे छात्र की हत्या के मामले में भाई की जान के दुश्मन बने भारतीय मूल के दो भाईयों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। शुक्रवार के इन्हें मेलबर्न मजिस्ट्रेट कोर्ट में पेश किया जाएगा। करनाल के मुनक क्षेत्र के गगसीना गांव के नवजीत सिंह की ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न शहर में चाकुओं से सीने पर तीन वार कर हत्या की थी। उसकी हत्या के आरोप में 26 वर्षीय अभिजीत और 27 वर्षीय रॉबिन गार्टन को मंगलवार को न्यू साउथ वेल्स के गॉलबर्न शहर से गिरफ्तार किया। पुलिस उन्हें विक्टोरिया प्रत्यर्पित करने की तैयारी कर रही है। बता दें के कि नोबल पार्क के नवजीत संधू की हत्या और नोबल पार्क के अन्य व्यक्ति को घायल कर दोनों भाई भाग रहे थे। पुलिस ने दोनों गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस ने बताया कि पर हत्या और दूसरे पर मारपीट का आरोप लगाया गया है। नवजीत के पिता जितेंद्र संधू ने बताया कि उसका 22 बेटा नवजीत सिंह संधू गांव से स्टडी वीजा पर नवंबर 2022 में ऑस्ट्रेलिया गया था। पढ़ाई के साथ-साथ काम भी करता था। बसताड़ा गांव के दो युवक एक कमरे में रहते थे। दो दिन पहले बीजना गांव के स्वर्ण व रिषभ नवजीत के पास आकर रहने लगे। रात के समय जब वे खाना खा रहे थे तो उसी दौरान बसताड़ा गांव के लड़के का फोन आया कि वे अपना सामान उनके यहां से उठाकर ले जाएं।

द्वितीय विश्व युद्ध...

मॉस्को: रूस ने द्वितीय विश्व युद्ध में नाजी जर्मनी की हार का जश्न मनाने के लिए गुरुवार को विजय दिवस मनाया। सोवियत संघ को 1945 में नाजी जर्मनी के खिलाफ मिली जीत का जश्न रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के पिछले करीब एक चौथाई सदी के शासन का अहम हिस्सा रहा है। इस युद्ध में सोवियत संघ के करीब दो करोड़ 70 लाख लोग मारे गए थे। पुतिन बोले- ये मौका सभी पीढ़ियों को एकजुट करता है। ● एजेंसी

भारतवंशी कारोबारी ने हिंदू फाउंडेशन को दिए 10 लाख डॉलर

वाशिंगटन। भारतीय अमेरिकी व्यवसायी रमेश भुटाडा ने हिंदू अमेरिकन फाउंडेशन (एचएएफ) को 10 लाख डॉलर का चंदा दिया है। उन्होंने कहा- एचएएफ को अगले चार वर्षों में 1 मिलियन अमेरिकी डॉलर देने का वादा किया। मार्च 2023 में उन्होंने अमेरिका के फ्लोरिडा स्थित हिंदू विश्वविद्यालय को 1 मिलियन अमेरिकी डॉलर का दान किए थे। यह अमेरिका का एकमात्र संस्थान है जिसमें हिंदू दर्शन पर आधारित शिक्षा प्रदान की जाती है।

ह्यूस्टन में एचएएफ के प्रतिभागियों ने भी 450,000 अमेरिकी डॉलर जुटाए। उन्होंने कहा- भारतीय और हिंदू समुदायों पर निशाना साधने की हद पार कर ली है। जिसे गवर्नर गेविन न्यूसम ने वीटो कर दिया है।

पासपोर्ट कानून के प्रावधान की संवैधानिक वैधता को चुनौती

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को वकील प्रशांत भूषण की एक याचिका पर सुनवाई गर्मियों की छुट्टियों के बाद तक के लिए टाल दी है। इस याचिका में प्रशांत भूषण ने पासपोर्ट कानून के प्रावधान को चुनौती दी है।

प्रशांत भूषण के वकील जयंत भूषण के उपलब्ध न होने के चलते जस्टिस अभय एस ओका और जस्टिस उज्जल भुइंया की पीठ ने याचिका पर सुनवाई गर्मियों की छुट्टियों के बाद तक के लिए टाल दी। प्रशांत भूषण ने पासपोर्ट कानून के प्रावधान के खिलाफ दिल्ली हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। याचिका में प्रावधान में संशोधन की मांग की गई थी, लेकिन हाईकोर्ट ने जनवरी 2016 में प्रशांत भूषण की याचिका खारिज कर दी थी। दिल्ली हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ प्रशांत भूषण ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया। याचिका में पासपोर्ट कानून, 1967 की धारा 6(2)(एफ) की संवैधानिक वैधता को चुनौती दी गई है, जिसमें कहा गया है कि किसी अपराध के आरोपी को पासपोर्ट जारी नहीं किया जा सकता। साल 1993 में एक नोटिफिकेशन के जरिए इसमें थोड़ा बदलाव किया गया और बदलाव के तहत आरोपी को अदालत से एनओसी जारी करने पर एक साल के लिए पासपोर्ट जारी किया जा सकता है।

- प्रशांत भूषण की दायर याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने टाली सुनवाई

इजराइल ने सीरिया में कई ठिकानों पर किए हवाई हमले

दमिश्क। इजराइली युद्धक विमानों ने गुरुवार सुबह सीरिया की राजधानी दमिश्क के बाहरी हिस्सों को निशाना बनाया है, जिसमें बड़े पैमाने पर संपत्ति को नुकसान हुआ। सीरिया के रक्षा मंत्रालय की ओर से दिए गए बयान के अनुसार हवाई हमले इजराइल के कब्जे वाली गोलन पहाड़ियों की ओर से किए गए।

सीरियाई वायु रक्षा बलों ने जवाबी कार्रवाई करते हुए इजराइली जेट द्वारा दागी गई कई मिसाइलों को हवा में ही ध्वस्त कर दिया। उनके प्रयासों के बावजूद भी कुछ मिसाइलें निशाने पर लगी जिससे संपत्तियों को बड़े पैमाने पर नुकसान हुआ है। सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स ने दमिश्क के आसपास के क्षेत्र में गूंजने वाले तीव्र विस्फोटों हुए है।

सैन्य ठिकानों पर हिंसा मामले में इमरान ने नहीं मांगी माफी

इस्लामाबाद, एजेंसी

- पाकिस्तानी सेना बोली-पूर्व पीएम सार्वजनिक माफी नहीं मांगते तब तक वे पार्टी से बात नहीं करेंगे

पाकिस्तान की अडियाला जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने 9 मई को सैन्य प्रतिष्ठानों में हुई हिंसा के मामले में माफी मांगने से इंकार कर दिया। इसके बाद सेना ने कहा कि जब तक पूर्व पीएम सार्वजनिक माफी नहीं मांगते तब तक वे पार्टी से बात नहीं करेंगे।

बुधवार को अदियाला जेल में 190 मिलियन पाउंड के अल कादिर भ्रष्टाचार मामले में अदालत में सुनवाई हुई। जिसमें पूर्व पीएम इमरान खान ने कहा कि वह अपनी पाकिस्तान तहरीक-इंसाफ पार्टी द्वारा किए गए धरने की जांच का सामना करने के लिए तैयार हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक जब उनसे पूछा गया कि क्या वह 9 मई के हिंसक विरोध प्रदर्शन के लिए माफी मांगेंगे, तो उन्होंने स्पष्ट जवाब दिया नहीं। उन्होंने कहा, मैंने (पूर्व) मुख्य न्यायाधीश उमर अता बंदियाल के सामने 9 मई की घटनाओं की निंदा की थी।" उन्होंने यह भी कहा कि उन्हें विरोध प्रदर्शनों के बारे में तब पता चला जब वह पाकिस्तान के तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश उमर अता बंदियाल के सामने पेश हुए। बता दें कि पूर्व पीएम भ्रष्टाचार से लेकर आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम का उल्लंघन करने समेत कई मामलों में आरोपी होने के कारण पिछले साल अगस्त से जेल में बंद हैं।

विज्ञान वैज्ञानिक बोले-आकार व निर्माण का पता लगाने के लिए महत्वपूर्ण साबित होगी खोज

सुदूर अंतरिक्ष में मनमोहक निहारिका की खोज

नैनीताल कार्यालय

अमृत विचार: खगोल वैज्ञानिकों ने सुदूर अंतरिक्ष में मनमोहक निहारिका देखी है। जिसका आकार हाथ के आकार जैसा निरन्तर फैल रहा है। यह खोज निहारिकाओं के रूप रंग के आकार व निर्माण का पता लगाने मे महत्वपूर्ण साबित हो सकती है। खोजकर्ता वैज्ञानिकों के अनुसार यह निहारिका सीजी 4 आकाशगंगा के भीतर मौजूद है।

यह हास्य ग्लोब्यूल्स निहारिका है। इस तरह की 31 निहारिकाओं का पता अभी तक मिल चुका है। इसका आकार कुछ हाथ जैसा नजर आता है। जिस कारण इसका उपनाम भगवान का हाथ भी रखा गया है। जिसे देख प्रतीत होता है कि ब्रह्मांड में यही वह हाथ है, जो ब्रह्मांड को संचालित करता है। बहरहाल यह निहारिका वैज्ञानिकों के आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। यह नेबुला पृथ्वी से लगभग 1400 प्रकाश वर्ष दूर है और इसके भीतर गैसों का उत्सर्जन बना हुआ है। वैज्ञानिकों का मानना है कि निश्चित रूप से यह अलौकिक और असाधारण है। पहली बार कोई ऐसी आकृति देखने को मिली है। विक्टर एम. ब्लैंको 4-मीटर टेलीस्कोप से इसकी तस्वीर ली गई है।

इस दूरबीन का कार्य करोड़ों आकाशगंगाओं का सर्वेक्षण करना है। इस निहारिका में तारों का निर्माण हो रहा है। इसके सिर का हिसा लगभग 1.5 प्रकाश-वर्ष व्यास में फैला हुआ है और पूंछ लगभग 8 प्रकाश-वर्ष लंबी है। इसका सिर घना और अपारदर्शी है, जो पास के तारों से रोशन नजर आता है। खास बात यह है कि यह विसरित लाल चमक से घिरी हुई है, जो इसे मनमोहक रूप प्रदान करता है।

नई मनमोहक निहारिका।

विशाल सुपरनोवा विस्फोट का अवशेष है यह नेबुला

नेबुला संभवत: एक विशाल सुपरनोवा विस्फोट का अवशेष है, और यही कारण हो सकता है कि ग्लोब्यूल्स का अपना अनोखा आकार है। वे मूल रूप से रिंग नेबुला की तरह गोलाकार निहारिका रहे होंगे। यह विस्फोट 10 लाख वर्ष पूर्व हुआ होगा। अलास्का एंकोरेज विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने यह खोज की है।

पाक में फिर आतंकी हमला, 7 श्रमिकों की मौत, एक घायल

कराची, एजेंसी

पाकिस्तान में आतंकी हमले थमने का नाम नहीं ले रहे। अशांत बलूचिस्तान प्रांत के बंदरगाह शहर ग्वादर में गुरुवार को अज्ञात बंदूकधारियों के हमले में कम से कम सात श्रमिक मारे गए और एक घायल है। आतंकी हमले को लेकर अभी किसी समूह ने जिम्मेदारी नहीं ली है।

ग्वादर पुलिस स्टेशन के एसएचओ मोहसिन अली के अनुसार, अज्ञात बंदूकधारियों ने सुरबंदर इलाके में ग्वादर फिश हार्बर के पास एक आवासीय क्वार्टर पर अंधाधुंध गोलीबारी की। मृत और घायल व्यक्ति इलाके में नाई की दुकान में काम करते थे और पंजाब के खानेवाल जिले के रहने वाले थे। बलूचिस्तान के मुख्यमंत्री सरफराज बुगती ने कहा कि आतंकियों और उनके मददगारों को गिरफ्तार करने के लिए सभी प्रकार के बल का इस्तेमाल किया जाएगा। राज्य के गृह मंत्री मीर जिया उल्लाह लांगौ ने सात मजदूरों की हत्या को खुला आतंकवाद करार देते हुए जांच के आदेश दिए हैं। यह घटना करीब तीन सप्ताह बाद सामने आई है जब अज्ञात हमलावरों ने बलूचिस्तान के नुश्की जिले में अलग-अलग आतंकी घटनाओं में 11 लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी थी। मृतकों में नौ लोग पंजाब के थे जिन्हें आतंकियों ने बस से बाहर निकालकर अगवा कर लिया था।